(1) На улицах нашего города много новых красивых зданий. (2) За дочерьми присматривает моя мама. (3) Он ходит в школу вместе со своими товарищами. (4) На стенах гостиной в квартире нашего преподавателя [висит] много картин. (5) В девять часов утра во всех аудиториях нашего института начинаются занятия. (6) В Университете дружбы учатся студенты двадцати национальностей. (7) Я живу вместе со своими двумя братьями. (8) В нашем городе много садов и парков. (9) Москвичи любят отдыхать на берегах Москвы-реки. (10) Студенты записывают новые слова в свои тетради. (11) Он помогает своим товарищам в учебе. (12) Мы переводим с языка хинди новый урок. (13) Преподаватель читает книгу на хинди.(14) Они говорят на трех языках. (15) Наши сады и парки открыты для всех. (16) У моих братьев есть свои семьи. (17) Сколько человек живет в вашем доме? (18) На уроках языка хинди мы читаем, пишем и переводим.

3. Объясните устно различие в употреблении глагольных форм.

निम्नलिखित क्रिया-रूपों के प्रयोग का अंतर मौखिक रूप से समझाइये।

(१) मैं इंस्टीट्यूट जाता हूँ — मैं इंस्टीट्यूट जा रहा हूँ।
(२) वह किताब पढ़ती है — वह किताब पढ़ रही है।

(३) हम हिन्दी में लिखती हैं – हम हिन्दी में लिख रही हैं।
(४) तुम्हारे पिता क्या करते हैं? – तुम्हारे पिता क्या कर रहे हैं?
वह अस्पताल में काम करते हैं – वह अख़बार पढ़ रहे हैं।
(५) हर सुबह वे हाथ-मुँह धोते हैं – अब वे हाथ-मुँह धो रहे हैं।
(६) क्या तुम स्कूल जाते हो? – क्या तुम स्कूल जा रहे हो?
– हाँ, स्कूल जाता हूँ – हाँ, स्कूल जा रहा हूँ।
(७) आप शतरंज खेलते हैं? – अब आप क्या शतरंज खेल रहे हैं?

4. Переведите предложения.
हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(1) На каком этаже вы живете? — Я живу на двенадцатом этаже. (2) В каких городах Советского Союза имеются университеты? — Они имеются во всех крупных городах Советского Союза. (3) Кому вы отдаете эту книгу? — Я отдаю эту книгу своему другу. (4) На какой улице живет твой друг? — Мой друг живет на улице Ленина. (5) К кому вы идете? — Я иду к своей маме в больницу.

5. Проспрягайте в прошедшем несовершенном времени глаголы लिखना и रहना.
'लिखना' तथा 'रहना' क्रियाओं के रूप अपूर्ण भूतकाल में लिखिये।

6. Переведите предложения.
रूसी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(१) पहला पाठ हिन्दी का था। (२) विद्यार्थी काले तख़्ते पर खड़िया से लिखता था। (३) तुम बैठक में क्या करते थे? मैं टेलीविजन देखता था। (४) आज हमारे क्लास में दो विद्यार्थी अनुपस्थित थे। (५) पहले हम लेनिनग्राद में रहते थे। वहाँ पिता जी एक अस्पताल में काम करते थे। (६) सुबह को मैं अच्छी किताब पढ़ती थी। (७) आप लोग कहाँ आराम करते थे? हम वोल्गा नदी के तट पर आराम करते थे। (८) मेरे मित्र का काम का दिन आठ बजे शुरू होता था और चार बजे ख़त्म होता था। (९) हिन्दुस्तान में हम सुबह के सात बजे उठते थे, नौ बजे

काम पर जाते थे, चार बजे घर आते थे और दस-ग्यारह बजे सोने जाते थे। (१०) उनके दो बेटियाँ थीं। (११) मेरी माँ स्कूल में साहित्य पढ़ाती थीं। अब वे काम नहीं करतीं और पेंशन पाती हैं। (१२) हम सब काम पर जाते थे और घर पर सिर्फ़ दादी जी रहती थीं। (१३) स्कूल में मेरा बेटा अच्छी तरह पढ़ता था। (१४) हमारे दादा जी शतरंज खेलना बहुत पसंद करते थे। (१५) शाम के समय वे बैठक में जमा होते थे और टेलीविजन देखते थे। (१६) कभी-कभी हमारे रिश्तेदार हमारे यहाँ आते थे। (१७) मेज़ दरवाज़े के पास खड़ी थी, अब वह खिड़की के पास है। (१८) उसके बड़े भाई बहुत अच्छे डाक्टर थे। (१९) दूसरे पाठ में बहुत से नये शब्द थे। (२०) सोमवार को हम इंस्टीट्यूट नहीं जाते।

7. Переведите предложения.

निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Мои родители жили в другом городе. Отец и мать были врачами и работали в больнице. Вечерами они ходили к своим друзьям. Мужчины играли в шахматы, а женщины смотрели телевизор. Каждое утро мама вставала в семь часов и готовила завтрак. В девять часов они уходили на работу. Их больница находилась недалеко от дома. Это было большое здание.

II. В институте я учился с товарищем его сына. Он был хорошим студентом, любил литературу и очень хотел стать преподавателем. Сейчас он преподает литературу в Московском университете. Кроме нас литературу изучали еще двадцать человек. Все мы были хорошими друзьями. Мы вместе (एकसाथ) занимались и вместе отдыхали. Мы любили отдыхать на берегу Волги. Мы все очень любили читать и брали с собой туда много книг.

III. Чьи книги [лежат] на моем столе? Чей он сын? На каком этаже вы живете? Кто присматривает за ее детьми? Кого Вы видите на улице? Чем они пишут? С кем он разговаривает? Кому она дает книгу?

ТЕКСТ

पाठ

मेरा घर

–ओ नमस्ते जी, कहिये, आप कैसे हैं?

–शुक्रिया, मैं अच्छा हूँ।

–आप कहाँ जा रहे हैं?

–घर जा रहा हूँ।

–क्या आपका घर हमारे ही इलाक़े में है?

–जी हाँ, पहले तो हमारा परिवार मास्को नगर के केंद्र में रहता था, लेकिन अब हमारे पास नया फ़्लेट है।

–आप किस सड़क पर रहते हैं?

–लेनिन सड़क पर।

–आपके घर का नंबर क्या है?

–नंबर आठ।

–क्या आपका घर आपके दफ़्तर से दूर है?

–बहुत दूर तो नहीं, मैट्रो द्वारा बीस मिनट लगते हैं।

–और मैट्रो तक पहुँचने में कितने मिनट लगते हैं?

–सिर्फ़ दो-तीन मिनट। वह बिल्कुल नज़दीक है।

–आप किस मंज़िल पर रहते हैं?

–पाँचवीं मंज़िल पर।

–क्या आपके घर में लिफ़्ट का प्रबंध है?

–हाँ, ज़रूर, लिफ़्ट से हम चढ़ते और उतरते हैं।

–आपके फ़्लेट में कितने कमरे हैं?

–चार रहने के कमरे हैं: सोने का कमरा, खाने का कमरा, बैठने का कमरा और पढ़ने का कमरा भी। रसोईघर में गैस और गरम पानी का प्रबंध है। ग़ुसलख़ाने में भी गरम पानी का प्रबंध है।

–फ़्लेट में किस प्रकार का फ़र्नीचर है?

–सोने के कमरे में दो पलंग हैं, कपड़ों की अलमारी

है श्रौर बड़ा गोल श्राईना है। खाने के कमरे में बड़ी मेज़, बरतनों की अलमारी श्रौर छः कुरसियाँ हैं। बैठक में दो सोफ़े हैं, दो आराम-कुरसियाँ हैं श्रौर तीन छोटी मेज़ें हैं, एक रेडियो-सेट के लिये, दूसरी – टेलीविजन-सेट के लिये श्रौर तीसरी – अख़बारों के लिये। पढ़ने के कमरे में लिखने की मेज़ है, किताबों की दो बड़ी अलमारियाँ, एक आराम-कुरसी श्रौर एक सोफ़ा हैं। हर कमरे की दीवारों पर कुछ चित्र लटक रहे हैं। ड्योढ़ी (प्रवेश-स्थान) में खूँटी श्रौर गोल आईना है।

– आपका फ़र्नीचर अच्छा लगता है कि नहीं ? ठीक है?

– आप ख़ुद हमारे यहाँ आइये श्रौर देखिये।

– ज़रूर, ज़रूर, क्यों नहीं, लेकिन आप अपना पता एक बार फिर बताइये।

– अच्छा, सुनिये, लेनिन सड़क, घर नंबर आठ, प्रवेश-द्वार नंबर एक, पाँचवीं मंज़िल, फ़्लेट नंबर बीस। लेकिन आने से पहले फ़ोन ज़रूर कीजिये। हमारा फ़ोन-नंबर है तीन-चार-दस-ज़ीरो-पाँच।

– ठीक है, शुक्रिया। नमस्ते जी।

– नमस्ते।

* * *

– नमस्ते जी, आइये, आइये।

– नमस्ते, कहिये, घर में सब ख़ैरियत से हैं?

– आपकी दुआ से सब अच्छी तरह हैं। आप ओवरकोट खूँटी पर टाँगिये श्रौर कमरे में आइये। मैं पत्नी से आपका परिचय कराना चाहता हूँ।

– नमस्ते, देवी जी, आपका परिचय पाने से बड़ी ख़ुशी है।

– मैं भी बहुत ख़ुश हूँ। आप यहाँ आराम-कुरसी पर बैठिये।

– धन्यवाद। अरे कुरसी बड़ी आरामदेह है। कितनी नरम है! क्या यह बैठक है?

— जी हाँ।

— यह बहुत सुंदर है और फ़र्नीचर बिलकुल नये फ़ैशन का है।

— अच्छा जी, मैं आपको दूसरे कमरे भी दिखाना चाहता हूँ। यह दरवाज़ा खाने के कमरे की ओर खुलता है; ड्योढ़ी की दूसरी तरफ़ दो और दरवाज़े हैं: सोने के कमरे का और मेरे पढ़ने के कमरे का। दायीं तरफ़ रसोईघर और ग़ुसलख़ाना तथा पाख़ाना हैं।

— फ़्लेट की खिड़कियाँ कहाँ खुलती हैं?

— बैठक और खाने के कमरे की खिड़कियाँ सड़क पर खुलती हैं, दूसरी खिड़कियाँ घर के आँगन की तरफ़ खुलती हैं।

— हाँ, हाँ, ठीक है।

— अच्छा, मैं आपके लिये चाय तैयार करती हूँ।

— बहुत, बहुत शुक्रिया, लेकिन अभी मैं जल्दी में हूँ। इजाज़त दीजिये, मैं दो-तीन मिनट में घर जाना चाहता हूँ।

— अच्छा, लेकिन आप फिर कभी हमारे यहाँ आइये।

— नमस्ते।

— नमस्ते।

СЛОВА

नये शब्द

ओ о *межд.* 1) о! (*выражает удивление*); 2) эй! (*возглас, оклик*)

कैसे кайсэ как?, каким образом?

इलाक़ा илāкā *м.* район; территория

पहले паhлэ 1. раньше, прежде, вначале, сначала; 2.: के (से) ~ *послелог* до, раньше

नंबर намбар *м.* номер

दफ़्तर дафтар *м.* контора, учреждение

मैट्रो майтро *м., ж.* метро, метрополитен

द्वारा двāрā (के ~) *послелог* при помощи, посредством, через

मिनट минат *м.* минута

तक так *послелог* до

पहुँचना паhŷчнā *нп.* 1) прибывать, приходить, подъезжать; 2) достигать, доходить, добираться (तक *до чего-л.*)

में мэ̃ *послелог* во время, в течение, в, за

बिलकुल билкул совершенно, совсем, вполне

नज़दीक наздӣк 1. близкий; 2. близко, вблизи, поблизости, около; 3. के~ *послелог* около, близ, у

लिफ़्ट **лифт̇** *м., ж.* лифт

प्रबंध **прабанд^h** *м.* устройство, организация

ज़रूर **зарӯр** 1) необходимо, обязательно, непременно; 2) конечно, несомненно, бесспорно

चढ़ना **чар̇^{h}нā** *нп.* 1) подниматься (*о цене, температуре*); 2) подниматься, взбираться (पर *на что-л.*); 3) садиться (*в поезд*)

उतरना **утарнā** *нп.* 1) сходить, спускаться; 2) слезать, высаживаться, выходить (से *из чего-л., напр. из машины*); 3) спадать, понижаться (*о воде, температуре*)

खाना **к^{h}āнā** *п.* есть, кушать

गैस **гайс** *м.* газ

गरम **гарам** горячий, жаркий, теплый

पानी **пāнӣ** *м.* вода

प्रकार **пракāр** *м.* 1) сорт, вид; 2) способ, манера

फ़र्नीचर **фарнӣчар** *м.* обстановка, мебель

पलंग **паланг** *м.* кровать, постель

कपड़ा **капр̇ā** *м.* 1) ткань, материя; 2) одежда

अलमारी **алмāрӣ** *ж.* шкаф

आईना **āӣнā** *м.* зеркало

बरतन **бартан** *м.* посуда

आराम-कुरसी **āрāм-курсӣ** *ж.* кресло, качалка, шезлонг

कुछ **куч^h** 1) что-нибудь, кое-что; 2) немного, несколько, некоторые

चित्र **читра** *м.* 1) картина, рисунок, портрет; 2) фотография; 3) кинокартина

लटकना **лат̇акнā** *нп.* висеть, болтаться

ड्योढ़ी **д̇йор̇^{h}ӣ** *ж.* 1) передняя, прихожая; 2) порог, дверь, вход

प्रवेश **правэш** *м.* вход, проникновение

स्थान **ст^{h}āн** *м.* место

प्रवेश-स्थान **правэш-ст^{h}āн** *м.* 1) прихожая, передняя; 2) вход

खूँटी **к^{h}ӯ̃т̇ӣ** *ж.* 1) колышек; 2) вешалка

ऐसा **айсā** **1.** такой, такого рода, подобный; **2.** так

लगना **лагнā** *нп.* 1) казаться; 2) быть занятым (में *в чем-л.*); быть погруженным (में *во что-л.*)

कि **ки** *союз* 1) что, 2) или

ख़ुद **худ** сам

पता **патā** *м.* адрес

द्वार **двāр** *м.* дверь, ворота

प्रवेश-द्वार **правэш-двāр** 1) входная дверь, вход; 2) подъезд

फ़ोन **фон** *м.* телефон; ~ करना *п.* звонить (को, के पास *кому-л.*)

फ़ोन-नंबर **фон-намбар** *м.* номер телефона

ज़ीरो **зӣро** *м.* ноль

ख़ैरियत **хайрийат** *ж.* благополучие, счастье; ~ से благополучно

दुआ **дуā** *ж.* 1) молитва; 2) мольба, просьба; 3) благословение

ओवरकोट **оваркот̇** *м.* пальто

टाँगना **т̇ā̃гнā** *п.* вешать (*одежду, картину*)

पत्नी **патнӣ** *ж.* жена

परिचय **паричай** *м.* 1) ознакомление; 2) знакомство

कराना **карāнā** *п.* заставлять делать, делать через кого-л., при посредстве кого-л.

देवी **дэвӣ** *ж.* 1) богиня; 2) госпожа, дама; ~ जी [уважаемая] госпожа (*вежливое обращение к женщине*)

ख़ुशी **хушӣ** *ж.* радость, удовольствие

ख़ुश **хуш** довольный, радостный, счастливый

अरे **арэ** *межд.* 1) эй!; 2) ой!, ах!

आरामदेह **ārāмдэh** удобный, комфортабельный, уютный
कितना **китнā** сколь многий
नरम **нарам** мягкий, нежный
फ़ैशन **файшан** *м.* 1) фасон; 2) мода
दिखाना **дик^{h}āнā** *п.* показывать
ओर **ор** 1. *ж.* сторона, направление; 2. की ~ *послелог* в сторону, в направлении; की ~ से со стороны, от имени (*кого-л.*)
खुलना **к^{h}улнā** *нп.* открываться
तरफ़ **тараф** 1. *ж.* сторона, направление; 2. की ~*послелог* в сторону, в направлении; की ~ से со стороны, от имени (*кого-л.*)
दायाँ **дāйā̃** правый
आँगन **ā̃ган** *м.* двор
चाय **чāй** *ж.* чай
अभी **аб^{h}ӣ** сейчас еще
जल्दी **джалдӣ** 1. 1) скоро, быстро, поспешно; 2) рано; 2. *ж.* скорость, быстрота, поспешность
इजाज़त **иджāзат** *ж.* позволение, разрешение

ЛЕКСИКО-ГРАММАТИЧЕСКИЙ И ФРАЗЕОЛОГИЧЕСКИЙ КОММЕНТАРИЙ

व्याकरण तथा शब्दावली सम्बन्धी टिप्पणियाँ

1. आप कैसे हैं ? 'Как Вы поживаете?', 'Как Ваши дела?', 'Как Вы себя чувствуете?'; मैं अच्छा हूँ 'хорошо', 'хороши', 'хорошо'.

2. Глагол लगना 'приставать', 'прикладываться', 'прикасаться' в сочетании с существительным, обозначающим отрезок времени, и количественным числительным или местоимением-числительным имеет значение «требоваться», «тратиться», «уходить» (*об указанном отрезке времени; на что-л.*- में), например: मैट्रो द्वारा बीस मिनट लगते हैं। 'На метро требуется [ехать] двадцать минут'; और मैट्रो तक पहुँचने में कितने मिनट लगते हैं ? 'А сколько минут требуется, чтобы дойти до метро?'

3. क्या घर में लिफ़्ट का प्रबंध है ? 'В доме имеется лифт?'; प्रबंध करना 'организовывать', 'устраивать' (का *что-л.*).

4. लिफ़्ट से 'на лифте'.

5. В языке хинди довольно широко используются и некоторые словосочетания, образованные от слова प्रकार 'сорт', 'вид', 'способ', 'манера', синонимичные сочетаниям со словом तरह (см. комментарий к Уроку I), например: किस प्रकार का 'какого рода?', 'какой?', इस प्रकार का 'такого рода', 'такой', विभिन्न प्रकार

का, कई प्रकार का 'разного рода', 'различный'; इस प्रकार 'таким образом', 'так (что)'; किसी न किसी प्रकार 'как-нибудь'.

6. एक बार फिर 'еще раз'.

7. ख़ैरियत से होना 'быть здоровым', 'чувствовать себя хорошо'.

8. आपकी दुआ से 'спасибо' (букв. 'Вашей молитвой').

9. अच्छी तरह होना 'быть здоровым'.

10. परिचय कराना 'знакомить' (का *кого-л.*, से *с кем-л.*); परिचय देना 1) 'знакомить' (को *кого-л.*, का *с кем-л.*, *чем-л.*); 2) 'проявлять', 'показывать' (का *что-л.*).

11. आपका परिचय पाने से बड़ी ख़ुशी है। '[Я] очень рад(а) с Вами познакомиться'; परिचय पाना 'знакомиться' (का *с кем-л.*, *с чем-л.*).

12. Прилагательное बड़ा 'большой' в позиции перед другим прилагательным имеет значение 'очень', 'весьма'. Следует помнить, что и в значении 'очень', 'весьма' прилагательное बड़ा согласуется с определяемым существительным регулярно, например: बड़ी आरामदेह कुरसी 'очень удобный стул'.

13. वह कितनी नरम है 'какое оно (кресло) мягкое!'

14. दायीं तरफ़ (ओर) 'направо', 'вправо', 'справа'.

15. जल्दी करना, जल्दी में होना 'торопиться'.

16. इजाज़त देना 'разрешать' (की *что-л. сделать*, को *кому-л.*).

17. Имена существительные, обозначающие отрезок времени, меру веса, длины и т. д., перед послелогом обычно выступают в форме единственного числа, например: दो तीन मिनट में 'через две-три минуты'.

18. प्रवेश करना 'вступать', 'входить' (में *куда-л.*).

УПРАЖНЕНИЯ

1. Прочитайте, перепишите и переведите урок.

पाठ को पढ़िये, कापी में लिखिये और उसका अनुवाद कीजिये।

2. Ответьте на вопросы.

निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

१) आप किस इलाक़े में रहते हैं?
२) आपका पता क्या है?
३) क्या आपके पास नया फ़्लेट है?
४) आपका फ़्लेट किस मंज़िल पर है?
५) आपके फ़्लेट का नंबर क्या है?
६) क्या आपके घर में लिफ़्ट का प्रबन्ध है?
७) क्या आपका घर यहाँ से नज़दीक है?
८) आपके फ़्लेट में कितने कमरे हैं?
९) क्या कमरों में चित्र हैं?
१०) क्या आपके फ़्लेट में गैस और गरम पानी का प्रबन्ध है?
११) आपके फ़्लेट में किस प्रकार का फ़र्नीचर है?
१२) क्या आपकी बैठक में आराम-कुर्सियाँ हैं?
१३) क्या आपकी आराम-कुर्सियाँ आरामदेह हैं?
१४) आपके कमरों की खिड़कियाँ कहाँ खुलती हैं?
१५) आप पलंग पर सोते हैं या सोफ़े पर?
१६) क्या ग़ुसलख़ाने में आईना है?
१७) आपका फ़ोन-नम्बर क्या है?
१८) क्या आपके घर का आँगन बड़ा है?
१९) आपके इंस्टीट्यूट से घर तक पहुँचने में कितने मिनट लगते हैं?
२०) आपकी ड्योढ़ी में क्या चीज़ें हैं?

3. Переведите предложения.

रूसी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

१) पहले हमारा परिवार नगर के केंद्र में रहता था, लेकिन अब हम एक नये इलाक़े में नदी के तट पर रहते हैं। कुछ समय पहले वहाँ सिर्फ़ छोटे मकान खड़े थे, लेकिन अब छोटे मकानों के स्थान पर नयी बड़ी इमारतें खड़ी हैं। इमारतें आठ-दस मंज़िलों की हैं। नगर के केंद्र में हम एक छोटे मकान में रहते थे। हमारा फ़्लेट अच्छा नहीं था।

कमरे बहुत छोटे थे, छतें नीची थीं। लेकिन हमारा नया फ़्लेट अच्छा और रोशन है। सब खिड़कियाँ नदी की ओर खुलती हैं। नदी के दूसरे तट पर एक बड़ा पार्क है। हम वहाँ आराम करने जाते हैं।

२) पहले मकानों में लिफ़्ट का प्रबन्ध नहीं था। चढ़ने और उतरने में बहुत समय लगता था। अब ऊँचे मकानों में लिफ़्ट का प्रबन्ध है। वह जल्दी चढ़ता और उतरता है। चढ़ने या उतरने में एक-दो मिनट लगते हैं। लिफ़्ट बहुत अच्छी चीज़ है।

३) पहले वह पाँचवीं मंज़िल पर रहता था। मकान में लिफ़्ट नहीं था। अब वह नये मकान में रहता है। वहाँ लिफ़्ट है। वह लिफ़्ट से चढ़ता और उतरता है।

४) माता जी का दफ़्तर घर से दूर है। पहुँचने में बहुत समय लगता है। माँ जी मैट्रो से वहाँ जाती हैं। वे सुबह के आठ बजे काम पर जाती हैं और शाम के छः बजे घर आती हैं।

५) मेरे मित्र की बैठक का फ़र्नीचर बहुत सुंदर है। बैठक में एक सुंदर सोफ़ा है, दो नरम आराम-कुर्सियाँ हैं, एक छोटी मेज़ है टेलीविजन-सेट के लिये। दूसरी छोटी मेज़ अख़बारों के लिये है। खिड़की के पास पियानो है और दीवारों पर सुंदर चित्र लटक रहे हैं।

६) मैं इंस्टीट्यूट जा रहा हूँ। मेरे साथ मेरी छोटी बहन जा रही है। वह स्कूल में जा रही है। उसका स्कूल घर के नज़दीक है, लेकिन मेरा इंस्टीट्यूट दूर है। मैं जल्दी जाता हूँ। मैं [ठीक] नौ बजे इंस्टीट्यूट आना चाहता हूँ।

७) आप अपना पता बताइये।—ख़ुशी से। सुनिये, गोर्की सड़क, घर नंबर उन्नीस, प्रवेश-द्वार नंबर एक, छठी मंज़िल, फ़्लेट नंबर अठारह।— ठीक है, क्या टेलीफ़ोन भी है? — हाँ, है। टेलीफ़ोन-नंबर लिखिये: नौ-पाँच-छः-आठ-सोलह — मैं दोहरा रहा हूँ: नौ-पाँच-छः-आठ-सोलह — ठीक है।

८) नमस्ते, कहिये, घर के लोग ख़ैरियत से हैं? – आपकी दुआ से सब अच्छी तरह हैं। ओवरकोट यहाँ खूँटी पर टाँगिये और बैठक में आइये। मैं आपका परिचय अपनी माता जी से कराना चाहता हूँ।

९) मैं आपको अपनी नयी आराम-कुर्सी दिखाना चाहता हूँ। वह बहुत अच्छी है, नरम है और आरामदेह। – सोफ़ा भी नया है? – नहीं, सिर्फ़ आराम-कुर्सी नयी है।

१०) आपके फ़्लेट में कितने कमरे हैं? – पाँच कमरे हैं। दो सोने के कमरे हैं, एक खाने का, एक पढ़ने का और एक बैठने का। – अच्छा, तो यहाँ कितने लोग रहते हैं? – पाँच ही लोग। मैं, मेरी पत्नी, मेरे पिता और मेरे दो बेटे।

4. Заполните пропуски.

ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) हमारे घर में लिफ़्ट का ... है। (२) पिता का दफ़्तर दूर नहीं है, वह बिल्कुल ... है। (३) रसोईघर में गर्म ... का प्रबंध है। (४) सोने के कमरे में दो ... हैं। (५) बैठक का दरवाज़ा कमरे की तरफ़ ... है। (६) बर्तनों की ... खाने के कमरे में है। (७) घर तक पहुँचने में मैट्रो से दस मिनट ... हैं। (८) ... हम दूसरे इलाक़े में रहते थे। (९) दीवारों पर सुंदर चित्र ...। (१०) आज गर्म ... है। (११) किताबों की अलमारी बिल्कुल नये ... की है। (१२) मैं आपका ... नहीं जानता, कहिये आप कहाँ रहती हैं? (१३) यह दफ़्तर है। यहाँ मेरे ... काम करते हैं। (१४) हमारे घर का ... बहुत बड़ा है। (१५) आने से पहले ज़रूर ... कीजिये। (१६) बैठक की खिड़कियाँ आँगन की ... खुलती हैं। (१७) ग़ुसलख़ाने में एक गोल ... है। (१८) यह आराम-कुर्सी बहुत ... है। वह नरम भी है। (१९) आपका परिचय करने से बड़ी ... है। (२०) अपना ... खूँटी पर टाँगिये। (२१) आपके फ़्लेट में नये फ़ैशन का ... है। (२२) मैं आपके नगर को ... चाहता हूँ। (२३) आपका ओवरकोट ... पर है। (२४)

मेरे पास समय नहीं है, मैं ... कर रहा हूँ। जाने की ... दीजिये। (२५) क्या आप ... से जाते हैं?

5. Поставьте вопросы к выделенным словам.
मोटे टाइप में छपे शब्दों के लिये प्रश्न बनाइये।

(१) यह ओवरकोट **नये फ़ैशन का** है। (२) वह **सोलहवीं** मंज़िल पर रहता है। (३) **प्रवेश-स्थान में** खूँटी और गोल आईना है। (४) यह **मेरी पत्नी** की किताब है। (५) यह **मज़दूरों का** घर है। (६) बड़े कमरे में **खाने की** मेज़ है। (७) आज **बहुत गर्म** दिन है। (८) माँ जी **हमारे** लिये चाय तैयार करती हैं। (९) घर में **लिफ़्ट** का प्रबन्ध है। (१०) दफ़्तर में **बहुत** लोग काम करते हैं। (११) खाने के कमरे में **बर्तनों की** अलमारी है। (१२) हमारे घर में **बड़ा** आँगन है। (१३) आज **शनिवार** है। (१४) लिफ़्ट से लोग **चढ़ते और उतरते** हैं। (१५) हम काम पर **मेट्रो से** जाते हैं।

6. Составьте устно предложения, используя следующие словосочетания.
निम्नलिखित शब्द-समूहों का प्रयोग करके मौखिक रूप से वाक्य बनाइये।

की इजाज़त देना, परिचय कराना, फ़ोन करना, खूँटी पर टाँगना, दीवार पर लटकना, परिचय पाना, जल्दी करना, किस प्रकार का, एक बार फिर, ख़ैरियत से होना।

7. Составьте устно рассказ «Моя квартира».
'मेरा फ़्लेट' नाम की कहानी बनाकर सुनाइये।

8. Напишите синонимы к словам.
निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

के पास, तसवीर, ओर, औरत, निवासी, प्रकार, दरवाज़ा, घर, आदमी, पढ़ना।

9. Напишите антонимы к словам.
निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिये।

बड़ा, ऊँचा, देना, दूर, चढ़ना, काला, आना, उठना, यहाँ, खोलना।

10. Переведите.

हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Раньше в нашем районе было много маленьких домов. В домах не было газа, воды, телефонов. Теперь на месте маленьких домов стоят большие здания. В новых домах есть газ, горячая вода, лифт, телефоны. В квартирах большие и светлые комнаты. Рядом с домами большой парк. Перед домами река. Жители нашего района очень любят отдыхать на берегу реки.

II. В кабинете отца моего друга кроме книжного шкафа и письменного стола [стоит] большой красивый диван. На стенах комнаты висят картины. Отец моего друга преподает русскую и советскую литературу в Университете дружбы. Поэтому в его книжном шкафу много книг по литературе.

III. В маминой спальне вся мебель новая. Там [стоят] две кровати, большое круглое зеркало и платяной шкаф. Около окна [стоит] большое удобное кресло. Мама любит там отдыхать. На стене висят два портрета: моего брата и мой. Раньше брат жил вместе с нами. Он учился в Институте международных отношений и там изучал языки хинди и английский. Сейчас он со своей женой живет и работает в Индии. В нашей столовой очень красивый сервант. Кроме серванта там [стоят] длинный обеденный стол и шесть стульев.

IV. (1) Куда выходят окна Вашей квартиры? — Они выходят во двор. — А куда открываются двери? — Все двери открываются внутрь (अंदर को). (2) Мне кажется, его нет дома. На вешалке нет его пальто. (3) Он хотел показать нам свою новую картину. Она висит у него дома. Но я был занят, а мой друг торопился, и у нас не было времени пойти к нему домой. (4) Скажите, пожалуйста, какой номер вашего дома? — Двадцатый. — Вы не знаете, в каком подъезде живет врач? — Да, я это знаю, зайдите в первый, квартира 18. — Благодарю Вас. (5) Мой дом недалеко от метро. Идти всего пять минут. Приходите к нам в субботу. Я хочу познакомить вас со своей семьей и показать вам нашу новую квартиру. Мы живем на десятом этаже, и в нашем доме есть лифт. (6) Здравствуйте! Как поживаете? — Спасибо, хорошо. — Дома все здоровы? — Да, дома все в порядке. (7) Наш дом стоит на правом берегу Москвы-реки. Это очень красивое место. Перед домом река, а справа большой парк.

11. Выпишите из текста в два столбика все новые имена существительные: в один мужского рода, а в другой — женского.

पाठ से दो कालमों में सब नयी संज्ञाएँ लिखिये। एक में – पुलिंग शब्द और दूसरे में – स्त्रीलिंग।

12. Прочитайте и переведите диалог.

निम्नलिखित वातचीत को पढ़िये और उसका अनुवाद कीजिये।

– नमस्ते, मित्र, नमस्ते। कहिये, आप कैसे हैं?

– अच्छा हूँ, शुक्रिया। आप कहाँ जा रहे हैं?

– घर जा रहा हूँ। अब हमारे पास नया फ़्लेट है।

– क्या वह हमारे ही इलाक़े में है?

– हाँ, यहाँ है। लेनिन सड़क पर है।

– मैं देखता हूँ – आप बहुत ख़ुश हैं।

– क्यों नहीं, भाई, नया फ़्लेट तो है।

– हाँ, यह ठीक है। घर के लोग ख़ैरियत से हैं?

– आपकी दुआ से सब अच्छी तरह से हैं।

– आपकी पत्नी कहाँ काम करती हैं अब?

– अब वह हमारे इलाक़े के एक दफ़्तर में काम करती है।

– लेकिन पहले वे एक अस्पताल में काम करती थीं।

– हाँ, काम करती थी। लेकिन नये फ़्लेट में आने के बाद वह यहाँ काम करती है।

– अच्छा। तो मैं आपके यहाँ आना और नया फ़्लेट देखना चाहता हूँ।

– ज़रूर आइये।

– अपना पता बताइये।

– सुनिये – लेनिन सड़क, घर नंबर बीस, प्रवेश आँगन की तरफ़ से है, प्रवेश-द्वार नंबर एक, दूसरी मंज़िल, फ़्लेट नंबर आठ। पाँच बजे के बाद हम घर पर ज़रूर होते हैं। फिर भी आने से पहले फ़ोन कीजिये। फ़ोन-नंबर भी लिखिये – तीन-ज़ीरो-बारह-सत्तरह।

– मैं दोहरा रहा हूँ – तीन-ज़ीरो-बारह-सत्तरह। ठीक है?

– हाँ बिल्कुल ठीक है।

—तो मेरे यहाँ भी कभी-कभी आइये। मेरे पास भी नया फ़्लेट है। मैं आपके नज़दीक रहता हूँ। पहुँचने में दस-पंद्रह मिनट लगते हैं। मेरा घर लोमोनोसोव सड़क पर है। नये बाज़ार के बिल्कुल पास। घर-नंबर चौदह है, प्रवेश-द्वार पहला है, मंज़िल पाँचवीं है, आप लोग लिफ़्ट से चढ़िये। फ़्लेट तेरह है।

—फ़ोन भी है?

—नहीं भाई, अभी तक नहीं।

—खिड़कियाँ कहाँ खुलती हैं?

—आँगन की ओर।

—यह कितना अच्छा है! कितने कमरे हैं, भाई?

—सिर्फ़ दो हैं, एक सोने का, दूसरा बैठने का। लेकिन आप ख़ुद आइये और देखिये।

—और आप भी हमारे यहाँ ज़रूर आइये।

—ठीक है, मित्र, अब इजाज़त दीजिये, मैं जल्दी कर रहा हूँ। नमस्ते।

—नमस्ते।

13. Выучите числительные.

निम्नलिखित संख्याओं को याद कीजिये।

२१	इक्कीस	21	२६	छब्बीस	26
२२	बाईस	22	२७	सत्ताईस	27
२३	तेईस	23	२८	अठाईस	28
२४	चौबीस	24	२९	उनतीस	29
२५	पचीस	25	३०	तीस	30

УРОК IV

ГРАММАТИКА

ИМЯ СУЩЕСТВИТЕЛЬНОЕ

ОБРАЗОВАНИЕ ЗВАТЕЛЬНОГО ПАДЕЖА

ЕДИНСТВЕННОЕ ЧИСЛО

Имена существительные мужского рода, оканчивающиеся на आ (за исключением имен, обозначающих родство или заимствованных из других языков), в звательном падеже единственного числа либо принимают окончание ए, либо остаются в форме, совпадающей с прямым падежом, например:

Прямой падеж	Звательный падеж
लड़का 'мальчик'	लड़के, लड़का
बेटा 'сын'	बेटे, बेटा

У остальных имен существительных мужского и женского рода форма звательного падежа единственного числа совпадает с формой прямого, например:

Прямой падеж	Звательный падеж
भाई 'брат'	भाई
बेटी 'дочь'	बेटी
बहिन 'сестра'	बहिन
दादा 'дедушка'	दादा
राजा 'раджа'	राजा

МНОЖЕСТВЕННОЕ ЧИСЛО

Звательный падеж множественного числа имен существительных обоих родов образуется при помощи окончания ओ, которое либо присоединяется к основе имени, либо заменяет окончание прямого падежа множественного числа. У имен существитель-

ных с основой на ई при образовании звательного падежа множественного числа перед окончанием ओ появляется эвфонический звук य, а долгий ई переходит в краткий इ. Перед окончанием ओ становится кратким и конечный ऊ существительных мужского рода.

Прямой падеж

Ед. число	Мн. число
अध्यापक ‘преподаватель’	अध्यापक
विद्यार्थी ‘студент’	विद्यार्थी
दादा ‘дед’	दादा
बेटा ‘сын’	बेटे
बहिन ‘сестра’	बहिनें
बेटी ‘дочь’	बेटियाँ
डाकू ‘разбойник’	डाकू

Звательный падеж

Мн. число

अध्यापको
विद्यार्थियो
दादाओ
बेटो
बहिनो
बेटियो
डाकुओ

Формам имен существительных в звательном падеже часто предшествуют междометия ऐ ‘эй’, हे, ओ ‘о’, अजी ‘о’, ‘эй’; रे ‘о’, ‘эй’ (при обращении к лицу мужского пола), री ‘о’, ‘эй’ (при обращении к лицу женского пола), например: ओ लड़के तू कहाँ जा रहा है? ‘Эй, мальчик, куда ты идешь?’.

МЕСТОИМЕНИЕ

УКАЗАТЕЛЬНЫЕ МЕСТОИМЕНИЯ यह и वह

Единственное число	Множественное число
यह ‘этот’, ‘эта’	ये
वह ‘тот’, ‘та’	वे

Указательные местоимения यह ‘этот’, ‘эта’ и ये ‘эти’ указывают обычно на лица и предметы, находящиеся вблизи, а местоимения वह ‘тот’, ‘та’ и वे ‘те’ — на лица и предметы, находящиеся вдали или в отсутствии. Все они не имеют категории рода, например: यह लड़का ‘этот мальчик’, यह लड़की ‘эта девочка’, ये लड़के (लड़कियाँ) ‘эти мальчики’ (‘эти девочки’). Нередко вместо местоимений ये ‘эти’ и वे ‘те’ используются местоимения यह и वह, например: यह (वह) किताबें ‘эти (те) книги’.

Вежливое, почтительное отношение передается местоимениями ये и वे, употребляемыми для указания на одно лицо.

КОСВЕННЫЙ ПАДЕЖ УКАЗАТЕЛЬНЫХ МЕСТОИМЕНИЙ यह И वह

Указательные местоимения यह и वह имеют формы косвенного падежа, отличающиеся от форм прямого падежа.

	Прямой падеж	Косвенный падеж[1]
Ед. число	यह ‘этот’, ‘эта’	इस
	वह ‘тот’, ‘та’	उस
Мн. число	ये ‘эти’	इन
	वे ‘те’	उन

Примеры употребления указательных местоимений यह и वह:

यह किताब ‘эта книга’ — इस किताब में ‘в этой книге’

वह किताब ‘та книга’ — उस किताब में ‘в той книге’

[1] Такие же формы косвенного падежа имеют и личные местоимения 3-го лица यह, वह ‘он’, ‘она’ и ये, वे ‘они’.

यह, ये किताबें 'эти книги' — इन किताबों में 'в этих книгах'
वह, वे किताबें 'те книги' — उन किताबों में 'в тех книгах'
यह अध्यापक 'этот преподаватель' — इस अध्यापक को 'этому преподавателю'
वह अध्यापक 'тот преподаватель' — उस अध्यापक को 'тому преподавателю'
ये अध्यापक 'эти преподаватели', 'этот преподаватель' — इन अध्यापकों को 'этим преподавателям'
वे अध्यापक 'те преподаватели', 'тот преподаватель' — उन अध्यापकों को 'тем преподавателям'

ГЛАГОЛ

ОБ УПОТРЕБЛЕНИИ ГЛАГОЛА होना

ПРОСТАЯ ФОРМА НАСТОЯЩЕГО И ПРОШЕДШЕГО НЕСОВЕРШЕННОГО ВРЕМЕНИ ГЛАГОЛА होना

Глагол होना в простой форме настоящего и прошедшего несовершенного времени употребляется:

а) самостоятельно, в качестве полнозначного глагола, обозначая факт нахождения где-либо или наличия чего-либо, например: वह मास्को में है (था) 'Он в Москве (он был в Москве)'; क्लास में काला तख़्ता है (था) 'В классе имеется (имелась) доска';

б) в качестве вспомогательного глагола, например: तुम पढ़ते हो (थे) 'Вы читаете (читали)';

в) в качестве глагольной связки, например: हम विद्यार्थी हैं (थे) 'Мы студенты (мы были студентами)'.

СЛОЖНАЯ ФОРМА НАСТОЯЩЕГО И ПРОШЕДШЕГО НЕСОВЕРШЕННОГО ВРЕМЕНИ ГЛАГОЛА होना

Сложная форма настоящего и прошедшего несовершенного времени глагола होना употребляется самостоятельно и в качестве глагольной связки, указывая либо на обычность факта нахожде-

ния, пребывания и наличия чего-либо, либо на обычность или повторяемость явления, действия, например: ये किताबें मेरी मेज़ पर होती हैं (थीं) 'Эти книги [обычно] находятся (находились) на моем столе'; उसके पास सदा अच्छी पेंसिल होती है (थी) 'У него всегда имеется (имелся) хороший карандаш'; मास्को की नई सड़कें चौड़ी होती हैं 'Новые улицы Москвы (обычно) широкие'; मास्को की सड़कों पर बड़ी चहलपहल होती है 'На улицах Москвы бывает большое оживление'; हिन्दी पाठ नौ बजे शुरू होता है 'Урок хинди начинается в девять часов [утра]'.

УПРАЖНЕНИЯ

अभ्यास

1. Образуйте формы звательного падежа от следующих существительных.

निम्नलिखित संज्ञाओं के संबोधन-कारक के रूप लिखिये।

मज़दूर, आदमी, लोग, औरत, स्त्री, बेटा, विद्यार्थी।

2. Переведите предложения.

हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(1) Эта комната моя, а та комната — моих родителей. (2) На этой кровати сплю я, а на той — мой брат. (3) В этом институте работает мой друг. (4) Книжный шкаф стоит в той комнате. (5) В этих районах Москвы много новых домов (6) Дайте эти книги тем студентам. (7) Этот человек живет в том высоком доме. (8) В этих двух подъездах нет такой квартиры. (9) В тех книгах много иллюстраций. (10) Я хочу познакомить вас с этими людьми. (11) Кто присматривает за ними? (12) У нас нет времени. (13) Вы знаете эти слова? — Нет, не знаю. (14) Я даю ему карандаш. (15) Он берет у нее тетрадь. (16) Кто стоит рядом с ним? — Рядом с ним стоит его брат. (17) В этой комнате много столов. На них лежат книги, тетради и карандаши. (18) Мы живем на этом этаже. (19) Двадцать пять минут требуется, чтобы дойти до парка. (20) Дайте ей воды. (21) Положите эту книгу перед ним.

3. Переведите предложения.

रूसी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

क (१) हम इस मकान में रहते थे। (२) इन मेज़ों पर बहुत चीज़ें हैं। (३) इस मंज़िल पर मेरा मित्र रहता है। (४) यह किताब उस विद्यार्थी को दीजिये। (५) किताब किस अलमारी में है? वह उस अलमारी में है। (६) इन लोगों से पूछिये, घर नंबर सत्ताईस कहाँ है। (७) यह फ़र्नीचर बिलकुल नये फ़ैशन का है। (८) हमारे यहाँ ये आदमी काम नहीं करते। (९) ड्योढ़ी में खूँटी है, उस पर ओवरकोट टाँगिये। (१०) घर पर इन अभ्यासों का अनुवाद कीजिये। (११) उस पाठ में तीस नये शब्द थे। (१२) वह क्यों नहीं लिखता? उसके पास क़लम नहीं है। (१३) मैं इस शब्द को नहीं जानता। (१४) उससे पूछिये, वह ज़रूर यह शब्द जानता है। (१५) वह काम में बहुत व्यस्त है, उसके पास इन लोगों से बातचीत करने का समय नहीं है। (१६) इस किताब का नाम मैं नहीं जानता। (१७) इन मकानों में मज़दूर लोग रहते हैं।

ख (१) यह उसकी किताब है। इस किताब में बहुत से चित्र हैं। (२) वह इसका घर है। उस घर में पाँच मंज़िलें हैं। (३) ये उनकी कापियाँ हैं। इन कापियों में वे नये शब्द लिखते हैं। (४) इनका स्कूल यहाँ से दूर है। इन स्कूलों की इमारतें बहुत सुंदर हैं। (५) यह नगर नदी के तट पर है। इसमें बहुत लोग रहते हैं। (६) इसकी मेज़ खिड़की के पास है। उस पर दो किताबें और पाँच कापियाँ हैं। (७) ये उसकी नयी आराम-कुर्सियाँ हैं। (८) इस सोने के कमरे में दो पलंग, एक गोल आईना और कपड़ों की अलमारी है। (९) उनका मकान बड़ा है। उसमें दस प्रवेश-द्वार हैं। (१०) इस नदी के तट बहुत सुन्दर हैं। बहुत लोग उन पर आराम करना पसंद करते हैं।

4. Переведите и объясните употребление глагола होना.

रूसी में अनुवाद करके "होना" क्रिया के प्रयोग समझाइये।

(१)अब वह घर पर है। (२) हमारी माँ गृहस्थी करती हैं। (३) मैं विद्यार्थी हूँ। (४) पहले आपके पिता कहाँ काम करते थे? (५) पहले सिर्फ़ छोटे मकान थे। (६) उनके दादा अध्यापक थे, वे रूसी भाषा और साहित्य पढ़ाते थे। (७) कभी-कभी मास्को में दिन बहुत गर्म होते हैं। (८) इन पाठों में बहुत नये शब्द हैं। (९) पहले उसकी मेज़ पर हिन्दी की किताबें होती थीं अब वे कहाँ हैं? (१०) नये मकानों में सोलह-चौबीस मंज़िलें होती हैं। (११)इस दूकान में कभी-कभी सुंदर चित्र होते हैं। (१२) शाम के समय हम आँगन में जमा होते हैं। (१३) उनका काम का दिन सुबह के आठ बजे शुरू होता है। (१४) रूसी नदियों के तट बहुत ही सुंदर होते हैं। (१५) पहले इन विद्यार्थियों के पाठ नौ बजे शुरू होते थे, अब वे दस बजे शुरू होते हैं।

5. Переведите предложения.

हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

I. (1) У нас в доме ежедневно бывает горячая вода. (2) Занятия в нашем институте раньше кончались в пять часов, а теперь кончаются в три часа. (3) Вечерами мы собирались в гостиной. (4) В этом магазине всегда бывает модная одежда. (5) Мой рабочий день начинался в шесть часов утра. (6) Вечерами он бывает очень занят. (7) Мел белый. (8) Мелом мы пишем на доске. Доска черная. (9) Он хороший студент. Он каждый день бывает в институте.

II. (1) Куда ты идешь, сынок? (2) Эй, девочка (लड़की), что ты там делаешь? (3) Подойдите сюда, друзья! (4) Дедушка, а отец дома? (5) Запишите это слово к себе в тетради, товарищи! (6) Познакомьтесь с нашим преподавателем. (7) Присмотрите, пожалуйста, за моей дочерью, дедушка. (8) Сита (सीता), сестренка, ты спишь? (9) Студенты Института международных отношений! Пройдите в четвертую комнату. (10) Ты на базар идешь, бабушка?

ТЕКСТ

पाठ

मास्को

विद्यार्थियो, आपको मालूम है कि मास्को बहुत पुराना ऐतिहासिक नगर है। पहले वह ज़ार के रूस की राजधानी था। अब वह सोवियत संघ की राजधानी है। मास्को नगर मास्को नदी के तट पर स्थित है। सुंदर और बड़े पुल मास्को नदी के दोनों तटों को मिलाते हैं। मास्को की सड़कें लंबी और चौड़ी हैं। सड़कों के दोनों ओर पेड़ खड़े हैं। मास्को की सड़कों पर बड़ी चहलपहल होती है।

हमारा घर मास्को की एक नयी सड़क के नुक्कड़ पर है। यह एक ऊँची आठ-मंज़िला इमारत है। इसकी पहली मंज़िल पर तरह-तरह की दुकानें हैं। खाने की चीज़ों की दुकान से हम खाने-पीने की चीज़ें ख़रीदते हैं। इस दुकान के अलावा हमारे घर की पहली मंज़िल पर कपड़ों और किताबों की दुकानें भी हैं। तैयार कपड़े की दुकान से लोग तरह-तरह के कपड़े ख़रीदते हैं। किताबों की दुकान से लोग किताबें, कापियाँ और दूसरी चीज़ें ख़रीदते हैं। हमारे घर के सामने सड़क के दूसरी ओर एक और आठ-मंज़िला इमारत है। इस में भी कई दुकानें हैं। उनमें जूते की दुकान है और सब्ज़ी की दुकान है। जूते की दुकान में पुरुषों, स्त्रियों और बच्चों के लिये सुंदर और नये फ़ैशन के विभिन्न जूते होते हैं। यहाँ बहुत से लोग आते हैं। सब्ज़ी की दुकान में तरह-तरह की ताज़ी सब्ज़ियाँ होती हैं। इन दोनों दुकानों के अलावा सामने की इमारत में नाई की दुकान है और घड़ीसाज़ की दुकान भी है। इस प्रकार हमारे छोटे से इलाक़े में सब तरह की दुकानें हैं। मास्को की बहुत सी दुकानें बड़ी और रोशन हैं। इनमें ताज़ी हवा आने का अच्छा प्रबन्ध है।

हमारे घर के सामने यानी सड़क के दूसरी ओर मैट्रो का स्टेशन है। इस स्टेशन का नाम "चेरेमुश्की" है। मास्को के निवासी मैट्रो के ज़रिये काम पर जाते हैं। विद्यार्थी लोग अपने इंस्टीट्यूटों जाते हैं। मास्को की मैट्रो की लाइनें शहर के विभिन्न इलाक़ों को एक दूसरे से मिलाती हैं।

सुबह को हमारे घर के लोग घर से बाहर निकलते हैं, सड़क को पार करते हैं। मैट्रो के अंदर आते और नीचे उतरते हैं। मैं भी इन लोगों के साथ मैट्रो के अंदर आता हूँ और इंस्टीट्यूट जाता हूँ।

मास्को में बहुत से शिक्षालय हैं। उनमें हज़ारों विद्यार्थी शिक्षा पाते हैं। मास्को के स्कूलों, पुस्तकालयों, अस्पतालों और दुकानों तथा रिहायशी मकानों की ठीक गिनती करना बहुत मुश्किल है। फिर भी मास्को में नये रिहायशी मकानों, स्कूलों की इमारतों, अस्पतालों और दुकानों का निर्माण तेज़ी से हो रहा है। मास्को में क़रीब एक सौ सिनेमा-घर हैं। फिर भी हर एक नये इलाक़े में नये सिनेमाघरों का निर्माण हो रहा है।

मास्को में बहुत से ऐतिहासिक स्थान हैं। लाल मैदान, क्रेमलिन, लेनिन पुस्तकालय, त्रेत्याकोव्-चित्रशाला और दूसरी इमारतें इनमें से हैं। मास्को में सौ से ज़्यादा संग्रहालय हैं। उनमें तरह-तरह के चित्र तथा रूसी कला के दूसरे नमूने हैं।

मास्को में तीस थियेटर हैं। 'बोल्शोय' थियेटर और उसके कलाकार देश से बाहर भी बहुत मशहूर हैं।

मास्को में कई अच्छे स्टेडियम हैं। "डाइनामो" और लेनिन नामक स्टेडियमों में हज़ारों लोगों के लिये बैठने का स्थान है।

मास्को बहुत सुंदर नगर है। गर्मी के दिनों में उसकी सुंदरता और ज़्यादा हो जाती है। हरे बाग़ और पार्क मास्को को बहुत सुंदर बनाते हैं।

मास्को की सड़कें, मैदान और बाग़ बहुत साफ़ हैं। इन जगहों की सफ़ाई रोज़ाना होती है। मास्को के निवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये यह बात बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। मास्को में बहुत से विभिन्न अस्पताल हैं, बच्चों के अस्पताल हैं, आँखों के अस्पताल हैं, दाँतों के अस्पताल हैं। हर एक इलाक़े में अपने अलग अस्पताल हैं, इन अस्पतालों का नाम है पॉलीक्लीनिक। वहाँ डाक्टर मरीज़ों की बीमारियों का कारण मालूम करते हैं और इनका इलाज करते हैं। हमारे इंस्टीट्यूट में भी अपना छोटा सा पॉलीक्लीनिक है।

सोवियत लोग मास्को को बहुत पसंद करते हैं। मास्को सुंदर है, मास्को बड़ा है, मास्को हमारे देश के दिल जैसा है।

СЛОВА
नये शब्द

पुराना пурāнā старый, старинный, древний
ऐतिहासिक айтиhāсик 1. исторический; 2. *м.* историк
ज़ार зāр *м. ист.* царь
रूस рӯс Россия
पुल пул *м.* мост
मिलाना милāнā *п.* 1) соединять (को *что-л.*, से *с чем-л.*); 2) добавлять (को *что-л.*, में *во что-л.*)
पेड़ пэр̣ *м.* дерево, растение
चहलपहल чаhал-паhал *ж.* 1) деятельность, активность; 2) веселье; 3) блеск, великолепие; 4) шум, оживление
नुक्कड़ нуккар̣ *м.* угол (*улицы, дома*)
-मंज़िला -манзилā *изм. и неизм.* -этажный (*выступает как второй элемент сложного слова, напр.* आठ-मंज़िला 'восьмиэтажный')
पीना пӣнā *п.* пить
ख़रीदना харӣднā *п.* покупать
कई каӣ несколько
जूता джӯтā *м.* башмак, туфля, ботинок
सब्ज़ी сабзӣ *ж.* овощи, зелень
बच्चा баччā *м.* 1) ребенок, дитя; 2) мальчик; 3) детёныш
विभिन्न виб^{h}инна отличный, разный
ताज़ा тāзā *изм. и неизм.* 1) свежий; 2) новый
नाई нāӣ *м.* парикмахер
घड़ीसाज़ г^{h}ар̣ӣсāз *м.* часовщик
स्टेशन стэшан *м.* станция, вокзал, остановка
ज़रिये зарийэ: के ~ *послелог* посредством, при помощи; благодаря
लाइन лāин *ж.* 1) линия, 2) очередь (*напр в магазине*)
शहर шаhар *м.* город
बाहर бāhар 1. вне, снаружи; 2. के (से) ~ *послелог* вне, за пределами
निकलना никалнā *нп.* выходить, появляться

पार pāр *м.* **1.** 1) противоположный берег; 2) другая сторона; ~ करना *п.* пересекать, переходить (*улицу, реку*); **2.** के ~ *послелог* по ту сторону

अंदर андар **1.** внутрь, внутри; **2.** के ~ *послелог* 1) внутрь, внутри; 2) в течение, в продолжение

नीचे нӣчэ низко, внизу, снизу, вниз

शिक्षालय шикшāлай *м.* учебное заведение

हज़ार hазāр *м.* тысяча; हज़ारों тысячи

शिक्षा шикшā *ж.* 1) обучение; 2) образование

पुस्तकालय пустакāлай *м.* библиотека

रिहायशी риhāйашӣ жилой, жилищный

गिनती гинтӣ *ж.* подсчет

मुश्किल мушкил **1.** трудный, затруднительный; **2.** *ж.* трудность, затруднение; ~ से с трудом

निर्माण нирмāн *м.* строительство

तेज़ी тэзӣ *ж.* 1) острота; 2) быстрота; ~ से (के साथ) быстро, скоро

क़रीब ќарӣб **1.** 1) близко; 2) приблизительно, почти, около; **2.** के ~ *послелог* 1) близ, около, к; 2) около, приблизительно

सौ сау сто

सिनेमाघर синэмāгʰар *м.* кинотеатр

मैदान майдāн *м.* 1) долина, равнина; 2) площадь; 3) арена

क्रेमलिन крэмлин *м.* Кремль

चित्रशाला читрашāлā *ж.* картинная галерея

ज़्यादा зйāдā 1) много; 2) больше, более, свыше; से ~ более, свыше, больше чем

संग्रहालय санграhāлай *м.* музей

कला калā *ж.* 1) мастерство, искусство; 2) искусство (*живопись, музыка и т. п.*)

नमूना намӯнā *м.* 1) образец, образчик; 2) модель, фасон

थियेटर тʰийэ̄тар *м.* театр

कलाकार калāкāр *м.* художник, артист, деятель искусства

स्टेडियम стэдийам *м.* стадион

नामक нāмак называемый, под названием, [по] имени

गरमी гармӣ *ж.* жара, зной, теплота, лето; गरमियों में летом

हरा hарā зеленый

सुंदरता сундартā *ж.* красота

बनाना банāнā *п.* 1) делать; 2) создавать, строить; 3) производить

साफ़ сāф **1.** 1) чистый; ~ करना *п.* чистить, очищать; 2) ясный, понятный; **2.** 1) чисто; 2) ясно, понятно

जगह джагаh *ж.* место

सफ़ाई сафāӣ *ж.* 1) чистота; 2) чистка; уборка; 3) ясность

स्वास्थ्य свāстʰйа *м.* здоровье

रक्षा ракшā *ж.* защита, оборона, охрана

बात бāт *ж.* 1) разговор, беседа; 2) дело, вопрос

महत्त्वपूर्ण маhаттвапӯрна важный

आँख ā̃кʰ *ж.* глаз

दाँत дā̃т *м.* зуб

अलग алаг **1.** отдельный, изолированный; **2.** отдельно, особо; ~ होना *нп.* отделяться; ~ करना *п.* отделять

पॉलीक्लीनिक пāлӣклӣник *м.* поликлиника

मरीज़ марӣз **1.** больной, нездоровый; **2.** *м.* пациент, больной

बीमारी бӣмāрӣ *ж.* болезнь

मालूम мāлӯм 1) известный; 2) явный, очевидный; ~ होना *нп.* а) быть

известным; б) оказываться; в) казаться; ~ करना *п.* узнавать (से *у кого-л.*), выяснять, обнаруживать; ~ पड़ना казаться, представляться

इलाज иладж *м.* лечение

दिल дил *м.* сердце, душа

जैसा джайса 1) какой, который; 2) такой, как; подобный

ЛЕКСИКО-ГРАММАТИЧЕСКИЙ И ФРАЗЕОЛОГИЧЕСКИЙ КОММЕНТАРИЙ

व्याकरण तथा शब्दावली सम्बन्धी टिप्पणियाँ

1. के दोनों ओर 'по обеим сторонам', सड़कों के दोनों ओर 'по обеим сторонам улиц', सड़क के दूसरी ओर 'по другую сторону улицы'.

2. तरह तरह की दुकानें 'разнообразные магазины'.

3. खाने पीने की चीज़ें 'продукты питания'.

4. नाई की दुकान 'парикмахерская'.

5. घड़ीसाज़ की दुकान 'часовая мастерская'.

6. Частица सा в отличие от других частиц имеет грамматические категории рода, числа и падежа. Она изменяется аналогично прилагательным, оканчивающимся на आ. Согласуясь с именем существительным в роде, числе и падеже, частица सा принимает форму से или सी. В сочетании с прилагательными, обозначающими размер предмета или неопределенное количество, частица सा в зависимости от контекста усиливает или смягчает выражаемый ими признак и осложняет их значение понятием «очень», «весьма», например: छोटा सा घर '(очень) маленький дом', बड़ी सी दुकान 'очень большой магазин', बहुत से नगरों में 'в очень многих городах'.

7. Следует иметь в виду, что в предложениях, где обстоятельство места, обозначающее направление движения, выражено именем существительным без послелога, отсутствующий послелог подразумевается и продолжает управлять формой имени. Поэтому имя существительное (и относящиеся к нему слова) в этой функции выступают в форме косвенного падежа соответствующего числа, например: वह मेरे घर आता है 'Он приходит ко мне

(домой)', विद्यार्थी लोग मैट्रो के ज़रिये अपने इंस्टीट्यूटों जाते हैं 'Студенты на метро едут в свои институты'.

8. गिनती करना 'считать', 'подсчитывать' (की *что-л.*).

9. हो जाना 'становиться', 'стать', 'сделаться'.

10. रक्षा करना 'защищать', 'оборонять', 'охранять' (की *что-л.*).

11. इलाज करना 'лечить' (का *кого-л.*, *что-л.*).

12. Относительное местоимение जैसा 'какой' в позиции после существительных и личных местоимений выражает сравнение с предшествующим словом и приобретает значение «такой, как», «словно», «как бы». Существительные и местоимения в такого рода сочетаниях выступают в форме косвенного падежа, например: आप जैसे लोग बहुत हैं 'таких людей, как Вы, много', उस जैसी औरत 'такая женщина, как она', मास्को हमारे देश के दिल जैसा है 'Москва является как бы сердцем нашей страны'.

13. निर्माण करना 'строить' (का *что-л.*).

14. सफ़ाई करना 'чистить', 'убирать' (की *что-л.*).

15. **बात करना 'вести разговор, беседу', 'беседовать' (से, के साथ *с кем-л.*); की, पर, के बारे में** *о ком-л., чем-л.*).

УПРАЖНЕНИЯ

अभ्यास

1. Прочитайте, перепишите и переведите урок.

पाठ को पढ़िये, कापियों में लिखिये और उसका अनुवाद कीजिये।

2. Ответьте на вопросы.

निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

१) आप किस नगर में रहते हैं?
२) आप किस सड़क पर रहते हैं?
३) क्या आपका घर नया है?
४) आपके घर का नम्बर क्या है?
५) घर में कितनी मंज़िलें हैं?

६) क्या आपके घर की पहली मंज़िल पर दुकानें हैं?
७) आपकी सड़क पर कौनसी दुकानें हैं?
८) आप खाने-पीने की चीज़ें कहाँ से ख़रीदते हैं?
९) क्या आप दुकानों में रोज़ाना जाते हैं?
१०) आप जूते और किताबें कहाँ से ख़रीदते हैं?
११) क्या आप मैट्रो के ज़रिये इंस्टीट्यूट जाते हैं?
१२) क्या मैट्रो का स्टेशन आपके घर से दूर है?
१३) घर से इंस्टीट्यूट तक पहुँचने में आपको कितना समय लगता है?
१४) क्या मैट्रो के स्टेशनों में ताज़ी हवा आने का प्रबन्ध है?
१५) मास्को के किन पुलों के नाम आप जानते हैं?
१६) दिल्ली किस नदी के तट पर स्थित है?
१७) मास्को में कितने थियेटर और संग्रहालय हैं?
१८) क्या आपके इंस्टीट्यूट में पुस्तकालय है?
१९) क्या मास्को साफ़ नगर है?
२०) आपके इलाक़े में कौनसे अस्पताल हैं?
२१) मास्को में कितने स्टेडियम हैं?
२२) मास्को की किन जगहों को आप ज़्यादा पसंद करते हैं?
२३) मास्को में बच्चों का इलाज कहाँ होता है?
२४) क्या बीमारी का कारण मालूम करना मुश्किल है?
२५) त्रेत्याकोव चित्रशाला सोवियत संघ के बाहर भी क्यों मशहूर है?
२६) लेनिनग्राद में रूसी कला के नमूने कौनसे संग्रहालय में उपस्थित हैं?
२७) क्या मास्को पुराना नगर है?
२८) क्रेमलिन किस मैदान में स्थित है?
२९) मास्को के ऐतिहासिक स्थानों के नाम क्या हैं?
३०) क्यों मास्को हमारे देश के दिल जैसा है?

3. Переведите предложения.
निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) हमारे रिश्तेदार लेनिनग्राद में रहते हैं। पहले लेनिनग्राद ज़ार के रूस की राजधानी था। उस समय[2] लेनिनग्राद का नाम था सेन्ट-पीटर्सबर्ग। इस नगर में लेनिन काम करते थे इसलिये अब उसका नाम लेनिनग्राद है। लेनिनग्राद बहुत पुराना शहर नहीं है लेकिन वह बहुत मशहूर ऐतिहासिक नगर है। लेनिनग्राद निवा नदी के तटों पर स्थित है। शहर में बहुत-से छोटे और बड़े पुल हैं। वे नगर के विभिन्न इलाक़ों को मिलाते हैं। उन पुलों में से कई बहुत सुंदर हैं। हमारे रिश्तेदार एक बड़ी सड़क पर रहते हैं। सड़क के दोनों ओर पेड़ हैं। ये पेड़ सड़क को बहुत सुंदर बनाते हैं। हमारे रिश्तेदार दसमंज़िला इमारत की पाँचवीं मंज़िल पर रहते हैं। उनका फ़्लैट बहुत अच्छा है। उसमें तीन कमरे हैं। कमरों की खिड़कियाँ नदी की ओर खुलती हैं। लेनिनग्राद के संग्रहालय सोवियत संघ के बाहर भी मशहूर हैं। यहाँ रूसी कला के बहुत अच्छे नमूने हैं। सब देशों से लोग उनको देखने आते हैं। मैं भी कभी-कभी लेनिनग्राद जाता हूँ। मैं इस शहर को बहुत पसंद करता हूँ।

२) मास्को में बहुत से ऐतिहासिक स्थान हैं। लाल मैदान और क्रेमलिन मास्को के बिलकुल केन्द्र में हैं। क्रेमलिन में लेनिन रहते थे। बहुत से लोग लेनिन के फ़्लेट को देखने के लिये क्रेमलिन आते हैं। फ़्लेट में चार छोटे से कमरे हैं। एक कमरे में लेनिन रहते थे। वह कमरा उनको सोने और पढ़ने के कमरे का काम देता था। इस कमरे में एक पलंग है और खिड़की के पास लिखने की मेज़ है। दो और कमरों में लेनिन की पत्नी और बहन रहती थीं। चौथा कमरा खाने का था। कमरों के अलावा एक छोटा रसोईघर था और छोटा-सा प्रवेश-स्थान।

---
[2] उस समय 'в то время', 'тогда'.

३) दिल्ली भारत की राजधानी है। वह मास्को जैसा पुराना और ऐतिहासिक नगर है। दिल्ली यमुना नदी के दायें तट पर स्थित है। नदी के दूसरे तट पर एक नये नगर का निर्माण हो रहा है। नगर का नाम शाहदरा है। एक लंबा-सा पुल दिल्ली और शाहदरा को मिलाता है। दिल्ली में नया और पुराना नगर है। नयी दिल्ली की सड़कें लंबी और चौड़ी हैं। सड़कों के दोनों ओर हरे ऊँचे पेड़ खड़े हैं। नयी दिल्ली में सिर्फ़ कुछ इमारतें चार-पाँच, पाँच-छः मंज़िला हैं। पुरानी दिल्ली की सड़कें बहुत छोटी हैं लेकिन सुबह से शाम तक उनपर बड़ी चहलपहल होती है। पुरानी दिल्ली में एक मशहूर जगह है। उसका नाम चाँदनी चौक है। चाँदनी चौक एक लंबी सड़क है। उसके दोनों ओर तरह-तरह की बहुत-सी दुकानें हैं: खाने-पीने की चीज़ों की दुकानें हैं, जूते की दुकानें हैं, सब्ज़ी की दुकानें हैं, तैयार कपड़े की दुकानें, किताबों की दुकानें तथा दूसरी बहुत-सी बड़ी और छोटी दुकानें हैं। इन सब दुकानों की ठीक गिनती करना मुश्किल है। इनके अलावा नाई और घड़ीसाज़ की दुकानें भी हैं। नयी दिल्ली में चाँदनी चौक जैसी एक मशहूर जगह है कनाट प्लैस। लेकिन कनाट प्लैस सड़क नहीं, मैदान है। मैदान गोल है और इसमें एक लंबी गोल इमारत है। इस इमारत में बहुत-सी दुकानें हैं। इनके अलावा कनाट प्लैस में कई बड़े सिनेमाघर हैं। उनमें क़रीब एक हज़ार लोगों के लिये स्थान है। शाम को कनाट प्लैस की सुंदरता और ज़्यादा हो जाती है।

हिन्दुस्तान गरम देश है। इसलिये वहाँ शहरों की सफ़ाई बहुत महत्त्वपूर्ण होती है। दिल्ली की सड़कों और मैदानों की सफ़ाई रोज़ाना होती है।

४) मास्को में रिहायशी मकानों का निर्माण तेज़ी से हो रहा है। हमारा इलाक़ा बिल्कुल नया है। वह शहर के केन्द्र से बहुत दूर है, लेकिन मैट्रो की लाइन शहर के केन्द्र को

हमारे इलाक़े से मिलाती है। मैट्रो के ज़रिये केन्द्र पहुँचने में सिर्फ़ पचीस मिनट लगते हैं। मैट्रो का स्टेशन हमारे घर के सामने है। मैं प्रवेश-द्वार से बाहर निकलता हूँ, सड़क के नुक्कड़ तक जाता हूँ, फिर सड़क को पार करता हूँ और मैट्रो के अंदर आता हूँ।

५) मास्को सोवियत कला का एक केन्द्र है। यहाँ तीस थियेटर, क़रीब एक सौ संग्रहालय और छः-सात चित्रशालाएँ हैं। सोवियत कलाकार देश से बाहर भी मशहूर हैं। संग्रहालयों और चित्रशालाओं में बहुत से चित्र और कला के दूसरे नमूने हैं।

६) सोवियत संघ में लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसलिये हमारे देश के हर एक नगर में कई अस्पताल और बहुत से पॉलीक्लीनिक हैं। उनमें डाक्टर लोग मरीज़ों की बीमारियों के कारण मालूम करते हैं और उनका इलाज करते हैं।

4. Заполните пропуски.

ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) नया और लंबा ... नदी के दोनों तटों को मिलाता है। (२) यह इमारत सड़क के ... पर स्थित है। (३) काम का दिन ख़त्म होने के बाद बड़े नगरों की सड़कों पर बड़ी ... होती है। (४) सड़क के दोनों ओर हरे ... खड़े हैं। (५) मैट्रो के ... बहुत सुंदर होते हैं। (६) हिन्दी भाषा ... है। (७) मास्को विश्वविद्यालय में कई हज़ार विद्यार्थी ... पाते हैं। (८) त्रेत्याकोव ... सोवियत संघ से बाहर भी ... है। (९) लेनिन नामक... में बहुत-सी किताबें हैं। (१०) रूसी संग्रहालय में रूसी ... के सुंदर ... हैं। (११) ... मकानों का निर्माण ... से हो रहा है। (१२) 'बोल्शोय' थियेटर स्वेर्दलोव नामक ... पर है। (१३) भारत में बड़ी ... होती है। (१४) गर्म देशों में शहरों की ... बहुत महत्त्वपूर्ण होती है। (१५) मैट्रो में ... हवा आने का अच्छा प्रबंध है। (१६) इस अस्पताल में आँखों की बीमारियों का ...

होता है। (१७) नदी के ... नया स्टेडियम है। (१८) मैट्रो की लाइनें नगर के विभिन्न इलाक़ों को ... हैं। (१९) मास्को की सड़कों की ... रोज़ाना होती है इसलिये वे बहुत ... होती हैं। (२०) डाक्टर बीमारी का कारण ... करता है। (२१) सोवियत संघ के ... में विभिन्न जातियों के विद्यार्थी पढ़ते हैं। (२२) मास्को के केंद्र में ... है। वह लाल मैदान पर है। (२३) वह रोज़ाना अपने ... साफ़ करता है। (२४) वह अपने माता-पिता से ... रहता है। (२५) आपके ... की देखभाल कौन करता है?

5. Переведите предложения.

हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

тельного наклонения (преимущественно с обычными его формами), а также с инфинитивом в значении повелительного наклонения. Частица मत выражает категорическое запрещение. Она может стоять как перед формой повелительного наклонения, так и после нее, например: मत करो, करो मत 'Не делай[те]!', मत जा 'Не ходи!', मत उठना 'Не вставать!'. Отрицательная частица न 'не' чаще употребляется с вежливыми формами повелительного наклонения и с инфинитивом в значении повелительного наклонения, когда им выражается вежливое повеление. Частица न 'не' ставится перед формой повелительного наклонения, например: वहाँ न रहिये 'Не оставайтесь, пожалуйста, там'; ऐसा न लिखिये 'Так, пожалуйста, не пишите'. Частица नहीं 'не', 'нет' обладает нейтральным значением отрицания. Она употребляется с формами повелительного наклонения тогда, когда необходимо выразить меньшую силу отрицания, чем это передает частица मत 'не', и большую — по сравнению с частицей न 'не'. Частица नहीं обычно ставится перед глагольной формой, например: कापी में नहीं लिखो 'Не пиши[те] в тетрадь'; उस को यह किताब नहीं दीजिये 'Не давайте ему эту книгу'.

СОЧЕТАНИЯ С ПОТЕНЦИАЛЬНЫМ ГЛАГОЛОМ सकना 'МОЧЬ'

Потенциальный глагол सकना 'мочь' — глагол недостаточный и самостоятельно (вне сочетаний с другими глаголами) не употребляется. В сочетании с любым глаголом в форме основы он передает значение возможности (а в отрицательном предложении — невозможности) совершения действия или проявления состояния, обозначенных основой.

В словосочетании «глагол (в форме основы) + потенциальный глагол सकना» первый глагол сохраняет лексическое значение инфинитива и остается неизменным; все личные и неличные формы образуются только от глагола सकना, например: पढ़ सकना 'уметь читать'; वह यह काम कर सकेगी 'Она сможет сделать эту

работу'. Глагол सकना подвергается словоизменению по типу непереходных глаголов, например: मैं उस को यह किताब नहीं दे सका 'Я не смог дать ему эту книгу'.

При употреблении глагола सकना с двумя или несколькими глагольными основами он обычно ставится один раз — после последней из них, например: पढ़ लिख सकना 'уметь читать и писать'; वे पढ़ लिख सकते हैं 'Они умеют читать и писать'.

अभ्यास

1. हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(1) Это более интересная книга. (2) Дон немного меньше Днепра (द्नीपर). (3) Он значительно сильнее своего брата. (4) Это пальто ему немного коротко. (5) Этот Ваш рассказ намного лучше. (6) На юге Индии климат более жаркий, чем на севере. (7) Она ответила совершенно правильно. (8) Наш дом не очень высокий, в нем всего три этажа. (9) Они придут гораздо раньше вас. (10) Он довольно опытный врач.

2. रूसी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(१) गोपाल, तू कुर्सी पर बैठ। (२) गोमती, अंदर आ। (३) किताब पढ़। (४) पाठ कापी में लिखो। (५) मेरे भाई के पास जाओ और उस से एक रुपया लो। (६) मेरा क़लम लो और गोपाल को दे दो। (७) आप गाड़ी में कब तक बैठेंगे, नीचे उतरिये। (८) आप चाय पी लीजिये, नहीं तो वह ठंडी हो जाएगी। (९) राम, यहाँ आओ। (१०) यह अभ्यास कल पूरा करो। (११) मेरे लिये कुछ गर्म चाय बना दो। (१२) खाने से पहले हाथ-मुँह धो लेना। (१३) यह दवा रोज़ाना पी लेना। (१४) श्याम, यह चिट्ठी लो और उसे लेटर-बक्स में डाल दो। (१५) 'परदेसी' ('अफ़नसी निकीतिन') नामक फ़िल्म देखिये। (१६) यह फल कच्चा है, तुम उसे मत खाओ। (१७) वह काम कर रहे हैं, उनको बुलाओ मत। (१८) बाहर मत निकलो।

(१६) वह काम जल्दी करो। (२०) कल वापस आना। (२१) अंदर मत आओ। (२२) वहाँ कोई कुर्सी घर से ले जाओ। (२३) ऐसा कभी मत लिखना। (२४) दरवाज़ा बंद करो और सब खिड़कियाँ खोल दो। (२५) जाओ, थोड़ा ठंडा पानी लाओ। (२६) वहाँ मत जाइएगा। (२७) शाम तक कहीं मत जाना, बैठो और पाठ तैयार करो।

3. हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(1) Принеси мне книгу. (2) Стой, куда ты идешь? (3) Отправляйся туда завтра утром. (4) Посмотри, какое красивое здание. (5) Принимайте это лекарство три раза в день. (6) Эй, кули! Возьми его багаж! (7) Доставьте эти письма по адресу. (8) Отдыхайте, друзья. Звонок прозвенел. (9) Отправьте это письмо рано утром. (10) Рам, пойди и купи сегодняшнюю газету. (11) Попытайтесь позвонить ему вечером. (12) Шьям, уже десять часов, ложись спать! (13) Дети! Не разговаривать, идет урок. (14) Обязательно посмотрите этот фильм. (15) Покажите, пожалуйста, вон те туфли. (16) Товарищ Иванов, идите к доске. (17) Приезжайте к нам следующим летом. (18) Запишите в тетрадь все новые слова и выражения. (19) Послушай меня, не уезжай, отдохни еще немного. (20) Открой окно, в комнате очень душно. (21) Опусти это письмо в почтовый ящик. (22) Напишите на бланке вашу фамилию и полный адрес. (23) Сделайте к завтрашнему дню десятое упражнение. (24) Снимай пальто и проходи в комнату. (25) Забери отсюда эти вещи.

4. रूसी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(१) भारत की राजधानी दिल्ली में आप सुंदर इमारतें देख सकते हैं। (२) आप हवाई जहाज़ के ज़रिये दिल्ली पहुँच सकते हैं। (३) दिल्ली में बहुत बड़ा बाज़ार है, वहाँ आप भिन्न-भिन्न चीज़ें ख़रीद सकते हैं। (४) तेज़ हवा और बर्फ़ के तूफ़ान के कारण हमारा हवाई जहाज़ मास्को के हवाई अड्डे पर नहीं उतर सका। (५) आराम करने के बाद वे अच्छी तरह काम कर सकेंगे। (६) यात्री बम्बई के सब सुंदर स्थानों का परिचय पा सके। (७) सोवियत

संघ में हर आदमी इंजीनियर, डाक्टर, शिक्षक आदि बन सकता है। (८) रविवार को तुम सिनेमा जा सकोगी?—हाँ, जा सकूँगी। (९) तुम मराठी बोल सकते हो?—हाँ, बोल सकता हूँ। (१०) मैं आपके साथ शतरंज खेल नहीं सकता। (११) हम उन की बात नहीं समझ सके। (१२) तुम मुझे रास्ता दिखा सकते हो?—जी हाँ, क्यों नहीं? (१३) मैं हमारे शिक्षक का पूरा पता बता सकता हूँ। (१४) वह इस सवाल का जवाब नहीं दे सका। (१५) तुम यह किताब कितने दिन में पढ़ सकोगे?—दो-तीन दिन में पढ़ सकूँगा। (१६) मैं इतना नहीं खा सकता। (१७) तुम वहाँ क्यों नहीं जा सकीं? (१८) आप अपने साथ यह सब सामान ले जा सकेंगे?—ज़रूर ले जा सकूँगा। (१९) वह यह काम ज़रूर पूरा कर सकेगा। (२०) आप सब ख़बरें अख़बारों से जान सकेंगे।

5. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Каждый студент может хорошо учиться. (2) Я не смогла прийти сюда в выходной день. (3) В нашей стране каждый человек может получить образование. (4) Мы смогли остановиться в Дели только на три дня. (5) Только вечером она смогла вернуться в город. (6) После отдыха вы сможете осмотреть Бомбей и его красивую естественную гавань. (7) Сможет ли он перевести этот рассказ на язык хинди? (8) Несомненно, я смогу помочь вам в этом. (9) Мы можем закончить эту работу в пять дней. (10) Я очень рад, что смог помочь ему. (11) Вы можете отправить ваши вещи пароходом. (12) Почему ты не пришел ко мне вчера? — Я был болен. (13) Они могут лететь туда самолетом. (14) Он может достать эту книгу в любой библиотеке. (15) Мы не сможем вернуться вовремя. (16) В этом году, так же как и в прошлые годы, сотни тысяч советских людей смогут отдохнуть на берегу Черного моря. (17) Где я могу встретиться с Вами завтра? (18) Кто может ответить на этот вопрос? (19) Что Вы можете рассказать о столице Индии городе Дели? (20) Я не смог купить эту книгу. (21) Ты сможешь прийти ко мне завтра утром?

पाठ

दुकान

जो लोग दिल्ली नगर से परिचित हैं वे जानते हैं कि वर्तमान दिल्ली के दो बड़े भाग हैं: नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली। नई दिल्ली की सड़कें चौड़ी और साफ़-सुथरी हैं। सब पर तारकोल बिछा है। सड़कों के दोनों ओर सुंदर कोठियाँ बनी हैं और कोठियों के चारों ओर छायादार बाग़-बग़ीचे लगे हैं। यहाँ कोई मिलें या कारख़ाने नहीं हैं। वे सब नगर के दूसरे किनारे पर केंद्रित हैं। यहाँ भिन्न-भिन्न प्रकार के दफ़्तर, सरकारी कार्यालय और इमारतें स्थित हैं। दिल्ली का सब से बड़ा व्यापारिक केंद्र, जिस का नाम कनाट प्लैस है, नगर के बीचोंबीच है। यह एक बड़ा गोल चौक है जिस में बहुत सी बड़ी बड़ी शानदार दुकानें हैं। उन में फ़र्नीचर की दुकानें, जूते और तैयार कपड़ों की दुकानें, बर्तनों और किताबों की दुकानें आदि हैं। क्या कुछ है जो इन दुकानों में नहीं मिलता?—सभी क़िस्म के जूते, कमीज़ें, ब्लाउज़, स्कर्ट, कोट, टोपियाँ, ओवरकोट, पतलून आदि सब तरह की चीज़ें आप वहाँ ख़रीद सकते हैं। ये दुकानें सुबह के दस बजे खुलती हैं और लगभग सात बजे शाम को बंद हो जाती हैं। ग्राहक इन दुकानों में हर समय आते जाते हैं, सामान पर नज़र डालते हैं, दुकानदारों से माल दिखाने के लिए कहते हैं और क़ीमत पूछते हैं। यहाँ माल तो अच्छा रहता है लेकिन महँगा भी होता है। इसलिये इन दुकानों में मुख्यत: अमीर लोग आते हैं। वे ही यहाँ सामान ख़रीद सकते हैं।

यह लीजिये। दुकान में एक आदमी आया है।

—नमस्ते, यहाँ आइये साहब, मैं आप के लिए क्या कर सकता हूँ?—दुकानदार ने पूछा।

—इस ऊनी कपड़े की क़ीमत क्या है?—ग्राहक ने सवाल किया।

—तीस रुपये गज़,—दुकानदार ने जवाब दिया।

—क़ीमत ज़्यादा है। तुम्हारे पास इस से सस्ता कोई कपड़ा है?

—है तो ज़रूर! मैं आप को कई नमूनों के कपड़े दिखा सकता हूँ पर आप यह हरे रंग का कपड़ा ले लीजिये। अच्छा भी है और बहुत महँगा भी नहीं।

—तीस रुपये गज़! और तुम कहते हो कि यह सस्ता है। नहीं जी। दाम कुछ कम कर दो।

—सुनिये, आप मेरे सदा के ग्राहक हैं इसलिये मैं एक पैसा ज़्यादा नहीं लूँगा और यह तो काफ़ी सस्ता दाम है। अगर आप को रंग पसंद नहीं तो यह नेवी-ब्लू रंग का कपड़ा ले लीजिये। देखिये कितना अच्छा कपड़ा है और सिर्फ़ बीस रुपये गज़।

ग्राहक इस कपड़े को बहुत देर तक उलटता-पलटता है। कपड़ा उसे पसंद आ गया।

—लाओ इस में से एक सूट का कपड़ा दे दो। मेरे लिये तीन गज़ तो काफ़ी होगा?

—बहुत काफ़ी।

दुकानदार ने तीन गज़ कपड़ा नाप दिया और कपड़े को काग़ज़ में लपेट दिया।

ग्राहक ने बिल चुका दिया। दुकानदार ने रुपये वसूल किये और कहा:

—धन्यवाद। आप हमारी दुकान में नये फ़ैशन के तैयार कपड़े, कमीज़ें, मोज़े और टाई भी ख़रीद सकते हैं।

—बस। अभी और कुछ नहीं। दूसरी बार ज़रूर ख़रीदूँगा।

—आप की मर्ज़ी। फिर कभी आइयेगा। अगले हफ़्ते और भी माल आनेवाला है। नमस्ते।

—नमस्ते।

नगर के दूसरे किनारे पर—पुरानी दिल्ली में, लाल क़िले के सामने चाँदनी चौक नाम का एक बड़ा बाज़ार है। चाँदनी चौक दिल्ली का सब से बड़ा बाज़ार है। वहाँ दिन भर भीड़ रहती है। साइकिलें और गाड़ियाँ सब समय चलती हैं। वहाँ भी आप सब कुछ ख़रीद सकते हैं। जैसे खाने-पीने का सामान, भिन्न-भिन्न कपड़े, फल, सब्ज़ी, फूल वग़ैरह। वहाँ छोटी-बड़ी हर क़िस्म की दुकानें हैं। चाँदनी चौक में ऐसा माल भी मिल सकता है जिसको दुकानदार लोग अधिक सस्ता बेचते हैं। हफ़्ते में छः दिन माल दुकानों में बिकता है और रविवार के दिन सब दुकानें बंद होती हैं। इस दिन सड़क पर माल बिकता है।

दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों पर बैठते हैं और ग्राहकों को बुलाते हैं।

—यह लीजिये, मीठे आम हैं। आइये साहब, आम लीजिये, बढ़िया आम। और यह केले हैं। मेरे केले सब से अच्छे हैं और सब से सस्ते!

—एक दर्जन केले की क्या क़ीमत है?

—सिर्फ़ पचहत्तर पैसे। देखिये तो कैसे पक्के और मीठे हैं।

—अच्छा, दो दर्जन दे दो।

—लीजिये, साहब। आम नहीं लेंगे, साहब? तो अनन्नास ले लीजिये।

—नहीं, मुझे तुम्हारे आम पसंद नहीं हैं। वे कुछ कच्चे हैं और अनन्नास बहुत महँगे हैं। दूसरी दुकानों पर आम और अनन्नास तुम्हारे यहाँ से ज़्यादा सस्ते और अच्छे हैं।

—तो सेब या संतरे लीजिये, साहब। संतरे देखिये शक्कर से भी मीठे हैं। अनार लीजिये, हमारे जैसे अच्छे अनार आपको सारे बाज़ार में नहीं मिलेंगे। मिलेंगे तो दाम वापस!

—कितने के हैं वे?

—अनार डेढ़ रुपये किलोग्राम।

—यह तो बहुत महँगा है।

—देखिये, एक से एक अच्छे हैं और दो-चार पैसे के बारे में क्यों सोचते हैं?

—अच्छा, मेरे लिए दो अनार तोलो।

—ये लीजिये, साहब, आपके अनार। कुली, ओ कुली,—दुकानदार ने बुलाया।

—हाँ, हुज़ूर।

—साहब के फल उनके घर ले जा।

—अच्छा, हुज़ूर। कुली ने फल टोकरे में डाले और टोकरे को सिर पर रख लिया।

इस दुकान से कुछ आगे चावल, शक्कर और सब्ज़ियाँ भी मिलती हैं। सब्ज़ियों में आलू, गोभी, फूलगोभी, गाजर, टमाटर, खीरे, लहसुन, प्याज़ वग़ैरह हैं। हिन्दुस्तान में सब्ज़ियाँ बहुत होती हैं और सस्ती भी। भारतीय लोग सब्ज़ियाँ बहुत पसंद करते हैं। उन से भिन्न-भिन्न प्रकार की बहुत सी खाने की चीज़ें तैयार होती हैं।

इस तरह चाँदनी चौक की छोटी-बड़ी दुकानें सारे दिन सुबह सवेरे से शाम को देर तक खुली रहती हैं। कहीं दुकानदार चावल, शक्कर और फल तोल रहा है तो कहीं वह कपड़ा नाप रहा है।

चाँदनी चौक की दुकानों में ग़रीब और अमीर सब तरह के लोग माल ख़रीद सकते हैं। यहाँ का बाज़ार सदा गर्म रहता है।

नये शब्द

परिचित **паричит** **1.** 1) знакомый, известный; 2) знакомый, знающий; ~ होना (हो जाना) *нп.* знакомиться (से *с кем-л., чем-л.*); ~ कराना *п.* знакомить (को *кого-л.*; से *с кем-л., с чем-л.*); **2.** *м.* знакомый.

वर्तमान **вартмāн** 1) настоящий, текущий; 2) современный

सुथरा **сут^hрā** чистый

साफ़-सुथरा **сāф-сут^hрā** чистый

तारकोल **тāркол** *м.* каменноугольная смола; асфальт

बिछना бич^hнā *нп.* простираться, расстилаться, стелиться
कोठी коṫ^hй *ж.* дом, особняк
छायादार ч^hайāдāр тенистый
बग़ीचा баг̆ӣчā *м.* 1) сад; 2) плантация
चौक чаук *м.* площадь (*городская*)
क़िस्म к̇исм *ж.* вид, сорт, род
कमीज़ камӣз *ж.* рубашка
ब्लाउज़ блāуз *м.*, *ж.* блуза, кофта
स्कर्ट скарṫ *м.* юбка (*европейского покроя*)
कोट коṫ *м.* пиджак
टोपी ṫопӣ *ж.* головной убор, шапка, шляпа, кепи
पतलून патлӯн *м.* штаны, брюки
सकना сакнā *нп.* (*употребляется только с основой смыслового глагола*) мочь, уметь
ग्राहक грāhак *м.* клиент, покупатель
दुकानदार дукāндāр *м.* продавец, лавочник
क़ीमत к̇ӣмат *ж.* цена, стоимость
महँगा маhãгā дорогой (*по цене*)
अमीर амӣр 1. богатый; 2. *м.* богач
साहब cāhаб *м.* господин, хозяин, сахиб (*тж. при обращении*)
ऊनी ӯнӣ шерстяной
गज़ газ *м.* газ (*мера длины, равна* 0,92*м*), ярд
ज़्यादा зйāдā большой, избыточный
सस्ता састā дешевый
पर пар но
दाम дāм *м.* цена, стоимость
नेवी-ब्लू нэвӣ-блӯ темно-синий
देर дэр *ж.* 1) промедление, задержка, опоздание; 2) время
उलटना улаṫнā *п.* переворачивать
पलटना палаṫнā *п.* переворачивать
सूट сӯṫ *м.* костюм (*европейского покроя*)
नापना нāпнā *п.* мерить, измерять, отмерять.
लपेटना лапэṫнā *п.* завертывать, упаковывать (को *что-л.*, में *во что-л.*)
बिल бил *м.* счет
चुकाना чукāнā *п.* уплачивать, оплачивать, погашать
वसूल васӯл полученный, собранный, взысканный; ~ करना *п.* получать, собирать, взыскивать
मोज़ा мозā *м.* чулок, носок
टाई ṫāй *ж.* галстук
मर्ज़ी марзӣ *ж.* желание, воля
हफ़्ता hафтā *м.* неделя
क़िला к̇илā *м.* крепость, форт, замок
साइकिल сāикил *ж.* велосипед
जैसे джайсэ 1) как будто, как бы, словно, будто; 2) как, [как] например
फूल п^hӯл *м.* цветок
वग़ैरह ваг̆айраh и так далее, и тому подобное, и прочие, и другие
बेचना бэчнā *п.* продавать
मीठा мӣṫ^hа сладкий
आम āм *м.* манго (*дерево и плод*)
बढ़िया баṙ^hийā *неизм.* превосходный, лучший, высшего качества
केला кэлā *м.* банан (*растение и плод*)
दर्जन дарджан *м.* дюжина
पक्का паккā 1) спелый, зрелый; 2) готовый, сваренный, испеченный; 3) мощеный, асфальтированный
अनन्नास ананнāс *м.* ананас (*растение и плод*)
सेब сэб *м.* яблоко
संतरा сантрā *м.* мандарин
शक्कर шаккар *ж.* сахар
अनार анāр *м.* гранат (*дерево и плод*)
डेढ़ ḋэṙ^h полтора
किलोग्राम килогрāм *м.* килограмм
सोचना сочнā *п.* думать, обдумывать

हुज़ूर hузӯр господин (*тж. обращение*)
टोकरा ťокрā *м.* корзина
सिर сир *м.* 1) голова; 2) вершина, верхушка
आगे āгэ **1.** 1) дальше, далее; 2) впереди; 3) впредь; 4) раньше; ~ करना *п.* продвигать; **2.** के (से) ~ *послелог* впереди, перед
चावल чāвал *м.* рис (*вареный*; *очищенное зерно*)
आलू āлӯ *м.* картофель
गोभी гобʰӣ *ж.* капуста
फूलगोभी пʰӯлгобʰӣ *ж.* цветная капуста
गाजर гāджар *ж.* морковь
टमाटर ťамāťар *м.* помидор
खीरा кʰӣрā *м.* огурец
लहसुन лаhсун *м.* чеснок
प्याज़ пйāз *м.* лук, луковица
ग़रीब ґарӣб **1.** бедный; **2.** *м.* бедняк

व्याकरण तथा शब्दावली सम्बन्धी टिप्पणियाँ

1. बाग़-बग़ीचे 'сады', 'скверы' (*парное сочетание*: बाग़ 'сад', 'сквер' и बग़ीचा 'сад', 'сквер').

2. के बीचोंबीच '[как раз] посредине', 'внутри', — послеложное словосочетание, состоящее из составного наречия बीचोंबीच '[как раз] посредине', 'в центре' и послелога के.

3. क्या कुछ है जो इन दुकानों में नहीं मिलता? 'Разве есть что-нибудь такое, чего нельзя достать в этих магазинах?' — один из типов сложноподчиненных предложений с придаточным подлежащим, вводимым союзным словом जो.

4. नज़र डालना 'бросать взгляд', 'рассматривать' (पर [*на*] *что-л.*).

5. यह लीजिये *зд.* 'вот, например'.

6. सदा का ग्राहक 'постоянный покупатель'.

7. बहुत देर तक '[очень] долго'.

8. उलटना-पलटना 'перелистывать'. 'переворачивать', 'перевертывать' (*парное сочетание*: उलटना 'перевертывать', 'переворачивать' и पलटना 'перевертывать', 'переворачивать').

9. लाओ *зд.* 'давай'.

10. एक सूट का कपड़ा 'материал на один костюм'.

11. Существительные, обозначающие меру веса, длины, расстояния, объема (*напр.*, टन 'тонна', मीटर 'метр', किलोमीटर

'километр' и др.), обычно используются в функции определителя количества или меры. Эти существительные ставятся перед определяемым именем, но после числительного. Существительное в функции определителя количества или меры всегда выступает в форме прямого падежа, например: चार टन लोहा 'четыре тонны железа', तीन गज़ कपड़ा 'три ярда ткани', दो दर्जन केले 'две дюжины бананов', एक मील लंबा 'длиной в одну милю'.

12. बहुत काफ़ी 'вполне достаточно'.

13. बिल चुकाना 'оплачивать чек'(счет)'.

14. आप की मर्ज़ी 'как хотите', 'как Вам [будет] угодно'.

15. अगले हफ़्ते 'на следующей неделе'.

16. नाम का 'по имени', 'называющийся'.

17. सब समय 'все время'.

18. रविवार के दिन 'в воскресенье'.

19. दुकान पर बैठना 'сидеть в (у) магазине(а), лавке(и)'.

20. तुम्हारे यहाँ से ज़्यादा सस्ता 'более дешевый, чем у вас (тебя)'.

21. Для обозначения цены, стоимости предмета наиболее часто используется послелог का, например: तीन रुपये की किताब 'книга [стоимостью] в три рупии', दो सौ रुपये का घोड़ा 'лошадь [стоимостью] в двести рупий'. Реже и только в определенных сочетаниях употребляются послелоги को, पर и में, например: यह पुस्तक कितने को (की) है 'Сколько стоит эта книга?'; यह गाय तीन सौ रुपये पर (में) बिकती है 'Эта корова продается за 300 рупий'.

22. Как известно, порядок слов в предложении бывает прямым и инверсивным (обратным) (*см. урок V*). Обратный порядок слов играет стилистическую роль и служит для выделения того слова, к которому привлекается внимание читателя или слушателя. В предложении член, который выделяется, выдвигается в начало предложения либо ставится в конце его, после сказуемого, например: रहता है वह यहाँ 'Живет он здесь', कितने के हैं वे 'Сколько же стоят они?'.

23. एक से एक अच्छा 'один лучше другого', 'один одного лучше'.

24. यहाँ का बाज़ार सदा गर्म रहता है 'Базар здесь всегда оживлен'.

अभ्यास

1. पाठ को पढ़िये और उसका अनुवाद कीजिये।

2. निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

१) वर्तमान दिल्ली के कितने भाग हैं?
२) नयी दिल्ली कब क़ायम हुई है?
३) क्या कनाट प्लैस कोई सड़क है?
४) कनाट प्लैस की दुकानों में क्या माल बिकता है?
५) क्या कनाट प्लैस की दुकानों का माल सस्ता बिकता है?
६) क्या इन दुकानों में सदा ग्राहकों की भीड़ें रहती हैं?
७) क्या पुरानी दिल्ली की सड़कें साफ़-सुथरी हैं?
८) सड़कों की सफ़ाई कौन करता है?
९) कैसे लोग नयी दिल्ली की कोठियों में रहते हैं?
१०) किस नगर में ज़्यादा बाग़-बग़ीचे हैं, मास्को में या दिल्ली में?
११) क्या आप को नेवी-ब्लू रंग का कपड़ा पसंद आता है?
१२) दिल्ली जैसे आम तौर पर गर्म नगर में लोग क्यों ऊनी कपड़ा ख़रीदते हैं?
१३) आपके सूट के लिये कितना गज़ कपड़ा काफ़ी है?
१४) क्या नयी दिल्ली में ट्राम चलती है?
१५) चाँदनी चौक कहाँ है?
१६) क्या चाँदनी चौक पर घोड़ागाड़ियाँ चलती हैं?
१७) क्या भारत में साइकिलें बनानेवाले कारख़ाने हैं?
१८) दिल्ली में एक दर्जन केले का क्या दाम होता है?
१९) भारत के लोग आम को फलों का राजा क्यों कहते हैं?
२०) क्या दिल्ली में विदेशी माल बिकता है?

२१) चाँदनी चौक की दुकानें कितने बजे खुलती हैं और कब बंद हो जाती हैं ?

२२) क्या रविवार को दिल्ली की दुकानें खुली रहती हैं ?

२३) भारत में कुली लोग फल, सब्ज़ी आदि के टोकरे किस तरह ले जाते हैं ?

२४) क्या सोवियत संघ में अनार के पेड़ मिलते हैं?

२५) क्या कनाट प्लैस में 'गुम', 'त्सुम' जैसी बड़ी दो-चार मंज़िला दुकानें हैं ?

२६) क्या दिल्ली में संतरे सारे साल में बिकते हैं ?

२७) क्या भारत में सब्ज़ी सस्ती होती है ?

3. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) नयी दिल्ली सरकारी कार्यालयों और अमीरों की कोठियों का शहर है। उस में लंबी, चौड़ी, साफ़-सुथरी सड़कें हैं जिनके दोनों ओर ऊँचे-ऊँचे पेड़ उगे हैं। अशोक रोड, अकबर रोड, औरंगज़ेब रोड – इन सड़कों के नाम मशहूर भारतीय राजाओं और बादशाहों के नामों पर पड़े हैं। नयी दिल्ली में राजधानी का सब से सुंदर चौक भी है। यह विजय चौक है जिसकी ओर भारत सरकार के कार्यालय की खिड़कियाँ खुलती हैं। इस चौक से राजधानी की प्रमुख सड़क राजपथ शुरू होती है जो इण्डिया गेट (गेट का मतलब द्वार है) तक जाती है। नयी दिल्ली का निर्माण १९११ में शुरू हुआ। इसका निर्माण अँग्रेज़ों ने शुरू किया जिन्हों ने अपने लिये विशेष राजधानी बनाना चाहा। अठारह साल की सख़्त मेहनत के बाद निर्माण-कार्य पूरा हुआ। नयी दिल्ली की इमारतें बनाने में २९००० मज़दूरों ने भाग लिया। नयी दिल्ली में पाँच मील से अधिक लंबी शानदार सड़कें हैं। नयी राजधानी के निर्माण के लिये १४ करोड़ रुपये ख़र्च हुए।

२) कनाट प्लैस संसार के सुंदरतम बाज़ारों में अपना स्थान रखता है। कनाट प्लैस के बीचोंबीच एक बग़ीचा

है जिसका नाम नेहरू पार्क है। वहाँ पर दिल्ली के रहनेवाले आराम करना पसंद करते हैं। कनाट प्लैस में बारह अलग इमारतें हैं। हर एक इमारत में बहुत सी दुकानें और कार्यालय हैं। दुकानों में से कई काफ़ी बड़ी हैं। 'बालूजा' की जूते की दुकान, 'शर्मा', 'जैनसन' और 'एडी' की कपड़े की दुकानें दिल्ली भर मशहूर हैं। कनाट प्लैस में कई बड़ी किताबों की दुकानें भी हैं जिनमें हिन्दी, उर्दू और अँग्रेज़ी भाषा की पुस्तकें बिकती हैं। इन सब दुकानों के अलावा वहाँ बरतनों की एक दुकान, दो सूती कपड़े की दुकानें और खेल-कूद के सामान की दो दुकानें भी हैं। कनाट प्लैस में शहर की दो सब से अच्छी नाई की दुकानें हैं। कनाट प्लैस में चार बड़े बड़े सिनेमाघर हैं और कई बड़े रेस्तराँ[1]। कनाट प्लैस में क़ीमतें काफ़ी ऊँची हैं। इस लिये कनाट प्लैस में अमीर लोग ही माल ख़रीदते हैं।

३) चाँदनी चौक भारत के सुंदरतम बाज़ारों में से एक है। वह पुरानी दिल्ली की प्रमुख सड़क और बाज़ार है। यह सड़क लगभग एक मील लंबी और पचास गज़ चौड़ी है। चाँदनी चौक का अर्थ है चाँदी[2] का बाज़ार और वह भारत के चाँदी-व्यापार का एक प्रमुख केंद्र ही है। सड़क के दोनों ओर दुकानें ही दुकानें हैं। इनमें सब चीज़ें मिल सकती हैं। खाने-पीने की चीज़ें – फल, सब्ज़ी, चावल, गेहूँ वग़ैरह मिलता है। सभी क़िस्मों का कपड़ा – सूती, ऊनी, रेशमी, भिन्न-भिन्न फ़ैशन का तैयार कपड़ा – विदेशी फ़ैशन का (कोट, ओवरकोट, सूट, ब्लाउज़, स्कर्ट वग़ैरह) और भारतीय (कमीज़ें, पतलून आदि) हमेशा मिलता है। दाम आम तौर पर कुछ सस्ते होते हैं लेकिन माल सदा इतना बढ़िया नहीं होता जितना कनाट प्लैस में। राजधानी के

---

[1] रेस्तराँ 'ресторан'.

[2] चाँदी 'серебро'.

लगभग सब लोग माल तो यहाँ ख़रीदते हैं; इसलिये चाँदनी चौक का बाज़ार हमेशा गर्म रहता है। वहाँ की दुकानें सुबह सवेरे से खुलती हैं और शाम को देर तक खुली रहती हैं।
४) (१) हमने माल की क़ीमत पूछी और वह काफ़ी महँगी निकली[3]। (२) दुकानदार ने क़ीमत कुछ कम कर दी और ग्राहक ने क़मीज़ ख़रीद ली। (३) बहन ने सूती कपड़े का ब्लाउज़ और ऊनी स्कर्ट ख़रीदे हैं। (४) मैं ने नये फ़ैशन का ऊनी कोट ख़रीद लिया है। (५) दुकानदार ने साढ़े तीन गज़ कपड़ा नाप दिया और उसे काग़ज़ में लपेट दिया। (६) आप क्यों देर से आये हैं?—स्टेशन पर बड़ी भीड़ थी इसलिये मैं ज़रूरी रेलगाड़ी में बैठ न सका। (७) क्या तुमने कोट का बिल चुका दिया है?—हाँ, चुका दिया है। (८) जी, रुपये वसूल करना, मैं जल्दी कर रहा हूँ। (९) भारत में बहुत सुंदर फूल उगते हैं। (१०) मैं यह किताब नहीं ख़रीदूँगा, वह काफ़ी महँगी है। (११) इस साल में मैट्रो की दो नयी लाइनें बिछी हैं। (१२) पहले भारत इंग्लैंड ख़ुद कुछ दूसरे देशों से साइकिलें ले आता[4] था। अब वह ख़ुद साइकिलें बनाने लगा है। (१३) अगले हफ़्ते हम सिनेमा देखने जाएँगे। (१४) सब से बढ़िया आम गर्मियों में होते हैं। (१५) मेरे लिये दो दर्जन केले ख़रीदो, पर कच्चे मत ख़रीदना। (१६) भारत के संतरे बहुत मीठे होते हैं। सब से अच्छे और मीठे संतरे नागपुर के हैं। (१७) भारत में लगभग ५०० क़िस्मों का आम मिलता है। आमों की कुछ क़िस्में तो सारी दुनिया में मशहूर हैं। पूना, मद्रास और लखनऊ में आम बहुत होते हैं। (१८) सोवियत संघ में अनार के पेड़ दक्षिण प्रदेशों में मिलते हैं। (१९) भारत के लोग सब्ज़ी बहुत खाते हैं, हिन्दुस्तान में भिन्न-भिन्न क़िस्मों की सब्ज़ी मिलती है। ताज़ी सब्ज़ियाँ पूरे साल

[3] निकलना 'оказываться'.

[4] ले आना 'приносить', 'привозить'; 'ввозить'.

में होती हैं। दिल्ली में सब्ज़ियों का ख़ास बाज़ार है, उसका नाम है सब्ज़ीमण्डी। यह बाज़ार पुरानी दिल्ली में है। चारों तरफ़ आलू, लाल-लाल टमाटर, कई प्रकार का लहसुन, प्याज़, हरे-हरे खीरे, गोभी और फूलगोभी, गाजर आदि सब्ज़ियाँ नज़र आती हैं। यहाँ फल भी बिकते हैं। फल टोकरों में होते हैं। बाज़ार के पास घोड़ागाड़ियाँ खड़ी रहती हैं। जो दुकानदार यहाँ अपने लिए माल ख़रीदते हैं, वे उसे इन गाड़ियों द्वारा ले जाते हैं। सब्ज़ीमण्डी में दाम काफ़ी सस्ते होते हैं, इसलिये यहाँ सदा छोटे दुकानदारों की भीड़ें होती हैं। व्यापार सुबह सवेरे शुरू होता है और नौ बजे तक सारा माल बिक जाता है। (२०) क़ीमत ज़्यादा है, कुछ कम करना।—नहीं साहब, कहीं भी पूछ लीजिये, एक भी पैसा ज़्यादा नहीं लेता हूँ।

4. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये और उनका जवाब दीजिये।

(1) В какой части города Дели расположен Красный форт? (2) Когда началось строительство Нового Дели? (3) Как называется самый большой торговый центр Нового Дели? (4) Имеются ли в Индии государственные магазины? (5) В какой день недели бывают закрыты магазины в Индии? (6) Ходит ли трамвай в Новом Дели? (7) Кто покупает товары в магазинах на Чандни Чоук? (8) Где в Дели можно купить самые свежие фрукты и овощи? (9) Растет ли манго в СССР? (10) Есть ли в Дели такие большие магазины, как ГУМ или ЦУМ? (11) Где в СССР растут банановые деревья? (12) Растет ли в Индии картофель?

5. निम्नलिखित शब्द-समुदायों और वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Улицы покрыты асфальтом; справляться о цене; постоянный покупатель; материал на костюм; платить по счету; на другом конце города; зазывать покупателей; положить фрукты в корзину; отмерить пять метров шерсти; сбавлять цену.

6. निम्नलिखित शब्द-समुदायों तथा वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

सब तरह की चीज़ें; सभी क़िस्मों के जूते; शानदार दुकान; वर्तमान दिल्ली; हम आपके लिये क्या कर सकते

हैं ?; यहाँ कपड़ा सस्ता मिलता है ; बढ़िया आम ; हमारे जैसे अच्छे केले ; सिर पर टोकरे को रखना ; भिन्न-भिन्न प्रकार की बहुत सी खाने की चीज़ें।

7. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. (1) Вы можете забрать свои книги. (2) Мы смогли уехать только на следующий день. (3) Когда вы сможете уплатить по счету? (4) Сейчас я и думать не могу о поездке в Ленинград, в этом месяце я очень занят.

II. (1) Эти бананы намного слаще, я возьму две дюжины. (2) Эта ткань более дешевая. (3) Овощи у того торговца кажутся более свежими. (4) Эти гранаты менее спелые.

III. (1) Покажите мне, пожалуйста, детские ботинки. (2) Мальчик, иди домой, уже десять часов. (3) Отмерьте мне три с половиной метра этой ткани. (4) Получите, пожалуйста, деньги. (5) Не спеши с ответом, сначала подумай. (6) Купите и мне цветную капусту. (7) Возьмите, пожалуйста, счет. (8) Сынок, пойди, открой дверь. (9) Не ешьте незрелые фрукты. (10) Мойте руки перед едой. (11) Положи книгу в шкаф.

8. संज्ञाओं और विशेषणों की यथासम्भव जोड़ियाँ लिखिये।

वर्तमान	सेब
साफ़-सुथरी	सब्ज़ियाँ
छायादार	टाई
महँगी	भीड़
बढ़िया	माल
ऊनी	केले
सस्ता	आम
मीठा	कपड़ा
पक्के	दुकान
शानदार	सड़क
ताज़ी	नगर
लाल	बाग़
भारी	चीज़
सुंदर	क़िस्म

9. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) ... दिल्ली के दो भाग हैं। (२) नयी दिल्ली की सड़कों पर ... बिछा है। (३) दिल्ली में अमीर लोग बड़ी ... में रहते हैं। (४) ये कोठियाँ ... बाग़-बग़ीचों के बीचोंबीच खड़ी होती हैं। (५) कनाट प्लैस एक गोल ... है। (६) मास्को की सड़कें ... होती हैं। (७) इस इलाक़े में मैट्रो की नयी लाइन ... है। (८) इस स्कर्ट की क्या ... है? (९) दुकानदार ... को बुलाते हैं। (१०) यह कोट कुछ ... है। मेरे पास इतने पैसे नहीं हैं। (११) इस किताब का क्या ... है? (१२) मेरे ... के लिये कितना कपड़ा ज़रूरी है? (१३) तुम क्यों ... से आये हो?–स्टेशन पर भारी भीड़ थी इस लिये मैं ज़रूरी रेलगाड़ी में नहीं बैठ ...। (१४) दुकानदार जी, मेरे लिये तीन गज़ कपड़ा ... और उसे काग़ज़ में ...। (१५) माल इतना ... है कि उसे हर कोई ख़रीद सकेगा। (१६) रामचंद्र जी, आपसे एक ... मिलने आये हैं। (१७) दुकानदार ने ग्राहक से सब रुपये ... किये। (१८) चाँदनी चौक की सड़क लाल ... से शुरू होती है। (१९) माँ-बाप ने अपने बेटे के लिये अच्छी सफ़ेद ... ख़रीद ली है। (२०) भारत के लोग ... को फलों का राजा कहते हैं। (२१) ये संतरे और सेब ... जैसे मीठे हैं। (२२)... भारत का सब से सस्ता फल है। (२३) मैं जल्दी से इस सवाल का जवाब नहीं दे सकता, पहले तो कुछ ... ज़रूरी है। (२४) भारत के लोग ... बहुत खाते हैं। (२५) भारत में बहुत सुंदर ... उगते हैं। (२६) इस दुकान में नयी ... का फ़र्नीचर बिकता है।

10. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. (1) Братск (ब्रात्स्क) — большой город с широкими асфальтированными улицами и высокими домами. Город стоит на берегу Братского моря. К морю спускается тенистый парк. На площадях и улицах города много скверов. (2) В выходной день мы с женой пошли в магазин. Жена хотела купить шерстяной кос-

тюм для младшего сына. Мы зашли в магазин готового платья, расположенный на нашей улице. Продавец (बेचनेवाला) показал нам несколько костюмов, но они нам не понравились. Одни были очень дорогими, другие — несколько устаревшего фасона. Мы поехали в магазин «Детский мир» ('बच्चों की दुनिया' नामक दुकान). В этом магазине продается только детская одежда. Там мы тоже посмотрели несколько костюмов. Они были лучше, чем те, которые мы только что видели. Жене понравился темно-синий костюм. Продавец выписал нам чек, и мы оплатили его. После этого продавец завернул костюм. Мы поблагодарили его и поехали домой. (3) В магазинах, расположенных на Коннат Плейс, продается главным образом европейская (युरोपीय) одежда. Там вы можете купить шляпу, ботинки, брюки, пиджак, пальто и другую одежду самого последнего фасона. На Коннат Плейс есть и несколько государственных магазинов, в которых продаются изделия индийских текстильных ткацких фабрик. В этих магазинах цены несколько ниже, чем в других магазинах. Поэтому здесь всегда много народа. Женщины обычно покупают сари (साड़ी). Хорошее хлопчатобумажное сари стоит 25—30 рупий, шелковое сари стоит намного дороже, от 60 до 100 рупий. В Дели продаются и очень дорогие сари. Некоторые из них стоят более тысячи рупий. Это главным образом бенаресские (बनारसी) сари. Такие сари покупают только богатые люди. Самые дешевые сари продаются на базаре в Керол баге (करौल बाग). Керол баг — новый район индийской столицы. Там живут государственные служащие, преподаватели Делийского университета, мелкие и крупные торговцы, инженеры, врачи. В этом районе живет и много бедняков. Вот для них и продаются самые дешевые хлопчатобумажные сари, которые стоят 6—10 рупий.

II. (1) Вчера у нас было собрание группы, и я очень поздно вернулся домой. (2) Прежде всего туристы, приехавшие из Советского Союза в Индию, осмотрели Красный форт в Дели — великолепный образец индийского искусства. (3) Он оплатил счет. (4) Тебе понравился мой новый галстук? (5) Подумайте, пожалуйста, и дайте мне ответ завтра утром. (6) В Индии две дюжины бананов стоят полторы рупии. (7) По-моему, чай не сладкий, я

положу еще немного сахару. (8) Там кое-где виднелись большие зеленые деревья.

11. इस कहानी का रूसी में अनुवाद कीजिये।

भारत में आने-जाने के साधन[5]

भारत एक पुराना देश है। वहाँ पुराने से पुराने आने-जाने के साधनों से वर्तमान समय के सब से नये साधनों तक सब मिलते हैं। एक ओर घोड़ों और दूसरे जानवरों से आने-जाने का काम होता है, दूसरी ओर उड़नेवाले हवाई जहाज़ भी नज़र आते हैं।

भारत एक बड़ा देश भी है। वहाँ पर हर प्रकार की भूमि होती है। कहीं पहाड़ हैं, कहीं रेगिस्तान, कहीं जंगल और कहीं मैदान ही मैदान हैं। इसलिये आने-ज़ाने के साधन भी बहुत विभिन्न हैं। गाँवों में माल लाने-ले जाने का काम जानवरों से होता है, पर ये सब साधन जल्दी से नहीं चलनेवाले, महँगे और पुराने तरीक़े के हैं, फिर घोड़ा आदि जानवर थोड़ी दूरी के लिये ही चल सकते हैं।

दूर तक सामान और यात्रियों को ले जाने का काम मोटरों या रेलगाड़ियों से होता है। इनके द्वारा व्यापारिक माल देश के कोने-कोने में पहुँच जाता है। पहले तो गाँवों में अधिकतर काम घोड़ागाड़ियों या बैलगाड़ियों[6] से होता था और शहरों में मोटरों और रेलगाड़ियों से। पर गाँवों तक पक्की सड़कें बनने लगी हैं और अब वहाँ भी घोड़ा तथा बैलगाड़ियों का स्थान मोटरगाड़ियाँ लेने लगी हैं।

भारत में रेलों का इतिहास १८५३ में शुरू होता है, जबकि सब से पहली लाइन बम्बई से थाना तक बिछ गयी। इसकी लंबाई २२ मील थी। आज भारत में लगभग चालीस हज़ार मील तक रेल की लाइनें बिछ गयी हैं। आजकल

[5] साधन ‘средство’.

[6] बैलगाड़ी ‘арба’, ‘телега, запряженная волами’.

हर एक बड़े शहर तक रेल जाती है। इस समय क़रीब एक हज़ार मील तक गाड़ियाँ बिजली से चलने लगीं।

भारत में पुराने समय से पानी के मार्गों का बहुत महत्त्व रहा है। देश के बड़े-बड़े नगर नदियों के किनारे बसे हैं और उनके बीच व्यापार छोटे जहाज़ों द्वारा होता था। बंगाल और आसाम में आज तक भी यात्रियों और माल को लाने-ले जाने का काम छोटे जहाज़ों द्वारा होता है, पर देश के दूसरे भागों में रेलों और सड़कों के बन जाने से इस साधन का महत्त्व कम हो गया है।

समुंदर के तट पर जो नगर बसे हैं, उनके बीच व्यापार जहाज़ों द्वारा होता है। दूर के देशों से व्यापार करने के प्रमुख साधन बड़े-बड़े जहाज़ हैं। अँग्रेज़ों के आने से पहले भी भारत के पास अपने समुद्री जहाज़ थे, जो इस देश का माल लंका[7], बर्मा, मलाया आदि देशों को ले जाते थे, लेकिन अँग्रेज़ी सरकार के समय में अँग्रेज़ लोग अपने जहाज़ ही काम में लाये[8]। भारत के स्वतंत्र होने पर वह व्यवस्था ख़त्म हुई है। अब विदेशी व्यापार में भी भारत के जहाज़ों ने भाग लेना शुरू कर दिया है।

आने-जाने का सब से वर्तमान साधन हवाई जहाज़ है। हवाई जहाज़ आने-जाने के दूसरे साधनों से कहीं अधिक तेज़ी के साथ चल सकते हैं। लंबे से लंबा सफ़र थोड़े ही समय में पूरा हो जाता है। आजकल लोग हवाई जहाज़ द्वारा सफ़र करना पसंद करते हैं। लोग डाक और दूसरी चीज़ें भी हवाई जहाज़ों द्वारा भेजने लगे हैं। हर देश में हवाई जहाज़ों के अड्डे बने हैं। उन पर विभिन्न देशों के हवाई जहाज़ ठहरते हैं। भारत एशिया के बीचोंबीच स्थित है, इसलिये पूर्व से पश्चिम या पश्चिम से पूर्व जानेवाले हवाई जहाज़ वहाँ उतरते हैं।

---

[7] लंका, श्रीलंका 'Шриланка'

[8] काम में लाना 'употреблять', применять'.

भारत के पास भी अपने हवाई जहाज़ हैं। इनमें से कुछ तो देश के अंदर ही यात्रियों, डाक और माल को लाने-ले जाने का काम करते हैं और कुछ विदेशों तक आते-जाते हैं। आजकल भारत के हवाई जहाज़ संसार के लगभग सभी बड़े देशों तक आने-जाने लगे हैं। कुछ साल पहले तक भारत में हवाई जहाज़ नहीं बनते थे, पर अब उनके बनाने का एक बहुत बड़ा कारख़ाना खुल गया है। लोग सोचते हैं कि यह साधन जल्दी ही सब से महत्त्वपूर्ण बन जाएगा।

12. मोटे टाइप में छपे शब्दों और शब्दसमुदायों के लिये प्रश्न बनाइये।

(१) मैंने ये जूते **चाँदनी चौक के** बाज़ार में ख़रीदे। (२) इन कोठियों में ज़्यादातर **अमीर** लोग रहते हैं। (३) कल के खाने के लिये मैं **टमाटर और फूलगोभी** ख़रीदना चाहती हूँ। (४) यात्री लोग **एक छायादार** पेड़ के **नीचे** ठहर गये। (५) **वर्तमान** दिल्ली के दो भाग हैं, नयी दिल्ली और पुरानी दिल्ली। (६) दुकानदार ने **बहुत सा माल** बेच डाला। (७) कनाट प्लैस **एक बड़ा गोल चौक** है। (८) यहाँ **भिन्न-भिन्न क़िस्म के** जूते बिकते हैं। (९) यह कपड़ा **बहुत सस्ता** है। (१०) हमने **सब बिल** चुका दिये।

13. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिये।

पक्का, सस्ता, ख़रीदना, अमीर, पुराना, उतरना, ज़्यादा, बेचनेवाला।

14. किसी दुकान या बाज़ार के बारे में एक कहानी लिखिये।

15. निम्नलिखित बातचीत का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

— Вы пойдете сегодня на базар?
— Да, пойду. Мне надо купить овощи и фрукты.
— Если не трудно, купите и мне немного лука и моркови. Я спешу на работу и не смогу сама сходить на рынок.
— Конечно! Я с удовольствием куплю вам все, что вы хотите.
— Тогда купите пожалуйста, еще килограмм мандаринов.
— Хорошо.
— Большое спасибо.

*　*　*

— Сколько стоит картофель?
— Десять копеек килограмм.
— Взвесьте мне два килограмма.
— Хорошо.
— Скажите, где продаются морковь и лук?
— Немного подальше.
— Спасибо.

*　*　*

— Взвесьте мне полтора килограмма яблок и килограмм гранат.

— Пожалуйста (कृपया), ровно полтора килограмма и килограмм.

— Сколько стоят мандарины?
— Рубль килограмм.
— Дайте мне два килограмма.
— Возьмите, пожалуйста.
— Получите, шесть рублей.
— Вот рубль сдачи (रेज़गारी).
— Спасибо. До свидания.
— Заходите еще. До свидания.

16. निम्नलिखित संख्याओं को याद कीजिये।

९१	इकानवे	91	९६	छियानवे	96
९२	बानवे	92	९७	सत्तानवे	97
९३	तिरानवे	93	९८	अठानवे	98
९४	चौरानवे	94	९९	निनानवे	99
९५	पचानवे	95	१००	सौ	100

УРОК XI

ГРАММАТИКА

ГЛАГОЛ

СОСЛАГАТЕЛЬНОЕ НАКЛОНЕНИЕ

Сослагательному наклонению в языке хинди свойственны четыре формы: простая, сложная несовершенная, сложная совершенная и продолженная. Личный глагол в простой форме и вспомогательный глагол в остальных формах характеризуются особыми окончаниями, являющимися морфологическими показателями сослагательного наклонения. Значение форм сослагательного наклонения обычно уточняется различными дополнительными средствами: модальными словами, частицами, союзами, интонацией. В данном уроке будет рассмотрена только простая форма сослагательного наклонения.

ОБРАЗОВАНИЕ ПРОСТОЙ ФОРМЫ СОСЛАГАТЕЛЬНОГО НАКЛОНЕНИЯ

Простая форма сослагательного наклонения образуется присоединением к основе глагола следующих личных окончаний, одинаковых для обоих родов:

	Ед. число	Мн. число
1-е л.	ऊँ	एँ
2-е л.	ए	ओ
3-е л.	ए	एँ

Так, простая форма сослагательного наклонения глагола करना 'делать' выглядит следующим образом:

	Ед. число	Мн. число
1-е л.	मैं करूँ	हम करें
2-е л.	तू करे	तुम करो
		आप करें
3-е л.	यह, वह करे	ये, वे करें

Как видно, глагол в простой форме сослагательного наклонения изменяется только по лицам и числам. Окончания 2-го и 3-го лица единственного числа, а также 1-го, 2-го (соотнесенного с местоимением आप) и 3-го лица множественного числа совпадают.

Простая форма сослагательного наклонения от глаголов ले|ना 'брать' и दे/ना 'давать' образуется присоединением вышеуказанных окончаний к стяженной форме основы, равной ее начальному согласному.

	Ед. число	Мн. число
1-е л.	मैं लूँ	हम लें
2-е л.	तू ले	तुम लो
		आप लें
3-е л.	यह, वह ले	ये, वे लें

Если основа глагола оканчивается на долгие гласные आ, ई, ऊ, ओ, ए, то между ними и личными окончаниями простой формы сослагательного наклонения иногда появляются эвфонические звуки य и व, например: मैं आवूँ 'я пришел бы' (आ|ना 'приходить'), तू जाये 'ты пошел бы' (जा|ना 'идти', 'уходить'), वह पीवे 'он пил бы' (पी|ना 'пить'), हम छूवें 'мы коснулись бы' (छू|ना 'трогать', 'касаться'), तुम धोवो 'вы постирали бы' (धो|ना 'стирать', 'мыть'), वे देवें 'они дали бы' (दे|ना 'давать').

Когда за долгими ई и ऊ основы не следует эвфонический звук व, эти долгие гласные становятся краткими, например: पीना 'пить'— पिऊँ '(я) бы пил', छूना 'касаться' — छुए '(он) коснулся бы', но — पीवे '(он) пил бы', वे छूवें 'они коснулись бы'.

Долгий гласный ई основы становится кратким и тогда, когда за ним появляется эвфонический звук य, например: तुम पियो 'вы пили бы', वे जियें 'пусть они живут' (जी|ना 'жить'), वह सिये 'он шил бы', 'пусть он шьет' (सी|ना 'шить').

При появлении эвфонического звука य в окончаниях 2-го и 3-го лица единственного числа сослагательного наклонения (особенно после долгого आ) конечный ए часто исчезает, а в окончаниях 1-го, 2-го (соотнесенного с местоимением आप) и 3-го лица множественного числа एँ заменяется кратким अँ. Таким образом, к примеру, глагол जाना 'идти', 'уходить' в простой форме сослагательного наклонения может выступать в следующем виде:

	Ед. число	Мн. число
1-е л.	मैं जाऊँ (जावूँ)	हम जाएँ (जावें, जायें, जायँ)
2-е л.	तू जाए (जावे, जाये, जाय)	तुम जाओ (जावो)
		आप जाएँ (जावें, जायें, जायँ)
3-е л.	यह, वह जाए (जावे, जाये, जाय)	ये, वे जाएँ (जावें, जायें, जायँ)

Простая форма сослагательного наклонения глагола होना 'быть' по своему образованию значительно отличается от простой формы сослагательного наклонения других глаголов.

	Ед. число	Мн. число
1-е л.	मैं हूँ	हम हों
2-е л.	तू हो	तुम हो
		आप हों
3-е л.	यह, वह हो	ये, वे हों

Наряду с этими, наиболее употребительными формами, глагол होना 'быть' в языке хинди в сослагательном наклонении может иметь и другие формы, образуемые регулярно, как и от других глаголов, основа которых оканчивается на долгий гласный.

	Ед. число	Мн. число
1-е л.	मैं होऊँ	हम होएँ (होवें, होयँ)
2-е л.	तू होए (होवे, होय)	तुम होओ
		आप होएँ (होवें, होयँ)
3-е л.	यह, वह होए (होवे, होय)	ये, वे होएँ (होवें, होयँ)

УПОТРЕБЛЕНИЕ ПРОСТОЙ ФОРМЫ СОСЛАГАТЕЛЬНОГО НАКЛОНЕНИЯ

Простая форма сослагательного наклонения употребляется для выражения желания, пожелания, опасения, недоумения, неопределенности, возможности, предположения, допущения, а иногда и нереальности действия.

Простая форма сослагательного наклонения используется также при выражении побуждения к действию, косвенного приказания, долженствования.

Формы сослагательного наклонения не указывают на конкретное время совершения обозначаемого ими действия. Время этого действия определяется по контексту или по обстоятельству времени и может относиться к настоящему, прошедшему и будущему.

Простая форма сослагательного наклонения употребляется как в самостоятельном предложении, так и в придаточных предложениях различного типа.

Употребление простой формы сослагательного наклонения в самостоятельном предложении

В самостоятельном предложении простая форма сослагательного наклонения в основном выражает:

1) намерение или готовность совершить какое-либо действие. Подлежащее такого предложения — местоимение 1-го лица — может и опускаться, например: मैं जाऊँ और आप के लिए कुछ सेब और अंगूर लाऊँ 'Я пошел бы и принес бы Вам немного яблок и винограда'; यह किताब ले लूँ 'Заберу-ка (я) эту книгу';

2) желание, пожелание, опасение (обычно в отрицательном предложении), например: हर आदमी स्वस्थ और मज़बूत हो 'Пусть каждый человек будет здоровым и сильным'; कहीं वह आप को न देखे 'Как бы он Вас не увидел'; कहीं मैं बीमार न पड़ूँ 'Как бы я не заболел';

3) вежливую просьбу, вежливое повеление. Простой формой сослагательного наклонения просьба и повеление передаются менее категорично, чем это выражается вежливыми формами повелительного наклонения. При выражении вежливой просьбы или вежливого по-

веления глагол-сказуемое соотносится с местоимением आप 'Вы', например: आप आज मेरे घर आयें '(Вы) приходите, пожалуйста, сегодня ко мне', 'Пришли бы Вы сегодня ко мне'; जाने से पहले आप कुछ खा लें 'Поели бы Вы что-нибудь перед уходом';

4) побуждение к действию, относимому к 1-му лицу множественного числа. В этом случае формой сослагательного наклонения выражается призыв к совместному действию, в котором принимает участие и сам говорящий. Этот призыв может относиться как к одному лицу, так и к нескольким (многим) лицам, что обычно определяется контекстом. В начале предложения часто наличествуют формы повелительного наклонения глаголов चलना 'идти', आना 'приходить', लाना 'приносить', используемые в качестве междометий, выражающих побуждение к совместному действию. Подлежащее часто опускается, например: चलिये पानी पियें 'Пойдемте, попьем'; आओ हम यह फ़िल्म देखें 'Давайте, посмотрим этот фильм';

5) Побуждение к действию, косвенное приказание, относимое к третьему лицу обоих чисел, например: वह आज घर न जावे 'Пусть он сегодня не уходит домой'; विद्यार्थी आराम करें 'Пусть студенты отдохнут';

6) предположительное действие или состояние. При этом формы сослагательного наклонения обычно дополняются модальными словами शायद , संभव 'возможно', 'вероятно', शायद ही 'едва ли', 'вряд ли', подчеркивающими предположительный характер высказывания, например: शायद मैं आज ही उस से मिलने जाऊँ 'Возможно, я сегодня же навещу его'; संभव वह विद्यार्थी हो 'Возможно, он студент'; आप फिर शायद ही ऐसी चीज़ ख़रीदें 'Вы вряд ли еще купите такую вещь'.

В вопросительных предложениях простая форма сослагательного наклонения выражает либо вежливую просьбу разрешить совершить какое-либо действие и вежливый вопрос, либо (часто в сочетании с отрицательной частицей) модальные оттенки удивления, недоумения, замешательства, растерянности, например: मैं आऊँ ? 'Могу я войти?', 'Можно [ли мне] войти?'; किस चीज़ की

फ़रमाइश करें? 'Что изволите заказать?'; क्या तुम मेरे साथ न जाओगे? 'Разве ты не пойдешь со мной?'; मैं जाऊँ या न जाऊँ? 'Идти мне или не идти?'; वह क्या करे? 'Что ему делать?'.

Употребление простой формы сослагательного наклонения в придаточных предложениях

В связи с тем что формы сослагательного наклонения преимущественно указывают лишь на предположительный характер действия, простая форма этого наклонения используется почти во всех типах придаточных предложений. Она употребляется:

а) в придаточных предложениях, где форма глагола-сказуемого зависит от лексического значения того или иного слова в главном предложении, определяющего модальность действия или состояния: आवश्यक (आवश्यकता) है कि वे यहाँ आयें 'Необходимо, чтобы они сюда пришли';

б) в предложениях, где придаточное либо определяет или дополняет какой-нибудь член главного предложения, либо указывает на условие, время, следствие, цель, место и т. п., которые обусловливают действие или состояние, передаваемое глаголом-сказуемым главного предложения: उस से कहो कि वह यह किताब ले 'Скажи ему, чтобы он взял эту книгу'; मेरे दोस्त ने सुझाव रखा कि कहीं सैर करने जाएँ 'Мой друг предложил пойти куда-нибудь погулять' (букв. 'Мой друг внес предложение, чтобы пойти куда-нибудь погулять'); यहाँ बैरे नहीं होते जो आप की सेवा करें 'Здесь нет официантов, которые Вас обслуживали бы'; अगर मछली हो तो बहुत अच्छा हो 'Если была бы рыба, то было бы очень хорошо'; जब तक आप न पहुँचें मैं वहाँ रहूँगा 'Я останусь там, пока Вы не прибудете'.

ПРИДАТОЧНЫЕ ПРЕДЛОЖЕНИЯ МЕСТА И ПРИЧИНЫ

Придаточные предложения места присоединяются к главному при помощи союзных слов जहाँ 'где', 'куда', जहाँ से 'откуда', जहाँ कहीं 'где бы ни', 'куда бы ни' и др. В главном предложении им часто соответствуют указательные слова वहाँ 'там', 'ту-

да', वहाँ से 'оттуда' и др. Придаточные места обычно предшествуют главному, например: जहाँ बारिशें नहीं होतीं वहाँ फ़सलें अच्छी नहीं होतीं 'Где не бывает дождей, там не бывает хороших урожаев'. Но если обстоятельство места, к которому может относиться придаточное предложение, расположено в конце или середине главного, придаточное предложение места ставится после главного или внутри него, например: वे एक मेज़ के पास बैठ गये जहाँ तीन कुर्सियाँ ख़ाली थीं 'Они сели за стол, где было три свободных стула'.

Придаточные предложения причины присоединяются к главному предложению посредством союзов причины क्योंकि, चूँकि, इस लिए कि 'потому что', 'так как'. Придаточные предложения, вводимые союзом चूँकि, предшествуют главному. Примеры: भारत में छोटी दुकानें शाम को देर से बंद होती हैं क्योंकि शाम को भी वहाँ बहुत ग्राहक आते हैं 'В Индии небольшие магазины закрываются поздно вечером, потому что и вечером туда приходит много покупателей'; चूँकि मैं उस का बड़ा दोस्त हूँ वह मुझ से सब कुछ साफ़ साफ़ कह देगा 'Он мне все откровенно расскажет, так как я его большой друг'.

Если хотят обратить особое внимание на причину действия в главном предложении, то первую часть составного причинного союза इसलिये कि — इसलिये 'потому' ставят в главном предложении, а вторую его часть कि 'что' — в придаточном: मैं तुम से यह सवाल इसलिये कर रहा हूँ कि यह काम तुम ही करोगे 'Я задаю тебе этот вопрос потому, что эту работу будешь делать именно ты'.

अभ्यास

1. कोष्ठक में लगी क्रियाएँ संभावनार्थ में लिखिये तथा वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) तुम करीम से कहो कि वह घर न (जाना)। (२) मैं सभा में (बोलना)। (३) हर कोई यह किताब ज़रूर (पढ़ना)। (४) हर एक आदमी अपना अपना काम

(करना)। (५) उससे कहिये कि वह वहाँ न (ठहरना)। (६) आप आगे (बढ़ना), मैं पीछे आऊँगा। (७) तुम जल्दी ही यह काम (करना)। (८) एक दिन अध्यापक ने हमें दिल्ली के बारे में बताया। तब से हम चाहते थे कि मौक़ा (मिलना), दिल्ली (जाना), अपने दोस्तों के यहाँ (ठहरना), फिर हम शहर देखने (चलना), लाल क़िला (देखना), कुतुबमीनार पर (चढ़ना), हो (सकना), तो आगरा (जाना) और ताजमहल (देखना)। (९) तुमको अपने काम में कामयाबी (मिलना)। (१०) लड़के घर (जाना)। (११) दोस्तों, चलें, नगर (देखना)। (१२) माँ जी, मैं एक दर्जन केले ख़रीद (लेना)। (१३) माँ ने कहा कि हम कुछ (खाना)। (१४) आप कुछ देर यहाँ (बैठना)। (१५) उन से कहिये कि वह डाक्टर बुला (लेना)।

2. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Пусть он зайдет ко мне сегодня вечером. (2) Мы сказали ей, чтобы она купила и для нас немного фруктов. (3) Контролер потребовал, чтобы пассажиры предъявили билеты. (4) Пусть мама купит свежих овощей. (5) Сегодня очень холодно. Как бы они не заболели. (6) Он спросил, пойдем ли мы в кино. (7) Можно войти? (8) Сходил бы ты в магазин и купил карандаши и бумагу. (9) Можно нам посмотреть эту книгу? (10) Не купить ли нам бананов? Они теперь подешевели. (11) Друзья, пойдемте, посмотрим этот новый фильм. (12) Мы тоже хотели бы прочитать эту книгу. (13) Я хочу, чтобы вы пришли к шести часам вечера. (14) Необходимо, чтобы к началу занятий все было готово. (15) Пойдемте домой? (16) Шел бы ты спать. (17) Отдохнули бы вы немножко. (18) Послушаем, что он на это скажет.

3. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) सोवियत संघ में ऐसे गाँव नहीं हैं, जहाँ खेती की मशीनें न हों। (२) हम सदा अख़बार पढ़ते हैं क्योंकि हम दुनिया की ताज़ी ख़बरें जानना चाहते हैं। (३) बड़े हवाई

अड्डों पर जहाँ बहुत से हवाई जहाज़ ठहरते हैं यात्रियों के लिए विशेष होटल[1] होते हैं जिन में उन को सदा अच्छे कमरे और खाना मिल सकते हैं। (४) जहाँ से वह आया वहाँ से मैं भी आया हूँ। (५) बम्बई के बंदरगाह का भारत के लिये बहुत बड़ा महत्त्व है क्योंकि यहाँ करोड़ों रुपयों का माल आता है और यहाँ से बाहर जाता है। (६) मैं उस शहर में आ पहुँचा हूँ जहाँ मेरी माँ रहती है। (७) गोर्की शहर वोल्गा के सुंदर तट पर उस स्थान में बसा है जहाँ ओका नदी वोल्गा में गिरती है। (८) आज हम सिनेमा देखने नहीं जाएँगे क्योंकि हमारे इंस्टीट्यूट में आम सभा होगी। (९) सड़कें बहुत नम हैं क्योंकि कुछ ही समय पहले बारिश हो रही थी। (१०) चूँकि मौसम बुरा था इसलिये हवाई जहाज़ उड़ न सका। (११) चूँकि मैं कल जानेवाला हूँ, मैं होनेवाली सभा में भाग नहीं ले सकूँगा। (१२) हम थियेटर इसलिये नहीं गये कि कल शामको हमारा एक दोस्त आनेवाला था। (१३) वह इसलिये छुट्टी पाना चाहता था कि दक्षिण जावे और कुछ आराम करे। (१४) मेरा छोटा भाई इसलिये बीमार पड़ा कि वह बहुत ठंडा पानी पी गया। (१५) चूँकि आपने अपना काम पूरा कर लिया है आप घर जा सकते हैं।

4. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Мы не пошли в кино, потому что лил сильный дождь. (2) Мама не купила яблоки, потому что они были незрелыми. (3) В воскресные дни в Старом Дели на Чандни Чоук товары продаются прямо на улице, так как магазины бывают закрыты. (4) Я любил заниматься спортом на нашем школьном стадионе, потому что там всегда имелся необходимый спортивный инвентарь. (5) Нам нравится читать книги об Индии, так как из них мы узнаем много интересного об истории этой древней и далекой страны и о жизни ее народа. (6) В Ленинграде часто (अक्सर)

[1] होटल ‘отель’

идут дожди, потому что он стоит на берегу моря и с моря дуют влажные ветры. (7) В связи с началом учебного года в институте состоялось общее собрание студентов и преподавателей. (8) Он не пришел, потому что был занят. (9) Так как студенты хорошо знали грамматику и слова нового урока, они правильно ответили на все вопросы. (10) Летом она поедет отдыхать в деревню, где живут ее родители. (11) Там, где раньше стояли леса, теперь строится новый город. (12) Весной мы с мамой поедем туда, где работает сейчас мой отец. (13) Я люблю проводить свой летний отпуск на берегу Черного моря, где целый день ярко сверкает солнце.

पाठ

भोजन

एक दिन शाम को रशीद सैर के लिए बाहर जाने को तैयार हुआ, लेकिन इतने में उसकी माँ ने उसे बुलाया और कहा :—बेटा, तुम बाहर जाना चाहते हो, न? पर इस से पहले क्या कुछ खाओ-पियोगे नहीं? ख़ाली पेट तो सैर करना अच्छा नहीं।

—खाऊँगा, क्यों नहीं—रशीद ने कहा—परंतु माँ, आज तुम ने क्या बनाया है?

—आज मैं ने भात, भेड़ का भुना गोश्त और दाल बनायी है।

—तुम ने आलू के साथ भुनी मछली क्यों नहीं बनायी? वह तो बहुत स्वादिष्ट और पौष्टिक होती है और मुझे बहुत पसंद है। अगर मछली हो तो बहुत अच्छा हो।

—तुझे भुनी मछली पसंद है, तेरे भाई को गोश्त का सालन और तेरी बहिन सालन खा नहीं सकती क्योंकि सालन में ज़्यादा मिर्च और दूसरे मसाले होते हैं। उसे सालन बहुत तेज़ लगता है और उसको तेज़ खाना खाने की आदत नहीं है। परंतु वह सोसेज और नीमजोश अंडे पसंद करती है। अब मैं क्या कर सकती हूँ? मैं हर एक के लिए तरह-तरह

की चीज़ें तो नहीं बना सकती। चलो, हाथ-मुँह धोओ और मेज़ पर रकाबियाँ, चम्मच, काँटे और छुरियाँ रखो। गिलास कहाँ रखते हो, तुम? उबले पानी की एक सुराही ले आओ।

खाना खाने के बाद रशीद बाहर गया। सड़क पर उसे कुछ मित्र मिल गये। बातों बातों में रशीद के एक दोस्त हमीद ने यह सुझाव रखा: "चलिये किसी रेस्तराँ में चलें और चाय पियें। गर्मी बहुत है और मुझे प्यास लगी है।" रशीद रेस्तराँ में चाय पीने का आदी नहीं था लेकिन उसके दूसरे दोस्त जगतसिंह को भूख लग गयी और हमीद भी काफ़ी भूखा था। रशीद उन्हें नाराज़ नहीं करना चाहता था। वह उन के साथ चला गया।

सामने ही एक रेस्तराँ की बड़ी इमारत थी पर मित्रों को वह बाहर से ही पसंद नहीं आया तथा उन्हों ने वहाँ जाना उचित नहीं समझा। वे कुछ दूर आगे चले और आख़िर सड़क के दूसरे किनारे पर "ताज" रेस्तराँ देखा। हमीद ने कहा कि यह नगर भर में सब से अच्छा रेस्तराँ है जिसे लगभग सभी लोग पसन्द करते हैं। वह अपने मज़ेदार खाने के लिए मशहूर है क्योंकि यहाँ का बावरची बहुत अच्छा है और बैरे भी। यहाँ के दाम काफ़ी उचित हैं और सेवा बहुत अच्छी होती है।

इस के बाद वे सभी बड़ी प्रसन्नता के साथ भीतर आये। कमरा बहुत बड़ा, रोशन और साफ़-सुथरा था। कमरे के एक कोने में एक छोटा सा बैंड धीमी आवाज़ में संगीत की कोई धुन बजाता था। वहाँ बहुत सी मेज़ें थीं। हर एक मेज़ के पास चार या छः कुर्सियाँ थीं। सब मेज़ें सफ़ेद रंग के साफ़ साफ़ मेज़पोशों से ढँकी थीं। मेज़ों पर ठंडे पानी की शीशे की सुराही, गिलास, नमक, मिर्च, राई और रोटी थी। तीन दोस्त एक मेज़ के पास बैठ गये जहाँ तीन कुर्सियाँ ख़ाली थीं। जगतसिंह ने आवाज़ दी:

– बैरा!

–हाँ, हुज़ूर।

–खाने की चीज़ों की फ़िहरिस्त दिखाना!

–एक मिनट, हुज़ूर, अभी लाता हूँ, यह लीजिये।

जगतसिंह ने उन्हें खाने की चीज़ों की फ़िहरिस्त पढ़ सुनायी और कहा:

–आज मैं ने दोपहर का खाना नहीं खाया, इसलिये मैं बहुत भूखा हूँ। क्या राय है युरोपीय खाना खायें या भारतीय?

–मेरे लिए टमाटर के शोरबे और दूसरे कोर्स के लिए भात के साथ गाय या बकरे के गोश्त के सालन की फ़रमाइश करो।–हमीद ने कहा।

–अच्छा, मैं तो पुलाव या खीर ले लूँगा तथा डिज़र्ट के लिए आइसक्रीम और काफ़ी भी। और तुम, रशीद?

–मैं ने तो घर पर पेट भर खाया है इसलिए मैं मज़े से दूध मिली चाय का एक प्याला पी लूँगा, बस।

जगतसिंह ने फ़रमाइश की। फिर मित्रों ने कुछ बातें कीं। हमीद ने जो हाल ही में सोवियत संघ से आया है जहाँ वह दोस्ती विश्वविद्यालय में पढ़ता था उन्हें बताया कि मास्को में बहुत से भोजनालय, काफ़ीहाउस और बुफ़े हैं। उन में बहुत से भोजनालय स्वयंसेवी हैं अर्थात् वहाँ बैरे नहीं होते जो आपकी सेवा करें। इसलिए वहाँ सब लोग ख़ास खिड़की के पास जाते हैं जहाँ पर खाने की चीज़ों की रकाबियाँ रहती हैं और इन में से जो चाहें लेते हैं। इस तरह आपका वक़्त बच जाता है। दोस्ती विश्वविद्यालय के भोजनालयों में भारतीय खाना भी मिलता है। बात यह है कि वहाँ के बावरचियों ने हिंदुस्तानी खाने की चीज़ों को तैयार करना सीख लिया है और अब अच्छा और मज़ेदार खाना पकाते हैं।

इतने में बैरा आ गया और खाना परोसने लगा:

—ग्रापका खाना तैयार है, हुज़ूर। यह ग्रापका शोरबा है, यह है सालन ग्रौर खीर। चाय ग्रभी लाऊँ क्या?

—हाँ, ले ग्राग्रो, लेकिन देखना कि वह गर्म हो!

हमीद के शोरबे में गोश्त काफ़ी सख़्त मालूम हुग्रा। उसने इसके छोटे छोटे टुकड़े बना दिये ग्रौर राई के साथ खाया। खीर तो ग्रच्छी थी लेकिन इस में नमक कुछ ज़्यादा था।

—यह ग्रापकी चाय है, हुज़ूर।

—ग्रच्छा। पर चीनी कम है।

—तो ग्राप चाय में ग्रौर चीनी डाल लीजिये।

—ग्रब ठीक है।

जब उन्हों ने खाना खा लिया तो जगतसिंह ने कहा:

—बैरे, बिल ले ग्राग्रो!

—लीजिये, दस रुपये पचहत्तर पैसे का है।

—यह लो ग्यारह रुपये। बाक़ी पैसे तुम रख लो।

—बहुत धन्यवाद। नमस्ते जी।

—नमस्ते।

नये शब्द

भोजन **б^hоджан** *м.* еда, пища; ~ **करना** *п.* есть, кушать

सैर **сайр** *ж.* поездка, прогулка, экскурсия

ख़ाली **хāлӣ** 1) пустой; 2) незанятый

पेट **пэṫ** *м.* живот, желудок

परंतु **паранту** но, однако, тем не менее, все же

भात **б^hāт** *м.* вареный рис, рисовая каша

भेड़ **б^hэṙ** *ж.* овца

भुनना **б^hуннā** *нп.* жариться, поджариваться

गोश्त **гошт** *м.* мясо

दाल **дāл** *ж.* 1) бобы, чечевица; 2) каша из бобов, чечевицы (*с пряностями*)

मछली **мач^hлӣ** *ж.* рыба

स्वादिष्ट **свāдишṫа** вкусный

पौष्टिक **паушṫик** питательный

सालन **сāлан** *м.* национальное блюдо с пряностями (*мясное или овощное*)

मिर्च **мирч** *ж.* перец

मसाला **масāлā** *м.* пряности, приправа

ग्रादत **āдат** *ж.* 1) обычай, обыкновение; 2) привычка

सोसेज **сосэдж** *м.* колбаса, сосиски

नीमजोश **нӣмджош** *зд.* всмятку

ग्रंडा **анḍā** *м.* яйцо

रकाबी **ракāбӣ** *ж.* тарелка, блюдо

चम्मच чаммач *м.* ложка

काँटा кā̃т̣ā *м.* вилка

छुरी ч^{h}урӣ *ж.* нож

गिलास гилāс *м.* стакан

उबलना убалнā *нп.* кипеть, бурлить

सुराही сурāhӣ *ж.* кувшин, графин

सुझाव судж^{h}āо *м.* предложение

रेस्तराँ рэстарā̃ *м. неизм.* ресторан

प्यास пйāс *ж.* жажда

आदी āдӣ привыкший, освоившийся

भूख б^{h}ӯк^h *ж.* 1) голод; 2) аппетит

भूखा б^{h}ӯк^{h}ā голодный

नाराज़ нāрāз недовольный (से *кем-л., чем-л.*); обиженный; ~ होना *нп.* быть недовольным; обижаться; ~ करना *п.* вызывать неудовольствие (को *чье-л.*); обижать, сердить, огорчать (को *кого-л.*).

उचित учит соответствующий, подходящий, надлежащий, уместный

आख़िर āхир 1. последний, конечный; **2.** наконец, в конце концов; **3.** *м.* край, конец

मज़ेदार мазэдāр 1) вкусный; 2) приятный

बावरची бāварчӣ *м.* повар

बैरा байрā *м.* официант

सेवा сэвā *ж.* 1) служба, обслуживание, уход; 2) услуга

प्रसन्नता прасаннатā *ж.* 1) довольство, удовлетворенность; 2) радость

बैंड байнд̣ *м.* оркестр

धीमा д^{h}ӣмā 1) тихий, медленный; 2) слабый, тихий (*о свете, голосе*)

आवाज़ āвāз *ж.* 1) голос; 2) звук, возглас

संगीत сангӣт *м.* музыка

धुन д^{h}ун *ж.* тон; мотив, мелодия

बजाना баджāнā *п.* 1) играть; 2) звонить, бить

मेज़पोश мэзпош *м.* скатерть

ढँकना д̣^{h}ā̃кнā 1. *нп.* покрываться, быть покрытым; **2.** *п.* покрывать

शीशा шӣшā *м.* 1) стекло; 2) зеркало

नमक намак *м.* соль

राई рāӣ *ж.* горчица

रोटी рот̣ӣ *ж.* хлеб

जहाँ джаhā̃ где, куда

फ़िहरिस्त фиhрист *ж.* 1) перечень, список; 2) каталог, указатель

दोपहर допаhар *ж.* полдень

राय рāй *ж.* взгляд, мнение

युरोपीय йуропӣйа европейский

शोरबा шорбā *м.* суп

कोर्स корс *м.* блюдо (*часть обеда, ужина и т. д.*)

गाय гāй *ж.* корова

बकरा бакрā *м.* козел

फ़रमाइश фармāиш *ж.* 1) приказание, распоряжение; 2) заказ

पुलाव пулāо *м.* плов

खीर к^{h}ӣр *ж.* рисовая каша (*на молоке*)

डिज़र्ट д̣изарт̣ *м.* десерт

आइसक्रीम āискрӣм *м.* мороженое

काफ़ी кāфӣ *ж.* кофе

मज़ा мазā *м.* 1) вкус; 2) радость; удовольствие, наслаждение

दूध дӯд^h *м.* молоко

प्याला пйāлā *м.* чашка, пиала

हाल hāл *м.* настоящее время

भोजनालय б^{h}оджанāлай *м.* столовая

काफ़ीहाउस кāфӣhāус *м.* кафе

बुफ़े буфэ *м.* буфет

स्वयंसेवी свайамсэвӣ находящийся на самообслуживании

अर्थात арт^{h}āт то есть, а именно

वक़्त вакт *м.* время

बचना бачнā *нп.* 1) спасаться (से *от кого-л., чего-л.*); 2) избегать (से *кого-л., чего-л.*), избавляться (से *от*

кого-л., чего-л.); 3) оставаться, быть сэкономленным, сбереженным

हिंदुस्तानी **hиндустāнӣ** 1. индийский; 2. *м.* индиец; 3. *ж.* [язык] хиндустани

पकाना **пакāнā** *п.* варить, печь, готовить

परोसना **паросна̄** *п.* подавать, накрывать на стол, угощать

ले आना **лэ āнā** *нп.* приносить, приводить, привозить; ввозить

टुकड़ा **ṫукṙā** *м.* 1) кусок; 2) клочок

चीनी **чӣнӣ** *ж.* сахар, сахарный песок

बाक़ी **бāкӣ** 1. остающийся, оставшийся, остальной; 2. *ж.* остаток

व्याकरण तथा शब्दावली सम्बन्धी टिप्पणियाँ

1. बाहर जाना 'выходить на улицу', सैर के लिए बाहर जाना 'выйти погулять'.

2. Частица न 'не', стоящая в конце вопросительного предложения, произносится с вопросительной интонацией и имеет значение 'не так ли', 'не правда ли', например: तुम यहाँ रहते हो, न ? 'Ты здесь живешь, не так ли?'.

3. Когда в предложении имеются два однородных сказуемых, выраженных глаголами в будущем времени, то характерное для будущего времени окончание गा в соответствующей форме часто ставится один раз — в последнем глаголе, например: इस से पहले क्या कुछ खाओ-पियोगे नहीं ? 'Ну, а перед этим [ты] ничего не поешь, не попьешь?'.

4. ख़ाली पेट 'натощак', 'на голодный желудок'.

5. सैर करना 1) 'прогуливаться', 'гулять'; 2) 'ездить' (की *куда-л.*), 'путешествовать' (की *где-л.*); 3) осматривать (की *что-л.*).

6. आदत होना 'иметь привычку' (की *какую-л.*, को *о ком-л.*).

7. उबला पानी 'кипяченая вода'.

8. बातों बातों में 'во время разговора, беседы'.

9. सुझाव रखना 'вносить предложение' (का *какое-л.*).

10. प्यास लगना 'испытывать жажду', 'хотеть пить' (को *о ком-л.*).

11. В языке хинди, как и в русском языке, косвенные дополнения могут иметь и отдельные прилагательные. Дополнения к прилагательному часто синтаксически связываются с ним при помощи

послелога का, форма которого зависит от рода и числа подлежащего в предложении, например: वह पैसे का भूखा है ‘Он жаден к деньгам’; मेरा भाई जल्दी उठने का आदी है ‘Мой брат привык вставать рано’; उन के बच्चे साथ खेलने के आदी हैं ‘Их дети привыкли играть вместе’; मेरी माँ चाय पीने की आदी नहीं थी ‘Моя мать не имела обыкновения пить чай’ (букв. ‘не была привыкшей пить чай’).

12. भूख लगना ‘чувствовать голод’, ‘хотеть есть’ (को *о ком-л.*).

13. बाहर से 1) ‘снаружи’, ‘извне’; 2) ‘с виду’, ‘внешне’.

14. Простые причастия прошедшего времени в функции присвязочного члена (именной части сказуемого) согласуются с подлежащим в роде и числе (в мужском роде). Причастия в этой функции выражают осуществленное в прошлом действие, которое может быть связано своими результатами с настоящим, прошедшим и будущим, на что указывает форма глагола-связки. Простые причастия прошедшего времени переходных глаголов в функции присвязочного члена имеют пассивное значение, например: सब मेज़ें मेज़पोशों से ढँकी हैं (ढँकी थीं, ढँकी होंगी) ‘Все столы накрыты (были накрыты, будут накрыты) скатертями’.

15. आवाज़ देना ‘подавать голос’, ‘кричать’.

16. खाने की चीज़ों की फ़िहरिस्त (सूची) ‘меню’.

17. पढ़ सुनाना ‘читать, зачитывать вслух’.

18. दोपहर का खाना ‘обед’.

19. क्या राय है? ‘как [ваше] мнение?’, ‘что [вы] думаете?’.

20. फ़रमाइश करना ‘заказывать’ (की *что-л.*).

21. दूध मिली चाय ‘чай с молоком’.

22. पेट भर ‘досыта’.

23. बातें करना ‘разговаривать’, ‘беседовать’ (से *с кем-л.*; की, के बारे में *о ком-л.*, *о чем-л.*).

24. हाल ही में, हाल में ही ‘только что’, ‘недавно’, ‘на днях’.

25. सेवा करना ‘служить’ (की *кому-л.*, *чему-л.*), ‘прислуживать’ (की *кому-л.*), ‘обслуживать’ (की *кого-л.*).

26. बात यह है कि ... 'дело в том, что ...' — один из типов сложноподчиненных предложений с придаточным сказуемым, вводимым союзом कि.

27. टुकड़े [टुकड़े] करना (बनाना) 'разбивать', 'разламывать на куски' (के *что-л.*).

28. बाक़ी पैसे तुम रख लो 'сдачу оставь себе'.

अभ्यास

1. पाठ को पढ़िये और उसका अनुवाद कीजिये।

2. निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

१) जब रशीद ने बाहर जाना चाहा, माँ ने उससे क्या कहा?

२) रशीद की माँ ने उस दिन खाने के लिये क्या बनाया?

३) क्या आपको भुनी मछली पसंद है?

४) क्या आपको तेज़ खाना खाने की आदत है?

५) क्या आपको उबला या ठंडा पानी पीने की आदत है?

६) आज सुबह को आपने क्या खाया?

७) क्या आप पुलाव पसंद करते हैं?

८) आपके विचार में मास्को का कौनसा रेस्तराँ सब से अच्छा है?

९) क्या आपने कभी हिन्दुस्तानी खाना खाया है?

१०) क्या आपके इंस्टीट्यूट के भोजनालय में बैरे हैं?

११) क्या मास्को के रेस्तराँओं में अच्छी सेवा होती है?

१२) क्या आपके इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों का बैंड है?

१३) क्या आप संगीत सुनना पसंद करते हैं?

१४) क्या आपने कभी भारतीय संगीत सुना है? अगर सुना है तो क्या वह आपको पसंद आया?

१५) क्या हिमालय पहाड़ गर्मियों में भी बर्फ़ से ढँके होते हैं?

१६) क्या आप पियानो बजा सकते हैं?

१७) क्या आप सफ़ेद रोटी पसंद करते हैं या काली?

१८) 'ताज' नामक रेस्तराँ में तीन दोस्तों ने किन चीज़ों की फ़रमाइश की?

१९) क्या आप दूध मिली चाय पीना पसंद करते हैं?

२०) आइसक्रीम किन चीज़ों से बनती है?

२१) आपके इंस्टीट्यूट में बुफ़े है, न?

२२) आपके घर में कौन खाना पकाता है?

२३) स्वयंसेवी भोजनालयों में वक़्त क्यों बच जाता है?

२४) क्या आपको काफ़ी पसंद है?

२५) भोजनालय में आप डिज़र्ट के लिये मुख्यत: क्या लेते हैं?

२६) रेस्तराँ में लोग खाने की चीज़ों की फ़िहरिस्त क्यों माँगते हैं?

२७) क्या खीर हिन्दुस्तानी खाना है या युरोपीय?

२८) क्या हिन्दू लोग गोश्त खाते हैं?

२९) आप दिन में कितनी बार खाना खाने के आदी हैं?

३०) आपको कौनसा शोरबा ज़्यादा अच्छा लगता है गोश्त का या सब्ज़ी का?

3. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) रविवार को हम शहर की सैर करने गये। देर तक सैर करने पर हमें भूख लगी और हमने किसी न किसी स्वयंसेवी भोजनालय की तलाश करना शुरू किया। जल्दी ही हमने ऐसा भोजनालय देख लिया। वह सड़क के नुक्कड़ पर था। हम अंदर आये और ख़ाली मेज़ें देखने लगे। भोजनालय में बहुत बड़ी भीड़ थी, क्योंकि दोपहर के खाने का वक़्त था। सब लोग जल्दी ही अपना खाना ख़त्म करना चाहते थे। हम समझ गये कि यहाँ भोजन करना मुश्किल होगा। किसी ने सुझाव रखा कि हम किसी और भोजनालय की तलाश करें। सुझाव हमें काफ़ी उचित लगा और हम

बाहर निकले। आगे जाने पर हमें एक रेस्तराँ मिला। रेस्तराँ के दाम भोजनालय से कुछ महँगे होते हैं परंतु हम बहुत भूखे थे, इसलिये हमने किसी और भोजनालय की तलाश करना नहीं चाहा। रेस्तराँ में भी काफ़ी भीड़ थी लेकिन उतनी बड़ी नहीं। कुछ देर के बाद हम बैठ सके और खाने की फ़रमाइश की। बैरा हमें शोरबा, भुना गोश्त और डिज़र्ट के लिये काफ़ी लाया। खाना खाने के बाद हमने बिल माँगा। बैरा बिल लाया और हमने उसको चुका दिया।

२) पिछले साल सोवियत विद्यार्थियों के एक दल ने भारत का सफ़र किया। उन्हों ने दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता आदि शहर देखे। सभी शहरों में उन्हें किसी न किसी हिन्दुस्तानी परिवार के यहाँ जाने और उस में रहने का मौक़ा मिला। इस तरह वे न सिर्फ़ होटल में बल्कि हिंदुस्तानियों के घरों में भी हिन्दुस्तानी खाना खाते थे। हिन्दुस्तानी खाना युरोपीय खाने से काफ़ी भिन्न है। सब से पहले उसमें ज़्यादा मिर्च और दूसरे मसाले होते हैं। युरोपीय लोग इस तरह का खाना खाने के आदी नहीं हैं क्योंकि उनको तेज़ खाना खाने की आदत नहीं है। परन्तु हमारे विद्यार्थियों ने ऐसा ही खाना खाना चाहा। दिल्ली में वे एक दिन विश्वविद्यालय के एक अध्यापक के यहाँ गये। उनकी पत्नी ने भात, सब्ज़ी का सालन और दाल पकायी। पहली बार ऐसा खाना और ख़ास तौर पर दाल उन्हें अच्छी नहीं लगी। परन्तु बाद में वे इन चीज़ों के इतने आदी हो गये कि सिर्फ़ हिन्दुस्तानी खाना खाते थे। सुबह सवेरे सभी भारतीयों की तरह वे दूध मिली चाय पीते थे और फिर सैर के लिये बाहर जाते थे। वापस आने पर वे भात और दाल खाते थे। इनके साथ वे बहुत सी सब्ज़ी खाते थे। खाना बहुत तेज़ था, इसलिये खाते वक़्त वे सब बहुत पानी पीते थे। वे गोश्त बिलकुल नहीं खाते क्योंकि आम तौर पर बहुत से हिन्दुओं को गोश्त खाने की आदत नहीं है। भारत में मुख्यतः

मुसलमान[2] लोग, क्रिश्चियन[3] लोग तथा सिख[4] लोग गोश्त खाते हैं। परन्तु भारतीय खाने में गोश्त कम होने पर भी वह बहुत स्वादिष्ट और पौष्टिक होता है। सख़्त गर्मी में गोश्त खाना स्वास्थ्य के लिये अच्छा नहीं होता।

दोपहर को विद्यार्थी टमाटर का शोरबा, दाल, खीर और डिज़र्ट के लिये फल खाते थे। शामको वे भुनी रोटी के साथ दूध पीते थे। भारत के लोग कहते हैं कि ख़ाली पेट सोना बहुत लाभदायक होता है। इसलिये शामको विद्यार्थी लगभग कुछ नहीं खाते, कभी कभी थोड़ा सा दूध पीते थे। मास्को लौटने पर विद्यार्थियों ने भारतीय लोगों की आदतों के बारे में बहुत कुछ सुनाया।

३) भारत में ऐसे सख़्त हिन्दू हैं जो न सिर्फ़ गोश्त बल्कि मछली और अंडे भी नहीं खाते। वे दूध भी नहीं पीते। ये लोग चावल, दाल और सब्ज़ी खाते हैं तथा प्यास लगने पर ठंडा पानी पीते हैं। भारत के लोग पुराने समय से हाथों से खाना खाना पसंद करते हैं। अब भी बहुत से लोग ख़ास तौर पर गाँवों के लोग हाथों से खाना खाते हैं। वे काँटे या छुरियाँ काम में नहीं लाते।

४) भारत के आम बाज़ारों में गोश्त नहीं बिकता। वह ख़ास बाज़ारों में बिकता है। उसे मुसलमान लोग बेचते हैं या क्रिश्चियन लोग। मछली भी ख़ास बाज़ारों में बिकती है। भारत की मछलियाँ बहुत मज़ेदार होती हैं। दूध और अंडे हर जगह मिलते हैं। चाँदनी चौक पर कई बड़ी दुकानें हैं जिनमें दूध, दूध की चीज़ें और अंडे बिकते हैं।

५) कनाट प्लैस में एक बड़ी बरतन की दुकान है। उसमें सभी क़िस्म के बरतन बिकते हैं। तरह-तरह की रकाबियाँ, गिलास, प्याले, सुराहियाँ। वहाँ से आप चम्मच,

---

[2] मुसलमान 'мусульманин'.

[3] क्रिश्चियन 'христианин'.

[4] सिख 'сикх'.

काँटे तथा छुरियाँ ख़रीद सकते हैं। मेरे एक दोस्त ने इस दुकान से छः सुंदर जापानी[5] प्याले ख़रीद लिये हैं। मैं ने भी वहाँ से काफ़ी का एक सेट ख़रीदा है। सेट के हर एक प्याले का रंग अलग अलग है। हर एक प्याले पर भिन्न-भिन्न चित्र हैं। भारत की सुराहियाँ भी बहुत सुंदर होती हैं। वे विभिन्न क़िस्म और रंग की होती हैं।

६) (१) भारतीय संगीत युरोपीय संगीत से बहुत भिन्न है। (२) हिमालय पहाड़ की ऊँची चोटियाँ गर्मियों में भी बर्फ़ से ढँकी होती हैं। (३) माँ जी, शोरबे में कम नमक है, क्या मैं और नमक डाल दूँ? (४) अरे, बैरे, एक गिलास उबला पानी लाना! (५) मैं आपकी क्या सेवा करूँ?– बैरे ने पूछा। (६) स्वयंसेवी भोजनालयों में बैरे नहीं होते और लोग ख़ुद अपनी सेवा करते हैं। इससे काफ़ी वक़्त बच जाता है। आप ख़ास खिड़की के पास जाते हैं और जो खाना चाहें ले लेते हैं। आपको खाने की फ़िहरिस्त में देखने और 'यह क्या है, वह क्या है' पूछने की ज़रूरत नहीं होती। पहले और दूसरे कोर्स का खाना आपके सामने साफ़ नज़र आता है। आइये और ले जाइये। (७) इस काफ़ीहाउस में बहुत अच्छी काफ़ी होती है। कुछ लोग 'ब्लेक काफ़ी' पीना पसंद करते हैं, कुछ लोग दूध मिली काफ़ी। काफ़ी के साथ आप आइसक्रीम भी ले सकते हैं। (८) मैं इस सवाल पर आपकी राय जानना चाहता हूँ।–लेकिन इसपर मेरी कोई ख़ास राय नहीं है। (९) बेटा, मुझे रोटी का एक टुकड़ा दो। (१०) मज़दूर ने पत्थर के टुकड़े-टुकड़े कर दिये। (११) यह गाय बहुत सा दूध देती है। (१२) आज माँ ने दो किलोग्राम भेड़ का गोश्त ख़रीद लिया। (१३) मुझे सख़्त उबले अंडे पसंद नहीं हैं, मेरे लिये नीमजोश अंडे लाना। (१४) खाने से पहले सोसेज

---

[5] जापानी 'японский'.

पाँच-दस मिनट के लिए उबलते पानी में डालना ज़रूरी है। (१५) हमारे लिये बड़ी प्रसन्नता की बात है कि आप मास्को आये हैं। (१६) हमारे इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों का एक बहुत अच्छा बैंड है। मैं इस बैंड में पियानो बजाता हूँ। (१७) "बेटा, ओ बेटा!" पास के कमरे से पिता जी ने आवाज़ दी है। (१८) वह सख़्त बीमार था इसलिये धीमी-धीमी आवाज़ में ही बोल सकता था। (१९) उचित होगा कि सब लोग ठीक वक़्त पर आवें। (२०) आख़िर घंटी बज गयी है और पाठ ख़त्म हो गया है।

4. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये और उनका जवाब दीजिये।

(1) Нравятся ли вам индийские кушанья? (2) Какое блюдо из них вам больше всего нравится? (3) Умеете вы готовить плов? (4) Слышали вы когда-нибудь индийскую музыку? (5) Какие яйца вам больше нравятся, вкрутую (सख़्त) или всмятку? (6) Любите ли вы жареную рыбу? (7) Вы хотите есть? (8) Какая столовая в вашем институте? (9) Что сегодня вы возьмете на третье? (10) Что вы хотите заказать себе на обед? (11) Любите ли вы чай с молоком? (12) Кто готовит обед в вашей семье?

5. निम्नलिखित शब्द-समुदायों और वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

भुनी मछली; तेज़ खाना; बातों बातों में; मज़ेदार खाने के लिये मशहूर होना; धीमी आवाज़ में बोलना; शीशे का बर्तन; भेड़ का गोश्त; गाय का गोश्त; पेट भर खाना; वक़्त ख़र्च करना; चाय में शक्कर कम है; नीमजोश अंडा; ख़ाली पेट; मुझे भूख लगी है।

6. निम्नलिखित वाक्यों तथा शब्द-समुदायों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Где остальные люди?; нарезать мясо; накрывать на стол; готовить еду; столовая самообслуживания; берите, что хотите; это экономит ваше время; стакан молока; я хочу пить; подайте, пожалуйста, меню; дело в том, что...; белая скатерть; выходить на улицу; кипяченая вода; чай с молоком; говорить тихо; считать уместным.

7. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. (1) После обеда я выпил бы кофе. (2) Я бы съел хороший обед. (3) Выпьем по стакану молока? (4) Вы можете заказать все, что захотите. (5) Можно подавать мороженое? (6) А не пойти ли нам сегодня в театр? (7) Сестра предложила пойти погулять в парк. (8) Необходимо, чтобы в школьных столовых всегда были свежие фрукты и овощи, а также разнообразные молочные продукты, которые так полезны детям. (9) Скажи официанту, чтобы он принес счет. (10) Если завтра не будет дождя, мы сразу после завтрака отправимся на прогулку. (11) В СССР нет такого города, где бы не было библиотеки. (12) Мы хотим, чтобы ты закончил свою работу к субботе.

II. (1) Мы нашли в лесу речушку, где водится много рыбы. (2) Подайте мне, пожалуйста, тарелку картофельного супа, жареную баранину и кофе с молоком. (3) Деревня, где мы жили в то время, стояла на самом берегу реки.

III. (1) Я не сделал перевод, потому что был болен. (2) Он не прочитал эту книгу, так как был очень занят. (3) Мы потому пошли в ресторан, что наша столовая была закрыта.

8. संज्ञाओं और विशेषणों की यथासम्भव जोड़ियाँ लिखिये।

ख़ाली	शोरबा
नीमजोश	जगह
उबला	सुराही
शीशे का	अंडा
उचित	सुझाव
धीमी	पानी
मज़ेदार	आदमी
भूखा	भोजनालय
स्वयंसेवी	आवाज़
पौष्टिक	भोजन

9. रूसी में अनुवाद कीजिये और मोटे टाइप में छपे शब्द-समुदायों को याद कीजिये।

(१) मास्को के चिड़ियाघर[6] में गर्म देशों के जानवर मास्को

[6] चिड़ियाघर 'зоопарк'.

की **आबोहवा के आदी** हो गये हैं। (२) मैं **तेज़ खाना खाने का आदी** नहीं हूँ। (३) मेरी दादी सुबह को दूध मिली **काफ़ी पीने की आदी** थीं। (४) उसको सोने से पहले एक गिलास **दूध पीने की आदत पड़ गयी है**। (५) बहुत से हिन्दुओं को कोई भी **गोश्त खाने की आदत नहीं**। (६) उसने सिनेमा **जाने का सुझाव रखा**। (७) उसने **सुझाव रखा है कि चलें, सिनेमा देखें**। (८) मेरे दोस्त ने भुनी मछली **लेने का सुझाव रखा**। (९) मेरे दोस्त ने **सुझाव रखा है कि हम भुनी मछली लें**। (१०) दिल्ली में आये यात्रियों ने **शहर की सैर की**। (११) हम मस्क्वा **नदी की सैर करना चाहते हैं**। (१२) मैं **आपकी क्या सेवा कर सकता हूँ**? (१३) देश और उसके **लोगों की सेवा** सब से महत्त्वपूर्ण सेवा है। (१४) मैं **आपकी सेवा में उपस्थित** हूँ। (१५) **हाल ही में** वह यहाँ काम करने आया है। (१६) **थोड़ी देर के बाद** वह यहाँ से जानेवाला है। (१७) यहाँ आप **जो कुछ भी चाहें** ख़रीद सकते हैं। (१८) वह **जो चाहे** करे। (१९) मुझे **एक टुकड़ा रोटी (काग़ज़, कपड़ा)** दीजिये। (२०) इस बड़े **पत्थर के टुकड़े-टुकड़े करना** ज़रूरी है।

10. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) हमें दो ... चाय दीजिये। (२) हिन्दुस्तानी खाने की चीज़ों में बहुत सी ... होती है। (३) मेरे लिये एक गिलास ... पानी ले आइये। (४) दूध ... और ... चीज़ है। बच्चे ... पीना बहुत पसंद करते हैं। (५) इस नदी में तरह-तरह की ... मिलती हैं। (६) यह ... उबले पानी से भर देना। (७) ... दो क़िस्म का होता है, गोश्त का या सब्ज़ी का। (८) आज का शोरबा मज़ेदार नहीं है क्योंकि उसमें कोई भी ... नहीं है। (९) कज़ाख़ और उज़बेक़ लोग भेड़ का ... बहुत खाते हैं। (१०) भारतीयों को तेज़ खाना खाने की ... है। (११) मुझे बड़ी ... लगी है, सुबह से कुछ नहीं खाया। (१२) रेगिस्तानों में सदा गर्मी होती है और

लोगों को बड़ी ... लगती है। (१३) इस रेस्तराँ का ... बहुत मज़ेदार खाना तैयार करता है। (१४) चैकोव्स्की का ... दुनिया भर में मशहूर है। (१५) मेज़ नये साफ़ ... से ढँकी थी। (१६) पुलाव में ... ज़्यादा है, इसलिये इसमें कोई मज़ा नहीं है। (१७) एवरेस्ट की चोटी सदा बर्फ़ से ... है। (१८) ... ट्राम नज़र ग्रायी है। (१९) बैरे, हमें खाने की ... दिखाग्रो। (२०) यह भोजनालय ... है, यहाँ ... नहीं होते जो ग्रापकी ... करें। (२१) स्वयंसेवी भोजनालय में खाना खाने से काफ़ी ... बच जाता है। (२२) ग्राप के घर में कौन खाना ... है? (२३) दूसरे ... के लिये मैं खीर ले लूँगा। (२४) साहब, ... के लिये क्या खाएँगे?— ग्राइसक्रीम लाइये। (२५) इस सुझाव पर ग्रापकी ... क्या है? (२६) पहले कोर्स के लिये हम ग्रालू का ... लेंगे।

11. हिन्दी में ग्रनुवाद कीजिये।

I. В нашем институте есть большая столовая самообслуживания. С часу до двух в институте перерыв на обед. Обедают все: студенты и преподаватели. Вот к окошку подходят две девушки, Маша (माशा) и Вера (वेरा). «Я очень хочу есть. Что сегодня на обед?» — спрашивает Маша. «Вот меню. Бери, что хочешь», — отвечает Вера. Девушки берут суп, жаркое с овощами и кофе на третье. Они платят деньги и занимают свободный столик. Столик покрыт белой скатертью, на нем стоит хлеб, соль, перец и горчица. Девушки ставят на стол тарелки, кладут ложки, вилки, ножи. Вера берет графин и наливает в стакан воду. «Вера, зачем ты пьешь воду перед едой?» — спрашивает Маша. «Я очень хочу пить». Девушки едят суп, мясо, овощи, пьют кофе. Обед окончен.

II. Мой друг очень любит музыку. Он сам довольно хорошо играет на фортепьяно. Недавно студенты нашего института создали оркестр. Мой друг играет в этом оркестре на фортепьяно. Оркестр исполняет русскую, советскую и зарубежную музыку. За короткий срок оркестр приобрел большую популярность среди студентов нашего города. Сейчас оркестр готовится к поездке в Ленинград.

III. Вечером мы долго гуляли по городу, а потом зашли в кафе, сели за столик и заказали мороженое и по чашке кофе. В

кафе тихо играл небольшой оркестр. Мы сидели в удобных креслах, ели мороженое, пили кофе и слушали музыку. В тот вечер мы очень хорошо отдохнули.

IV. (1) Индийцы кладут в пищу много перца. (2) Индийцы приготовляют много разнообразных блюд из гороха. (3) Давайте сядем за тот стол в углу, возле окна. (4) Я бы с удовольствием съел кусок жареного мяса. (5) Как вкусна уха на берегу реки! (6) Мы с удовольствием выпили бы по чашке кофе. (7) Где вы купили мандарины? — У нас в буфете. (8) В нашей группе осталось всего три студента, остальные уехали в Индию на практику (अभ्यास करने के लिए). (9) Дайте мне список студентов, уезжающих на экскурсию в Ленинград. (10) Молоко — очень питательный и вкусный продукт. Его хорошо пить натощак. (11) Наконец-то вы пришли!

12. रूसी में अनुवाद कीजिये।

मास्को के कुछ चित्र

(अनुकूलित[7])

लेखक[8] यशपाल जैन

१) लाल चौक के पूर्व में दो बड़ी इमारतें हैं। एक में सरकारी दफ़्तर है, दूसरी में रूस की सब से बड़ी दुकान 'गुम' है, अर्थात् सब प्रकार की चीज़ों की सरकारी दुकान। यह दुकान क्या, अच्छा बाज़ार है। यहाँ सारी चीज़ें एक ही इमारत में मिल जाती हैं। यह दुकान कई मंज़िलों की है। लगभग चार हज़ार लोग इस में काम करते हैं।

२) मास्को के केंद्रीय भाग में लेनिन पुस्तकालय है, वह १८६२ में क़ायम हुआ। संसार की १६० भाषाओं की लगभग २ करोड़ पुस्तकें उसमें हैं। कई मंज़िलों की इमारत है। पुस्तकें पढ़ने के लिये १८ हॉल[9] हैं जिनमें आरामदेह कुर्सियों के सिवा हवा आने आदि की भी उचित व्यवस्था है। एक

---

[7] अनुकूलित 'адаптированный'.

[8] लेखक 'писатель'.

[9] हॉल 'зал'.

साथ २५०० लोग पुस्तकें पढ़ सकते हैं। विभिन्न देशों से बहुत से समाचारपत्र भी वहाँ आते हैं।

३) मास्को विश्वविद्यालय मास्को की सब से ऊँची तथा शानदार इमारत है। लेनिन पहाड़ पर उसका निर्माण १ सितंबर १९५३ को हुआ। नगर के केंद्र से दूर वह विश्वविद्यालय उस स्थान में स्थित है जो स्वास्थ्य के लिये बड़ा लाभदायक है। विश्वविद्यालय की इमारत ३१ मंज़िलों की है। उसकी ऊँचाई २४० मीटर है। ऊपर ज़ाने के लिये लिफ़्ट लगा है। शिक्षा के साथ ही छात्रालय, खेल-कूद, आराम, संग्रहालय, आदि की व्यवस्था भी इस इमारत के भीतर है। मास्को नदी के किनारे पर होने के कारण उसकी सुंदरता और बढ़ जाती है। रूसमें ३६ विश्वविद्यालय हैं और ७५० इंस्टीट्यूट हैं, लेकिन संसार के विश्वविद्यालयों में प्रमुख स्थान इस विश्वविद्यालय का ही है। उसमें १३ फ़ेकल्टियाँ[10] हैं। २३ हज़ार विद्यार्थी हैं। उसके पुस्तकालय में १० लाख से अधिक पुस्तकें हैं।

इमारत की दीवारों पर मशहूर रूसी और सोवियत लोगों के चित्र लटक रहे हैं। विद्यार्थियों का अपना थियेटर है। छात्रालय में लगभग दस हज़ार लड़के-लड़कियाँ रहते हैं। संग्रहालय विश्वविद्यालय की सब से ऊपरी मंज़िल में है। वहाँ से मास्को नगर की तसवीर बड़ी अच्छी लगती है।

13. इस कहानी का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

В магазине

В Москве много продовольственных магазинов. И на нашей улице есть два больших красивых магазина. В этих магазинах постоянно много покупателей.

Вера Ивановна тоже всегда ходит в эти магазины. Вот она входит в один из них. В магазине несколько отделов (विभाग *м.*).

---

[10] फ़ेकल्टी ‘факультет’.

Налево от входа продают мясо, рыбу и другие продукты. Направо от входа продают колбасы, фрукты, овощи.

За прилавками стоят продавцы. На прилавках под стеклом лежат образцы товаров. Висят ярлычки (लेबिल *м.*) с ценами. Все видят, сколько стоит товар.

Вера Ивановна подходит к прилавку, где продается колбаса. Здесь уже стоит несколько покупателей. Один покупает триста граммов колбасы, другой — двести. Вера Ивановна тоже покупает колбасу. Потом она идет за мясом и покупает килограмм говядины и килограмм баранины. В молочном отделе Вера Ивановна покупает молоко и десяток яиц.

В рыбном отделе Вера Ивановна просит взвесить два килограмма рыбы. Потом она берет сахар и бананы. Она платит деньги, выходит из магазина и отправляется домой.

Магазин самообслуживания на нашей улице открылся недавно. Все товары открыто лежат на прилавках, а продавцов нет. Покупатели ходят по магазину и берут те продукты, которые им нужны. Стоимость продуктов они оплачивают при выходе.

14. मोटे टाइप में छपे शब्दों और शब्द-समुदायों के लिये प्रश्न बनाइये।

(१) मेरे लिए **सब्ज़ी का** सालन लाओ। (२) पुलाव **मज़ेदार** खाना है। (३) सुराही **पानी से** भरना ज़रूरी है। (४) हम **सैर** के लिए बाहर गये। (५) सोने से पहले **पेट भर खाना** अच्छा नहीं है। (६) हम **प्रसन्नता के साथ** उनसे मिलने गये। (७) 'भाई, मदद करो' — उसने **धीमी आवाज़ में** पुकारा। (८) गोश्त **राई** के साथ खाना अच्छा है। (९) मेज़ **मेज़पोश से** ढँकी है। (१०) बैरे, हमें **खाने की चीज़ों की** फ़िहरिस्त दिखाना। (११) मुझे टमाटर का शोरबा लाना, वह कल मुझे **अच्छा** लगा। (१२) उन्हें **काग़ज़** के दो टुकड़े दीजिये। (१३) मैं ने अभी **दोपहर का** खाना नहीं खाया, इसलिये मुझे भूख लगी है। (१४) स्वयंसेवी भोजनालय में **वक़्त** बच जाता है। (१५) **इस सवाल** पर उसकी कोई अपनी राय नहीं है।

15. निम्नलिखित संज्ञाओं के साथ जितने विशेषण प्रयुक्त[11] हो सकते हैं उन सब को लिखिये।

उदाहरणार्थ[12], अच्छा, बुरा, बड़ा, छोटा, साफ़-सुथरा, गर्म, ठंडा, बढ़िया, रोशन, ख़ाली, आरामदेह, रिहायशी कमरा।

सवाल, नगर, फल, सड़क, पेड़, पुस्तक, पानी, देश, दिन, जवाब।

16. अपने इंस्टीट्यूट के भोजनालय के बारे में एक कहानी लिखिये।

17. निम्नलिखित बातचीत का अनुवाद कीजिये।

—क्या आपने नाश्ता कर लिया है?

—अभी तक नहीं।

—आइये, हम नाश्ता करें।

—ख़ुशी से। मुझे बहुत भूख लगी है।

—चलिये, खाने के कमरे में चलें।

—क्या वह मेज़ ख़ाली है?

—हाँ, साहब, ख़ाली है।

—चलें, इस मेज़ पर बैठें।

—यहाँ कौन फ़रमाइश लेता है?

—मैं हूँ, साहब।

—खाने की चीज़ों की फ़िहरिस्त लाना।

—यह लीजिये।

—गुप्त जी, आप गोश्त खाते हैं?

—नहीं भाई, हम गोश्त बिलकुल नहीं खाते।

—बैरे, हमारी फ़रमाइश अलग अलग होगी। गुप्त जी, पहले आप।

—अच्छा, लिखना: भात, दाल, भुनी रोटियाँ, दो नीमजोश अंडे। बाद में दूध मिली चाय, बस।

—ठीक है, साहब।

---

11 प्रयुक्त 'употребленный'.

12 उदाहरणार्थ 'например'.

—मेरी फ़रमाइश भी लिखो। भुनी मछली, गोश्त का सालन, दो गिलास काफ़ी और दाल भी लाना। लेकिन देखना कि ज़्यादा नमक न हो।

—बहुत अच्छा, साहब, अभी लाता हूँ आपका खाना।

* * *

—हैलो, मिस्टर इवानोव! आप यहाँ कैसे हैं? कितनी ख़ुशी की बात है!

—नमस्ते जी, कहिये, क्या हाल है आपका?

—आपकी दुआ से सब ठीक है। कब आये हैं?

—तीन दिन पहले।

—क्या आप रेस्तराँ जा रहे हैं? मैं भी वहाँ जाता हूँ। अगर चाहें तो दाल-रोटी साथ खाएँगे।

—ख़ुशी से। कहाँ जाएँ?

—'ताज' में। उसमें बहुत अच्छा खाना बनता है। और वह बिलकुल नज़दीक है, इस नुक्कड़ पर। चलें।

—नमस्ते साहब, यहाँ इस मेज़ के पास बैठिये। आपकी क्या सेवा करूँ?

—सब से पहले खाने की फ़िहरिस्त दिखाना। इवानोव साहब, क्या खाना मँगायें?

—सारा भोजन अपनी मर्ज़ी के अनुसार मँगाइये क्योंकि मुझे यहाँ के खाने के बारे में कम मालूम है।

—अच्छा जी। भाई, हमारे लिये टमाटर का शोरबा लाना, इसके बाद मछली, लेकिन बावरची को कहना कि वह इसमें काफ़ी मसाले न डाले। मछली के साथ भुना आलू भी लाना। फिर गोश्त की क्या चीज़ें हैं यहाँ?

—बकरे के गोश्त का सालन, भेड़ के गोश्त का पुलाव, गाय का भुना गोश्त भी है।

—मैं पुलाव सब से ज़्यादा पसंद करता हूँ।

—एक पुलाव लाना और मेरे लिये सब्ज़ी। गर्मियों में मैं गोश्त बहुत कम खाता हूँ।

—हमारा रेस्तराँ आइसक्रीम के लिये मशहूर है।

—तुम्हारी बात ही ठीक है। दो आइसक्रीम लाना और आख़िर में काफ़ी।

—मेरे लिये चाय लाना। मज़ा सिर्फ़ अच्छी चाय में है।

—बहुत अच्छा साहब, अभी लाता हूँ।

—भाई, एक और छुरी लाना।

—बहुत अच्छा।

(खाने के बाद)

—बिल ले आओ।

—लीजिये, दस रुपये बावन पैसे का है।

—यह लो, ग्यारह रुपये। बाक़ी पैसे तुम ही ले लो।

—शुक्रिया, साहब, कभी फिर आइये।

18. निम्नलिखित संख्याओं को हिन्दी में लिखिये।

25 634 845; 106 972 381; 948 796 403; 655 648 950; 33 787 902; 75 913 666; 899 358 778; 202 532 938; 609 307 909; 99 999 999।

19. निम्नलिखित संख्याओं को रूसी में लिखिये।

१२ करोड़ ५० लाख ३३ हज़ार; ५ करोड़ २६ लाख तीन हज़ार ६८७; १०२५ करोड़; १० अरब २० करोड़ ६० लाख ८८ हज़ार; १६ अरब ५० करोड़ ९९ लाख ८९ हज़ार ६३९।

УРОК XII

ГРАММАТИКА

ГЛАГОЛ

ПРЕДПРОШЕДШЕЕ ВРЕМЯ

ОБРАЗОВАНИЕ ПРЕДПРОШЕДШЕГО ВРЕМЕНИ

Предпрошедшее время так же, как и перфект, является формой сложной, аналитической. Оно образуется сочетанием простого причастия прошедшего времени спрягаемого (основного) глагола с простой формой прошедшего несовершенного времени глагола होना 'быть', например: वह पहले ही यहाँ आया था 'Он раньше (заранее) сюда пришел'.

СПРЯЖЕНИЕ НЕПЕРЕХОДНОГО ГЛАГОЛА निकलना 'ВЫХОДИТЬ'

Субъектная конструкция

В субъектной конструкции в формах предпрошедшего времени причастие и вспомогательный глагол изменяются по родам и числам; в женском роде причастие имеет единую форму для обоих чисел.

Мужской род

Ед. число	Мн. число
मैं निकला था	हम निकले थे
तू निकला था	तुम निकले थे
	आप निकले थे
यह, वह निकला था	ये, वे निकले थे

Женский род

Ед. число	Мн. число
मैं निकली थी	हम निकली थीं
तू निकली थी	तुम निकली थीं
	आप निकली थीं
यह, वह निकली थी	ये, वे निकली थीं

Переходные глаголы в субъектной конструкции не употребляются. Они выступают в объектной или нейтральной конструкции, например (объектная конструкция): उसने यह किताब पढ़ी थी ‘Он читал эту книгу’; (нейтральная конструкция): मैंने इस आदमी को देखा था ‘Я видел этого человека’.

СПРЯЖЕНИЕ ПЕРЕХОДНОГО ГЛАГОЛА पढ़ना ‘ЧИТАТЬ’

Объектная конструкция

В объектной конструкции в формах предпрошедшего времени причастие и вспомогательный глагол согласуются с прямым дополнением в роде и числе. В женском роде формы причастий единственного и множественного числа совпадают.

Мужской род

Единственное и множественное число

मैं ने पत्र (दो पत्र) पढ़ा था (पढ़े थे)	‘я прочитал(а) письмо (два письма)’
तू ने पत्र (दो पत्र) पढ़ा था (पढ़े थे)	‘ты прочитал(а) письмо (два письма)’
इस ने, उस ने पत्र (दो पत्र) पढ़ा था (पढ़े थे)	‘он (она) прочитал(а) письмо (два письма)’

Женский род

Единственное и множественное число

हम ने किताब (दो किताबें) पढ़ी थी (पढ़ी थीं)	‘мы прочитали книгу (две книги)’
तुम ने किताब (दो किताबें) पढ़ी थी (पढ़ी थीं)	‘вы прочитали книгу (две книги)’
आप ने किताब (दो किताबें) पढ़ी थी (पढ़ी थीं)	‘Вы прочитали книгу (две книги)’
इन्हों ने, उन्हों ने किताब (दो किताबें) पढ़ी थी (पढ़ी थीं)	‘они прочитали книгу (две книги)’

Нейтральная конструкция

В нейтральной конструкции и причастие и вспомогательный глагол выступают в форме мужского рода единственного числа.

Мужской и женский род

Единственное и множественное число

मैं ने पत्र (चिट्ठी, दो पत्रों, दो चिट्ठियों) को पढ़ा था	'я письмо (два письма) прочитал(а)'
तू ने पत्र (चिट्ठी, दो पत्रों, दो चिट्ठियों) को पढ़ा था	'ты письмо (два письма) прочитал(а)'
इस ने, उस ने पत्र (चिट्ठी, दो पत्रों, दो चिट्ठियों) को पढ़ा था	'он (она) письмо (два письма) прочитал(а)'
हम ने पत्र (चिट्ठी, दो पत्रों, दो चिट्ठियों) को पढ़ा था	'мы письмо (два письма) прочитали'
तुम ने पत्र (चिट्ठी, दो पत्रों, दो चिट्ठियों) को पढ़ा था	'вы письмо (два письма) прочитали'
आप ने पत्र (चिट्ठी, दो पत्रों, दो चिट्ठियों) को पढ़ा था	'Вы письмо (два письма) прочитали'
इन्हों ने, उन्हों ने पत्र (चिट्ठी, दो पत्रों, दो चिट्ठियों) को पढ़ा था	'Они письмо (два письма) прочитали'

ЗНАЧЕНИЕ ПРЕДПРОШЕДШЕГО ВРЕМЕНИ

По своему значению эта форма времени является относительной. Она используется:

1. Для обозначения действия, совершившегося либо ранее другого прошедшего действия, либо до определенного момента в прошлом, который может быть обозначен и не обозначен (например, к пяти часам, к понедельнику, к концу года, до моего прихода): हम घूमने के लिये बाहर गये क्योंकि बारिश बन्द हो गयी थी 'Мы пошли гулять, так как дождь перестал'; पाँच बजे तक उसने अपना काम ख़त्म किया था 'К пяти часам он закончил свою работу'; मेरे पहुँचने से पहले ही वह चला गया था 'Он ушел еще до моего прихода'

Более позднее действие обычно обозначается прошедшим совершенным временем глагола-сказуемого, например: जब वह आयी हम ने चिट्ठियाँ लिखी थीं ‘Когда она пришла, мы письма [уже] написали’; मैं घर से निकला ही था कि वे आये ‘Я только вышел из дома, как они пришли’.

2. Для обозначения действия, которое еще не успело совершиться до осуществления другого прошедшего действия. В этом случае при формах предпрошедшего времени имеется отрицательная частица, например: अभी हम पहुँचे न थे कि वे चले गये ‘Мы еще не успели прибыть, как они ушли’.

3. Для обозначения законченных действий, совершившихся в [отдаленном] прошлом и непосредственно не предшествовавших никаким другим действиям, например: अक्तूबर समाजवादी क्रांति १९१७ में हुई थी ‘Октябрьская социалистическая революция совершилась в 1917 году’; १९४७ में भारत स्वतंत्र देश हो गया था ‘В 1947 году Индия стала независимой’.

СЛОЖНЫЕ ОТЫМЕННЫЕ ГЛАГОЛЫ С ОТВЛЕЧЕННЫМ ОТГЛАГОЛЬНЫМ ИМЕНЕМ СУЩЕСТВИТЕЛЬНЫМ В КАЧЕСТВЕ ИМЕННОЙ ЧАСТИ

Кроме отыменных глаголов, рассмотренных в уроке V, в языке хинди довольно широко употребляются сложные отыменные глаголы, представляющие собой сочетание отглагольных существительных с отвлеченным значением, образованных от основы глагола посредством суффикса ई (आई), и глаголов देना ‘давать’ и पड़ना ‘падать’, ‘случаться’, ‘встречаться’.

Инфинитив		Основа	Отглагольное существительное	
दिखाना	‘показывать’	दिखा	दिखाई	‘показывание’, ‘вид’, ‘видимость’
सुनना	‘слушать’	सुन	सुनाई	‘слушание’
पकड़ना	‘ловить’	पकड़	पकड़ाई	‘схватывание’

Отыменный глагол

दिखाई देना.	‘появляться’, ‘показываться’, ‘виднеться’
दिखाई पड़ना	‘казаться’, ‘виднеться’

सुनाई देना 'слышаться', 'раздаваться'
सुनाई पड़ना 'слышаться', 'раздаваться'
पकड़ाई देना 'быть схваченным'.

Указанные сложные отыменные глаголы с देना являются непереходными и в формах, образующихся простым причастием прошедшего времени, не требуют послелога деятеля ने, например: सड़क में एक आदमी दिखाई दिया 'На улице показался человек'; किसी की आवाज़ सुनाई दी 'Раздался чей-то голос'.

Как видно из примеров, особенностью рассматриваемых отыменных глаголов является полная утрата ими грамматической расчлененности, т. е. в них именная часть (например: दिखाई, सुनाई) утратила формальные свойства имени существительного; она лишь называет действие. Утрата грамматической расчлененности, в частности, проявляется в том, что глагольная часть сказуемого в предложении, выраженная глаголом देना, согласуется не с именной частью, а с подлежащим, например: अचानक कोई गाँव दिखाई दिया 'Неожиданно показалась какая-то деревня'.

СОЧЕТАНИЯ С КОМПЛЕТИВНЫМ ГЛАГОЛОМ चुकना *'ОКАНЧИВАТЬСЯ', 'КОНЧАТЬСЯ'*

Сочетания с комплетивным глаголом चुकना широко употребляются в языке хинди.

Комплетивный глагол चुकना 'оканчиваться', 'кончаться' в сочетании с основой любого другого глагола передает значение полной завершенности, исчерпанности действия или состояния, обозначенного основой.

В этом сочетании основа первого глагола сохраняет лексическое значение инфинитива, соответствующее в зависимости от контекста значению инфинитива глагола несовершенного или совершенного вида в русском языке, например: पढ़ चुकना 'окончить читать', 'прочитать', लिख चुकना 'окончить писать', 'написать'.

Значение, привносимое глаголом चुकना, очень часто соответ-

ствует значению русского наречия «уже». В таких случаях основа первого глагола имеет значение соответствующей неличной или личной глагольной формы, например: आ चुकना 'уже прийти', वे आ चुके हैं 'они уже пришли'.

В сочетаниях с комплетивным глаголом चुकना словоизменению, по типу непереходных глаголов, подвергается только глагол चुकना, например: हम उस से यह कह चुके थे 'Мы уже это ему сказали'.

Сочетание «основа глагола + комплетивный глагол चुकना» употребляется преимущественно в совершенных глагольных формах, реже — в будущем I.

При употреблении глагола चुकना с двумя или несколькими основами он обычно ставится один раз — после последней из них: वह चिट्ठी लिख भेज चुका है 'Он уже написал и отослал письмо'.

अभ्यास

1. निम्नलिखित क्रियाओं की पूर्ण भूतकाल में काल-रचना कीजिये।

जाना, बचना (पुलिंग और स्त्रीलिंग में); चिट्ठी लिखना; खाना पकाना; घर को देखना।

2. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) उसने नये पाठ के शब्द नहीं सीखे थे इसलिये अध्यापक बहुत नाराज़ हुए। (२) क्या हमीद जी, पहले आप कभी हमारे यहाँ आये थे? (३) जब वे हमारे यहाँ पहुँचे, मेरा बड़ा भाई राम काम पर चला गया था। (४) मैं ने यह सवाल उससे कई बार किया था, लेकिन इस का जवाब नहीं मिला। (५) सीता सोयी थी, इसलिये माँ जी ने उसे फ़ोन पर नहीं बुलाया। (६) आपने मेरी आवाज़ तो सुनी थी, लेकिन उठे भी क्यों नहीं? (७) १८५७ में सारा हिन्दुस्तान एक हुआ था। (८) हमने गोपाल को पचास रुपये दिये थे लेकिन उसने ये रुपये हमें अभी तक वापस

नहीं दिये। (९) तुमने उसको बुलाया था, फिर भी वह नहीं ग्राया। (१०) कुछ दिन पहले यहाँ मेरा एक मित्र ग्राया था। (११) क्या ग्राप भारत गये थे? (१२) पहाड़ों पर चढ़ना काफ़ी मुश्किल था क्योंकि पहाड़ों में बहुत बर्फ़ पड़ी थी। (१३) एवरेस्ट की चोटी से उतरने से पहले तेन सिंह ग्रौर हिलेरी ने वहाँ पर भारत का झंडा लगाया था। (१४) मैंने भेड़ के गोश्त की फ़रमाइश इसलिये नहीं की कि इससे पहले मैं ने भुनी मछली खायी थी।

3. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में ग्रनुवाद कीजिये।

(1) Мы пришли в столовую раньше, чем он, и заказали обед. (2) В 1955 году мой брат побывал на Дальнем Востоке (सुदूर पूर्व). (3) В XV веке (सदी *ж*) Индию посетил русский путешественник Афанасий Никитин. (4) Месяц назад я написал другу письмо, но до сих пор не получил ответа. (5) Пароход давно прибыл в порт, но из-за шторма не мог подойти к берегу. (6) Мы уже закончили работу, когда он пришел. (7) Мы с ним старые друзья. Впервые мы встретились с ним в 1929 году в Ленинграде. (8) Не успел он приехать, как простудился и заболел. (9) Мы послали им телеграмму, так как не получили ответа на наше письмо. (10) Он сказал мне, что говорил вчера об этом с нашим преподавателем. (11) Вчера я получил, наконец, письмо от своего старшего брата. Долгое время я не имел от него никаких известий. (12) В тот день мои сестры пришли домой поздно. Вместе с ребятами из своей школы они ходили в Исторический музей и Музей В. И. Ленина. (13) Перед тем как лечь спать, она выпила стакан молока. (14) Я узнал об этом еще до того, как вернулся в Москву. (15) Не успели мы сесть, как в комнату вошла наша преподавательница. (16) Мы закончили работу к семи часам вечера. (17) Он уехал в Индию в прошлом году и до сих пор работает там. (18) Я не видел его с 1940 года и был очень рад встрече. (19) Она сказала, что отправила телеграмму брату еще вчера.

4. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में ग्रनुवाद कीजिये।

(१) जब हम बाज़ार पहुँचे सब दुकानें बन्द हो चुकी थीं। (२) चलिये, खाना खायें?—शुक्रिया, मैं ग्रभी खा चुका हूँ। (३)

यह कारख़ाना १६८१ तक बन चुकेगा। (४) जब पिता जी चिट्ठी लिख चुके थे, मैं उसको लेटर-बक्स में डालने गया। (५) जब वे यह किताब पढ़ चुकेंगे तभी हम इसपर बातें करेंगे। (६) तुम कब तक यह काम कर चुकोगे? (७) मैं यह कहानी पढ़ चुका हूँ। (८) जब वे सब खा पी चुके थे तो सैर करने गये। (६) आठ बज चुके हैं, अब मेरे लिये जाना ज़रूरी है। (१०) कल वह यह चीज़ डाक द्वारा भेज चुका था। (११) वह मुझे अपनी नयी कहानी पढ़ सुना चुकी है। (१२) हम अपनी पढ़ाई ख़त्म कर चुके हैं। (१३) बच्चा सो चुका है। (१४) जब हम मास्को आये, जगतसिंह भारत के लिये रवाना हो चुका था। (१५) चलिये, सैर करें, बारिश ख़त्म हो चुकी है।

5. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) К пяти часам они (уже) перевели эту статью на язык хинди. (2) К началу нового учебного года он вернулся из отпуска. (3) Мы уже встали и поели, когда пришел отец. (4) Торопись, поезд вот-вот уйдет. (5) Если вы вернетесь в семь часов, я к тому времени кончу свои дела, и мы пойдем в кино. (6) Она уже пришла домой, когда пошел дождь. (7) Когда Хамид вошел в кинотеатр, фильм уже начался. (8) Мы уже пообедали и собирались уходить, когда он вошел в столовую. (9) Он уже спал, когда вы позвонили. (10) Рашид вошел в аудиторию, когда урок уже начался. (11) Вы опоздали, собрание уже кончилось. (12) Мы уже сделали все упражнения одиннадцатого урока. (13) Рабочий день кончился, и он уже уехал домой. Позвоните завтра. (14) Я уже два раза был в Ленинграде. (15) Они уже видели этот фильм в доме отдыха. (16) Он уже выпил две чашки кофе.

पाठ

मास्को की मैट्रो (भूगर्भीय रेलवे)

(यशपाल जैन की पुस्तक 'रूस में छियालीस दिन' के आधार पर)

मैट्रो की ख्याति मैं पहले ही सुन चुका था। इसलिये उसे देखने की बहुत इच्छा थी। मास्को पहुँचने से पहले मैं ने

अनेक व्यक्तियों से कहा था कि मैट्रो ज़रूर देखूँगा। मास्को पहुँचने पर एक शाम को मैं मैट्रो देखने गया। वास्तव में उसकी जो ख्याति सुनी थी वह सच निकली। जब बाद में पेरिस, लंडन और न्यू-यार्क की भूगर्भीय रेलें देखीं तो मेरा यह ख़्याल और भी मज़बूत हो गया। मास्को की मैट्रो की बराबरी उनमें से कोई नहीं कर सकता। वह वास्तव में यातायात का बढ़िया साधन बन गयी है।

मास्को में जहाँ-जहाँ मैट्रो के स्टेशन हैं वहाँ-वहाँ ज़्यादातर ऊपर एक इमारत बनी है। इमारत के बाहर "M" चिह्न दिखायी देता है। रात में यह बिजली की लाल रोशनी में ख़ूब चमकता है और इसलिये दूर से ही साफ़ दिखायी पड़ता है। उससे यात्रियों को पता चल जाता है कि वहाँ पर मैट्रो का स्टेशन है। अंदर टिकटघर है। पाँच कोपेक का टिकट लेने के बाद सीढ़ियों पर जाने से पहले एक ख़ास गेट होता है, जहाँ टिकट जाँचनेवाली औरत खड़ी रहती है। उसे टिकट दे देने के बाद आप बिजली से चलती सीढ़ियों पर, जिन्हें वहाँ के लोग ऐस्केलेटर कहते हैं खड़े हो जाते हैं और ऐस्केलेटर की सहायता से नीचे जाते हैं। हर जगह सीढ़ियों की कम-से-कम दो क़तारें होती हैं। एक ऊपर से नीचे जानेवाली, दूसरी नीचे से ऊपर आनेवाली। जिन्हें जल्दी होती है वे ख़ुद भी सीढ़ियों पर तेज़ी से दौड़ते हैं। जिन-जिन देशों में सुरंग की रेलें हैं, उन-उन में इस प्रकार की बिजली से चलनेवाली सीढ़ियाँ हैं। पर पेरिस, लंडन, न्यू-यार्क आदि की तुलना में सब से अधिक सुविधाजनक और अच्छी सीढ़ियाँ मास्को की हैं।

सीढ़ियाँ उतरने के बाद आप नीचे प्लेटफ़ार्म पर पहुँच जाते हैं। यहाँ यात्री गाड़ियों की प्रतीक्षा करते हैं। मास्को की मैट्रो के प्लेटफ़ार्म बहुत साफ़ दिखायी देते हैं। सफ़ाई और कला की दृष्टि से मास्को की मैट्रो बेजोड़ है। मैट्रो की हवा भी बहुत साफ़ है। ऊपर से ताज़ा हवा आने की अच्छी

व्यवस्था है। आप कभी भी अनुभव न करेंगे कि आप किसी तहख़ाने में जा पहुँचे हैं। हर स्टेशन की अपनी अलग शैली है। लगभग सब में संगमरमर की दीवारें और खंभे हैं। हवादार हॉलों की दीवारों और छतों पर चित्रकला के बहुत अच्छे नमूने हैं। छतों में झाड़-फ़ानूस लटके हैं। स्टेशन के ये हॉल महल जैसे हैं। पिछले ज़माने में सिर्फ़ बादशाहों और बहुत अमीर लोगों के ही ऐसे बड़े-बड़े महल होते थे। हर स्टेशन की शैली निकट के क्षेत्र की विशेषता के आधार पर होती है। उदाहरण के लिये 'प्लोश्चद स्वेर्दलोवा' को लीजिये। चूँकि वह नगर के प्रसिद्ध थियेटर के निकट है, इसलिये इस स्टेशन पर थियेटर से सम्बन्धित चित्र लगे हैं। लेकिन उसके निकट का 'प्लोश्चद रिवोल्यूत्सी' स्टेशन बिलकुल भिन्न है। वह लाल संगमरमर से बना है और वहाँ पर अक्तूबर क्रांति और सोवियत लोगों के जीवन से सम्बन्धित मूर्त्तियाँ हैं।

हर स्टेशन में दो सुरंगें होती हैं। एक सुरंग रेलों के आने के लिये होती है, और दूसरी जाने के लिये। गाड़ियाँ क़रीब हर मिनट-डेढ़ मिनट के फ़र्क़ से आती जाती हैं। यानी घंटे में तीस से चालीस तक गाड़ियाँ चलती हैं। रेलगाड़ी जब आ जाती है तो उसके दरवाज़े आप से आप खुल जाते हैं। तब यात्री उतरते हैं और इसके बाद प्लेटफ़ार्म पर खड़े दूसरे यात्री गाड़ी में चढ़ने लगते हैं। यात्रियों के चढ़ जाने के बाद दरवाज़े आप से आप बंद हो जाते हैं।

रेलगाड़ियाँ बड़ी साफ़-सुथरी और आरामदेह हैं। नीचे यातायात की रुकावट न होने के कारण वे बड़ी तेज़ी से चलती हैं। गाड़ियों की सीटें बड़ी आरामदेह हैं, वे सब गद्दीदार हैं और चमड़े से ढँकी हैं। हर गाड़ी में ४ से ७ तक डिब्बे होते हैं और हर डिब्बे में ५२ मुसाफ़िरों के बैठने का स्थान होता है और १२० के खड़े होने का।

मैट्रो द्वारा लगभग ५० लाख व्यक्ति प्रतिदिन आते जाते हैं। सुबह सवेरे मैट्रो में बड़ी भीड़ लगती है क्योंकि मज़दूर

ग्रौर कर्मचारी लोग मास्को के एक भाग से दूसरे भाग में काम पर जाते हैं। कभी-कभी काम पर पहुँचने के लिये कई मुसाफ़िरों को गाड़ी बदलने की ज़रूरत होती है। मास्को की मैट्रो इसलिये बनी थी कि लोग कम से कम समय ग्रौर कम ख़र्च में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँच सकें।

मास्को की सैर के बाद मैं ने मैट्रो के इतिहास के बारे में जानना चाहा। इसलिये बाहर निकलने से पहले मैं ने एक किताब ख़रीद ली ग्रौर उससे जान लिया कि मैट्रो बनाने का विचार रूसी क्रांति से पहले हुग्रा था। लेकिन ग्रमीर लोगों ने इस में कोई दिलचस्पी नहीं ली ग्रौर यह विचार काम में न ग्राया। क्रांति के बाद मैट्रो बनाने का सवाल फिर उठा। मास्को की मैट्रो का निर्माण १६३२ में शुरू हुग्रा ग्रौर १६३५ में मैट्रो की पहली लाइन बन चुकी थी। ग्राज तक मास्को में ६ लंबी लाइनें ग्रौर एक चक्राकार लाइन बन चुकी हैं। उनका विस्तार एक सौ किलोमीटर से ज़्यादा है। ग्राम तौर पर हर एक लाइन की लंबाई ११ से २० किलोमीटर (७ से १३ मील) के बीच है ग्रौर उसे तय करने में १७ से ४० मिनट तक लगते हैं।

मैट्रो का किराया पाँच कोपेक है। किराया चुकाने के बाद ग्राप जहाँ चाहें जा सकते हैं। ग्रगर ग्राप किसी स्टेशन से बाहर नहीं निकलते तो दूसरी लाइन पर भी जा सकते हैं, क्योंकि पाँच कोपेक का किराया दूर या नज़दीक हर फ़ासले तक के लिये है।

कुछ साल हुए टिकट का दाम चुकाने की एक नयी व्यवस्था क़ायम हुई थी। चलती सीढ़ियों के सामने स्वयंचालित मशीनें लगी हैं। हर एक मशीन में ख़ास सुराख़ है जिस में लोग पाँच कोपेक का सिक्का डालते हैं ग्रौर जा सकते हैं। ग्रगर ग्राप के पास पाँच कोपेक का सिक्का नहीं है तो ग्राप हर समय ग्रपने सिक्के को न सिर्फ़ टिकटघर में बल्कि विशेष स्वयंचालित सिक्के बदलनेवाली मशीनों की सहायता से पाँच

(१) गाड़ीवाले ने हमको देखा और गाड़ी में बैठने के लिये बुलाने लगा। (२) उसने पच्चीस रुपयेवाली अँग्रेज़ी क़लम ख़रीदी है। (३) दूधवाली दूध ले आयी है। (४) लाल क़िले के संगमरमरवाले महल बहुत सुंदर हैं। (५) वह पत्थरवाले मकान में रहते हैं। (६) इस बाज़ार में सदा गाँववालों की भीड़ रहती है। (७) लखनऊवाला क्या पूछता है?—वह अपने दिल्लीवाले रिश्तेदारों का पता मालूम करना चाहता है। (८) ऊपरवाला कमरा बहुत रोशन है। (९) गाँववाले शहरवालों की तुलना में अधिक मज़बूत होते हैं। (१०) यहाँ के फलवाले सभी तरह के फल बेचते हैं। (११) भारत के समुद्र के पासवाले स्थानों में न अधिक गर्मी होती है, न अधिक सर्दी। (१२) यह पीली कमीज़ वाला आदमी कौन है? (१३) भारत में मैं ने "काबुलीवाला" नामक एक अच्छी फ़िल्म देखी। (१४) इस नुक्कड़ पर सदा कोई फूलवाली खड़ी होती है। (१५) हमारा क्लास का कमरा दो खिड़कियोंवाला है। (१६) एक काली आँखों वाली लड़की कमरे में आयी है। (१७) यह कलकत्तावाली रेलगाड़ी है।

8. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Москвичи гордятся своим лучшим в мире метро. (2) Сошедший с поезда человек подозвал носильщика. (3) Мы получили трехкомнатную квартиру в новом семиэтажном доме. (4) Электрик живет в доме рядом. (5) Молочница приходит рано утром. (6) Владелец этого автомобиля — мой друг. (7) У этого книготорговца Вы всегда можете купить все нужные Вам книги. (8) Летом жители Киева ездят в жаркие дни купаться на Днепр. (9) Рам живет в каменном трехэтажном доме напротив кинотеатра. (10) «Известия» — вечерняя газета. Она выходит около пяти часов вечера. (11) Стоимость спального места всегда выше, чем сидячего.

पाठ

मास्को का चिड़ियाघर

मास्को का चिड़ियाघर काफ़ी पुराना है। उसकी स्थापना सन् १८६४ में हुई थी। लेकिन वह दुनिया का सब से पुराना चिड़ियाघर नहीं है। उसकी स्थापना से बहुत अरसे पहले ही कई चिड़ियाघर स्थापित हो गये थे। दुनिया के इतिहास में सब से पुराना चिड़ियाघर पाँच हज़ार तीन सौ साल हुए नील नदी के सुंदर किनारे पर राजा टुट्मोस तीसरे के द्वारा स्थापित किया गया था। जब मेक्सिको में स्पेनी लोग १५२० में आये तो वहाँ भी उन्हों ने बहुत अच्छा और बड़ा चिड़ियाघर देखा जिस में बहुत से अहाते, पिंजरे और तालाब थे। रूस के सब से पहले चिड़ियाघर की स्थापना १०६१ में नोवगोरोद में की गयी थी, इस तरह आदिकाल से ही जानवरों और चिड़ियों की ज़िंदगी में आदमी की बड़ी दिलचस्पी रही है। इसलिए आजकल विदेशों में और हमारे देश में भी बहुत से चिड़ियाघर क़ायम किये गये हैं।

मास्को का चिड़ियाघर जो सोवियत संघ का सब से बड़ा चिड़ियाघर है बहुत दूर तक फैला है और एक बड़ा बाग़ जैसा मालूम होता है। आज दुनिया के सब महाद्वीपों के

जानवर, चिड़ियाँ और मछलियाँ मास्को के चिड़ियाघर के अहातों, पिंजरों और तालाबों में मौजूद हैं। अहातों में बैल, ज़ेबरे, कई तरह के हिरन, जंगली भैंस, ऊँट, जिराफ़े, गेंडे, हाथी आदि बेरोकटोक टहलते हैं। पिंजरों में सिंह, शेर, चीते, भालू, भेड़िये, गीदड़ और दूसरे हिंसक पशु बंद रहते हैं। इन के अलावा पिंजरों में तरह-तरह की चिड़ियाँ —लंबी दुमवाले तोते, बाज़ आदि और हर तरह के बंदर भी बंद रहते हैं। तालाबों में भाँति-भाँति के जलपक्षी और जलजन्तु हैं। वहाँ विभिन्न बत्तकें, राजहंस और पानी में तैरनेवाले दूसरे पक्षी देखे जा सकते हैं। दरियाई घोड़े, सफ़ेद रीछों, मगरों और वॉलरस के लिए सिमेंट के ख़ास तालाब भी बनाये गये हैं क्योंकि ये जानवर बिना पानी के नहीं रह सकते। हाथियों के लिए एक अलग तालाब भी बनाया गया है ताकि वे पानी में नहा सकें। वे पानी में नहाना बहुत पसंद करते हैं। मछलियाँ शीशे के मछलीघरों में रहती हैं कि सब लोग उन्हें देख सकें।

मास्को के चिड़ियाघर के नये भाग में बहुत से जानवर पिंजरे में बंद नहीं किये गये हैं। उनको खुली जगहों में देखा जा सकता है। नये भाग के बाग़ में ही एक कोने में कृत्रिम पहाड़ बने हैं और लम्बे लम्बे जंगली पेड़ लगे हैं। देखने में सोलह आने जंगली दृश्य मालूम होता है। जंगली जंतुओं के लिए हर तरह से उचित प्राकृतिक हालत तैयार करने की कोशिश की गई है। इस तरह शेर, कुछ रीछ और दूसरे जानवर रह रहे हैं। दर्शकों और इन जानवरों के बीच सिर्फ़ पानी से भरी एक गहरी खाई है जिस को पार नहीं किया जा सकता। नये भाग में विभिन्न ज़हरीले साँप, अजगर और छिपकलियाँ रहते हैं। इन सभी के लिए शीशे के विशेष पिंजरे बनाये गये हैं।

सोवियत संघ के मध्य भाग की आबोहवा गरमियों में सख़्त गरम और सरदियों में सख़्त सर्द होती है। चिड़ियाघर

के लगभग सब जानवर सरदी और गरमी दोनों मौसमों में बड़े मज़े से रहते हैं। राजहंस और बत्तकें सारे साल खुली हवा में रहती हैं। ज़ेबरों और ऊँटों को भी सरदी से ज़रा सा डर नहीं लगता। भारत जैसे गरम देश के बहुत से जानवरों का भी यह हाल है। उदाहरण के लिये हाथी को लीजिये। वह गरम आबोहवा का आदी है, लेकिन सारे साल खुली हवा में रहता है। बहुत से जानवर हमारी आबोहवा के इतने आदी हो चुके हैं कि उन्हों ने बच्चे देने भी शुरू कर दिये हैं। कई दरियाई घोड़े, बंदर, शेरनी, हथिनी अब भी बच्चों वाली हैं। सिर्फ़ गेंडे और जिराफ़े ही जो अफ़्रीका से लाये गये थे अब तक अपने आपको इस आबोहवा के आदी नहीं बना सके हैं।

यह यक़ीनी बात है कि सारे के सारे जानवर गर्म आबोहवा के आदी नहीं हैं। सफ़ेद रीछ जो उत्तरी महासागर के बर्फ़ के इलाक़ों में पैदा हुए थे गरमियों के मौसम में अपने तालाब से बिलकुल बाहर नहीं निकलते। यह हाल वॉलरस का भी होता है।

चिड़ियाघर में विभिन्न जानवरों की देखभाल ख़ास लोग करते हैं। जानवरों के ये माहिर जानवरों की ज़िंदगी की वैज्ञानिक जाँच करते हैं। वैज्ञानिक जानवरों की आदतों का अध्ययन करते हैं। वे हिंसक और घास खानेवाले पशुओं के बच्चों को एक ही अहाते में रहने देते हैं और ये सब जानवर एक दूसरे के दोस्त बन जाते हैं और इस क़िस्म की घटनाएँ मौजूद हैं कि ज़िन्दगी के अंत तक वे एक दूसरे के साथ रहते हैं।

जानवरों की ज़िंदगी का अध्ययन करनेवाले विद्यार्थी जानवरों की देखभाल करने के लिये दलों के रूप में यहाँ भी अक्सर आते हैं। चिड़ियाघर में स्कूली बच्चों के लिये वैज्ञानिक मंडली है। वहाँ बच्चों को जानवरों की ज़िंदगी का अध्ययन करना सिखाया जाता है।

मास्को चिड़ियाघर से जानवर दूसरे नगरों के चिड़ियाघरों के लिये भी ले जाये जाते हैं।

रविवार के दिन चिड़ियाघर में सब से बड़ी भीड़ होती है। सप्ताह के अन्त में छुट्टी के दिन हज़ारों की संख्या में मास्कोवासी अपने बच्चों के साथ चिड़ियाघर की सैर करने आते हैं। चिड़ियाघर आनेवालों में अधिकांश बच्चे होते हैं। वे देर तक पिंजरों के सामने खड़े रहते हैं। कुछ बच्चे जानवरों के फ़ोटो लेते हैं और कुछ उनके चित्र बनाने की कोशिश करते हैं। मास्को के निवासियों में यह चिड़ियाघर बहुत लोकप्रिय है।

नये शब्द

चिड़ियाघर **чиṙийāгʰар** *м.* зоопарк, зоосад

स्थापना **стʰāпнā** *ж.* учреждение, организация, основание

सन् **сан** *м.* 1) год; 2) эра

अरसा **арсā** *м.* промежуток, период, время

स्थापित **стʰāпит** учрежденный, организованный, основанный; ~ होना (हो जाना) *нп.* быть учрежденным, организованным, основанным; ~करना *п.* учреждать, организовывать, основывать

स्पेनी **спэнӣ** **1.** испанский; **2.** *м.* испанец

अहाता **ahāтā** *м.* 1) ограда; 2) двор; *зд.* вольер

पिंजरा **пинджрā** *м.* клетка

तालाब **тāлāб** *м.* пруд, водоем, бассейн

आदिकाल **āдикāл** *м.* ранний, древний период (*напр., истории*)

ज़िंदगी **зиндагӣ** *ж.* жизнь

महाद्वीप **махāдвӣп** *м.* континент, материк, часть света

मौजूद **мауджӯд** 1) присутствующий; 2) существующий; ~ होना *нп.* а) присутствовать; б) быть, существовать

बैल **байл** *м.* бык, вол

ज़ेबरा **зэбрā** *м.* зебра

हिरन **hиран** *м.* олень; антилопа

भैंस **бʰа̃йс** *ж.* буйволица

ऊँट **ӯ̃т̇** *м.* верблюд

जिराफ़ा **джирāфā** *м.* жираф

गेंडा **гэ̃д̣ā** *м.* носорог

हाथी **hāтʰӣ** *м.* слон

बेरोकटोक **бэрокт̇ок** **1.** неограниченный; **2.** 1) беспрепятственно, без помех; свободно; 2) неудержимо

टहलना **т̇аhалнā** *нп.* бродить, гулять, прогуливаться

सिंह **синh** *м.* лев

शेर **шэр** *м.* тигр; лев

चीता **чӣтā** *м.* пантера, леопард; гепард

भालू **бʰāлӯ** *м.* медведь

भेड़िया б^{h}эрийā *м.* волк
गीदड़ гӣдар̣ *м.* шакал
हिंसक hинсак хищный
पशु пашу *м.* животное, скотина
दुम дум *ж.* хвост
तोता тотā *м.* попугай
बाज़ бāз *м.* сокол, ястреб
बंदर бандар *м.* обезьяна
भाँति б^{h}ā̃ти 1. *ж.* способ, образ, метод; 2. की ~ *послелог* подобно, как
जलपक्षी джалпакшӣ *м.* водоплавающая птица
जलजन्तु джалджанту *м.* водяное животное
बत्तक баттак *ж.* утка
राजहंस рāджhанс *м.* лебедь
पक्षी пакшӣ *м.* птица
दरियाई дарийāӣ 1) речной; 2) морской
रीछ рӣч^h *м.* медведь
मगर магар *м.* крокодил
वॉलरस вāлрас *м.* морж
सिमेंट симэнт̣ *м.* цемент
बिना бинā (*тж.* के ~) *послелог* без, кроме
ताकि тāки чтобы; для того, чтобы
मछलीघर мач^{h}лӣг^{h}ар *м.* аквариум
कृत्रिम критрим искусственный
आना āнā *м.* ана (*1/16 часть рупии*)
दृश्य дришйа *м.* 1) вид; 2) зрелище, сцена
जंतु джанту *м.* животное
हालत hāлат *ж.* положение, состояние, обстоятельства, условия
दर्शक даршак *м.* зритель, экскурсант
भरा б^{h}арā наполненный, полный
गहरा гаhрā 1) глубокий; 2) крупный, серьезный (*об ошибке*); 3) крепкий (*напр., о чае*)
खाई к^{h}āӣ *ж.* ров
ज़हरीला заhрӣлā ядовитый
साँप сā̃п *м.* змея
अजगर аджгар *м.* 1) удав, питон; 2) дракон
छिपकली ч^{h}ипкалӣ *ж.* ящерица
सर्द сард холодный, прохладный
ज़रा зарā 1. малый, незначительный; 2. мало, немного; 3. пожалуйста
डर д̣ар *м.* страх, боязнь, опасение
शेरनी шэрнӣ *ж.* тигрица; львица
हथिनी hат^{h}инӣ *ж.* слониха
यक़ीनी йак̣ӣнӣ верный, заслуживающий доверия, достоверный
महासागर маhāсāгар *м.* океан
पैदा пайдā 1) рожденный, порожденный; 2) добытый, произведенный; ~ होना *нп.* а) рождаться, появляться; б) добываться, производиться; ~ करना *п.* а) порождать; б) производить, добывать
माहिर мāhир *м.* знаток, специалист
वैज्ञानिक вайгьāник 1. научный; 2. *м.* ученый
घास г^{h}āс *ж.* трава, сено
घटना г^{h}ат̣нā *ж.* событие, происшествие, случай
अंत ант *м.* 1) конец; 2) завершение, окончание
अक्सर аксар часто
स्कूली скӯлӣ 1) школьный; 2) учащийся (*в школе*)
मंडली манд̣алӣ *ж.* 1) круг (*лиц*), кружок, группа; 2) общество
सिखाना сик^{h}āнā *п.* учить, обучать, преподавать
मास्कोवासी мāсковāсӣ *м.* москвич
अधिकांश ад^{h}икāнш *м.* большая часть, большинство
लोकप्रिय локприйа популярный

व्याकरण तथा शब्दावली सम्बन्धी टिप्पणियाँ

1. स्थापना होना 'быть основанным, созданным' (की *о чем-л.*); स्थापना करना 'основывать', 'создавать' (की *что-л.*).

2. Сложные послелоги के (से) पहले 'раньше', 'прежде', 'до' и के बाद 'после' при употреблении их со словосочетанием, обозначающим отрезок времени, выступают без первого элемента — послелога के (से), например: कई दिन पहले 'несколько дней тому назад', कुछ दिन बाद 'через несколько дней'.

Если при этих послелогах имеется словосочетание, обозначающее отрезок времени, и управляемое слово, то указанное словосочетание ставится между частями сложного послелога, например: जाने से कई दिन पहले 'за несколько дней до отъезда'; जाने के कुछ दिन बाद 'через несколько дней после отъезда'.

3. तीन (पाँच, दस) साल हुए 'три (пять, десять) лет тому назад'.

4. दिलचस्पी होना (रहना) 'интересоваться' (में *чем-л.*, की *о ком-л.*).

5. भाँति-भाँति का 'различный', 'разнообразный'.

6. Потенциальный глагол सकना 'мочь' и комплетивный глагол चुकना 'кончаться', 'оканчиваться' сочетаются и с глаголами в страдательном залоге. В этом случае глаголы सकना и चुकना присоединяются к страдательной основе смыслового глагола, например: तार समय पर भेजा जा सकता है 'Телеграмма может быть послана вовремя'; यह किताब पढ़ी जा चुकी है 'Эта книга уже прочитана'.

7. दरियाई घोड़ा 'бегемот'.

8. В языке хинди сложные послелоги के बिना 'без', के बग़ैर 'без' и некоторые другие иногда употребляются в конструкции, при которой вторая, значимая часть послелога предшествует управляемому слову или словосочетанию, а первая часть остается на своем месте и сохраняет свою форму независимо от

рода и числа следующего за ним имени, например: बिना (बग़ैर) उन के यह लड़की नहीं खेलती 'Без них эта девочка не играет'.

9. ... पेड़ लगे हैं '... посажены (растут) деревья'.

10. सोलह आने 'полностью', 'целиком', 'на сто процентов'.

11. डर लगना 'бояться', 'страшиться' (से *чего-л.*, को *о ком-л*).

12. बच्चा देना 'давать приплод', 'рожать'.

13. Наряду с признаками глагола и существительного (см. урок II) инфинитив в языке хинди характеризуется и грамматическими свойствами прилагательного. В инфинитиве эти свойства проявляются в том, что перед глаголами и глагольно-именными сочетаниями, обозначающими начало, окончание и прекращение действия, перед глаголами चाहना 'хотеть', पसंद करना 'любить', 'предпочитать' и т. п., а также в предложениях долженствования (см. урок XVI) и в некоторых других позициях он согласуется в роде и числе с субъектом действия, выраженным существительным в прямом падеже, если глагол непереходный, и с прямым дополнением, выраженным существительным в прямом падеже, когда глагол переходный. Согласуясь с именем существительным, инфинитив принимает те же окончания, что и изменяемое прилагательное на आ, например: अचानक पत्र आने बन्द हो गये 'Неожиданно перестали приходить письма'; बहुत से जानवर हमारी आबोहवा के इतने आदी हो चुके हैं कि उन्होंने बच्चे देने भी शुरू कर दिये हैं। 'Многие животные уже настолько привыкли к нашему климату, что начали даже давать приплод'; उन्होंने ये किताबें ख़रीदनी चाहीं 'Они захотели купить эти книги'.

14. अपने आप को किसी का आदी बनाना 'приучать', 'приспосабливать себя к чему-либо'.

15. Послелог का часто используется в повторах. Повтор имен существительных и некоторых определительных местоимений с послелогом का передает значение целостности, полноты; форма послелога का зависит от рода, числа и падежа определяемого слова, например: घर का घर 'весь дом', सारी की सारी किताब 'вся книга' (*целиком*), सारे के सारे जानवर 'все [без исключения] животные'.

16. Глагол देना 'давать' в сочетании с инфинитивом в косвенном падеже передает значение 'разрешать', 'позволять' (в отрицательном предложении — 'не разрешать', 'не позволять') совершить обозначенное инфинитивом действие, например: उसे जाने दो 'Разреши ему уйти'.

17. के रूप में 'в форме', 'в виде', 'в качестве' (*кого-л.*, *чего-л.*).

18. ले जाना 'уносить', 'уводить' является по составу непереходным глагольным сочетанием — 'взяв уйти'. Однако это сочетание, будучи по смыслу переходным, употребляется в страдательном залоге. В формах страдательного залога используется причастие прошедшего времени глагола जाना, образованное по общему правилу — जाया, например: ले जाया जाना 'быть унесенным, увезенным'.

19. फ़ोटो लेना 'фотографировать' (का *кого-л.*, *что-л.*).

अभ्यास

1. पाठ को पढ़िये और उसका अनुवाद कीजिये।

2. निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

१) मास्को का चिड़ियाघर कब स्थापित हुआ था ?

२) क्या मास्को का चिड़ियाघर दुनिया का सब से पुराना है ?

३) रूस में सब से पहले चिड़ियाघर की स्थापना कब हुई थी ?

४) मास्को के चिड़ियाघर में कौनसे हिंसक पशु मौजूद हैं जो भारत में मिलते हैं ?

५) क्या भारत में सिंह पाये जाते हैं ?

६) क्या भारत में जंगली हाथी मिलते हैं ?

७) घास खानेवाले पशु चिड़ियाघर में कहाँ और किस तरह रहते हैं ?

८) रीछ ज़्यादातर क्या खाते हैं ?

९) चिड़ियाघर में क्या क्या पक्षी रहते हैं ?

१०) चिड़ियाघर में किन किन जानवरों के लिये ख़ास तालाब बनाये गये हैं?

११) मास्को के चिड़ियाघर में मछलियाँ कहाँ रहती हैं?

१२) वॉलरस किन देशों में मिलते हैं?

१३) मास्को के चिड़ियाघर के नये भाग की क्या विशेषता है?

१४) चिड़ियाघर में छिपकलियाँ, साँप और अजगर कहाँ रहते हैं?

१५) क्या ज़ेबरे और ऊँट जैसे जानवरों को सर्दी से डर लगता है?

१६) क्या अफ़्रीका के जिराफ़े मास्को की आबोहवा के आदी हो गये हैं?

१७) चिड़ियाघर में कौन लोग जानवरों की ज़िंदगी की वैज्ञानिक जाँच करते हैं?

१८) चिड़ियाघर में अधिकांश कौन लोग आते हैं?

3. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) दिल्ली में भी एक बड़ा चिड़ियाघर है। वह दिल्ली के पुराने क़िले के निकट मथुरा रोड पर स्थित है। हर एक व्यक्ति के लिये प्रवेश-टिकट का दाम बीस पैसे है, जब कि बच्चों के लिये यह दाम दस पैसे है। चिड़ियाघर में सारे भारत के जानवर रहते हैं। प्रवेश-द्वार के नज़दीक एक अहाते में शेर और शेरनी रहते हैं। दर्शकों और शेरों के बीच पानी से भरी एक गहरी खाई है। पीछे से लोहे का ऊँचा जाल बिछा है। पेड़ों के बीच में जाल बिलकुल नज़र नहीं आता। देखने में सोलह आने जंगली दृश्य मालूम होता है।

२) शेरवाले परिवार के पास एक बड़ा गेंडा रहता है। प्राकृतिक हालत में गेंडा घास वाले मैदानों में रहना पसंद करता है, इसलिये चिड़ियाघर में उसके लिये उचित प्राकृतिक हालत तैयार करने की कोशिश की गयी है। गेंडा घास

ख़ूब खाता है। चिड़ियाघर में उसे घास के सिवा सब्ज़ी भी दी जाती है। गेंडा बहुत मज़बूत जानवर है, वह तेज़ दौड़ भी सकता है।

३) चिड़ियाघर में सिर्फ़ एक छोटा सा हाथी रहता है। उसका अलग ही कारण है क्योंकि भारत में हाथी प्राकृतिक हालत में भी पाये जाते हैं। देहरादून के इलाक़े में और असम के जंगलों तथा दक्षिण में ख़ास तौर पर मैसूर में हाथी देखे जा सकते हैं।

चिड़ियाघर में बंदर भी नहीं रहते। दिल्ली की तरफ़ जानेवाली सड़कों पर आप हज़ारों बंदर देख सकेंगे। उनको लोगों से ज़रा भी डर नहीं लगता। वे लोगों के बिलकुल नज़दीक आते हैं और खाना माँगते हैं। खाना न मिलने पर वे बहुत नाराज़ हो जाते हैं, परन्तु जब खाना मिलता है वे बहुत ख़ुश होते हैं, लोगों के बिलकुल पास बैठ जाते और आदमी के हाथों से भी खाना खाना शुरू करते हैं।

४) आदिकाल में ही आदमी पशुओं से अनेक प्रकार के काम लेता था[2] और आज भी लेता है। जब तक रेल और मोटरें नहीं चली थीं, एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने जाने और सामान लाने ले जाने का काम पशुओं से ही लिया जाता था। आज के ज़माने में भी इनका महत्त्व कम नहीं हुआ। ऐसे मार्गों पर जहाँ मोटरें नहीं पहुँच सकतीं, यातायात के लिये पशु काम में आते हैं। बैल एक बहुत महत्त्वपूर्ण पशु है। भारत आम तौर पर खेतीवाला देश है। शुरू से अंत तक खेती का काम बैल की सहायता से होता है। फ़सल तैयार होने पर उसे बाज़ार में ले जाने का काम भी बैल ही करते हैं। वे सामान से भरी गाड़ी पच्चीस-तीस मील दूर शहरों तक ले जाते हैं। इनके खाने का ख़र्च बहुत कम है। इतने कम ख़र्च में इतना

---

[2] काम लेना 'использовать', 'употреблять'; 'действовать'.

अधिक काम देनेवाला कोई दूसरा पशु नहीं है। घोड़ा तेज़ दौड़ने के लिये प्रसिद्ध है। लेकिन आज कल रेल और मोटरों के चल जाने से घोड़ों का महत्त्व कुछ कम हो गया है। फिर भी भारत के छोटे नगरों में घोड़ागाड़ी ही यातायात का सब से महत्त्वपूर्ण साधन है।

रेगिस्तान में मोटरें नहीं चल सकतीं। घोड़े, बैल आदि जानवर भी यहाँ काम नहीं दे सकते। ऊँट ही एक ऐसा पशु है जो रेगिस्तान में आसानी से दौड़ सकता है। रेगिस्तान में पानी मुश्किल से पाया जाता है। यहाँ यातायात के लिये ऐसे पशु की आवश्यकता है, जिसे बार बार[3] प्यास न लगे। ऊँट एक बार पानी पीने पर कई दिन तक बिना पानी के सफ़र कर सकता है। इन सब कारणों से लोग ऊँट को 'रेगिस्तान का जहाज़' कहते हैं।

५) मास्को के चिड़ियाघर में जंगली जानवरों की ज़िंदगी का अध्ययन करने के लिये विशेष वैज्ञानिक मंडलियों की व्यवस्था की गयी है। माहिर पशुओं के जीवन की वैज्ञानिक जाँच करने के साथ साथ अलग अलग जानवरों की आदत सीखते हैं। अधिकांश दक्षिणवाले पशु मास्को की आबोहवा के आदी हो गये हैं। वे सारे साल खुली हवा में रहते हैं। लेकिन बंदर जो मास्को के चिड़ियाघर में बहुत लोकप्रिय हैं, सर्दियों में बंद गर्म कमरों में रहते हैं। गर्मी के दिनों में वे भी खुली हवा में रहते हैं। उस समय उनके पिंजरों के सामने बड़ी भीड़ लगती है।

६) चिड़ियाघर में साँप और अजगर जैसे जानवरों के लिये ख़ास मकान बनाया गया है। वहाँ विशेष शीशेवाले पिंजरों में साँप और अजगर बंद रहते हैं। मकान के दूसरे भाग में बड़े और छोटे मछलीघरों में अनेक प्रकार की मछलियाँ रहती हैं।

मास्को के चिड़ियाघर में एक जल-अजगर रहता है जो

---

[3] बार बार 'часто', 'постоянно'.

दक्षिण अमरीका का रहनेवाला है। उसका नाम अनाकोंडा है। वह तीस फ़ुट लंबा है। वह बड़ा जलजंतु ज़्यादातर घास ही खाता है।

आम तौर पर चिड़ियाघर में अनेक जलजंतु हैं जो बिना पानी के नहीं रह सकते। उनमें सब से बड़ा दरियाई घोड़ा है। वह अफ़रीका में पैदा होता है। दरियाई घोड़े के अलावा सिमेंट वाले तालाबों में वॉलरस, सफ़ेद रीछ, मगर आदि जानवर रहते हैं। वे सब तैरना बहुत पसंद करते हैं।

७) चिड़ियों वाले पिंजरों में दुनिया के अनेक देशों के पक्षी बंद रहते हैं। लंबी दुमवाले और भिन्न-भिन्न रंगों वाले तोते ख़ास तौर पर सुंदर हैं। तोतेवाले पिंजरों से कुछ दूर हिंसक पक्षियों के पिंजरे हैं।

कृत्रिम तालाबों में भाँति-भाँति के जलपक्षी तैरते हैं। उनमें ज़्यादातर विभिन्न बत्तकें और सफ़ेद तथा काले राजहंस देखे जा सकते हैं। सर्दियों में भी अधिकांश तैरनेवाले पक्षी कहीं नहीं उड़ जाते। जो उड़ जाते हैं फिर वापस आते हैं।

८) अफ़्रीका के घासवाले मैदानों में बहुत से ऐसे जानवर बेरोकटोक टहलते हैं जो दुनिया में और कहीं नहीं मिलते, जैसे दरियाई घोड़ा, गेंडा, ज़ेबरा और जिराफ़ा। सहारा नामक रेगिस्तान में सिंह भी मौजूद हैं जिनको लोग 'जानवरों का राजा' कहते हैं। बहुत अरसे पहले सिंह भारत में बड़ी संख्या में पाये जाते थे, लेकिन अब पता नहीं किस कारण से वे कम मिलने लगे हैं।

4. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये और उनका जवाब दीजिये।

(1) В какой части Московского зоопарка можно увидеть ящериц и змей? (2) В каких условиях содержатся в зоопарке хищники? (3) Какие из живущих в Индии животных имеются в Московском зоопарке? (4) Где водятся такие животные, как зебры и жирафы? (5) Как содержится молодняк в Московском зоопарке? (6) Сколько слонов в Московском зоопарке? (7) Чем кормят

(खिलाना) хищников в зоопарке? (8) Кто изучает образ жизни и повадки животных? (9) Какие южные животные привыкли к московскому климату? (10) Какой океан расположен к югу от Индии? (11) Кто основал Ленинград? (12) В каком году был основан Московский университет?

5. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

हर तरह के हिरन; हिंसक पशु; लंबी दुमवाले तोते; हिंसक पक्षी; पानी में तैरनेवाले पक्षी; कृत्रिम पहाड़; कृत्रिम जलवायु; प्राकृतिक हालत; जंगली दृश्य; ज़हरीले पौधे; खुली हवा में रहना; वैज्ञानिक जाँच; घास खानेवाले पशु; ऐतिहासिक घटना; बच्चों वाली शेरनी; दिलचस्पी पैदा करना।

6. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Приносить приплод; научное общество; жить под открытым небом; обучать студентов; искусственный водоем; цементный бассейн; свободно разгуливать; зоопарк напоминает большой сад; глубокий вздох; изучать жизнь животных; цементный завод; обычный случай.

7. हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

I. (1) К концу года этот дом будет уже построен. (2) В зоопарке можно услышать голоса самых разнообразных животных. (3) В зоопарке можно увидеть животных со всех материков. (4) В нашем городе создается новый зоопарк. (5) Эти фотографии были сделаны в прошлом году. (6) Зебры и жирафы водятся только в Африке. (7) В зоопарке для бегемотов и крокодилов построены специальные цементные бассейны. (8) Этот дом построен рабочими нашего завода. (9) Мальчика позвали обедать. (10) Письма были доставлены почтальоном вовремя. (11) Слова на доске были написаны мелом.

II. (1) В зоопарке для белых медведей построен специальный бассейн, чтобы они могли плавать в нем. (2) Дети взяли с собой фотоаппараты, чтобы сфотографировать животных в зоопарке. (3) Ров в зоопарке наполнен водой, чтобы его не могли преодолеть звери. (4) Ящерицы, змеи и удавы находятся в стеклянных клетках,

чтобы их можно было хорошо рассмотреть. (5) Мы позвали обезьян, и они быстро слезли с дерева, чтобы взять бананы, которые мы для них принесли.

III. (1) Я живу в комнате, в которой два больших окна. (2) В районах, прилегающих к Гималайским горам, водится много диких животных. (3) Между этими двумя станциями курсируют электропоезда.

8. संज्ञाओं और विशेषणों की यथासम्भव जोड़ियाँ लिखिये।

लोकप्रिय	भैंस
वैज्ञानिक	हालत
सर्द	साँप
हिंसक	नदी
यक़ीनी	जलवायु
उचित	लोग
कृत्रिम	खाई
गहरी	पक्षी
ज़हरीला	मौसम
प्राकृतिक	जाँच
जंगली	कलाकार
अधिकांश	बात
पानी से भरी	सुझाव

9. रूसी में अनुवाद कीजिये और मोटे टाइप में छपे शब्द-समुदायों को याद कीजिये।

(१) जंगली जंतुओं की ज़िंदगी **में** उसकी बड़ी **दिलचस्पी रही है**। (२) यह काम **थोड़े ही अरसे में** पूरा करना ज़रूरी है। (३) वह **लंबे अरसे के लिये** भारत गया है। (४) सोवियत संघ और भारत के बीच के **संबंध** भारत के स्वतंत्र हो जाने पर ही **स्थापित किये गये थे**। (५) **सोवियत राज्य** सन् १९१७ में **स्थापित हुआ था**। (६) अक्तूबर क्रांति के बाद **सोवियत सरकार की स्थापना हुई थी**। (७) मास्को विश्वविद्यालय के पास व्ला० इ० लेनिन की बड़ी **मूर्त्ति**

की स्थापना होगी। (८) हमारे इंस्टीट्यूट में विद्यार्थियों **की वैज्ञानिक मंडली की स्थापना हो चुकी है।** (९) उसने मेरी बातें **सोलह आने ठीक** समझ ली हैं। (१०) **किसी भी हालत में** वहाँ नहीं जाइये। (११) **इस घटना की जाँच करने** की ज़रूरत है। (१२) ज़ार के रूस में मज़दूरों और किसानों **की हालत बहुत बुरी थी।** (१३) इस पहाड़ की चोटी से सुंदर **प्राकृतिक दृश्य** दिखाई देता है। (१४) हमारे विद्यार्थी हिन्दी **का गहरा अध्ययन करते हैं।** (१५) इन देशों के बीच **गहरे संबंध** स्थापित हो गये हैं। (१६) इस साल गेहूँ की अच्छी **फ़सल पैदा हो गयी है।** (१७) पाव्लोव **बहुत प्रसिद्ध वैज्ञानिक** थे। उनकी **वैज्ञानिक ख्याति** दुनिया भर में फैल गयी थी। (१८) इस दुकान में **स्कूली पुस्तकें** बिकती हैं। (१९) उसकी माँ रूसी **साहित्य सिखाती हैं।** (२०) उसको **फ़ोटो लेना सिखाया जाता है।** (२१) वह **बिना किसी कारण के** शहर से चली गयी। (२२) हिन्दी में ऐसे मुहावरे **मौजूद हैं** जिनका रूसी में अनुवाद करना मुश्किल है।

10. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) मास्को की ... आठ सौ से ज़्यादा साल पहले हुई थी। (२) जिराफ़ा और ज़ेबरा अफ़्रीका के ... के जानवर हैं। (३) ... सिर्फ़ अफ़्रीका और भारत में पाये जाते हैं, अफ़्रीका का ... भारतीय ... से कुछ बड़ा है। (४) ... को लोग 'रेगिस्तान का जहाज़' कहते हैं। (५) शेर, भेड़िया तथा गीदड़ ... पशु हैं। (६) विशेष वैज्ञानिक जानवरों की ... का अध्ययन करते हैं। (७) जलजंतुओं के लिये ख़ास ... बनाये गये हैं। (८) शेर और सिंह जैसे जानवर ... में बन्द रहते हैं। (९) भैंस, हिरन तथा बैल जैसे घास खानेवाले पशु बड़े बड़े ... में ... टहलते हैं। (१०) ... की ऊँचाई पाँच मीटर की है, जानवरों में से वह सब से ऊँचा है। (११) बाज़ हिंसक ... है। (१२) सफ़ेद ...

उत्तरी इलाक़ों में पाया जाता है। (१३) यह तालाब पानी से ... है। (१४) भारत के कुछ ... बहुत ज़हरीले होते हैं। (१५) ... पेड़ों पर रहते हैं। भारत जैसे देशों में उनको लोगों से ज़रा भी डर नहीं लगता। (१६) ... दो प्रकार के होते हैं सफ़ेद और काले। सर्दी के दिनों में भी ये पक्षी तालाबों में मज़े से रहते हैं और कहीं भी नहीं उड़ जाते। (१७) चिड़ियाघर में दर्शकों और जानवरों के बीच पानी से भरी एक गहरी ... है। (१८) लेनिन के पहाड़ से मास्को का ... कितना सुंदर है! (१९) क्रेमलिन के महलों में ... जलवायु की व्यवस्था की गयी है। (२०) दुनिया के अनेक देशों से ... ताजमहल देखने आते हैं। (२१) अक्तूबर क्रांति से पहले रूस में ग़रीब लोगों की ... बहुत बुरी थी। (२२) हम जल्दी जाते थे ... काम पर ठीक वक़्त पर पहुँच जायँ। (२३) भारत के दक्षिण में हिन्द ... है। (२४) अक्तूबर क्रांति संसार के इतिहास में सब से महत्त्वपूर्ण ... हुई थी। (२५) यह ... बात है कि भारत में दुनिया के लगभग सब जंगली जंतु पाये जाते हैं। (२६) बैल और हिरन ... खानेवाले पशु हैं। (२७) चिड़ियाघर की वैज्ञानिक ... में बहुत से स्कूली बच्चे जानवरों की आदतों का अध्ययन करते हैं। (२८) आज-कल सिनेमाघरों में अनेक नयी फ़िल्में दिखायी जाने लगी हैं। इसलिये हम ... सिनेमा देखने जाते हैं।

11. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Московский университет был основан в 1755 году великим (महान्) русским ученым Ломоносовым. Этот университет — старейшее учебное заведение нашей страны. Здесь училось много великих людей. Можно назвать (का नाम लेना) сотни ученых, артистов, врачей, педагогов, учившихся в Московском университете. В 1953 году было закончено строительство нового здания университета. Сейчас в Московском университете учится более 25 тысяч студентов. Среди них много иностранных студентов, приехавших со всех континентов. Из окна 27-го этажа университетского зда-

ния открывается прекрасный вид на Москву. Москвичи гордятся своим университетом.

II. В Историческом музее каждый может познакомиться с жизнью и обычаями людей с древних времен до наших дней. Среди экскурсантов часто можно видеть школьников, которые приходят сюда изучать историю нашей страны. Музей располагает большим количеством разнообразных экспонатов. Здесь можно узнать о всех исторических событиях, которые происходили в нашей стране. В залах музея висят портреты многих великих людей. Кроме этого, можно увидеть скульптурные изображения первых русских царей, выполненные известным советским ученым М. М. Герасимовым. При музее работают научные кружки.

III. В Москву приезжают люди со всех континентов. Они посещают московские театры, музеи, осматривают город, знакомятся с его историей. Особый интерес всегда вызывает московский Кремль. Московский Кремль начали строить в 1156 году. Он расположен на берегу Москвы-реки, на высоком холме (पहाड़ी *ж.*). Отсюда открывается прекрасный вид на столицу. Первые каменные стены Кремля были сложены в 1367 году из белого камня. Из-за этих стен Москву стали называть «белокаменной». Новые стены, которые сохранились до сих пор, построены почти пятьсот лет назад. В старые времена вокруг Кремля тянулся ров, наполненный водой. Более ста лет назад был построен Большой Кремлевский дворец. Окна дворца выходят на Москву-реку. Во дворце огромные залы, самый большой среди них Георгиевский (गेओर्गी) зал. В Кремле жил и работал великий Ленин. Экскурсанты могут ознакомиться с квартирой В. И. Ленина.

IV. В Индии встречаются почти все животные жарких стран. Нет там только жирафов и зебр. В Индии почти нет львов, которые раньше водились в пустынях Раджастана. Поэтому «царем зверей» в Индии называют тигра. Индийские тигры самые крупные в мире. Даже слоны боятся тигров. В джунглях водятся также пантеры. Особенно известна черная пантера — красивое животное с длинным хвостом. В Индии очень много шакалов, которые живут не только в лесах, но также в селах и городах. В холодные зимние ночи шакалы вплотную подходят к жилью человека. Они любят спать около каменных стен и оград. Кроме бурого (भूरा) медведя в Индии встречается черный гималайский медведь. Это очень сильное животное. Гималайского медведя можно видеть в

Московском зоопарке. Из других хищников в Индии встречаются волки.

В Индии очень много обезьян. Многие из них живут близ городов и деревень и совершенно не боятся человека. Они охотно (ख़ुशी से) берут пищу из рук человека. Иностранные туристы любят фотографировать подобные сцены.

V. Многие европейцы с трудом привыкают к индийскому климату. Дело в том, что климат Индии очень жаркий и влажный. Особенно трудно бывает в сезон дождей. Многие так и не могут привыкнуть к этому климату и покидают страну. Однако те, кто привык к климату, успешно работают в стране. Так, например, наши советские рабочие, строившие Бхилайский металлургический завод, работали в любую погоду: в дождь и в жару. За все время строительства не было такого случая, чтобы советские рабочие и инженеры не вышли на работу из-за плохой погоды. Они не только работали сами, но и обучали индийских рабочих и инженеров.

VI. В Москве построено два открытых бассейна, где люди купаются круглый год под открытым небом. Особенно полезно для здоровья плавать в таком бассейне зимой. Купание зимой укрепляет организм человека. Люди, купающиеся в открытых бассейнах, редко болеют.

12. इन दो कहानियों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

भारत के जंगली जंतु

सिंह। सिंह जिसके बारे में पुरानी किताबों में बताया गया था, अब भारत में कम पाया जाता है। सिंह का रंग पीला सा होता है। इससे साफ़ है कि वह रेगिस्तानों और घास के मैदानों का पशु है। कभी कभी वह जंगलों में भी मिलता है, परन्तु उसका घर जैसा कि[4] उसके रंग से साफ़ होता है, रेगिस्तान या घास का इलाक़ा है। भारत से वह कब चला गया और क्यों चला गया, ऐसा कहना मुश्किल है, लेकिन यह कहा जा सकता है कि जनसंख्या के बढ़ने, घास के इलाक़े ख़त्म होने और शेर के आने के कारण वह भारत से लगभग ख़त्म हुआ। अब सिंह ज़्यादातर अफ़्रीका में पाये जाते हैं।

---

[4] जैसा कि 'как'.

स्थान की विशेषता के कारण सिंह के रंग में फ़र्क़ भी आ जाता है। उदाहरण के लिये अफ़्रीका के गैम्बिया[5] क्षेत्र के सिंहों का रंग कुछ काला होता है।

शेर। शेर, जिसे अँग्रेज़ी में 'टाइगर' कहा जाता है, एशियाई[6] जानवर है और यह बहुत सुंदर, मज़बूत और हिम्मती[7] होता है। एशिया में चार प्रकार के शेर होते हैं: मंचूरियन[8] शेर, भारतीय शेर, ईरानी[9] शेर और मलय[10] का शेर। ईरानी शेर और मलय के शेर कुछ छोटे होते हैं। मंचूरियन शेर का समूर[11] कुछ अधिक बड़ा और नर्म होता है। भारतीय शेर की लंबाई मुँह से दुम के अंत तक साढ़े पाँच फ़ुट से साढ़े छः फ़ुट तक होती है। लोग कहते हैं कि पहले कुल १२ फ़ुट तक के शेर मिल जाते थे, परन्तु अब दस फ़ुट तक के शेर का मिलना भी मुश्किल होता है। शेर १४० किलोग्राम से २०० किलोग्राम तक वज़नी होता है। ऊँचाई की तुलना में शेर की लंबाई अधिक होती है—ऊँचा वह सिर्फ़ साढ़े तीन फ़ुट ही होता है।

चार महीने में शेरनी अधिक से अधिक पाँच-छः बच्चे तक देती है। उसके बच्चे देने का तो कोई विशेष समय नहीं है, फिर भी अक्सर जाड़ों और गरमियों के शुरू में उसके बच्चे पाये जाते हैं। बच्चे माँ के साथ तब तक रहते हैं, जब तक शेरनी फिर बच्चे न दे। तब तक शेरनी उनको जंगल की ज़िंदगी सिखा देती है।

शेर को प्रतिदिन भोजन नहीं मिलता और उसके लिये उसे ज़्यादा मेहनत करना ज़रूरी होता है। प्रति रात वह १०–१०, १५–१५ मील का रास्ता तय कर लेता है।

---

[5] गैम्बिया 'Гамбия'.

[6] एशियाई 'азиатский'.

[7] हिम्मती 'смелый'.

[8] मंचूरियन 'маньчжурский'.

[9] ईरानी 'иранский'.

[10] मलय 'Малайя'.

[11] समूर 'шерсть'.

सप्ताह में दो बैल वह खा लेता है। लेकिन बैल और भैंस वह तब खाता है जब गाय, हिरन आदि उसे नहीं मिलते। बहुत भूखा होने पर वह बन्दर और दूसरे छोटे जानवर भी खा जाता है।

भेड़िया। दुनिया का कोई भी देश ऐसा नहीं है, जहाँ भेड़िये न हों। उत्तरी इलाक़ों में भी यह पाया जाता है और अमरीका में भी। तिब्बत जैसे ठंडे और बर्फ़ से ढँके प्रदेश में भी भेड़िया होता है और युरोप में भी। भारत में हिमालय की तलहटी से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक भेड़िये मिलते हैं। भेड़िये की भूख प्रसिद्ध है। वे भेड़िये को भी खा जाते हैं।

बर्फ़ से ढँकी और ठंडी जगहों का भेड़िया काफ़ी बड़ा होता है। क्रांति से पहले रूस में बहुत से भेड़िये मिलते थे। लेकिन सोवियत संघ में उनकी संख्या कम कर दी गयी है। भारत में भी भेड़ियों की संख्या अब बहुत कम हो गयी है, फिर भी कभी-कभी वे सात-सात और नौ-नौ के ग्रूप में देखे गये हैं।

भेड़िया तीन फ़ुट लंबा और ढाई फ़ुट ऊँचा होता है। उसकी दुम डेढ़ फ़ुट लंबी होती है। जैसे ऊपर कहा गया है, भेड़िये की भूख कभी नहीं जाती। भूखी हालत में वह बीस-बीस मील दूर जाता है।

लेनिन की गोर्की

लेनिन की गोर्की मास्को से लगभग ३३ किलोमीटर की दूरी पर है। अपने जीवन के आख़िर छः सालों में लेनिन वहाँ पर रहे थे। लेनिन जिस स्थान पर रहे, वहाँ तीन मकान हैं। उत्तर-दक्षिण के दो मकान बहुत छोटे हैं, बीच का बड़ा है। शुरू में लेनिन दक्षिण के मकान में रहे। मकान के नीचे के भाग में वह ख़ुद रहते थे। ऊपर के भाग में

उसका परिवार रहता था। उनकी पत्नी क्रुप्सकाया के रहने के कमरे भी बहुत छोटे हैं। तीनों मकानों के सामने एक पार्क है जिस में लेनिन की बड़ी मूर्त्ति फूलों के बीच खड़ी है। छोटे मकान में सर्दी अधिक थी। फिर उसमें फ़ोन का प्रबंध नहीं था। सरकार के काम से अक्सर अधिकारियों के साथ संबंध स्थापित रखने की आवश्यकता पड़ती थी। इसलिये १९२० में बीच के बड़े मकान में आना ज़रूरी हो गया था।

इन दोनों मकानों के बीच एक छोटी सड़क है जिसपर लेनिन अक्सर टहलते थे। इस सड़क पर वह जगह है जहाँ लेनिन जाना पसंद करते थे। आने पर वह बेंच[12] पर बैठ जाते थे और गोर्की गाँव, उसके खेत और 'पहरा' नदी आदि के दृश्य देखते थे। पेड़ों के बढ़ जाने से अब ये दृश्य दिखायी नहीं देते।

बड़े मकान के एक कमरे में लेनिन की कुछ महत्त्वपूर्ण चिट्ठियाँ जमा हैं, जो उन्हों ने विभिन्न स्थानों के कम्युनिस्टों को लिखी थीं। उन चिट्ठियों में एक चिट्ठी अँग्रेज़ी की है, जिसे देखने से पता चलता है कि वे अँग्रेज़ी कितना साफ़ और अच्छी तरह लिखते थे। यह चिट्ठी अगस्त १९२१ में थामस बेल नामक व्यक्ति को लिखी गयी थी।

एक कमरे में लेनिन का छोटा-सा पुस्तकालय है, जिसमें दूसरी पुस्तकों के बीच कुछ पुस्तकें तुर्गेनेव तथा शेक्सपियर की हैं। जनवरी १९२४ के दिनों में वह गोर्की की 'मेरे विश्वविद्यालय' पुस्तक पढ़ रहे थे।

13. इस कहानी का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Московский зоопарк

Московский зоопарк очень популярен среди москвичей. Зоопарк посещают и взрослые, и школьники, и маленькие дети. Посетители приходят сюда и утром и вечером. Школьники часто совер-

[12] बेंच 'скамья'.

шают экскурсии в зоопарк. Вместе с учениками приходят их учителя. Особенно много посетителей бывает в зоопарке по воскресеньям. Они с интересом осматривают парк, долго стоят перед клетками, вольерами и водоемами, где живут звери, птицы и рыбы со всех континентов и морей нашей земли. Взрослые и дети очень любят смотреть, как играют обезьяны.

Особенно хорошо в зоопарке летом. Летом здесь всюду цветы.

Многие звери живут летом под открытым небом. Для слонов есть искусственная гора и глубокий бассейн. Слон Москвич родился в Москве.

На лужайках свободно разгуливают олени, зебры, буйволы и жирафы. В прудах плавают лебеди и дикие утки. Как красивы черные лебеди!

Московский зоопарк — место, где не только живут дикие животные, здесь ведется также и большая научная работа. В зоопарке работают ученые и студенты различных учебных заведений. Они изучают жизнь и привычки обитателей зоопарка.

При зоопарке имеется также кружок школьников. Научные сотрудники учат детей наблюдать за жизнью животных и птиц, рассказывают детям интересные истории об обитателях зоопарка, показывают, как необходимо ухаживать за животными.

В зоопарке с посетителями часто проводятся беседы о жизни животных. Кроме того, сотрудники зоопарка показывают на заводах и фабриках, в школах и институтах интересные кинофильмы из жизни животных.

14. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

स्थापित, चिड़िया, टहलना, ठंडा, जानवर, पानी, भाँति, अंत, ज़िंदगी, पढ़ाना, मास्कोवाला, रीछ।

15. किसी न किसी जानवर के बारे में एक कहानी लिखिये।

16. निम्नलिखित बातचीत का अनुवाद कीजिये।

— चिड़ियाघर को कौनसी बस जाती है?
— पचीस नंबर वाली बस।
— शुक्रिया। बेटा, देख लो, कौनसी बस आ रही है?
— पचीस नंबर की।
— अच्छा, यह हमारी ही है, चढ़ जाओ।

–पिता जी, क्या मास्को का चिड़ियाघर पुराना है?

–हाँ, बेटा, काफ़ी पुराना है। उसकी स्थापना ग्राज से सौ साल भी पहले हुई थी।

–यहाँ बहुत से जानवर हैं?

–हाँ, बहुत से।

–ये सब जानवर कहाँ से ग्राये हैं?

–दुनिया के सभी देशों से।

–क्या वे पिंजरों में बंद रहते हैं?

–देखो, बेटा, यहाँ के चिड़ियाघर में दो भाग हैं पुराना ग्रौर नया। पुराने भाग में ग्रधिकांश जानवर पिंजरों में बंद हैं। सिर्फ़ घास खानेवाले पशु ग्रहातों में रहते हैं। लेकिन नये भाग में सब जानवर ग्रहातों में रहते हैं वहाँ पिंजरे नहीं हैं।

–क्या, पिता जी, ग्रफ़्रीका के जंतु देखेंगे हम?

–ज़रूर, क्यों नहीं। कुछ ग्रागे दरियाई घोड़े का तालाब होगा।

–जिराफ़े भी देखेंगे?

–हाँ, बेटा।

–पिता जी, जाड़े के मौसम में ये गर्म देशों के जानवर कैसे रह सकते हैं?

–कुछ जानवर सर्दी के ग्रादी हो चुके हैं। जो ग्रपने ग्रापको ग्रादी नहीं बना सके, उनके लिये ख़ास मकान बनाये गये हैं। राजहंस ग्रौर बत्तक जैसे जलपक्षी पूरे साल यहाँ रहते हैं। सर्दियों में जब तालाबों का पानी जम जाता है उनके लिये तालाब के बर्फ़ में बड़े सुराख़ बनाये जाते हैं ग्रौर वे पानी के इस भाग में मज़े से तैरते हैं।

–पिता जी, सामने दरियाई घोड़े का तालाब है ग्रौर दायें हाथ हाथियों का ग्रहाता। कहाँ चलें?

—पहले तो हाथी देखने चलें।

—पिता जी, देखिये, तीन हाथी हैं। हाथी का बच्चा कितना सुंदर है! क्या वह यहाँ पैदा हुआ था?

—हाँ, यहाँ, मास्को में, इसलिये उसका नाम 'मास्क्विच' रखा गया है।

—अच्छा? पिता जी, पिता जी देखिये हथिनी कितने मज़े से तालाब में नहा रही है।

—हाँ, बेटा, देख ही रहा हूँ। चलें, बेटा, और बहुत देखना बाक़ी है।

—पिता जी, दरियाई घोड़ा दिखाई नहीं देता। कहाँ है वह?

—वह पानी के अंदर है, ऊपर सिर्फ़ दो आँखें दिखाई देती हैं।

—अरे, वह निकलने लगा, कितना बड़ा है वह! दाँत भी कितने बड़े हैं।

—हाँ, वह दुनिया के बड़े जानवरों में से एक है।

—पिता जी, बंदर देखने चलें?

—चलें, बेटा।

17. निम्नलिखित संख्याओं को हिन्दी में लिखिये।

639 824 689; 700 202 300; 525 357 979; 866 937 888; 29 635 748; 902 700 307; 87 649 254; 967 484 326; 77 666 399; 309 409 109.

18. निम्नलिखित संख्याओं को रूसी में लिखिये।

७८ करोड़ ६६ लाख ३४ हज़ार ८६८; ३६ करोड़ ८८ लाख ६३ हज़ार ६३६; ८६ करोड़ २६ लाख ४७ हज़ार ३२६; ११ करोड़ ७६ लाख ८१ हज़ार ४४५।

चुटकुले[13]

१) लड़का—(पोस्ट आफ़िस के अधिकारी से) यह लिफ़ाफ़ा भारी तो नहीं है?

---

[13] चुटकुला 'шутка'.

अधि० — हाँ, यह भारी है। एक टिकट और लगाओ।
लड़का — टिकट लगाने से तो यह और भी ज़्यादा भारी हो जाएगा। कहिये तो एक टिकट और निकाल लूँ।

२) अध्यापक — राम, हाथी और घोड़े में क्या फ़र्क़ है?
लड़का — घोड़े की दुम पीछे होती है और हाथी की दुम मुँह के आगे होती है।

Повторение (दोहराव)

निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) На делийских базарах вы можете купить самые разнообразные фрукты: манго, мандарины, бананы, гранаты, ананасы, яблоки. Кроме фруктов вы можете купить там различные овощи: морковь, картофель, лук, чеснок, капусту, цветную капусту, огурцы, помидоры. (2) Вчера мы с другом очень хорошо пообедали в одном из ресторанов. Мы заказали томатный суп с бараниной, жареную говядину с картофелем и плов на второе, на третье мы попросили принести мороженое и кофе. (3) Долгое время никто не мог покорить высочайшую вершину мира Эверест. Только в 1953 году шерпа Тен Синг и новозеландец (न्यू ज़ीलैंड के निवासी) Хиллари покорили Эверест. Они водрузили над горой три флага. Альпинисты всего мира гордятся мужеством этих людей. (4) Бомбей — один из крупнейших городов Индии. Это центр индийской промышленности и большой порт. Около Бомбея расположен аэродром «Санта Крус» — крупнейший в Индии. Много пассажирских самолетов приземляется ежедневно на этом аэродроме. (5) Все, кто видел московское метро, говорят, что оно самое красивое в мире. Станции метро выглядят, как дворцы. Люди спускаются в метро по эскалатору. Проезд в метро стоит пять копеек. Пассажиры опускают пять копеек в отверстие специального автомата и проходят на эскалатор.

УРОК XIV

ГРАММАТИКА

ПОНУДИТЕЛЬНЫЕ (КАУЗАТИВНЫЕ) ГЛАГОЛЫ

В языке хинди понудительными, или каузативными, являются производные глаголы, которые обозначают переходное действие, совершаемое не непосредственно субъектом глагола, а через посредство другого лица — действительного исполнителя действия. В отличие от обычных переходных глаголов, показывающих, что действие, обозначенное ими, осуществляется самим их субъектом, понудительные (каузативные) глаголы точно фиксируют, что их субъект сам не совершает обозначаемого ими действия, например: पढ़ना 'учиться' (*самому*) — पढ़वाना 'заставлять учиться' (*у кого-л.*), 'учить' (*при посредстве кого-л.*), 'руководить обучением' (*через кого-л.*), 'давать возможность учиться' (*наняв учителя, внося плату за обучение и т. д.*); भेजना 'посылать' (*самому*) — भिजवाना 'посылать' (*через кого-л.*); बच्चा पढ़ना सीखता है 'ребенок (*сам*) учится читать' (субъект глагола и исполнитель действия — одно и то же лицо — 'ребенок' — подлежащее предложения), बाप बच्चे को पढ़ना सिखाता है 'Отец (*сам*) учит ребенка читать' (в этом предложении, как и в предыдущем, субъект глагола также является и исполнителем действия — подлежащим предложения), но बाप बच्चे को पढ़ना सिखवाता है 'Отец учит ребенка читать' [не сам, а при помощи, например, учителя, т. е. субъект глагола (подлежащее предложения) и исполнитель действия (обучения) — разные лица, о чем свидетельствует сказуемое, выраженное понудительным глаголом].

В русском языке понудительных (каузативных) глаголов нет. Поэтому на русский язык такие глаголы приходится переводить обычными переходными глаголами, не выражающими понудитель-

ный характер действия. Но при переводе на язык хинди необходимо всегда точно указывать, производит ли переходное действие сам субъект, или он является только организатором данного действия. Если действие совершает сам субъект, употребляется обычный переходный глагол, например: "Этот портной шьет костюм" यह दर्ज़ी एक सूट बना रहा है. Когда же исполнитель действия и субъект глагола разные лица—обязательно употребление понудительного глагола, например: "Я сошью себе костюм" (в ателье, у портного) मैं एक सूट बनवाऊँगा.

Понудительные (каузативные) глаголы—устойчивые лексические единицы, обычно отмечаемые во всех словарях. Значения понудительных глаголов в словарях не даются. Исключения составляют те глаголы, которые в смысловом отношении в значительной степени отошли от соответствующих исходных глаголов.

ОБРАЗОВАНИЕ ПОНУДИТЕЛЬНЫХ (КАУЗАТИВНЫХ) ГЛАГОЛОВ

Понудительные глаголы образуются от глаголов с любым лексическим значением (непроизводных и производных) посредством особых суффиксов, присоединяемых к основе исходного глагола. При образовании понудительных глаголов в одних случаях коренной гласный основы не изменяется, в других—претерпевает определенные фонетические изменения, например: आ переходит в अ или इ, ई переходит в इ, ऊ — в उ, ए и ऐ переходят в इ (дифтонг ऐ иногда остается без изменения), ओ переходит в उ.

Различают понудительные глаголы 1-й и 2-й степени. Понудительные глаголы 1-й степени образуются посредством суффиксов आ и ला (а иногда и वा и लवा), понудительные глаголы 2-й степени—только при помощи суффиксов वा и लवा. Суффиксы ला и लवा присоединяются главным образом к основам переходных глаголов, оканчивающимся на долгий гласный. От большинства непроизводных глаголов (непереходных и переходных) образуется только по одному понудительному глаголу, который передает значение как каузативности 1-й степени, так и каузативности 2-й степени (примеры см. ниже).

Таблица 1

Непереходный глагол		Переходный непроизводный глагол		Понудительный (каузативный) глагол	
				1-й степени	2-й степени
कटना	'быть разрезанным'			कटाना	कटवाना
		करना	'делать'	कराना	करवाना
		खाना	'есть'	खिलवाना	
खौलना	'кипеть'			खौलवाना	
घूमना	'кружиться', 'гулять'			घुमवाना	
चलना	'двигаться'			चलवाना	
जागना	'просыпаться'			जगवाना	
		जीतना	'побеждать'	जिताना	जितवाना
		तोड़ना	'ломать'	तोड़ाना, तुड़ाना, तुड़वाना	
तैरना	'плавать'			तैरवाना	
		देना	'давать'	दिलाना	दिलवाना
दीखना	'быть видимым'			दिखलवाना	
		पकड़ना	'ловить'	पकड़ाना	पकड़वाना
		पढ़ना	'учиться'	पढ़वाना	
फिरना	'поворачиваться'			फिरवाना	
बुझना	'гаснуть'			बुझवाना	
बैठना	'садиться', 'сидеть'			बिठवाना, बैठवाना (बिठलवाना)	
भागना	'бежать', 'убегать'			भगवाना	
मरना	'умирать'			मरवाना	
मिलना	'соединяться'			मिलवाना	
मुड़ना	'сгибаться'			मुड़वाना	
रोना	'плакать'			रुलाना	रुलवाना
		समझना	'понимать'	समझवाना	
		सीखना	'изучать'	सिखवाना	
		सीना	'шить'	सिलाना	सिलवाना

От глаголов लेना 'брать' и बोना 'сеять' образуется по одному понудительному глаголу: लिवाना и बुवाना не посредством суффикса ला или लवा, а при помощи суффикса वा.

От глаголов पाना 'получать', जाना 'идти', 'уходить', आना 'приходить', होना 'быть' и некоторых других понудительные глаголы не образуются.

ЗНАЧЕНИЕ И УПОТРЕБЛЕНИЕ ПОНУДИТЕЛЬНЫХ (КАУЗАТИВНЫХ) ГЛАГОЛОВ

Понудительные (каузативные) глаголы строят свои формы как обычные переходные глаголы. От понудительных глаголов образуются и интенсивные глаголы, но только посредством образующих переходных глаголов, главным образом глаголов देना 'давать' и लेना 'брать'.

Понудительные (каузативные) глаголы употребляются в том случае, когда субъект глагола не является непосредственным исполнителем действия, выраженного исходным глаголом, а только заставляет, приказывает, просит, поручает, дает возможность (и в некоторых случаях даже сам помогает) другому лицу совершить это действие, например: यह पार्सल आज भिजवा दो 'Эту посылку отправь сегодня' (*по почте или через кого-л.*); हवाई अड्डे पर मैं ने चुंगीघर में सामान की जाँच करा ली थी 'На аэродроме в таможне я отдал на проверку багаж' [букв. 'На аэродроме в таможне я дал (кому-то) или попросил (кого-то) проверить багаж'].

Однако понудительные глаголы не обязательно выражают побуждение к действию, очень часто они указывают лишь на то, что обозначенное ими действие может быть совершено, совершается, совершилось или совершится не его субъектом, а через другое лицо, например: औरतें भी वहाँ अपने बाल बनवा सकती हैं या नाख़ून रँगवा सकती हैं 'Женщины также могут там (в парикмахерской) сделать прическу или маникюр'; अगर कोई रेस्तराँ में भोजन करना नहीं चाहता तो वह टेलीफ़ोन से कमरे में खाना मँगा सकता है 'Кто не хочет есть в рес-

торане, может заказать по телефону еду в номер'; मुझे मोटर मँगवा दो, मैं लाहौर जाऊँगी 'Вызови мне машину, я поеду в Лахор'.

В предложении, где сказуемое выражено понудительным глаголом, субъект действия является подлежащим. Объектом, как и при обычном переходном глаголе, является лицо или предмет, на который направлено действие. Имя в функции объекта (прямого дополнения) выступает в прямом падеже или в косвенном падеже с послелогом को, местоимение—в косвенном падеже с послелогом को или в объектном падеже, например: टेक्सी मँगवाना 'вызывать такси'; उन्हों ने इन को (इन्हें, इन दो लड़कों को) पढ़वाया है 'Он дал им (этим двум юношам) образование', 'Он обучил их (этих двух юношей)'.

Действительный исполнитель действия может быть указан или не указан. Если действительный исполнитель действия указывается, он выражается именем или местоимением в косвенном падеже с послелогом से (реже с послелогами के ज़रिये, [के] द्वारा 'посредством', 'при помощи', की मार्फ़त 'посредством', 'через', 'через посредство', 'при помощи', послеложными словосочетаниями के हाथ से 'с помощью', 'посредством', की सहायता (मदद) से 'с помощью' и т. п.) и выполняет в предложении функцию косвенного дополнения, например: उस से सामान रखवाने के बाद हम रेस्तराँ गये और इस युवक ने हमें नाश्ता कराया 'После того как он разместил [наш] багаж (букв. после размещения им багажа), мы пошли в ресторан, и этот юноша накормил нас завтраком'; मैंने अपने दुभाषिये के द्वारा वहाँ की मेड से कमरे की चाबी मँगवाई 'Через переводчика я попросил у горничной ключ от номера'; मैंने दोस्तों की सहायता से एक प्रसिद्ध सोवियत इतिहासज्ञ से मिलने का प्रबंध करवाया 'При помощи друзей я организовал встречу с известным советским историком'.

Выше было отмечено, что в языке хинди имеются понудительные глаголы 1-й и 2-й степени.

Понудительный глагол 1-й степени обычно показывает, что в процессе действия кроме субъекта принимает участие только один исполнитель. Исполнитель действия может быть обозначен и не обозначен, например: इस दफ़्तर से आप जो बात चाहें मालूम करा सकते हैं 'Через это бюро (учреждение) Вы можете выяснить все, что захотите'.

Понудительный глагол 2-й степени указывает, что в процессе действия кроме субъекта принимают участие один за другим не менее двух его исполнителей. Второй и другие исполнители действия, как правило, не указываются, а только подразумеваются: होटल के ऑफ़िस से आप थियेटर के टिकट बुक करवा सकते हैं 'Через контору гостиницы Вы можете заказать билет в театр' (Вы позвони́те или зайдите в контору, а там свяжутся с театром и возьмут для вас билеты).

Однако в современном языке различия между понудительными глаголами 2-й и 1-й степени, образованными от одной и той же основы, во многих случаях стираются: понудительные глаголы 2-й степени используются для обозначения действия, где кроме субъекта принимает участие лишь одно лицо, т. е. они употребляются для выражения того же каузативного действия, что и понудительные глаголы 1-й степени: मैं ने इस दर्ज़ी से दो सूट सिलवाये 'Я сшил у этого портного два костюма'; वह अपने हाथ से कुछ नहीं करते, सब काम किसी दूसरे से करवाते हैं 'Он сам ничего не делает, все делает за него кто-то другой' ('... все он заставляет делать кого-то другого'); उस से लिखवाओ 'Попроси его написать'.

Близость значений понудительных глаголов 1-й и 2-й степени особенно наглядно видна на примере тех глаголов, в которых эти значения выражаются одной формой: मेरे लिये ऐसी ही सुंदर इमारत बनवाओ 'Построй для меня такой же красивый дом' (т. е. сам распорядись построить или прикажи это сделать другому).

Понудительные глаголы как глаголы переходные употребляются и в страдательном залоге, например: टेलीफ़ोन से टेक्सी भी मँगवायी जा सकती है 'По телефону можно вызвать и такси'.

Некоторые понудительные глаголы (при самостоятельном употреблении и в словосочетаниях) могут выражать не каузативное, а возвратное или возвратно-пассивное значение, например: कहाना, कहलाना 'называться' (от कहना 'называть', 'говорить'), например: इलाहाबाद प्रयाग भी कहलाता है 'Аллахабад называют также Праягом'.

Отдельные понудительные глаголы по лексическому значению значительно отошли от соответствующих исходных глаголов, например: बुलवाना 'велеть позвать', 'посылать за' (от बोलना 'говорить', बुलाना 'звать'), मँगाना, मँगवाना 'заказывать', 'выписывать' (от माँगना 'просить', 'требовать') и некоторые другие.

При переводах следует отличать понудительные глаголы от производных переходных глаголов, образованных посредством тех же суффиксов आ и ला, но выражающих обычное переходное действие, осуществляемое самим субъектом глагола, например: तैराना 'сплавлять' (*напр.* *лес*), फिराना 'поворачивать', दिलाना 'передавать', 'вручать', दिखलाना 'показывать' и др.

अभ्यास

1. निम्नलिखित प्रेरणार्थक क्रियाओं की सामान्य भूतकाल में काल-रचना कीजिये।

(टेक्सी) मँगवाना ; (घर) बनवाना ; (चिट्ठी) लिखवाना।

2. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) मोहन ने गोपाल से कहा कि वह राम से चिट्ठी लिखवाए। (२) फल पेड़ से गिरता है। गोपाल पेड़ से फल गिराता है। गोपाल नौकर [के हाथ] से फल गिरवाता है। (३) बच्चा दूध पीता है। माँ बच्चे को दूध पिलाती हैं। माँ दादी से बच्चे को दूध पिलवाती हैं। (४) लोग कहानी सुनते हैं। अध्यापक विद्यार्थियों को कहानी सुनाते हैं। अध्यापक एक विद्यार्थी द्वारा विद्यार्थियों को कहानी सुनवाते हैं। (५) शाहजहाँ ने ताजमहल बनवाया। (६) दादी जी ने

मुझसे अपनी चिट्ठी पढ़वाई। (७) यह ख़बर किसी प्रकार मेरे भाई के पास भिजवा दो। (८) सब कपड़े बाहर धूप में निकलवाओ। (९) मैं चिट्ठी ख़ुद नहीं लिखता, किसी से लिखवाता हूँ। (१०) इस दुकान पर लोहे की चीज़ें बिकती हैं; अक्सर दुकानदार आप बेचता है, परन्तु कभी किसी नौकर से बिकवाता है। (११) अध्यापिका ने स्कूल के लड़कों से कुछ लिखवा दिया। (१२) किसान ने डाकिये से चिट्ठी लिखवा ली। (१३) आप अपने कपड़े किस से धुलवाते हैं? (१४) मैं ने उससे यह काम कराया था। (१५) हमारी सड़क पर नये पेड़ लगवाये जाएँगे। (१६) तुम ने यह ओवरकोट किस से बनवाया है? (१७) कल उस आदमी को अपने साथ दफ़्तर में ले आइये और इतने में मैं सब ज़रूरी काग़ज़ तैयार करवाऊँगा। (१८) हवाई अड्डे पर आप के लिए अपना सारा सामान तुलवाना ज़रूरी होगा। (१९) मैं ने बिल चुकाया है, यह लीजिये। —अच्छा जी, दो-तीन घंटे में हम आपका सब फ़र्नीचर आपके घर पहुँचवा देंगे। (२०) हर साल मास्को सोवियत बहुत से पुराने मकानों को गिरवा देती है और उन के स्थान पर नये रिहायशी मकानों, भिन्न-भिन्न दुकानों, स्कूलों, बड़े-बड़े अस्पतालों और सिनेमाघरों का निर्माण करवाती है। (२१) दादी जी, सीता को दो घंटे तक न सिर्फ़ कोई खाना खिलाना बल्कि गर्म चाय भी पिलाना नहीं। उसका एक दाँत निकलवाया गया है। (२२) आप यह काम ख़ुद करेंगे या किसी दूसरे से करवायेंगे, मुझे कोई फ़र्क़ नहीं। लेकिन पाँच बजे तक उसे पूरा करना आवश्यक है। (२३) किस तरह यह सोफ़ा उठवाया जा सकता है? मैं सोचता हूँ कि यह किताब उसके नीचे गिर गयी है।

3. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Преподаватель продиктовал студентам новые слова. (2) Я лечусь у доктора Рамкумара. (3) Отправьте это письмо завтра ут-

ром. (4) Отдайте, пожалуйста, мое белье в стирку. (5) Организуйте для наших студентов экскурсию в этот музей. (6) Он сам ничего не делает, за него все делают другие. (7) Закажите мне, пожалуйста, такси к восьми часам утра. (8) Отец моего товарища сумел дать образование всем своим детям. (9) Попросите сестру купить Вам это лекарство. (10) Мы заставили его рассказать эту историю всем. (11) Московский зоопарк строит новую вольеру для жирафов. (12) Бабушка попросила меня прочитать ей письмо. (13) Завод построил новый жилой дом для рабочих. (14) Я попросил своего товарища заказать мне кофе с молоком. (15) Как называется эта улица? (16) Он познакомил меня с историей этого города. (17) Попроси кого-нибудь открыть окно. (18) Раньше мама сама готовила обед, а теперь рядом с нашим домом открылась большая столовая, и она заказывает там все, что нужно.

4. निम्नलिखित क्रियाओं के प्रेरणार्थक रूप बनाइये।

दौड़ना, फैलना, देखना, उठना, समझना, बढ़ना, निकलना, चढ़ना, चलना, सोना, सीखना, मिलना।

5. इन क्रियाओं के प्रेरणार्थक रूप याद कीजिये।

खेलना	खेलाना	खिलवाना
खाना		खिलवाना
देखना	दिखलाना	दिखवाना
धोना	धुलाना	धुलवाना
पीना		पिलवाना
बैठना	बिठलाना	बिठवाना
बिकना		बिकवाना
सोना		सुलवाना

पाठ

मास्को का एक होटल

(एक भारतीय यात्री के संस्मरण)

सन् १९५७ में मास्को में नौजवानों और विद्यार्थियों का छठा विश्व-महोत्सव हुआ था। भिन्न-भिन्न देशों से प्रतिनिधि-मंडल मास्को में पहुँचे थे। जुलाई के एक दिन

हम भी दोपहर के तीन बजे मास्को पहुँचे। हवाई अड्डे पर मैं ने चुंगीघर (कस्टम-हाउस) में सामान की जाँच करा ली थी। वहाँ पर पासपोर्ट, वीज़ा, मेडिकल सर्टिफ़िकेट आदि भी देखे गये और इसके बाद सामान बस में रखवाया गया। हवाई अड्डे पर मास्को-विश्वविद्यालय का एक लड़का हमें लेने आया। वह दुभाषिये की हैसियत से काम करता था। उससे सामान रखवाने के बाद हम रेस्तराँ गये और इस युवक ने हमें जलपान कराया। इस बीच 'उक्राईना' होटल में कमरे बुक कर दिये गये थे। पाँच बजे उस युवक ने हमें बस में बिठाया और हम शहर की ओर रवाना हुए।

छः बजे के लगभग हम होटल पहुँचे। यह होटल मास्को के विशेष होटलों में से एक है। उसकी इमारत तीस मंज़िलों की है और उस में एक हज़ार से ज़्यादा कमरे हैं। बस से उतरने के बाद युवक हमें होटल के ऑफ़िस में ले गया। वहाँ हम को बताया गया कि हर एक आदमी के लिये ग़ुसलख़ाने समेत अलग अलग कमरे का प्रबन्ध किया गया और हमारे दल के नेता को एक स्विट दिया गया। हमने आनेवालों का फ़ार्म भरा और अपने कमरों की तरफ़ लिफ़्ट के ज़रिये ऊपर जाने लगे।

मेरा कमरा इक्कीसवीं मंज़िल पर था। अपनी मंज़िल पर पहुँचने के बाद मैं लिफ़्ट से निकल आया और मैंने अपने दुभाषिये के द्वारा वहाँ की मेड से कमरे की चाबी मँगवाई। उसने मेज़ की दराज़ से चाबी निकाली और मुझे दे दी। मैं ने उसे धन्यवाद दिया और कमरे के दरवाज़े को खोला। कमरा बड़ा और रोशन था। वहाँ पर एक दुहरा पलंग था, एक चौकोर मेज़, छः कुरसियाँ, दीवार में बनी कपड़ों की अलमारी और लिखने की मेज़ थीं। लिखने की मेज़ के पास एक छोटी गोल मेज़ थी जिसपर टेलीफ़ोन रखा था। पलंग के पास चेम्बरमेड को बुलाने के लिये बिजली की घंटी दीवार में लगी थी।

थोड़ी देर बाद मेरा सामान कमरे में पहुँचा दिया गया। मैं ने कपड़े बदले और होटल देखने गया। 'उक्राईना' होटल असल में बहुत बड़ा निकला। पहली मंज़िल पर एक बड़ा और हवादार पेशदालान है, रेस्तराँ है। दूसरी मंज़िल पर हज्जामख़ाना है। पेशदालान में डाकख़ाना और कई छोटी दुकानें हैं, जिनमें स्मृति-चिह्न (सॉवनिअर), तंबाकू, किताबें, पोस्ट कार्ड और दूसरी चीज़ें बिकती हैं। पेशदालान में लगभग सभी देशों के अख़बार भी बिकते हैं। होटल की तीसवीं मंज़िल पर काफ़ीहाउस है। तीसवीं मंज़िल के बरामदे से मास्को का सुंदर दृश्य नज़र आता है।

शामको हम रेस्तराँ गये। जो लोग होटल में ठहरते हैं वे आम तौर पर रेस्तराँ में खाना खाते हैं। लेकिन अगर कोई रेस्तराँ में भोजन करना नहीं चाहता तो वह टेलीफ़ोन से कमरे में खाना मँगा सकता है। कुछ मिनटों में बैरा खाना ले आता है। टेलीफ़ोन से टेक्सी भी मँगवायी जा सकती है। इस होटल की सरविस बहुत ही अच्छी है। होटल के ऑफ़िस या सरविस-ब्यूरो से आप थियेटर के टिकट बुक करवा सकते हैं। पूछताछ के दफ़्तर से आप जो बात चाहें मालूम करा सकते हैं। सफ़ाई करनेवाली नौकरानी कमरे की हर चीज़ को साफ़-सुथरा रखती है। तौलिये, चादरें, गिलाफ़ सब हर वक़्त साफ़ रहते हैं। ग़ुसलख़ाने में हमेशा गरम और ठंडा पानी रहता है। होटल का हज्जामख़ाना सुबह के सात बजे से रात को ग्यारह बजे तक काम करता है। वहाँ हजामत बनवायी जा सकती है, बाल कतरवाये जा सकते हैं। औरतें भी वहाँ अपने बाल बनवा सकती हैं या नाख़ून रँगवा सकती हैं। लौंडरी में कपड़ा अच्छी तरह धुलवाया जाता है। पेशदालान में जो डाकख़ाना है वहाँ से डाक भेजी जा सकती है और तार भी भेजे जा सकते हैं।

दूसरे दिन जब नाश्ता करने के बाद हम बाहर निकले तो होटल के पास ही कई मोटरें खड़ी थीं जो हमारा

इंतज़ार कर रही थीं। हममें से कुछ लोग शहर देखने गये और बाक़ी लोग दूसरे प्रतिनिधि-मण्डलों के मेम्बरों से मिलने चल दिये। मेरी ख़ास दिलचस्पी सोवियत प्राच्यविद्या में थी इसलिये मैंने रूसी दोस्तों की सहायता से एक प्रसिद्ध सोवियत इतिहासज्ञ से मिलने का प्रबन्ध करवाया।

एक दिन मैं उनसे मिलने गया। उनका मकान एक गली में था। मैं लिफ़्ट से उनकी मंज़िल पर पहुँचा और घंटी बजायी। क्षणभर में एक ऊँचे क़द के आदमी ने दरवाज़ा खोला और कहा—नमस्ते, आइये। वह मुझे अपने अध्ययन-कक्ष में ले गये। जब हम बैठ गये तो उन्हों ने हिन्दी में कहा—माफ़ कीजिये, मुझे अँग्रेज़ी में बात करना अच्छा नहीं लगता। हम हिन्दी में बातें करेंगे। मेरी ज़बान में उर्दू के शब्द अधिक रहते हैं। उम्मीद है, आपको उससे कोई दिक़्क़त नहीं होगी?

मैं ने कहा—बिलकुल नहीं। मैं ख़ुद उर्दू जानता हूँ। इसके बाद मैं ने पूछा—मेरे दोस्तों ने बताया था कि आप भारत हो आये हैं, वहाँ कब गये थे?

वे बोले—२४ दिसम्बर (१९५६) को गया था, ३ मार्च तक वहाँ रहा। ख़ूब घूमा। आगरा, लखनऊ, कलकत्ता, मद्रास, मैसूर, बैंगलौर, हैदराबाद, बम्बई, दिल्ली आदि-आदि देखे। एलोरा और अजंता भी मैं ने देखे।

मेरे यह पूछने पर कि आपको सब से अच्छा नगर कौनसा लगा, उन्हों ने कहा—यह बताना मुश्किल है। मुझे कहीं भी अधिक समय रहने को नहीं मिला। दो-दो, तीन-तीन दिन एक-एक स्थान पर रहा। फिर भी कोणार्क का मंदिर मुझे बहुत अच्छा लगा। प्राचीन होने के साथ-साथ उसकी कला बेजोड़ है। एलोरा भी बहुत सुंदर है। अजंता भी पसंद आया, लेकिन एलोरा के बराबर नहीं। वहाँ के कुछ चित्र ख़राब हो गये हैं। और फिर, उसके अलावा वहाँ चित्र-ही-चित्र हैं। एलोरा में मूर्त्तियाँ भी हैं। शहरों में

सब से दिलचस्प लखनऊ लगा। कह नहीं सकता, क्यों।

मैं ने पूछा — दिल्ली आपको कैसी लगी?

— नयी दिल्ली बहुत सुंदर नगर है, पर उसपर युरोप का बड़ा असर है। वह भारतीय नहीं लगती। पुरानी दिल्ली भारतीय है, पर बहुत सुंदर नहीं।

इस तरह की बातचीत दो से ज़्यादा घंटे चली। फिर मैं ने बिदा ली और चल पड़ा।

महोत्सव के पंद्रह दिन एक ही दिन जैसे लगे। हमारे लिए घर लौटना ज़रूरी था। दस अगस्त को हम मास्को से रवाना हो गये। मास्को की इस यात्रा से हम पर बहुत अच्छा असर पड़ा है। मैं अपने शानदार होटल और इतिहासज्ञ से हुई भेंट को न भूल सकूँगा। मास्को की ख़ुशगवार यादें दिल में अभी तक ताज़ा बनी हैं।

नये शब्द

होटल **hoтал** *м.* гостиница, отель

संस्मरण **сансмаран** *м.* воспоминания, мемуары

नौजवान **науджава̄н** 1. юный, молодой; 2. *м.* молодой человек, юноша

विश्व **вишва** *м.* мир, вселенная

महोत्सव **маhотсав** *м.* праздник, юбилей, фестиваль

विश्व-महोत्सव **вишва-маhотсав** *м.* всемирный фестиваль

प्रतिनिधि **пратинидhи** *м.* представитель, депутат, делегат

मंडल **мандал** *м.* круг людей, группа, коллектив

प्रतिनिधि-मंडल **пратинидhи-мандал** *м.* делегация, депутация

चुंगीघर **чунгӣгhар** *м.* таможня

कस्टम-हाउस **кастам-hāус** *м.* таможня

वीज़ा **вӣзā** *м.* виза

मेडिकल **мэдикал** медицинский

सर्टिफ़िकेट **сартификэт** *м.* удостоверение, свидетельство, сертификат

दुभाषिया **дубhāшийā** *м.* переводчик (*устный*)

हैसियत **hайсийат** *ж.* 1) положение (*материальное, общественное*); 2) качество (*положение, должность*)

युवक **йувак** *м.* молодой человек, юноша

जलपान **джалпāн** *м.* завтрак, закуска

बिठाना **битhāнā** *п.* усаживать, сажать

समेत **самэт** вместе с, включая

नेता **нэтā** *м. неизм.* 1) вождь; 2) глава, руководитель, лидер

स्विट **свит** *м.* номер из нескольких комнат (*в гостинице*)

मेड **мэд̣** *ж.* служанка, горничная

चाबी **чāбӣ** *ж.* ключ

मँगवाना **мãгвāнā** *п.* (*понуд. от* **माँगना** **мāгнā** *п.*) 1) просить (*через кого-л.*); 2) заказывать, выписывать, вызывать

दराज़ **дарāз** *ж.* ящик (*стола, комода*)

दुहरा **дуhрā** двойной

चौकोर **чаукор** четырехугольный, квадратный, прямоугольный

[टेली]फ़ोन **[т̣элӣ]фон** *м.* телефон

चेम्बरमेड **чэмбармэд̣** *ж.* горничная

असल **асал** *м.* суть, сущность

पेशदालान **пэшдāлāн** *м.* вестибюль, передняя

हज्जामख़ाना **hаджджāмхāнā** *м.* парикмахерская

लौंडरी **лаунд̣рӣ** *ж.* прачечная

स्मृति **смрити** *ж.* память, воспоминание

स्मृति-चिन्ह **смрити-чинhа** *м.* сувенир, памятный значок

सॉवनिअर **сāваниар** *м.* сувенир

तंबाकू **тамбāкӯ** *м.* табак

बरामदा **барāмдā** *м.* 1) веранда, терраса; 2) балкон; 3) галерея

टेक्सी **т̣эксӣ** *ж.* такси

ऑफ़िस **āфис** *м.* контора

सरविस **сарвис** *ж.* обслуживание, сервис

ब्यूरो **бйӯро** *м.* бюро

सरविस-ब्यूरो **сарвис-бйӯро** *м.* бюро обслуживания

पूछताछ **пӯчʰтāчʰ** *ж.* 1) расспросы; 2) запрос

नौकरानी **наукрāнӣ** *ж.* служанка, горничная, домашняя работница

तौलिया **таулийā** *м.* полотенце

चादर **чāдар** *ж.* 1) простыня, покрывало; 2) скатерть

गिलाफ़ **гилāф** *м.* наволочка

हजामत **hаджāмат** *ж.* бритье, стрижка

बाल **бāл** *м.* во́лос

कतरवाना **катарвāнā** *п.* (*понуд. от* **कतरना** **катарнā** *п.* резать, отрезать) резать, обрезать (*с чьей-л. помощью*)

नाख़ून **нāхӯн** *м.* 1) ноготь; 2) коготь

धुलवाना **дʰулвāнā** *п.* (*понуд. от* **धोना** **дʰонā** *п.*) отдавать в стирку

इंतज़ार **интазāр** *м.* ожидание

मेंबर **мэмбар** *м.* член (*организации, общества*)

प्राच्यविद्या **прāчйавидйā** *ж.* востоковедение

इतिहासज्ञ **итиhāсгьа** *м.* историк

गली **галӣ** *ж.* переулок, узкая улица

क्षण **кшан** *м.* мгновение, миг, момент

क़द **к̇ад** *м.* рост

कक्ष **какша** *м.* комната, помещение

अध्ययन-कक्ष **адʰйайан-какша** *м.* кабинет

माफ़ **мāф** прощенный, амнистированный; ~ **करना** *п.* прощать, извинять, амнистировать

ज़बान **забāн** *ж.* язык

उम्मीद **уммӣд** *ж.* надежда

दिक़्क़त **дик̇к̇ат** *ж.* 1) беспокойство, тревога; 2) трудность, затруднение

घूमना **гʰӯмнā** *нп.* 1) кружиться; 2) бродить, гулять

मंदिर **мандир** *м.* храм

प्राचीन **прāчӣн** древний, старинный

साथ **сāтʰ**: **के** ~-~ а) наряду с, вместе с; б) одновременно с кем-либо, с чем-либо; в) вдоль чего-либо

बराबर **барāбар** **1.** 1) равный, одинаковый; 2) ровный, гладкий; **2.** 1)

беспрерывно, безостановочно; 2) всегда, постоянно; **3.** के ~ *послелог* 1) равный (*кому-л.*, *чему-л.*); 2) такой же, как, подобный; ~ होना *нп.* быть равным (के *кому-л.*, *чему-л.*; में *в чем-л.*); ~ करना *п.* выравнивать

ख़राब харāб 1) плохой, дурной; 2) негодный, испорченный, неисправный; ~ होना (हो जाना) *нп.*, портиться, разрушаться; ~ करना *п.* портить, приводить в негодность

युरोप йуроп Европа

असर асар *м.* 1) след; 2) воздействие, влияние; 3) эффект; 4) впечатление

बिदा бидā *ж.* отправление, отъезд, уход; прощание

यात्रा йāтрā *ж.* поездка, путешествие

भेंट бʰэ̃т *ж.* 1) посещение, визит; 2) встреча, свидание; 3) беседа, интервью; 4) подарок

भूलना бʰӯлнā *п.* забывать

ख़ुशगवार хушгавāр приятный

याद йāд *ж.* память, воспоминание

व्याकरण तथा शब्दावली सम्बन्धी टिप्पणियाँ

1. मेडिकल सर्टिफ़िकेट *зд.* 'международное свидетельство о прививках'; 'медицинское свидетельство'.
2. लेने आना 'приходить, приезжать встречать' (को *кого-л.*).
3. की हैसियत से 'в качестве кого-либо'.
4. इस बीच 'между тем', 'тем временем'.
5. बुक करना 'заказывать', 'бронировать' (*напр.*, *билеты в кино*, *театр*, *на поезд и т. п.*, *номер в гостинице и др.*).
6. ग़ुसलख़ाने समेत कमरा 'номер с ванной'.
7. धन्यवाद देना 'благодарить' (को *кого-л.*; का, के लिये *за что-л.*).
8. दुहरा पलंग 'двухспальная кровать'.
9. दीवार में बनी कपड़ों की अलमारी 'стенной платяной шкаф'.

10. Одним из способов выражения состояния в языке хинди является сочетание причастия прошедшего времени с формами глагола होना 'быть', указывающими на время, наклонение, число, род, например: लिखा है (था, होगा) '(был, будет) написан', बना है (था, होगा) '(был, будет) построен'. Сочетания

«причастие прошедшего времени + होना» выполняют в предложении функцию составного сказуемого (причастие прошедшего времени является именной частью, глагол होना — глаголом-связкой).

Если причастие в сочетании непереходное, субъектом состояния, возникшего в результате действия, обозначенного причастием, является само подлежащее, например: जो किताब मेज़ पर पड़ी थी उसको किसने लिया? 'Кто взял книгу, которая лежала (букв. 'была лежавшей') на столе?'

Если же причастие переходное, то подлежащее — только носитель результата действия, совершенного другим лицом, которое обычно не обозначается, а причастие выражает пассивное состояние подлежащего, возникшее в результате произведенного над ним действия, обозначенного этим причастием, например: मेज़ पर टेलीफ़ोन रखा था 'На столе стоял телефон' (букв. 'На столе телефон был поставленный'); लिफ़ाफ़े पर पता नहीं लिखा है 'На конверте адрес не написан'; उस घर में सब चीज़ें अपनी जगह रखी थीं 'В том доме все вещи были на своих местах' (букв. 'В том доме все вещи были расставлены по своим местам').

Указанные формы состояния не следует смешивать с формами перфекта, предпрошедшего времени и др., по построению совпадающими с ними. Формы, выражающие состояние, хотя и образуются сочетанием причастия прошедшего времени и глагола होना 'быть', тем не менее обозначают не действие, а состояние подлежащего, возникающее в результате совершения действия, обозначенного данным причастием.

Другой способ выражения состояния — сочетание причастия прошедшего времени обычно непереходных глаголов с формами глагола रहना 'оставаться'. Этим способом передается значение длительного состояния или сохранения результата действия, выраженного причастием, например: बैठा रहना 'сидеть', यह तस्वीर बनी रहे 'Пусть эта картина сохранится'.

11. असल में 'на самом деле', 'в действительности'.

12. टेलीफ़ोन से 'по телефону'.
13. कुछ मिनटों में 'через несколько минут'.
14. पूछताछ का दफ़्तर 'справочное бюро'.
15. हजामत बनवाना 'бриться' (*у парикмахера*), हजामत बनाना бриться (*самому*).
16. बाल बनवाना 'приводить в порядок волосы', 'делать прическу' (*у парикмахера*).
17. नाखून रँगवाना 'делать маникюр' (*в парикмахерской*).
18. इंतज़ार करना 'ожидать' (का *кого-л., что-л.*).
19. घंटी बजाना 'звонить'.
20. क्षण भर में 'в один миг', 'моментально', 'через мгновение', 'сразу же'.
21. अच्छा लगना 'нравиться' (को *кому-л.*).
22. उम्मीद है आप को उस से कोई दिक़्क़त नहीं होगी? 'Надеюсь, Вас это не затруднит'.
23. ... आप भारत हो आये हैं '... Вы приехали из Индии', '... Вы побывали в Индии'.
24. Послелог को после инфинитива указывает на цель действия, например: पढ़ने को 'для того, чтобы прочитать', 'для чтения'.
25. Повтор количественных числительных имеет разделительное значение, например: दो-दो, तीन-तीन दिन 'два-три дня', 'по два, по три дня', एक एक स्थान पर 'в каждом месте'.
26. असर पड़ना (होना) 'сказываться' (*о влиянии, впечатлении*; पर *на ком-л., на чем-л.*; का, से *кого-л., чего-л.*); असर डालना 'оказывать влияние', 'влиять' (पर *на кого-л., что-л.*).
27. बिदा लेना 'прощаться' (से *с кем-л.*), 'откланиваться', 'уходить'; बिदा देना 'провожать' (को *кого-л.*).
28. यात्रा करना 'ехать', 'совершать поездку, путешествие' (की *куда-л.*).

29. भेंट करना 'встречаться' (से *с кем-л.*), 'наносить визит' (से *кому-л.*), 'посещать' (से *кого-л.*).

30. मास्को की ख़ुशगवार यादें दिल में अभी तक ताज़ा बनी हैं। 'Приятные воспоминания о Москве до сих пор живут (*букв.* свежи) в моем сердце'.

अभ्यास

1. पाठ को पढ़िये और उसका अनुवाद कीजिये।

2. निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

१) मास्को में नौजवानों और विद्यार्थियों का विश्व-महोत्सव कब हुआ था?

२) वह कौनसा महोत्सव था?

३) मास्को महोत्सव के समय कौन लोग दुभाषियों की हैसियत से काम करते थे?

४) चुंगीघर में क्यों सामान की जाँच होती है?

५) होटलों की चेम्बरमेडें क्या काम करती हैं?

६) होटल से जाते वक़्त कमरे की चाबी किसको दी जाती है?

७) आपको कौनसी खाने की मेज़ ज़्यादा पसंद आती है— गोल या चौकोर?

८) मास्को में आनेवाले विदेशी यात्री सॉवनिअर कहाँ से ख़रीद सकते हैं?

९) क्या आप अपने कपड़े लौंडरी में धुलवाने देते हैं?

१०) क्या मास्कोवाले होटलों की सरविस अच्छी होती है?

११) क्या आप हजामत बनवाते हैं या ख़ुद बनाते हैं?

१२) पूछ-ताछ के दफ़्तर से आप क्या बातें मालूम करा सकते हैं?

१३) आपका मकान सड़क पर है या गली में?

१४) आप कोणार्क के मंदिर के बारे में क्या जानते हैं?

१५) क्या आपकी ग्रूप की लड़कियाँ नाख़ून रँगवाती हैं?
१६) क्या आपके इंस्टीट्यूट में हज्जामख़ाना है?
१७) आपकी लिखने की मेज़ में कितनी दराज़ें हैं?
१८) किसी होटल पहुँचने पर लोग क्या करते हैं?
१९) क्या आपके घर में टेलीफ़ोन लगा है?
२०) आप हिन्दी और अँग्रेज़ी के अलावा कौनसी ज़बान सीखना चाहेंगे?
२१) क्या आपको मास्को का फ़िल्म महोत्सव याद है?
२२) चादरें और गिलाफ़ किस कपड़े से तैयार होते हैं?
२३) सोवियत प्राच्यविद्या का प्रमुख केंद्र किस शहर में है?
२४) भारत का इतिहास और उसकी ज़बानें सोवियत संघ के किन किन शिक्षालयों में पढ़ायी जाती हैं?
२५) क्या घर के टेलीफ़ोन से टैक्सी मँगवायी जा सकती है?
२६) होटल में ठहरते समय आप किस दफ़्तर द्वारा थियेटर आदि के टिकट बुक करवा सकते हैं?
२७) भारत के वर्तमान साहित्य पर किन-किन देशों के साहित्यों का असर पड़ा है?
२८) आपके अध्ययन-कक्ष में क्या फ़र्नीचर है?

३. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) सन् १९५७ में मास्को में युवक-महोत्सव हुआ था। इस के संबंध में भिन्न-भिन्न देशों के प्रतिनिधि-मण्डल हवाई जहाज़ों में, रेलों में, पानी के जहाज़ों में तथा बसों में मास्को में पहुँचे। इनके लिये होटलों में पहले से कमरे बुक कर दिये गये थे। होटलों में एक-एक, दो-दो और इनसे ज़्यादा प्रतिनिधियों के लिये अलग अलग छोटे-बड़े कमरों की व्यवस्था की गयी थी। लगभग सब कमरे ग़ुसलख़ाने समेत थे। कमरे में पलंग, गोल या चौकोर मेज़, कुर्सियाँ, दीवार में लगी कपड़ों की अलमारी और लिखने की मेज़ थीं। मेज़ पर टेलीफ़ोन रखा था।

हिन्दुस्तानी प्रतिनिधि-मण्डल के कुछ लोग 'सोवियेत्स्काया' होटल में ठहरे थे। यह मास्को का एक बहुत अच्छा होटल है। इसकी इमारत पाँच मंज़िलों की है। होटल में बहुत हवादार पेशदालान है, रेस्तराँ है, हज्जामख़ाना है, लौंडरी है और डाकख़ाना है। प्रतिनिधियों को जो जगह मिली थी वह चौथी मंज़िल पर थी। ऊपर-नीचे जाने के लिये लिफ़्ट मौजूद था।

२) होटल में आनेवालों के लिए सब से पहले ख़ास फ़ार्म भरना ज़रूरी होता है। इसके बाद हर एक को कमरे की चाबी दे दी जाती है। जो लोग होटल में ठहरते हैं वे जलपान, दिन का खाना तथा रात का खाना रेस्तराँ में खाते हैं। अगर कोई रेस्तराँ में खाना नहीं चाहता तो वह टेलीफ़ोन से कमरे में खाना मँगवा सकता है और खाना जल्दी मिल जाता है। सरविस-ब्यूरो से हर कोई थियेटर के टिकट बुक करा सकता है। आम तौर पर यह कहा जा सकता है कि सोवियत होटलों की सरविस बहुत ही अच्छी होती है।

३) दिल्ली में किसी ने हमें बताया था कि काबुल पहुँचने पर मास्को जानेवाला हवाई जहाज़ मिल जाएगा। लेकिन जब जाँच की गयी तो मालूम हुआ कि वह ६ अगस्त को यानी तीसरे दिन सवेरे मिलेगा। हमें मास्को पहुँचने की बड़ी जल्दी थी। परन्तु हो क्या सकता था। हवाई अड्डे की बस में सामान रखा और तीन बजे के लगभग 'काबुल होटल' जा पहुँचे। अक्सर यात्रियों के लिए इस होटल में ठहरने की व्यवस्था की जाती है। उसकी दो-मंज़िला इमारत अच्छी है। काफ़ी बड़ी, देखने में साफ़-सुथरी। मेरे लिये ऊपर की मंज़िल के एक कमरे में ठहरने की व्यवस्था की गयी। कमरा न बड़ा था और न छोटा।

सवेरे उठा तो नौ बजे थे। जल्दी ही हजामत बनायी और गर्म पानी से अच्छी तरह से नहाया। बहुत दिनों बाद

इस तरह आराम से[1] नहाने का अवसर मिला था। तैयार होने पर नीचे गया। नाश्ता किया। सरविस-ब्यूरो की बहन ने कहा कि दुभाषिया ग्यारह बजे आनेवाला है। एक घंटा ख़ाली था। इसलिये बाल कतरवाने गया। हज्जामख़ाना बड़ा और रोशन था। सब सीटें ख़ाली थीं, सिर्फ़ एक छोटी चौकोर मेज़ के पास कोई स्त्री नाख़ून रँगवाती थी। जो नाई मेरे बाल कतरता था वह काफ़ी अनुभवी था और अंत में मेरे बाल अच्छी तरह बनवा दिये गये थे। इतने में दुभाषिया आया और हम घूमने निकले।

४) कल भारतीय व्यापारिक प्रतिनिधि-मण्डल मास्को से भारत के लिये रवाना हो गया। हवाई अड्डे पर प्रतिनिधि-मण्डल के नेता ने कहा कि हमारे दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध स्थापित हो चुके हैं। हम चाहते हैं कि ये संबंध और मज़बूत हो जायँ। मास्को में सोवियत प्रतिनिधियों से हुई भेंटें बड़ी लाभदायक निकलीं। हमें उम्मीद है कि दोनों देशों के बीच होनेवाला व्यापार और बढ़ेगा। मास्को से बिदा लेते समय हम फिर से यह कहना चाहते हैं कि मास्को की इस यात्रा से हम पर बहुत अच्छा असर पड़ा है। मास्को की ख़ुशगवार यादें हमारे दिलों में सदा के लिये ताज़ा रहेंगी।

५) हवाई अड्डे पहुँचने पर पासपोर्ट, वीज़ा और मेडिकल सर्टिफ़िकेट जाँचे गये; चुंगीघर के अधिकारियों ने सामान खुलवाने पर इसकी जाँच की। फिर सामान तुलवाया गया। जब इन सब ज़रूरी बातों से छुट्टी पायी तब जहाज़ के उड़ने का समय हो चुका था। मैं ने परिवार के लोगों, मित्रों तथा साथियों से बिदा ली और दूसरे यात्रियों के साथ हवाई जहाज़ की ओर बढ़ गया। मैं जहाज़ के अंदर आया और एक ऐसी सीट पर बैठा, जहाँ से बिदा देने के लिये आये लोगों

---

[1] आराम से 'удобно', 'спокойно'; 'не спеша'.

को देख सकता था। मेरे बराबर[2] की सीट पर एक बंगाली[3] भाई बैठे थे। अंत में हवाई जहाज़ उड़ गया। मैं ने पास बैठे बंगाली युवक से उसका परिचय पूछा तो उसने बताया कि वह कलकत्ता से आ रहा है और वहाँ के बंगाली समाचार-पत्र 'लोक सेवक' के प्रतिनिधि की हैसियत से मास्को जा रहा है। यह मुझे बड़ा अच्छा लगा। सोचा, चलो, एक से दो हुए।

६) मास्को में मेरे मित्रों ने कहा था कि लेनिनग्राद में दो चीज़ें ज़रूर देखना। एक हरमिताज (कला-महल), दूसरी प्राच्यविद्यालय[4]। हरमिताज देख चुकने पर मैं ने प्राच्यविद्यालय को देखने की व्यवस्था करने के लिये होटल के सरविस-ब्यूरो से कहा। उन्हों ने अधिकारियों को फ़ोन किया और भेंट की बात तय करा ली। एक दुभाषिये के साथ मोटर से मैं वहाँ पहुँचा। अंदर ख़बर भिजवाने पर थोड़ी देर में एक युवक बाहर आये और बोले "नमस्ते यशपाल जी। आइये। मुझे बड़ी ख़ुशी है कि आप हमारे यहाँ आये हैं।" युवक ने यह सब हिन्दी में कहा। मैं ने जवाब में नमस्ते भी किया और कहा "आप तो हिन्दी ख़ूब बोल लेते हैं!" युवक बोले, "जी हाँ, थोड़ी थोड़ी बोल तो लेता हूँ। पर हिन्दी से ज़्यादा उर्दू बोलने का मुझे अभ्यास है।"

बातों-बातों में हम लोग अंदर पहुँचे। एक बड़ा-सा हॉल था, जिसमें थोड़े-थोड़े फ़ासले पर कई मेज़ें और उनके पास कुर्सियाँ पड़ी थीं। युवक मुझे और मेरे दुभाषिये को अपनी मेज़ पर ले गये और कुर्सियों पर बिठा दिया। फिर बोले, "आपको पता है कि इस इंस्टीट्यूट में भारतीय भाषाओं का काम भी होता है। हम सब इस हॉल में बैठते हैं। परन्तु इस इंस्टीट्यूट का जो रूप आप देखते हैं, वह पहले

---

[2] मेरे बराबर 'рядом со мной'.

[3] बंगाली 1. 'бенгальский'; 2. *ж.* 'бенгальский язык.'

[4] प्राच्यविद्यालय 'Институт востоковедения'.

नहीं था। इसकी स्थापना १८१८ में पूर्वी देशों की प्राचीन पुस्तकों के संग्रहालय के रूप में हुई थी और शुरू में सिर्फ़ अरबी[5] और फ़ारसी[6] की पुस्तकें जमा की गयी थीं।"

"लेकिन यहाँ तो संस्कृत के अध्ययन का भी एक प्रसिद्ध केंद्र है।" मैं ने कहा।

"जी हाँ, आगे संस्कृत का अध्ययन भी शुरू हुआ। १६३४ में काम का और विस्तार हुआ। हिन्दी, उर्दू, बंगली, मराठी आदि भाषाओं का भी काम हाथ में लिया गया।"

4. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये और उनका जवाब दीजिये।

(1) Читали ли вы воспоминания Н. К. Крупской о В. И. Ленине? (2) В каком году состоялся VI Всемирный фестиваль молодежи и студентов? (3) Испытываете ли вы трудности в изучении иностранных языков? (4) На каком курсе студенты вашего института начинают работать переводчиками с иностранными делегациями? (5) Вы бреетесь сами или ходите в парикмахерскую? (6) Кто убирает номера в гостиницах? (7) Каким образом можно заранее заказать железнодорожный билет? (8) Что вы можете сказать об обслуживании в московских гостиницах? (9) Чем занимаются работники таможни? (10) Можно вызвать такси по телефону? (11) Есть в вашей квартире стенные шкафы? (12) Где в вашем городе можно приобрести интересный сувенир?

5. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

इंजीनियर की हैसियत से काम करना; मेज़ की दराज़ से चाबी निकालना; बिजली की घंटी; प्रतिनिधियों के लिये अलग अलग कमरे का प्रबन्ध करना; सड़कों पर घूमना; यादें ताज़ा बनाना; दिक़्क़त अनुभव करना; बेजोड़ कला; भेंट का प्रबंध कराना; ख़राब मौसम।

6. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Досматривать багаж в таможне; взвешивать багаж; накормить обедом; усадить в кресло; коллекционировать сувениры; организо-

[5] अरबी 'арабский язык'.

[6] फ़ारसी 'персидский язык'.

вать экскурсию через бюро обслуживания; делать прическу; заполнять бланк для приезжающих; выяснять через справочное бюро; отдавать белье в прачечную.

7. हिन्दी में निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

I. (1) Мой отец всегда бреется в этой парикмахерской. (2) У кого вы стрижетесь? (3) Скажите, пожалуйста, где можно сделать маникюр? (4) Делегат спросил через переводчика, когда отходит его поезд. (5) Билеты в театр вы можете заказать через «Бюро обслуживания». (6) Император Шах Джахан построил Красный форт в Дели. (7) Наша библиотека выписала в этом году несколько новых газет и журналов на языке хинди. (8) Он накормил нас вкусным завтраком. (9) Мы заказали завтрак в номер. (10) У кого вы лечите зубы? — Я лечу их у доктора Ивановой. (11) Делегаты с помощью переводчика заполнили бланки для приезжающих. (12) Пассажиры погрузили багаж в автобус. (13) Мать искупала ребенка. (14) Он помог организовать перевод произведений Премчанда на русский язык.

II. (1) Я хотел бы, чтобы ты подождал меня здесь. (2) Наш преподаватель любит, чтобы ему задавали вопросы. (3) Она бы хотела, чтобы вы узнали адрес библиотеки. (4) Мы видели, что он вошел во двор, и спустились вниз, чтобы встретить его. (5) Никто не заметил, что они вышли из комнаты. (6) Мы знаем, что они достаточно опытны, чтобы сделать эту работу. (7) Мы просили сообщить нам о прибытии нашего багажа. (8) Нам разрешили послать книги самолетом.

8. संज्ञाओं और विशेषणों की यथासम्भव जोड़ियाँ लिखिये।

दुहरा	मंदिर
चौकोर	यादें
प्राचीन	मेज़
ख़ुशगवार	पलंग
प्रसिद्ध	इतिहासज्ञ
हवादार	पेशदालान
ख़राब	प्रतिनिधि-मण्डल
ऊँचा	तंबाकू
तेज़	क़द

सरकारी	मौसम
खुला	बरामदा
अनुभवी	दुभाषिया
बराबर	अवसर
कामयाब	यात्रा

७. रूसी में अनुवाद कीजिये और मोटे टाइप में छपे शब्द-समुदायों को याद कीजिये।

(१) अक्तूबर क्रांति **विश्व-ऐतिहासिक महत्त्व** की घटना थी। (२) एक सोवियत **युवक-प्रतिनिधि-मण्डल** ने भारत की यात्रा की। (३) हमको भारत का **प्रवेश-वीज़ा** मिला है। (४) उसे **स्कूल की पढ़ाई ख़त्म करने का सर्टिफ़िकेट** दिया गया था। (५) डाक्टर ने मुझे **बीमारी का सर्टिफ़िकेट** दिलवाया। (६) मास्को जैसे उत्तरी नगरों में मकानों की **खिड़कियाँ** सदा **दुहरी** होती हैं। (७) शाहजहाँ ने अपनी **पत्नी की स्मृति में** ताजमहल बनवाया था। (८) मैं एक घंटे से **उसका इंतज़ार कर रहा हूँ**। (९) क्या मैं ने **अपना इंतज़ार तो नहीं करा दिया?** (१०) हम **आपके इंतज़ार में** हैं। (११) **एक ही क्षण में** सब पक्षी उड़ गये। (१२) **किसी भी क्षण में** बर्फ़ पड़ सकती है। (१३) मेरे पिता **पार्क में घूमना** पसंद करते हैं। (१४) शाम को हम **सड़कों पर घूमने** निकले। (१५) संस्कृत **प्राचीन भारतीय भाषा** है। (१६) उम्मीद है कि कल **आप से** ज़रूर **मिलूँगा**। (१७) हमें भारत **जाने की उम्मीद** है। (१८) एक रुपया एक सौ पैसों **के बराबर है**। (१९) वे **क़द में बराबर** हैं। २०) मैं **उसके बराबर पहुँचा**। (२१) मेरी **क़लम ख़राब** है। (२२) मैं ने **लिफ़ाफ़े को ख़राब कर दिया है**। (२३) सब रिश्तेदार **उसको बिदा देने** आये हैं। उसने सभी **से बिदा ली** और चल पड़ा। (२४) इस फ़िल्म का **उसपर बहुत गहरा असर पड़ा है**। (२५) गोर्की ने सारे सोवियत साहित्य **पर बहुत बड़ा असर डाल दिया**। (२६) मैं पुस्तक को **घर में भूल गया**। (२७) भारतीय प्रतिनिधि-मण्डल ने सोवियत अधिकारियों **से भेंट की**।

10. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) उसने अपने जीवन के ... लिखे। (२) ... के एक अधिकारी ने आनेवालों के सामान की जाँच की। (३) भारतीय ... के बिना आप भारत कैसे जाएँगे? (४) विदेश जानेवाले प्रतिनिधि-मण्डल के साथ ... ज़रूर जाता है। (५) क्या यह ग़ुसलख़ाने ... कमरा है? (६) मेरी किताब कहाँ है? वह मेज़ की दायीं ... में है। (७) यह होटल ... में बहुत बड़ा निकला। (८) होटलों के पेशदालानों में विदेशी यात्री तरह तरह के ... ... ख़ुशी से ख़रीदते हैं। (९) मास्को विश्वविद्यालय की सत्ताईसवीं मंज़िल के ... से मास्को का शानदार दृश्य नज़र आता है। (१०) मास्को में होटल के ... ... से आप थियेटर के टिकट बुक करवा सकते हैं। (११) इस प्रतिनिधि-मण्डल में सात ... हैं। (१२) अभी कुछ वक़्त है, मैं अपने ... बनवाने जाऊँगा (१३) ... कीजिये, मैं अपनी कापी घर में भूल गयी हूँ। (१४) आपका कपड़ा अभी तक तैयार नहीं है। कुछ ... कीजिएगा। (१५) दिल्ली ... ऐतिहासिक नगर है। (१६) ... का दफ़्तर रेलवे स्टेशन के बड़े हॉल में है। (१७) हमें ... है कि हमारी दोस्ती और मज़बूत हो जाएगी। (१८) दक्षिण भारत के ... बहुत सुंदर हैं और कला की दृष्टि से बेजोड़ हैं। (१९) यह ऊँचे ... का आदमी है। (२०) उसका मकान एक छोटी सी ... में है। (२१) सोवियत संघ में हरमिताज के ... कोई और संग्रहालय नहीं है। (२२) हम मास्कोवासियों से हुई ... को नहीं भूल सकेंगे। (२३) आपकी ... दिल में अभी तक ताज़ा बनी हैं।

11. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Поездка в Ленинград произвела на нас большое впечатление. Проезд по железной дороге от Москвы до Ленинграда стоит семь рублей. Мы заказали билеты на поезд по телефону за семь дней до отъезда. С нами в вагоне ехало много иностранных делегатов, которые совершали поездку по Советскому Союзу. Я и

мой друг немного знаем английский язык, и поэтому мы иногда выступали в роли переводчиков. Когда мы приехали в Ленинград, делегаты поблагодарили нас за помощь. На вокзальной площади мы посадили наших новых друзей в автобус и попрощались с ними.

II. Я со своим другом остановился в гостинице «Москва». Мы заполнили специальный бланк для приезжающих, и нам дали отдельный номер на четвертом этаже. Мы поднялись на лифте на четвертый этаж и спросили у горничной, где находится 421-й номер. Горничная провела нас в большую, чистую и светлую комнату. Там стояли две кровати, письменный стол с телефоном и два кресла. В центре комнаты стояли квадратный стол и четыре стула. Справа от двери помещался стенной платяной шкаф. На потолке висела очень красивая люстра. Номер нам очень понравился. Из окна нашего номера открывался чудесный вид на Невский проспект.

III. Вестибюль гостиницы «Москва» большой и просторный. Здесь с утра до вечера работает справочное бюро, в котором можно узнать любой нужный вам адрес. В гостинице работает также парикмахерская, где вас могут постричь и побрить. В парикмахерской имеется и дамский зал, где женщины могут сделать прическу и маникюр. В прачечной гостиницы вам быстро и хорошо постирают рубашки и другую одежду. В гостинице нам сказали, что простыни, наволочки и полотенца горничные меняют раз в неделю. На первом этаже гостиницы имеется отделение связи, откуда вы можете послать письмо, телеграмму, заказать междугородний телефонный разговор. Здесь же продаются свежие газеты и журналы.

IV. Обслуживание в наших гостиницах очень хорошее. Через Бюро обслуживания вы можете заказать билеты в театр и на стадион, узнать адреса всех ленинградских музеев, договориться о встрече с нужными вам людьми. Через Бюро можно заказать билеты на все виды транспорта. Бюро организует также экскурсии в пригороды (उपनगर *м.*) Ленинграда. Перед отъездом на вокзал, на аэродром или в порт Бюро по вашему желанию может заказать такси и прислать вам в номер носильщика (पोर्टर *м.*). Люди, живущие в гостинице, обычно обедают в ресторане при гостинице. При желании вы можете заказать обед прямо в номер. Вы звоните в ресторан или в Бюро обслуживания, называе-

те блюдо, которое вы хотели бы получить, и через несколько минут официант приносит вам еду.

V. Студенты нашего института работали переводчиками во время VI Всемирного фестиваля молодежи и студентов. Делегаты из всех уголков мира начали съезжаться в Москву за несколько дней до открытия фестиваля. На аэродромах и вокзалах их встречали представители молодежи столицы. Переводчики встречали свои делегации, размещали их вещи в специальные автобусы, а потом усаживали в автобусы и самих делегатов. Делегаты жили в лучших гостиницах Москвы. Индийская делегация остановилась в гостинице «Останкино». Главе делегации был предоставлен многокомнатный номер. Впоследствии глава делегации написал интересные воспоминания о фестивале.

VI. (1) Благотворное влияние морского воздуха сказывается на здоровье отдыхающих. (2) Наш дом стоит в переулке. (3) Надеюсь, вы не забыли о нашей предстоящей встрече? (4) В кабинете нашего преподавателя стоит большой книжный шкаф. (5) Вечером мы отправились гулять. (6) Москва — древний исторический город. (7) В Индии очень много древних храмов и дворцов. (8) У меня остались приятные воспоминания об этой встрече. (9) Сестра попрощалась с нами и отправилась на вокзал. (10) Мы ждем вас более часа. — Простите, пожалуйста, за опоздание, но по дороге у нас сломалась машина, и мы приехали на трамвае.

12. इस कहानी का रूसी में अनुवाद कीजिये।

एक लेखक से भेंट

मास्को में रहते समय कई प्रसिद्ध रूसी लेखकों से भेंट हुई। उनमें से कुछ के साथ बड़ी दिलचस्प बातचीतें हुईं। यहाँ मैं विशेष रूप से एक व्यक्ति का नाम लेना चाहूँगा। वह हैं इल्या ग्रिगोरीविच एरेंबुर्ग। इल्या एरेंबुर्ग अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के लेखक हैं। उनकी दर्जनों पुस्तकें निकल चुकी हैं और उनके अनुवाद अँग्रेज़ी, जापानी, भारतीय तथा बहुत सी दूसरी भाषाओं में हुए हैं।

इल्या एरेंबुर्ग का नाम मैंने पहले से ही सुन रखा था। उनसे मिलने की इच्छा भी बहुत थी। एक दिन मेरे एक भारतीय दोस्त श्री रत्नम् का फ़ोन आया, "आज दोपहर

हम लोग इल्या एरेंबुर्ग से मिलने जाएँगे। ग्राप भी चलिये।"
इस ख़बर से मुझे बड़ी ख़ुशी हुई। ग्रंत में रत्नम्, उसकी पत्नी, उनकी बेटी, एक रूसी कलाकार मरीना बुगीना तथा मैं मोटर द्वारा मास्को से रवाना हुए।

एरेंबुर्ग का फ़्लेट वैसे शहर में भी है, लेकिन वह ज़्यादातर रहते हैं इस्त्रा में जो मास्को से पश्चिम में, लगभग ६० किलोमीटर के फ़ासले पर है। इस्त्रा का मार्ग बड़ा सुंदर है। साफ़-सुथरी सड़क के दोनों ग्रोर ऊँचे ऊँचे पेड़ वहाँ के दृश्य को सुंदर बनाते हैं। जिस समय हम लोग मास्को से रवाना हुए थे, पानी पड़ रहा था, लेकिन ग्रागे बढ़ने पर पानी बंद हो गया, मौसम साफ़ हो गया। शहर से बाहर निकलने पर सड़क के दोनों ग्रोर कुछ छोटे मकान दिखायी दिये। पूछने पर पता चला कि उन मकानों को ख़ुद मज़दूर लोग ग्रपने लिये बना रहे हैं।

जिस समय हम लोगों की मोटर एरेंबुर्ग के घर पर पहुँची, शाम के साढ़े पाँच बजे थे। एरेंबुर्ग तथा उनकी पत्नी को पहले से ही ख़बर थी। वे इंतज़ार कर रहे थे। सब से पहले इल्या बाहर ग्रा गये। मामूली सा कपड़ा, छोटा क़द, सिर पर लंबे सफ़ेद बाल। यह था इल्या का चित्र। उन्हों ने हमसे हाथ मिलाया, परिचय हुग्रा। उनके ग्राने के ज़रा सी देर बाद उनकी पत्नी भी ग्रा गयीं। वे हमें घर के बाहरवाले छोटे-से बरामदे पर ले गये, जहाँ से चारों ग्रोर के दृश्य देखे जा सकते थे। सामने एक छोटी-सी नदी थी, जिसके किनारे पर कुछ खेत थे। ऐसा लगा जैसे भारत के किसी गाँव में हों। गाजर, गोभी, फूलगोभी, मिर्च ग्रादि के हरे-हरे पौधों को देखने से भारत याद ग्राया। एरेंबुर्ग ने बताया कि १९५६ में जब वह भारत ग्राये थे, तब वहाँ से ग्रनेक प्रकार के सब्ज़ियों के बीज[7] ग्रपने साथ ले गये थे।

[7] बीज 'семя', 'зерно', 'семена'.

वहाँ से वह हमें फिर घर के निकट ले गये और अपने अहाते के पेड़-पौधों को दिखाया। फिर घर के नीचे के एक कक्ष में ले गये। उस कक्ष की छत और दीवारें शीशे की थीं और वहाँ गर्म पानी की ऐसी व्यवस्था की गयी थी कि वहाँ के कड़ाके के जाड़े तथा बर्फ़ से पौधों की रक्षा हो सके।

हम लोग उनके घर को देख रहे थे तब तक एक कक्ष में मेज़ पर चाय की व्यवस्था की गयी। ख़बर मिलने पर हम अंदर आये और कुर्सियों पर बैठ गये। एरेंबुर्ग और उनकी पत्नी के अलावा उनके परिवार की एक छोटी सी लड़की भी थी। खाने के लिये बहुत-सी चीज़ें थीं। खाते वक़्त बातचीत चल पड़ी। हममें से एक ने पूछा, "अपनी विदेश यात्रा में आपको कौन-कौन से देश ख़ास तौर पर अच्छे लगे?"

एरेंबुर्ग ने जवाब दिया, "भारत, चीन[8] और जापान[9]। एक दूसरे से हर बात में अलग होने पर भी ये तीन देश एशिया का निर्माण करते हैं।"

इसके बाद चाय और भोजन की बातचीत चल पड़ी। एरेंबुर्ग ने कहा, "मुझे तेज़ भारतीय चाय पसंद है। मेरी बहुत सी आदतें भारतीय हैं। गोश्त मुझे पसंद नहीं। हरी सब्ज़ी और चावल अच्छे लगते हैं। मिर्च भी मज़ेदार लगती है। भारत के कुछ होटलों में युरोपीय खाना दिया जाता है। यह उचित नहीं है क्योंकि वह अँग्रेज़ी खाना होता है। भारतीय भोजन ठीक है। भारत में सब से अच्छा खाना मुझे रामेश्वरी नेहरू के घर में मिला।"

"भारत का कौनसा शहर आपको पसंद आया?" हमने सवाल किया।

उन्हों ने कहा, "सब से मज़ेदार कलकत्ता लगा। मद्रास

---

[8] चीन 'Китай'.

[9] जापान 'Япония'.

उससे अच्छा है। समुद्र के निकट होने के कारण वहाँ की जलवायु अच्छी है। दिल्ली में कोई विशेष बात नहीं मालूम हुई। नयी दिल्ली जैसा शहर संसार में कहीं भी मिल सकता है। पुरानी दिल्ली भारत के किसी भी दूसरे नगर की भाँति है। लेकिन कला की दृष्टि से मुझे मथुरा सब से दिलचस्प मालूम हुआ। वहाँ के संग्रहालय में गांधार[10] शैली और गुप्त[11] समय की कला दिखायी दी। आगरा में ताजमहल भी देखा। वह मुसलमानी[12] कला का नमूना है और उसका मुझपर उतना असर नहीं पड़ा, जितना मथुरा का। ऐलोरा-अजन्ता भी बहुत अच्छे लगे। लेकिन सब से अच्छा लगा महाबलीपुरम का प्राचीन मंदिर।"

"भारत में आपको सब से विशेष क्या लगा?"

इस सवाल पर एरेंबुर्ग की आँखें चमक उठीं, बोले, "वहाँ के लोग।"

"लेकिन वे तो हज़ारों सालों से हैं। उनमें विशेषता क्या है?"

"हज़ारों सालों से हैं तो उससे क्या, मैंने तो उन्हें पहली बार देखा"।

यह पूछने पर कि आप इस समय क्या लिख रहे हैं, एरेंबुर्ग ने कहा, "मैं इस समय जापान, भारत और ग्रीस[13] पर एक पुस्तक लिख रहा हूँ। उसका नाम मैं ने 'पूर्व और पश्चिम' रखा है। लेकिन यहाँ मेरी किप्लिंग से भिन्न राय है। मैं इस बात को नहीं मान सकता हूँ[14] कि पूर्व पूर्व है, पश्चिम पश्चिम, और दोनों कभी नहीं मिलेंगे। मेरा विचार है कि संसार एक सा है जिसको कोई भी व्यक्ति

---

[10] गांधार 'район, раскинувшийся от Пешавера до Кандагара'.

[11] गुप्त *ист.* 'династия Гуптов'.

[12] मुसलमानी 'мусульманский'.

[13] ग्रीस 'Греция'.

[14] मानना 'считать, допускать'; 'соглашаться'.

अपनी इच्छा के अनुसार पश्चिम और पूर्व एक दूसरे से अलग नहीं कर सकता। एक और पुस्तक फ़्राँस के साहित्य तथा कला पर लिख रहा हूँ।"

हमने एरेंबुर्ग की पत्नी से पूछा, "क्या कभी-कभी इल्या जी लिखने में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि खाना-पीना भी भूल जाते हैं?"

"नहीं," वह बोली, "मैं ऐसा नहीं होने देती।"

दो घंटे से अधिक हो चुके थे। हम लोगों ने उनको बहुत धन्यवाद दिया और बिदा चाही। हम सब उठे। बाहर आये। एरेंबुर्ग ने फिर हमसे हाथ मिलाया, हमें बिदा दी और जब तक मोटर न चल पड़ी, एरेंबुर्ग और उनकी पत्नी खड़े खड़े हम लोगों की ओर देख रहे थे।

(यशपाल जैन, "रूस में छियालीस दिन" के आधार पर)

13. इस कहानी का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Ленинград

На северо-западе Советского Союза, на берегах широкой реки Невы, при впадении ее в Балтийское море, расположен один из красивейших городов мира — Ленинград.

Город этот два раза менял свое название. При основании он получил название Петербург, в 1914 году — Петроград, а в 1924 году, после смерти В. И. Ленина, — Ленинград.

Петербург начал строиться в 1703 году. Его основал царь Петр I. Город рос очень быстро, и через сто лет после его основания вся Россия гордилась своей северной столицей.

Главная улица Ленинграда — Невский проспект — начинается у здания Адмиралтейства (नौसेना-विभाग *м.*) и кончается у Московского вокзала.

В Ленинграде так много несравненных по красоте зданий, что их трудно перечислить. Особенно красивы здание Библиотеки имени Салтыкова-Щедрина, Зимний (विन्टर) дворец и Театр имени Пушкина.

До Октябрьской революции в центре города жили богачи. Во дворцах жили князья и члены царской фамилии. Рабочие районы находились далеко от центра. Рабочие жили в очень

плохих условиях. После революции началось строительство новых жилых домов для рабочих. На месте старых строений выросли сотни новых высоких каменных жилых домов, школы, кинотеатры, стадионы, в том числе огромный стадион имени Кирова.

Ленинград — крупнейший центр мировой культуры (संस्कृति *ж.*). В нем более 50 институтов и других учебных заведений, 40 музеев, 16 театров, более 2500 библиотек. Мировой известностью пользуется Ленинградский университет имени Жданова. Библиотека имени Салтыкова-Щедрина — одна из крупнейших библиотек мира.

Замечательные образцы мирового искусства находятся в «Эрмитаже», в здании Зимнего дворца. Много образцов русского искусства можно увидеть в Русском музее.

Ленинград — крупнейший промышленный центр страны. Здесь производятся сотни разнообразных машин. Большое место занимает текстильная и обувная промышленность.

Ленинград — крупный транспортный центр страны. В нем сходятся двенадцать железных дорог и несколько воздушных трасс. Ленинград — важный морской и речной порт, соединенный сетью каналов с северными и южными (दक्षिणी) морями и реками нашей страны.

14. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

चुंगीघर, विश्व, युवक, जलपान, मेड, पेशदालान, हज्जामख़ाना, स्मृति, स्मृति-चिह्न, सरविस, ज़बान, प्राचीन, यात्रा।

15. किसी न किसी होटल के बारे में एक कहानी लिखिये।

16. निम्नलिखित बातचीत का अनुवाद कीजिये।

— अरे भाई, होटल का दफ़्तर कहाँ है?

— दायीं तरफ़ जाइये। वहाँ आप शीशे का दरवाज़ा देखेंगे, यह दफ़्तर है।

— देखो, मेरा सामान दफ़्तर में भिजवा दो।

— बहुत अच्छा, जी।

— (दफ़्तर में) नमस्ते जी। क्या आपके होटल में

ग़ुसलख़ाने समेत दो कमरोंवाला स्विट ख़ाली होगा? मैं यहाँ एक हफ़्ते तक ठहरना चाहता हूँ।

–नमस्ते साहब, ज़रूर है। हम आपकी हर सेवा के लिये उपस्थित हैं।

–फिर मुझे ये कमरे दिखा दीजिये।

–चलिये साहब, ये कमरे दूसरी मंज़िल पर हैं और उन कमरों की खिड़कियाँ गली में खुलती हैं। सड़क की आवाज़ बहुत कम आती है। लेकिन बुरी बात यह है कि अभी तक हमारे होटल में लिफ़्ट नहीं लगा है। लेकिन जल्दी ही लगने की उम्मीद है।

–अच्छा, आप बताइये, इन कमरों का भोजन समेत प्रति दिन का किराया कितना होगा?

–तीस रुपये प्रति दिन, साहब। दूसरे होटलों की तुलना में यह बहुत कम है।

–कोई ज़्यादा फ़र्क़ तो नहीं मालूम होता।

–स्विट नम्बर बीस। ये आपके कमरे हैं। देखिये, ये कितने अच्छे हैं और फ़र्नीचर बिलकुल नया है। उम्मीद है कि ये आपको पसंद आयेंगे। यह बैठने का कमरा है और यह सोने का। ग़ुसलख़ाना साथ मिला है।

–ठीक है। ये कमरे बहुत आरामदेह मालूम होते हैं। मेरा सामान यहाँ भिजवा दीजिये।

–बहुत अच्छा, साहब। सामान अभी पहुँच जाएगा। जब आप नीचे उतरेंगे तो कुछ मिनट के लिये दफ़्तर में आ जाइये और ख़ास फ़ार्म भर दीजिये। हाँ, यह लीजिये–यह आपके कमरे की चाबी है।

–अच्छा, मैं आऊँगा। हाँ, यह तो बताइये, होटल में नाई की दुकान भी है?

–जी हाँ, है। पेशदालान के दायें कोने में। आपको अगर यहाँ किसी चीज़ की ज़रूरत हो घंटी बजाइये। बैरा जल्दी उपस्थित होगा और आप जो चाहें वह बैरा करेगा।

17. निम्नलिखित संख्याओं को हिन्दी में लिखिये।

979 654 347; 907 395 779; 524 268 458; 839 669 709; 16 370 805; 717 459 388; 675 972 197; 499 388 277; 313 928 605; 97 325 500.

18. निम्नलिखित संख्याओं को रूसी में लिखिये।

८७ करोड़ ६९ लाख ४३ हज़ार ६८९; ३४ करोड़ ८६ लाख २८ हज़ार ९९२; ९४ करोड़ ७२ लाख ५६ हज़ार ७५८; ७३ करोड़ ८४ लाख ६३ हज़ार ७७७।

चुटकुले

१) एक आदमी ने देखा कि उसका लड़का घोड़े पर बैठा कुछ लिख रहा है और उसके हाथ में पेंसिल और कापी है। उसने अपने लड़के से पूछा कि तुम क्या कर रहे हो? लड़का ने जवाब दिया कि मैं एक कहानी लिख रहा हूँ।
पिता — घर में कहानी क्यों नहीं लिखते?
लड़के — मेरे शिक्षक ने घोड़े पर एक कहानी लिखने को कहा है, इसलिये घोड़े पर चढ़ा और लिख रहा हूँ।

२) एक आदमी — क्यों भाई मोहन, चाय पिओगे?
मोहन — ख़ुशी के साथ।
आदमी — ख़ुशी के साथ नहीं, दूध और शक्कर के साथ।

दोहराव

निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) В семь часов меня не будет дома. Я буду на собрании. (2) Мой брат работает на фабрике инженером. Вчера он вернулся из-за границы. (3) Сядьте у окна. (4) Мы приехали в Москву в субботу в пять часов утра. (5) Сейчас мой друг в Ленинграде. В Москву он вернется только через месяц. (6) Вчера я купил несколько книг по истории и литературе. (7) Они приехали на вокзал в половине девятого. (8) Гопеш открыл дверь и вышел из комнаты. (9) С шести часов вечера я буду в библиотеке. (10) Отец вошел в комнату и сел у окна. (11) Это произошло первого июня. (12) Последний раз я видел ее в июне. (13) У кого вы

взяли этот учебник? — У товарища. (14) Этот мост был построен за несколько месяцев. (15) В январе в центральной части нашей страны бывает очень холодно. (16) Он вошел в комнату, сел за письменный стол, вынул из ящика стола какую-то книгу и начал читать. (17) Индийская торговая делегация прибыла в Москву в конце прошлого месяца. (18) Я не могу писать этой ручкой, она сломана. (19) Наш преподаватель поедет осенью на два месяца в Дели. (20) Кем был построен этот театр? (21) Вымойте руки теплой водой. (22) Сколько вы заплатили за эти носки? (23) На сколько дней вы хотите поехать в Киев? (24) Эти ботинки сделаны из очень хорошей кожи. (25) Возле реки росли два больших дерева. (26) Я жил на юге в течение десяти лет. (27) Можете ли вы кончить эту работу к субботе? (28) Все были там, кроме моего брата. (29) Кроме этих писем я получил от них три телеграммы. (30) Эта статья переведена моим приятелем. (31) Отец моего товарища жил в Индии до 1962 года. (32) Я надеюсь, что кончу эту работу к шести часам вечера. (33) Мы не видели его с воскресенья.

УРОК XV

ГРАММАТИКА

ГЛАГОЛ

ДЕЕПРИЧАСТИЕ

В языке хинди, как и в русском языке, деепричастие не имеет самостоятельного временно́го значения, т. е. не обозначает времени по отношению к моменту речи.

Деепричастие в языке хинди передает преимущественно предшествующее добавочное действие, которое произошло или произойдет до начала основного действия, обозначенного личной глагольной формой (в этом случае оно соответствует деепричастию совершенного вида русского языка), например: चिट्ठी भेजकर मैं काम पर गया 'Отправив письмо, я пошел на работу'; घर आकर वह यह किताब पढ़ेगा 'Придя домой, он будет читать эту книгу'.

Действие, одновременное основному действию, деепричастие обозначает значительно реже: главным образом, когда основное действие выражается глаголом в несовершенных формах времени например: चेख़ोव की कहानी पढ़कर वह सदा हँसता है 'Читая рассказы Чехова, он всегда смеется'; कापी में शब्द लिखकर वह बोल रही है 'Записывая слова в тетрадь, она разговаривает'.

ОБРАЗОВАНИЕ ДЕЕПРИЧАСТИЯ

Время в часах может быть соотнесено с определенной частью суток, например: अब सुबह के आठ बजे हैं 'Сейчас восемь часов утра', शाम को (के) पाँच बजे 'в пять часов вечера', पाँच बजे शाम को 'в пять часов вечера'.

Время в часах и минутах обозначается следующим образом: चार बजकर (बजके) बीस मिनट [हुए] हैं 'двадцать минут пятого'; चार बजकर (बजके) बीस मिनट पर 'в двадцать минут пятого'; दस [बजने] में पाँच मिनट [बाक़ी] हैं 'без пяти минут десять'; दस [बजने] में पाँच मिनट पर 'без пяти минут десять'.

Приблизительное время выражается посредством послелогов, причастий и др. слов. Примеры: अब सात बजनेवाले हैं 'Сейчас около семи часов'; अब लगभग आठ बजे हैं 'Сейчас около восьми часов'; पाँच बजने के बाद 'после пяти', 'в шестом часу'; दो और तीन बजे के बीच 'между двумя и тремя часами'; तीन बजे तक 'до трех часов'; वह छः बजते-बजते आ पहुँचा 'Он пришел к шести часам'; चार बज चुके हैं 'идет пятый час'.

38. फ़ायदा उठाना 'извлекать пользу, выгоду' (का, से *из чего-л.*), 'пользоваться' (का, से *чем-л.*).

39. चला जाना 'уходить', 'отправляться'; 'уезжать'; चला आना 'приходить', 'прибывать'; 'приезжать'.

अभ्यास

1. पाठ को पढ़िये और उसका अनुवाद कीजिये।

2. निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

१) क्या आपके यहाँ टेलीफ़ोन है?
२) आपका टेलीफ़ोन-नंबर क्या है?
३) आप किसे अक्सर टेलीफ़ोन करते हैं?
४) टेलीफ़ोन-बूथ से आप किस प्रकार टेलीफ़ोन करते हैं?
५) टेलीफ़ोन करते समय लंबी गूँज का क्या मतलब है?
६) टेलीफ़ोन करते समय बार-बार होनेवाली गूँज का क्या मतलब है?
७) क्या आपके इंस्टीट्यूट में टेलीफ़ोन-बूथ है?
८) किसी और नगर को फ़ोन करने के लिए क्या करना पड़ता है?
९) कूपन पर ट्रंक-कॉल बुक करने का क्या मतलब है?
१०) क्या आप कभी ट्रंक-कॉल बुक करते हैं?
११) घर आते ही वोलोद्या बिना कोट उतारे सीधे टेलीफ़ोन के पास क्यों गया?
१२) वोलोद्या ने टेलीफ़ोन-केंद्र को क्यों फ़ोन किया?
१३) वोलोद्या बोर्‍या की माता को क्यों फ़ोन न कर सका?
१४) वोलोद्या ने अपने दोस्त को क्यों टेलीफ़ोन करना चाहा?
१५) बोर्‍या की अम्मा से बातचीत करते समय वोलोद्या ने उनसे क्या कहा?
१६) वोलोद्या ने बोर्‍या से टेलीफ़ोन पर क्या कहा?
१७) बोर्‍या ने वोलोद्या को क्या उत्तर दिया?
१८) दोनों दोस्तों ने किस दिन मिलने की बात तय कर ली?
१९) बोर्‍या ने वोलोद्या की बहन से क्या कहना चाहा?

२०) वोलोद्या ने बोर्या से क्यों सलाह-मशवरा करना चाहा ?

२१) वोलोद्या ने अन्ना पाव्लोवना का टेलीफ़ोन-नंबर कहाँ ढूँढ़ लिया ?

२२) टेलीफ़ोन-आपरेटर ने वोलोद्या से क्या-क्या सवाल किये ?

२३) ट्रंक-कॉल बुक करते वक़्त वोलोद्या ने टेलीफ़ोन-आपरेटर से क्या कहा ?

२४) बोर्या के मकान में क्यों कोई रिसीवर नहीं उठाता था ?

२५) अगर लाइन एंगेज्ड हो तो आप क्या करते हैं ?

२६) "राह देखना" के मुहावरे का क्या मतलब है ?

3. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) मैं अपने एक मित्र से मिलना चाहता हूँ। मेरा विचार है कि टेलीफ़ोन करके भेंट का समय और स्थान निश्चित करना अच्छा होगा। उसका टेलीफ़ोन-नंबर मैं ने कहीं लिख रखा था पर वह खो गया है और मिल नहीं रहा है। इसलिये मैं नज़दीकवाले डाकघर के टेलीफ़ोन-बूथ जाता हूँ, दरवाज़ा बंद कर लेता हूँ, टेलीफ़ोन-डाइरेक्टरी में जो बूथ के अंदर एक छोटी मेज़ पर रखी है उसका नंबर ढूँढ़ता हूँ। नंबर मिल गया है। वह है ३३-३०-०० (तैंतीस-तीस-ज़ीरो-ज़ीरो), एक्स्टेन्शन दो-ज़ीरो-तीन। फिर टेलीफ़ोन के ख़ास सुराख़ में दो कोपेक का सिक्का डालकर मैं रिसीवर उठाता हूँ। गूँज सुनकर नंबर डायल करता हूँ। शीघ्र ही मुझे बार बार होनेवाली गूँज सुनाई देती है। इसका मतलब है कि लाइन एंगेज्ड है। मैं रिसीवर रख देता हूँ और दो एक मिनट रुक जाता हूँ। तब फिर नंबर डायल करता हूँ। अब लंबी गूँज सुनाई देती है। इसका मतलब है कि लाइन ख़ाली है। मुझे आवाज़ सुनाई देती है: "एक्स्चेंज, कृपया नंबर बताइए। आपको कौनसा नंबर

चाहिये?" मैं कहता हूँ: "कृपया दो-ज़ीरो-तीन दीजिये"। शीघ्र ही मुझे चट सुनाई देती है, फिर मैं अपने मित्र की माँ की आवाज़ सुनता हूँ: "हैलो, कौन बोल रहा है?" मैं कहता हूँ: "नमस्ते, मैं सेम्येन बोल रहा हूँ। क्या मैं वोलोद्या से बात कर सकता हूँ?" "वोलोद्या, तुम्हारा टेलीफ़ोन है"—वह बेटे को बुलाती हैं और फिर मुझ से कहती हैं: "ज़रा ठहरिये, वह अभी आ रहा है।" मैं उनको धन्यवाद देता हूँ और शीघ्र ही मेरा मित्र टेलीफ़ोन लेता है। हम शामको मिलना तय कर लेते हैं।

२) तार की तरह टेलीफ़ोन भी ख़बर भेजने का एक अच्छा साधन है। टेलीफ़ोन के लिये बिजली के तारों की तो ज़रूरत होती है परन्तु डाकघर नहीं जाना पड़ता। आप चाहें तो अपने घर में भी टेलीफ़ोन लगवा सकते हैं। दूसरी बात यह है कि आप अपनी इच्छा के अनुसार मीलों दूर बैठे किसी भी व्यक्ति के साथ बातचीत कर सकते हैं। इस से और भी फ़ायदा है। आप घर में बैठकर टेलीफ़ोन के ज़रिये तार भी भेज सकते हैं। जिस शहर में टेलीफ़ोन का प्रबंध होता है, वहाँ एक टेलीफ़ोन एक्सचेंज भी होता है। यह समझिये कि यह तो टेलीफ़ोन के पूरे प्रबंध का प्रमुख कार्यालय है। इस समय हमारे देश में कुल मिलाकर कई हज़ार टेलीफ़ोन एक्सचेंज हैं। इनकी सहायता से हमारी ख़बर एक टेलीफ़ोन से दूसरे टेलीफ़ोन तक पहुँचती है। हमारे देश में लगभग पचास लाख टेलीफ़ोन लगे हैं। इनकी संख्या बराबर बढ़ रही है।

३) जो लोग अपना टेलीफ़ोन नहीं लगवा सकते उनके लिए जगह-जगह सार्वजनिक टेलीफ़ोन हैं। सोवियत संघ में लाखों सार्वजनिक टेलीफ़ोन लगाये जा चुके हैं। सार्वजनिक टेलीफ़ोन से फ़ोन करने के लिये टेलीफ़ोन के ख़ास सुराख़ में दो कोपेक का सिक्का डालना चाहिये। सिक्का डाले बग़ैर टेलीफ़ोन काम में नहीं आता। सिक्का डालकर आप रिसीवर

उठा सकते हैं और गूँज की आवाज़ सुनकर नंबर डायल कर सकते हैं।

४) यदि आप अपने ही शहर में किसी को टेलीफ़ोन करना चाहते हैं तो आप उसके नंबर डायल कीजिये। अगर वह व्यक्ति किसी और से बात नहीं कर रहा है तो आप लंबी गूँज सुनेंगे जिसका मतलब है कि आपका नंबर मिल गया है और दूसरी ओर घंटी बजने लगी है। अगर वह व्यक्ति किसी और व्यक्ति के साथ बात कर रहा है तो आप बार बार होनेवाली गूँज सुनेंगे। इसका मतलब है कि लाइन एंगेज्ड है। ऐसी हालत में आपको कुछ देर ठहरकर फिर टेलीफ़ोन करना होगा। दिलचस्प बात यह है कि भारत में जब लाइन एंगेज्ड होती है लंबी गूँज सुनाई देती है और लाइन ख़ाली होने पर बार बार होनेवाली भनभनाहट सुनाई पड़ती है।

५) अगर आप टेलीफ़ोन पर दूसरे शहर के किसी व्यक्ति से बात करना चाहते हैं तो आपको इसकी ख़बर एक्सचेंज-वालों को देनी होगी। शहर के बाहर टेलीफ़ोन करने को ट्रंक-कॉल करना कहा जाता[1] है। ट्रंक-कॉल की अलग से फ़ीस[2] देनी होती है। यह फ़ीस दूरी के अनुसार बढ़ती है। कम दूरी के लिये फ़ीस कम होती है और अधिक दूरीवाले स्थानों के लिये अधिक। इसका कारण यह है कि तार की तरह टेलीफ़ोन में भी दूर के स्थानों के साथ संबंध स्थापित करने में दिक़्क़त होती है और देर भी लगती है। लोग कूपन या क़र्ज़ पर ट्रंक-कॉल बुक कर सकते हैं। कूपन हर एक डाक तथा तारघर में बिकता है। उसे ख़रीदकर आप किसी भी टेलीफ़ोन से, चाहे वह सार्वजनिक भी हो फ़ोन कर सकते हैं। आप टेलीफ़ोन-आपरेटर को कूपन का नंबर बता

---

[1] कहा जाना 'называться'.

[2] फ़ीस 'плата'; 'гонорар'.

देते हैं और वह आपको ज़रूरी टेलीफ़ोन-नंबर से मिला देती है। क़र्ज़ पर आप सिर्फ़ अपने ही टेलीफ़ोन से फ़ोन कर सकते हैं। दो-तीन दिनों के बाद आपको ख़ास बिल मिलेगा जिसे आपको अदा करना होगा।

६) अम्मी, मुझे अवश्य चचेरी बहन से मिलना चाहिये। मैं उसे टेलीफ़ोन करके भेंट का वक़्त और स्थान निश्चित करूँगी। लेकिन उसका जो नंबर मैंने लिख रखा था वह खो गया है। क्या करूँ, अम्मी ?।

—टेलीफ़ोन-डाइरेक्टरी में ढूँढ़ना पड़ेगा।

—लेकिन उसका टेलीफ़ोन अभी लगा है, अम्मी।

—तब टेलीफ़ोन-केंद्र में जो पूछ-ताछ का दफ़्तर है उसको फ़ोन करो। पता और पूरा नाम पूछने पर आपरेटर अपनी किताबों में देखकर शायद नंबर भी बताएगी।

७) (१) डाक्टर जी, इस दवा से कोई फ़ायदा न हुआ। पाँव का दर्द किसी तरह नहीं जाता। कृपया, कोई और दवा दीजिये। (२) बिजली से चलनेवाली रेलगाड़ी कूर्स्कया स्टेशन के प्लेटफ़ार्म पर आकर रुकी। सुबह के पौने आठ बजे थे। गाड़ी कुछ देर से आयी थी इसलिये लोग शीघ्र ही उतरकर मैट्रो के स्टेशन की तरफ़ तेज़ी के साथ जा रहे थे। (३) टेलीफ़ोन की घंटी बजने लगी। मैंने चोंगा उठा लिया लेकिन बोलनेवाले की आवाज़ बिलकुल धीमी मालूम होती थी। रिसीवर कान के और नज़दीक लगाकर आख़िरकार मैंने अपने एक दोस्त का स्वर सुन लिया। (४) मास्को की स्थापना बारहवीं सदी में हुई थी। उस समय वह एक छोटा सा गाँव था। फिर गाँव की जगह एक क़िला बनाया गया। (५) शीघ्र ही मास्को रूसी राज्य की राजधानी बन गया और उसका विस्तार तेज़ी से होने लगा। अक्तूबर क्रांति के बाद मास्को ख़ास तौर पर बदल गया है। (६) सुनो, अफ़सोस की बात है लेकिन मैं मंगलवार को आ न सकूँगा। जो बैठक स्थगित हुई थी वह मंगलवार को ही होगी और

मुझे अवश्य जाना पड़ेगा। (७) वाह रे अक़्ल के पुतले! मैंने तुमसे साफ़ कह दिया था कि तुम्हारी सेहत के लिये तंबाकू सब से ख़तरनाक चीज़ है। लेकिन तुम्हारे लिये मेरी सारी बातें नहीं के बराबर होती हैं। देखो, तुम अपने पाँव में आप कुल्हाड़ी मार रहे हो! अंत में तुम अपने किये का फल पाओगे ज़रूर! (८) तुम अपना वक़्त मत गँवाओ, रिसीवर रखो तथा कुछ रुककर फिर नंबर डायल करो। अगर लाइन एंगेज्ड है तो कुछ इंतज़ार करना चाहिये। (९) हार्दिक धन्यवाद कि आप ने टेलीफ़ोन किया है। कल मैं आ न सकूँगा। मुझे ढेरों काम करने हैं, पर परसों मेरी राह देखिये, समय निकालकर मैं अवश्य आ जाऊँगा। (१०) मेहरबानी करके श्रीमती विजया सुंदरराम को टेलीफ़ोन पर बुला दीजिये। – अफ़सोस है लेकिन आधा घंटा हुआ वह चली गयी थीं। शायद मैं आपकी मदद कर सकूँगा? – धन्यवाद। लेकिन मुझे श्रीमती सुंदरराम ही से बातें करनी हैं। तकलीफ़ के लिए माफ़ कीजिये। – कोई बात नहीं।

4. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद करके उनका जवाब दीजिये।

(1) Есть ли в вашей квартире телефон? (2) Какой номер вашего домашнего телефона? (3) Какой номер вашего рабочего телефона? (4) Что нужно делать, если нужный вам номер телефона занят? (5) Как позвонить по междугороднему телефону? (6) Как нужно звонить по телефону-автомату? (7) Какое срочное дело было у Володи? (8) О чем спросила телефонистка Володю? (9) Что просил передать Борис Володиной сестре? (10) Как вы думаете, купили ли друзья путевки на Кавказ?

5. निम्नलिखित शब्द-समुदायों और वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

भेंट का समय निश्चित करना; मामले में छानबीन करना; काम के स्थान पर फ़ोन करना; वक़्त गँवाना; बार बार होनेवाली गूँज सुन लेना; टेलीफ़ोन पर बुलाना; ट्रंक-कॉल बुक करना; मिलने का दिन तय करना; बैठक

स्थगित करना ; समय काटना ; फ़ोन पर मिलना ; मुफ़्त में ; अगर-मगर में पड़ने से क्या फ़ायदा है ? ; आपका टेलीफ़ोन आया है ; कोई बात नहीं ; सच पूछिये तो ... ; अपने पाँव में आप कुल्हाड़ी मारना ; मेरा पेट जल रहा है ; कई दफ़ा ; अब की दफ़ा ; पहले से निश्चित ; निश्चित रूप से ; आपको क्या चाहिये ? ; मुझको चाय चाहिये ; वक़्त (समय) खोना ; मौक़ा (अवसर) हाथ से खोना ; फ़ायदा उठाना ; उत्तर में कहना ; सदियों पुराना ; उसकी घड़ी तेज़ चलती है ; घड़ी आगे है ; घड़ी पीछे है।

6. निम्नलिखित शब्द-समुदायों और वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Стенные часы; мои часы испортились; часы не ходят; неотложное дело; заказывать междугородний разговор в кредит; сердечная благодарность; оказывать любезность; набирать номер телефона; резать ножом; рубить дерево топором; стоять на ногах; что случилось?; как вы себя чувствуете?; получать по заслугам; перебив меня, он спросил: «Который час?»

7. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

1. (1) Студентам следует внимательно готовиться к занятиям. (2) Всем юношам и девушкам следует заниматься спортом. (3) Вам придется найти это слово в словаре (शब्दकोष). (4) Я должен искренне поблагодарить вас за помощь, которую вы нам оказали. (5) Нам пришлось отложить заседание, так как оно не было подготовлено. (6) К сожалению, сегодня вечером я не смогу с Вами встретиться, так как буду очень занят. (7) Нам пришлось долго ждать нашего товарища. (8) Мне нужно с вами посоветоваться. (9) Товарищ Петров сейчас подойдет, вам придется немного подождать. (10) Сегодня вечером я должен встретить своего друга. Его поезд приходит в 8 ч. 35 м. (11) Мне нужно вернуться домой, так как я забыл взять книгу, которую должен был отдать своему преподавателю. (12) Твой товарищ болен, и тебе следует позвонить ему и справиться о его здоровье. (13) Им нужно поговорить с доктором Смирновым. (14) Послезавтра мой отец должен выехать в Ленинград. (15) Этот багаж придется отправить самолетом. (16) Часы бьют десять. (17) На моих часах сейчас двенадцать.

II. (1) Как только позвонил телефон, я поднял трубку. (2) Как только он набрал номер, послышались редкие гудки. (3) Только поезд остановился, двери автоматически открылись. (4) Как только мы договорились о встрече, он положил трубку. (5) Как только я пришел домой, мама сказала, что звонил мой друг Володя.

III. (1) Не обращая внимания на мои слова, он вышел из комнаты. (2) Я не могу поехать туда, не посоветовавшись с родителями. (3) Не останавливаясь у платформы, поезд пошел дальше. (4) Она не могла не позвонить отцу. (5) Гопеш не мог оставить этот вопрос без внимания. (6) Мы не могли не сказать ему об этом. (7) Брат не мог не сообщить мне эту новость. (8) Не раздеваясь, он лег на кровать. (9) Не ожидая их, мы сели за стол. (10) Я не могу не спросить Вас об этом.

8. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) बारह बजकर पाँच मिनट हुए हैं। (२) सात बजने में नौ मिनट बाक़ी हैं। (३) सवा चार बजे हैं। (४) साढ़े ग्यारह बजे हैं। (५) रात के पौने तीन बजे हैं। (६) ग्यारह में दस मिनट बाक़ी हैं। (७) छः में दस मिनट हैं। (८) पाँच बजने में एक मिनट बाक़ी है। (९) एक बजकर सोलह मिनट हुए हैं। (१०) सवा दस बजे हैं। (११) आठ बज चुके हैं। (१२) अभी पौने एक बजनेवाला है। (१३) रेलगाड़ी नौ बजने में बारह मिनट पर रवाना हो जाएगी। (१४) वह छः बजे शाम को आनेवाला है। (१५) सुबह के साढ़े नौ बजे हमारी पढ़ाई शुरू होती है। (१६) पिता जी चार बजने के बाद घर लौटते हैं। (१७) हम ठीक सवा सात बजे वहाँ पहुँच गये। (१८) पाँच बजते-बजते वह घर आया। (१९) वह काम शुरू होने से एक घंटा पहले आया। (२०) मैं दो घंटे के बाद चला जाऊँगा। (२१) अब डेढ़ बजा है। (२२) ढाई बजने पर हम खाने जाएँगे। (२३) उसको पौने सात बजे घर आना था लेकिन वह अभी तक नहीं आया है। (२४) सवा दो बजे खाने

की छुट्टी शुरू हो जाती है। (२५) कल मैं ने रात के एक बजे तक काम किया।

9. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Который час? — Сейчас половина четвертого. (2) Я каждый день встаю в половине восьмого. (3) Без двадцати девять я выхожу из дома и отправляюсь на работу. (4) Занятия в институте начинаются в половине десятого утра. (5) С без десяти час до без десяти два у нас перерыв на обед. (6) Без десяти два снова звенит звонок. (7) В три часа двадцать пять минут я ухожу домой. (8) Десять минут пятого я уже дома. (9) Между пятью и шестью часами собирается вся наша семья. (10) В восьмом часу мы садимся ужинать. (11) Вчера от восьми до половины десятого вечера по телевизору демонстрировался новый кинофильм. (12) С тридцати двух минут десятого мы начали слушать последние известия по радио. (13) Около двенадцати часов я ложусь спать. (14) Радио у нас работает до двенадцати часов. (15) Позавчера мы были в театре и вернулись домой в начале первого. (16) Я лег спать без четверти час. (17) Сколько времени вы спали? — На два часа меньше, чем всегда. (18) Вчера без пяти шесть вечера я прилег отдохнуть, так как у меня очень болела голова. (19) Я принял таблетку и через четверть часа уснул. (20) Сегодня я проспал и встал (देर से सोकर उठना) только без десяти восемь.

10. रूसी में अनुवाद करके मोटे टाइप में छपे शब्द-समुदायों को याद कीजिये।

(१) हम **निश्चित समय के भीतर** अपना काम पूरा करेंगे। (२) मैं **निश्चित रूप से** जानता हूँ कि यह दुकान नौ बजे खुलती है। (३) उन्हों ने मिलने का **दिन निश्चित कर लिया**। (४) उसने **अपनी क़लम खो दी है**। (५) मेरी यह **किताब कहीं खो गयी है**। (६) आप क्या ढूँढ़ते हैं? — मैं एक **काग़ज़ ढूँढ़ता हूँ**। (७) इस दवा **से फ़ायदा हुआ**। (८) ऐसा करने **से कोई फ़ायदा नहीं** होगा। (९) यह **छुरी काटती** नहीं। (१०) उसने **छुरी से रोटी काट डाली**। (११) किसानों ने **सारी फ़सल काट डाली**। (१२) वह **कुल्हाड़ी**

से पेड़ काट रहा है। (१३) किसी ने उसे **बुरी तरह** मारा। (१४) **वर्षा रुक गयी।** (१५) आप यह माल **क़र्ज़ में** भी **ख़रीद सकते हैं।** (१६) उसने मुझे पाँच रुपये **क़र्ज़ (में) दे दिये।** मैं ने पाँच रुपये **क़र्ज़ ले लिये।** (१७) मास्को के चिड़ियाघर की स्थापना **पिछली सदी में** हुई थी। (१८) अहाते में **पत्थरों का ढेर** पड़ा है। (१९) उसने **ढेरों के ढेरों** उदाहरण दे दिये। (२०) हमारे देश में क्रांति के बाद मेहनतकश लोगों की **हालत बहुत बदल गयी है।** (२१) **ज़माना बदल चुका है।** (२२) पानी **बर्फ़ में बदल गया।** (२३) आपने हम **पर बड़ी कृपा की है।** (२४) उसने **इसका उचित उत्तर दिया।** (२५) हमारी सभा में एक बहुत महत्त्वपूर्ण **सवाल उठाया गया था।** (२६) सन् १९४७ के पंद्रह अगस्त को नेहरू जी ने लाल क़िले के ऊपर स्वतंत्र भारत का **झंडा ऊँचा उठाया था।** (२७) आपने **अक़्ल की बात** की है। (२८) वह **तेज़ अक़्ल** का आदमी है। (२९) उसकी **घड़ी दस मिनट पीछे रहती है।** (३०) मेरी **घड़ी खराब हो गयी है।**

11. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) बस का अड्डा कहाँ है? आप ... चलिये, वह सड़क के नुक्कड़ पर है। (२) नंबर डायल करने पर लंबी ... सुनाई दी। (३) टेलीफ़ोन की घंटी के बजते ही मैं ने ... उठा लिया। (४) डाकघर के अधिकारियों ने मामले में ... की। (५) मुझे यह शब्द शब्दकोष में ... पड़ेगा। (६) टेलीफ़ोन ... में जाकर उसने फ़ोन किया। (७) दोनों दोस्तों ने भेंट का स्थान ... किया। (८) अपना टेलीफ़ोन-नंबर बताइये।—सुनिये पचपन-पचास-ज़ीरो-एक, ... दो-ज़ीरो-पाँच। (९) इस तरह वक़्त ... से क्या फ़ायदा हो सकता है? (१०) वाह रे, अक़्ल के ...! वहाँ जाके क्या करोगे? (११) मोटर एक ऊँची इमारत के सामने ... गयी। (१२) टेलीफ़ोन ...

ने कहा कि लाइन ... है। (१३) नंबर डायल करने पर बार बार होनेवाली ... सुनाई दी। (१४) हमने एक आरामघर के दो ... ख़रीद लिये। (१५) उसने मेरी बात ... दी। (१६) एक्सचेंज की आपरेटर को ज़रूरी नंबर बताने पर मैंने शीघ्र ही किसी ... की आवाज़ सुनी। (१७) ... करके, लेना को टेलीफ़ोन पर बुला दीजिये। (१८) मैं ने कल किएव जाना चाहा, लेकिन रेल का टिकट नहीं मिल सका, इसलिये ... से जाना पड़ेगा। (१९) पहली रूसी क्रांति इस ... के शुरू में हुई थी। (२०) उसने ... पर ट्रंक-कॉल बुक करवा दिया। (२१) अच्छा, इतवार को मैं तुम्हारी ... देखूँगा। (२२) ... धन्यवाद, जो तुमने मेरी मदद की। (२३) इस सवाल पर मुझे डाक्टर से सलाह ... करना पड़ेगा। (२४) आपकी बहन घर पर है? — नहीं, वह चली गयी है — ... की बात है। मैं ने उनसे यह कहना चाहा कि कल की सभा ... हो गयी है। (२५) कल हम व्यस्त रहेंगे, हमें ... काम करने हैं।

12. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. (1) Вы хотите позвонить по телефону? О, это не трудно сделать. Вот телефон. Снимите трубку и, услышав гудок, наберите номер. Если номер будет свободен, вы услышите длинные гудки. Если же нужный вам номер будет занят, вы услышите прерывистые гудки. Положите трубку на место и подождите несколько минут, после чего вновь наберите номер. Вы меня поняли? — Да. Теперь я понимаю, почему я не мог дозвониться до своего товарища. У нас в Индии длинные гудки означают, что линия занята. Поэтому, услышав длинные гудки, я клал трубку на место, а услышав прерывистые гудки, ждал ответа. Сейчас я попытаюсь позвонить еще раз. Извините за беспокойство. — Ну, что вы! Я был рад помочь вам.

(2) Алло, коммутатор. Дайте, пожалуйста, 6-09. — Соединяю. Раздался щелчок, а потом в трубке послышались прерывистые гудки. — Ваш номер занят, — сообщила телефонистка. — Тогда соедините меня с номером 6-08. — Соединяю. Снова раздался щелчок, но на этот раз послышались длинные гудки. Через некоторое время кто-

то снял трубку. «Говорит главный инженер», — послышалось в трубке. «Здравствуйте, говорит инженер Попов. Я хотел сообщить Вам, что сегодня я вернулся из Ленинграда». — «Здравствуйте, товарищ Попов, я очень рад, что вы вернулись. Как там идут дела?» — «Хорошо. Станки прибудут на завод на следующей неделе».

(3) Для того чтобы позвонить по междугородному телефону, нужно набрать номер 07. Телефонистка спросит вас, в какой город вы хотите позвонить и как вы собираетесь звонить, в кредит или по талону. После этого она попросит вас назвать номер телефона абонента, с которым вы хотели поговорить по телефону. Затем сообщите телефонистке ваш номер телефона и фамилию. Записав все это, телефонистка попросит вас положить трубку и подождать некоторое время. Через несколько дней после телефонного разговора вы получите по почте счет за междугородный разговор.

II. Послезавтра приезжает моя двоюродная сестра. Я не видел ее целых три года. Она живет в другом городе. Мы много раз хотели встретиться, но и у нее и у меня всегда была масса дел, и мы все время откладывали нашу встречу. Наконец, неделю тому назад я получил от нее телеграмму о том, что она решила взять отпуск и приехать к нам. Сейчас мы ждем ее приезда.

III. (1) Известный во всем мире «Тадж Махал» был построен падишахом Шах Джаханом в середине XVII века. (2) Трамвай останавливается прямо перед нашим домом. (3) Идите прямо, а потом повернете направо. (4) Будьте любезны, позвоните мне в воскресенье. (5) Советский Союз предоставил Индии большой заем. (6) «Позовите, пожалуйста, товарища Павлова» — послышался в трубке чей-то голос. «Он ушел полчаса тому назад», — ответил я. «Очень жаль. А когда он вернется?» — «Вероятно, часа через полтора». — «Извините, пожалуй, я позвоню позже. До свидания». (7) Мой друг начал рассказывать о своей поездке по Кавказу, но моя сестра перебила его. «Расскажи сначала, как ты доехал?», — попросила она. (8) Несколько лет тому назад зимой в такой жаркой стране, как Ирак (इराक़), выпал снег. Многие ученые заинтересовались этим и пытались выяснить причину этого явления. (9) Я должен поговорить с товарищем Котовым. У меня срочное дело, и я не могу ждать. (10) Во время VI Всемирного фестиваля молодежи и студентов в Москве всем участникам фестиваля были розданы специальные талоны на посещение кино, театров, музеев и т. п.

13. इस कहानी का रूसी में अनुवाद कीजिये।

भारत में डाक-प्रबंध का इतिहास

भारत में डाक-कार्यालय का इतिहास तरक़्क़ी और विकास का इतिहास है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात तो यह है कि यह तरक़्क़ी बहुत थोड़े समय में हुई है।

भारत में डाक का प्रबंध किसी न किसी रूप में तो बहुत पुराने समय से रहा है। जब भी कोई राजा या बादशाह अपना राज्य बढ़ाता[3] था, तो वह डाक का भी प्रबंध करता था ताकि उसे राज्य के दूर दूर के भागों की ख़बरें भी मिल सकें। अशोक के समय में डाक का बहुत अच्छा प्रबंध था। शेरशाह के समय में भी डाक और ख़बर भेजने के साधन थे। उस समय दस-बारह मील की दूरी पर ख़ास डाकख़ाने बने थे। ख़बर लेकर आने या जानेवाले यहाँ ठहरते थे। यहाँ उनके लिये घोड़े बदलने का भी प्रबंध था। उस समय घोड़ों के साथ ही साथ ऊँटों पर भी डाक भेजी जाती थी। इस तरह बादशाह को सारे देश की ख़बरें बराबर मिलती थीं। मुग़ल[4] बादशाहों के समय में भी डाक का प्रबन्ध था परन्तु उस समय डाक से बादशाह या बड़े बड़े अमीर ही फ़ायदा उठा सकते थे।

जब अँग्रेज़ों ने भारत में प्रवेश किया तो उन्हों ने डाक के साधनों पर ध्यान दिया। अँग्रेज़ लोग भी सारे देश की ख़बरें पाना चाहते थे।

१७६६ में ही डाक का प्रबंध कुछ बेहतर हो गया। उस समय तक डाक का प्रबंध अलग अलग सूबे[5] करते थे। हर एक सूबे में डाक की अलग अलग व्यवस्था थी। सारा ख़र्च भी सूबे ही करते थे। इसलिये किसी सूबे में पत्र भेजने में

---

[3] बढ़ाना 'увеличивать', 'расширять'.

[4] मुग़ल *ист.* 'могольский'.

[5] सूबा 'провинция', 'штат'.

ख़र्च अधिक पड़ता था और किसी में कम। इस तरह डाक का प्रबंध ख़राब हो जाता था। एक सूबे से दूसरे सूबे तक चिट्ठी भेजने की फ़ीस निश्चित करने में बहुत दिक़्क़त होती थी, काम भी ठीक नहीं होता था और बहुत ही कम शहरों के बीच डाक आती जाती थी। उस समय चिट्ठी भेजने में दूरी का बहुत महत्त्व था। अधिक दूर पत्र भेजने में अधिक फ़ीस देनी पड़ती थी और कम दूरी के लिये कम। उदाहरण के लिये बम्बई से कलकत्ता तक चिट्ठी भेजने की फ़ीस एक रुपया प्रति तोला[6] थी और कलकत्ता से आगरा तक बारह आने प्रति तोला। आज कल इस पर सिर्फ़ १५ पैसे ख़र्च करने पड़ते हैं।

१८५४ में यानी अब से १०० से ज़्यादा साल पहले डाक-कार्यालय की स्थापना की गयी थी। डाक के टिकट निकले, और दूरी का फ़र्क़ ख़त्म कर दिया गया। अब हर जगह के लिये एक ही क़ीमत के टिकट लगाये जाने लगे।

संसार में शायद सबसे पहले भारत में ही हवाई जहाज़ से डाक भेजी गयी। सबसे पहली हवाई डाक १८ फ़रवरी १९११ को इलाहाबाद से नैनी जंकशन[7] तक भेजी गयी थी। इसके ९ साल बाद जनवरी १९२० में यानी अब से लगभग ६० साल पहले बम्बई और कराची के बीच हवाई डाक का प्रबंध किया गया और चिट्ठियाँ, पोस्टकार्ड, अख़बार आदि हवाई डाक से भेजे गये। हवाई डाक का यह प्रबन्ध लगभग डेढ़ महीने तक रहा।

१९२९ में यानी अब से कोई ५० साल पहले हिन्दुस्तान और इंग्लैंड के बीच बाक़ायदा[8] हवाई डाक का प्रबंध हुआ। उस समय सप्ताह में एक बार डाक लायी ले जायी जाती थी। उस वक़्त देश के अंदर भी हवाई डाक का प्रबन्ध किया

[6] तोला 'тола' (*мера веса* ≅ 12 *г*).

[7] जंकशन 'узловая станция'.

[8] बाक़ायदा 'регулярный'.

गया ग्रौर दिल्ली ग्रौर कराची के बीच हवाई डाक ग्राने जाने लगी। इसके बाद कराची ग्रौर देहली[9] से कलकत्ता ग्रौर लाहौर के बीच भी हवाई डाक का प्रबंध हो गया। फिर कलकत्ता ग्रौर रंगून ग्रौर उसके बाद सिंगापूर तक हवाई डाक का प्रबंध हुग्रा। १९३५ से कराची ग्रौर इंग्लैंड के बीच सप्ताह में दो बार हवाई डाक ग्राने जाने लगी।

लगभग उस समय हिन्दुस्तान से ग्रास्ट्रेलिया, मिस्र[10], दक्षिणी ग्रफ़्रीका, ईरान, युरोप के ग्रनेक देशों ग्रौर ग्रमरीका तक हवाई डाक जाने लगी। १९३९ में डाक-कार्यालय ने तरक़्क़ी की। उस साल से एक ही क़ीमत पर (जो सस्ती भी थी) सभी देशों के बीच डाक जाने लगी। फिर इस मामले में ग्रौर तरक़्क़ी हुई। पहले हिन्दुस्तान ग्रौर इंग्लैंड के बीच सप्ताह में दो बार हवाई डाक जाती थी, ग्रब पाँच बार जाने लगी। भारत में भी जिन शहरों के बीच हवाई डाक का प्रबंध था वहाँ सप्ताह में पाँच बार डाक जाने लगी।

भारत के स्वतंत्र हो जाने पर डाक की ग्रोर ग्रधिक ध्यान दिया गया। ग्रब भारत के सब बड़े बड़े नगरों के बीच हवाई डाक का प्रबंध है। दूसरे देशों में जानेवाली डाक में भी ग्रब बहुत तरक़्क़ी हो गयी है। ग्रब भिन्न-भिन्न देशों के क्षेत्र बना दिये गये हैं। एक क्षेत्र में एक ही क़ीमत चलती है। ग्रख़बार, किताबें ग्रादि भेजने के लिये डाक की फ़ीस कम की गयी है। ग्रनेक देशों के बीच सीधे हवाई डाक से पारसल भेजने का प्रबन्ध हो गया है। हिन्दुस्तान से कुछ देशों तक तो हवाई डाक से मनी-ग्रार्डर भी भेजे जा सकते हैं।

देश के भीतर भी हवाई डाक में तरक़्क़ी हुई। १९५० से उन सब नगरों तक सारी डाक हवाई जहाज़ से जाने

---

[9] देहली 'Дели'.

[10] मिस्र 'Египет'.

लगी है जहाँ तक हवाई जहाज़ पहुँच सकता है। इसके लिए कोई अलग फ़ीस नहीं ली जाती। १९५० से पहले हवाई जहाज़ से पत्र भेजने के लिये अलग टिकट लगाने पड़ते थे। अब दूर दूर के नगरों में भी डाक बहुत जल्दी पहुँच जाती है और दूरी के कारण डाक पहुँचने में देर नहीं होती। दिल्ली से मेरठ चालीस मील दूर है और कलकत्ता कोई ९०० मील परन्तु दोनों जगह दूसरे ही दिन डाक पहुँच जाती है और ख़र्च भी अधिक नहीं करना पड़ता है। १९६०-६१ में लगभग डेढ़ लाख मन[11] डाक हवाई जहाज़ों से भेजी गयी! भारत में सस्ती हवाई पार्सल-सर्विस का भी प्रबंध हो गया है।

हवाई डाक के अलावा दूसरी तरह की डाक-सेवा की तरक़्क़ी की ओर भी बहुत ध्यान दिया जा रहा है। १९५३ से यह काम किया जा रहा है कि गाँवों में अधिक से अधिक डाकख़ाने खोले जायँ। दो हज़ार से अधिक जनसंख्यावाले हर एक गाँव में डाकख़ाना खुलनेवाला है। यदि कई गाँवों की जनसंख्या मिलकर दो हज़ार हो जाती है और वहाँ से तीन मील की दूरी तक कोई डाकख़ाना नहीं है तो उनमें भी डाकख़ाना खोला जाएगा।

इस तरह अभी भारत में लगभग तीस हज़ार डाकख़ाने खोले जा चुके हैं।

14. इन कहानियों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Время

Скоро полночь. На улицах Москвы становится меньше людей. Ярко горят звезды (सितारा *м.*) на пяти башнях (मीनार *ж.*) Московского кремля. На Спасской (स्पास्काया) башне — большие старинные часы. На часах половина двенадцатого. Приближается полночь. Вот на часах уже без четверти двенадцать. До полуночи осталось пятнадцать минут. Многие москвичи уже заснули, и лишь немногие возвращаются домой из театров и кино. Вот уже

[11] मन 'ман' (*мера веса* ≅ 40 *кг*).

без пяти двенадцать ... без двух минут ... без одной. Часы на башне бьют двенадцать. В полночь радио разносит бой часов Спасской башни по всей Советской стране, по всему миру. Идет первый час: одна минута первого, пять минут первого. Начинаются новые сутки.

Когда в Москве часы бьют полночь, в другой части Советского Союза, во Владивостоке (व्लादिवोस्तोक) уже утро. Часы пробили семь. На улицах усиливается движение, люди спешат на работу. Через два часа, когда время будет приближаться к девяти часам, дети во Владивостоке пойдут в школы. Когда во Владивостоке между часом и двумя в магазинах бывает перерыв на обед, в Москве часы бьют шесть часов утра.

А какая разница во времени между Москвой и Дели? Очень небольшая. Всего два с половиной часа.

Дружба

Одного старика индийца спросили: есть ли на свете что-нибудь крепче железа.

Старик подумал и сказал: — Дружба! Она крепче железа!

Тогда старика попросили сказать, есть ли что-нибудь на свете дороже золота (सोना *м.*).

Старик опять подумал и сказал: — Дружба! Она дороже золота.

И тогда у него спросили, есть ли на свете что-нибудь сильнее ветра.

И опять старик подумал и сказал: — Дружба! Она сильнее ветра!

15. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

अवश्य, छानबीन, अम्मा, बग़ैर, चोंगा, तलाश करना, खोना, परन्तु, वास्तव में, आख़िरकार, शीघ्र, उत्तर, कृपा करके, आवाज़, यार, मशवरा, इतवार, राह, राह देखना, तय करना।

16. "दोस्त के साथ टेलीफ़ोन पर बातचीत" नामक एक कहानी लिखिये।

17. निम्नलिखित बातचीत का अनुवाद कीजिये।

राम: अरे भाई, यह टेलीफ़ोन की घंटी बज रही है, सुनना तो कौन है?

श्याम : (रिसीवर उठाकर) हैलो! जी, यह रामचंद्र साहब का फ़्लेट है। आप किससे बात करना चाहते हैं? अच्छा, अभी एक मिनट में। टेलीफ़ोन बंद न कीजिये।

राम : कौन है?

श्याम : शर्मा जी की आवाज़ मालूम होती है।

राम : हैलो, मैं रामचंद्र सुन रहा हूँ।

शर्मा : रामचंद्र साहब, नमस्ते। मैंने सोचा कि रामचंद्र साहब को ख़बर दे दूँ कि मैं छुट्टी से वापस आया हूँ।

राम : नमस्ते, शर्मा जी, नमस्ते। मालूम था कि आप छुट्टी पर गये थे लेकिन इसका यह मतलब नहीं था कि दोस्तों को भूल बैठें।

शर्मा : क्या करूँ, भाई। कई बार फ़ोन किया। एक बार ठीक नंबर नहीं मिला। किसी श्रीमती का स्वर मालूम होता था। फिर लाइन बंद थी, फिर...

राम : फिर क्या? अच्छा भाई, फिर हमारी भेंट कब होगी?

शर्मा : एक मिनट ठहरिये, मैं कह रहा था कि अब वक़्त बहुत ही कम है। दो-चार दिन में आपको फ़ोन करूँगा।

राम : ख़ूब। लेकिन ज़रूर फ़ोन कीजिये, भूलना मत!

शर्मा : हाँ, हाँ फ़ोन करूँगा। नमस्ते, यार।

राम : नमस्ते, मित्र।

* * *

राज : हैलो, आपरेटर, मुझे ४०-६-६३ नंबर एक्सटेन्शन १८ से मिला दीजिये।

टेलीफ़ोन-आपरेटर : मिला दिया।

राज : तकलीफ़ के लिये माफ़ कीजिये। मैं राज बोल रहा हूँ। मुझे चौधरी साहब से बात करनी है। क्या वह घर पर है? उनको फ़ोन पर बुला दीजिये।

नौकर : ज़रा ठहरिये, साहब। टेलीफ़ोन बंद न कीजिये। मैं एक मिनट में मालूम करूँगा।

राज : मुझे आपकी आवाज़ सुनाई नहीं देती। ज़रा ज़ोर से बोलिये।

नौकर : मैं कह रहा हूँ कि अभी मालूम करता हूँ।... हैलो, साहब, अफ़सोस है कि चौधरी साहब घर पर नहीं हैं। उनको क्या बताऊँ जब वह वापस आएँगे ?

राज : कोई बात नहीं। मैं फिर फ़ोन करूँगा।

18. निम्नलिखित संख्याओं को हिन्दी में लिखिये।

969 383 254; 674 476 746; 837 970 398; 754 889 551; 639 459 672; 13 154 931; 492 828 448; 129 967 778; 359 609 999; 108 688 372; 930 840 750.

19. निम्नलिखित संख्याओं को रूसी में लिखिये।

१२५७ करोड़ ६८ लाख ६३ हज़ार ८३९ ; ९४३ करोड़ ८९ लाख ७४ हज़ार ३३८; ७४९ करोड़ ४२ लाख ९५ हज़ार ७३६ ; २०८९ करोड़ ५५ लाख ६३ हज़ार ९१९ ; १८७ करोड़ ५६ लाख ८४ हज़ार ८३५ ; ३९६३ करोड़ ७७ लाख ८६ हज़ार ४४८।

चुटकुले

१) अध्यापक – मोहन, अगर तुम स्कूल के हैडमास्टर[12] बना दिये जाओ तो पहला काम कौनसा करोगे ?

मोहन – जी, स्कूल की व्यवस्था ठीक करने के लिये दो सप्ताह की छुट्टी का प्रबन्ध।

२) एक औरत शहर आयी और अपना फ़ोटो बनवाने लगी। जब फ़ोटोग्राफ़र[13] ने कहा, "सब ठीक है न ? बनाऊँ फ़ोटो ?" तब वह बोली, "कुछ ठहरना"।

फ़ोटोग्राफ़र – क्यों, क्या बात है ?

औरत – मुझे अपने कपड़ों पर इतर[14] लगा लेने दो।

---

12 हैडमास्टर 'директор школы'.

13 फ़ोटोग्राफ़र 'фотограф'.

14 इतर 'духи'.

३) रोगी – डाक्टर साहब, मुझे भूलने की बीमारी हो गयी है। कृपा करके कोई अच्छी सी दवा दीजिये।

डाक्टर – तो भाई पहले मेरी फ़ीस मेज़ पर रख दो।

४) माँ (बेटे से) – बेटा, अगर तुम सिर्फ़ मुँह धोओगे, तो तुम्हें एक बिस्कुट[15] मिलेगा, लेकिन हाथ पाँव भी धो लोगे तो दो बिस्कुट मिलेंगे।

बेटा (जल्दी में) – माता जी, आप मुझे यह बिस्कुटों का डिब्बा दे दीजिये। मैं नहा लेता हूँ।

दोहराव

निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Эту книгу можно купить в любом магазине. (2) Эту работу нельзя закончить сегодня. (3) Эту работу надо сделать очень внимательно. (4) Эти письма надо отослать сейчас же. (5) Ему следует помнить об этом. (6) Этот багаж не следует посылать самолетом. (7) Когда вы позвонили по телефону, мы только встали. (8) Вам не придется ждать. (9) Когда было построено здание этого театра? (10) Что производится на этой фабрике? (11) Я слышал, что он уехал в Индию. (12) Он часто останавливается, когда поднимается по лестнице. (13) Каким ключом можно открыть эту дверь? (14) Его здоровье улучшилось. (15) Весной погода часто меняется. (16) Воду в графине меняют каждый день. (17) В этом кинотеатре часто демонстрируются иностранные фильмы. (18) Стекло бьется очень легко. (19) Я знаю, что он интересуется историей. (20) На днях мне рассказали очень интересную новость. (21) Нам сказали, что он куда-то уехал и вернется не раньше восьми часов вечера. (22) Я думал, что собрание будет отложено. (23) Московский штемпель на письме был поставлен два дня назад, а письмо доставили нам только сегодня. (24) Получив телеграмму, я тут же позвонил жене. (25) Она испортила суп, положив в него слишком много соли. (26) В последнее время я ничего о них не слышал. (27) Я почувствовал себя плохо и пошел домой. (28) В этом путешествии приняло участие несколько известных ученых.

---

[15] बिस्कुट 'печенье', 'бисквит'.

УРОК XVII

ГРАММАТИКА

ЧАСТИЦЫ

Частицы придают отдельным словам или целым предложениям различные смысловые оттенки. Частицы отличаются от других частей речи отсутствием конкретного лексического значения.

При помощи частиц можно выразить вопрос (क्या वह बीमार हैं? 'Разве он болен?'), отрицание (मेरे भाई आज वहाँ नहीं जाएँगे 'Мой брат туда сегодня не поедет'), восклицание (क्या अच्छी किताब है! 'Какая хорошая книга!'), выделить слово (बच्चा भी यह जानता है 'Даже ребенок это знает').

По значениям, которые частицы придают словам или целому предложению, они делятся на следующие группы:

Утвердительные: हाँ, जी, जी हाँ 'да'.

Отрицательные: न 'не', नहीं 'не', 'нет'; जी नहीं 'нет'.

Запретительные: मत 'не'.

Вопросительные: क्या 'разве', 'ли', न 'не так ли', 'не правда ли'.

Восклицательные: क्या 'как', 'что за', काश, काशकि 'о если бы', 'пусть', 'да будет!'.

Усилительно-ограничительные: तो 'то', 'ведь', ही 'только', 'именно', 'же', 'ведь', 'едва', भी 'также', 'даже', 'тоже', 'и', तक 'даже', न 'же', 'ведь', भर 'весь', 'только', 'лишь', सिर्फ़, केवल 'только', 'лишь'.

Сравнительно-усилительные: सा.

Частицы уважения: जी 'почтенный', '[много]уважаемый'.

В языке хинди большинство частиц ставится либо непосредственно после того слова или словосочетания, которое они выделяют или подчеркивают, либо между элементами словоформы, например: मैं तो नहीं जाऊँगा 'Я ведь не пойду'; वह वहाँ गया ही था 'Он уже ходил туда'. Если слово, к которому относится та или иная частица, употребляется с послелогом, то частица может стоять между словом и послелогом, частями сложного послелога и после послелога, например: शुरू ही से 'с самого начала', उस के ही लिये, उस के लिये ही 'только для него'.

КРАТКАЯ ХАРАКТЕРИСТИКА НЕКОТОРЫХ ЧАСТИЦ

जी в качестве утвердительной частицы «да» употребляется только при ответе младшего старшему (как по возрасту, так и по социальному положению), например:

– तुम स्कूल जाते हो ? 'Ты ходишь в школу?'.

– जी । 'Да'.

Как частица уважения जी ставится после имени (также нарицательного), фамилии, звания, титула для выражения почтения, уважения к лицу, к которому обращена или о котором идет речь.

Частица уважения जी либо переводится словами 'почтенный', '[много]уважаемый', 'господин', либо совсем не переводится, например: डाक्टर जी 'уважаемый доктор', वर्मा जी 'господин Варма', पिता जी 'отец'.

Частица уважения जी используется и самостоятельно, вне сочетаний с другими словами, например: अच्छा जी, फ़िक्र न कीजिये, सब ठीक होगा 'Хорошо, уважаемый, не беспокойтесь, все будет в порядке'.

नहीं используется преимущественно для отрицания фактов и действий, представляющихся реальными, поэтому в предложении नहीं употребляется чаще всего с формами настоящего и прошедшего времени, а также с формами повелительного наклонения, например: वह घर पर नहीं है 'Его нет дома', तुम नहीं सुनते हो 'Ты не слушаешь', वे नहीं आये 'Они не пришли', वहाँ

नहीं जाओ 'Не ходи туда'. С формами будущего времени नहीं употребляется реже, главным образом тогда, когда необходимо выразить большую силу отрицания, например: मैं वहाँ नहीं जाऊँगा 'Я туда не пойду'. नहीं в значении «нет» используется и самостоятельно, например: — तुम पढ़ते हो? — नहीं 'Ты читаешь?'— 'Нет'.

При особо вежливом отрицательном ответе नहीं осложняется частицей जी — जी नहीं, например: आज मेरे घर आ सकते हैं? — जी नहीं, आज मैं सिनेमा जाता हूँ 'Сегодня [Вы] можете прийти ко мне?' — 'Нет, я иду сегодня в кино'.

Отрицательная частица न обладает несколько меньшей силой отрицания, поэтому она чаще употребляется с формами будущего времени, вежливыми формами повелительного наклонения, с инфинитивом, деепричастием и с формами сослагательного и условного наклонений. न 'не' всегда ставится перед глаголом, например: वह न लिखेगा 'Он не будет писать'; वहाँ न रहिये 'Не оставайтесь, пожалуйста, там'; ऐसा न करना 'Так, пожалуйста, не делайте'; यदि आप बुरा न समझें तो मैं एक बात कहूँ 'Если Вы не обидитесь, то я [Вам] что-то скажу'; यह किताब न पढ़ना असंभव है 'Невозможно не прочитать эту книгу'; बारिश न होने के कारण 'Из-за отсутствия дождя'; निश्चित समय पर अपने दोस्त से न मिलकर वह घर वापस गया 'Не встретившись в назначенное время со своим другом, он вернулся домой'.

न употребляется в конце вопросительных, повествовательных (утвердительных и отрицательных) и побудительных предложений и произносится слитно с ближайшей к ней частью сказуемого.

Употребляясь в конце вопросительных предложений, न имеет значение «не так ли?», «не правда ли?», «ли».

Ответ на вопрос, содержащийся в вопросительном предложении с частицей न, зависит от интонации, с которой произносится конечная часть вопросительного предложения. Если заключительная часть предложения произносится уверенно, то ожидается ут-

вердительный ответ на заданный вопрос, например: ये केले पक्के हैं न? 'Эти бананы зрелые, не правда ли?' — जी हाँ, बिलकुल तैयार हैं 'Да, совершенно зрелые'.

Когда конечная часть вопросительного предложения произносится с оттенком сомнения, спрашивающий не обязательно ожидает на свой вопрос утвердительный ответ, скорее всего он ожидает ответ отрицательный, например: तुम मेरी बात सुनते हो न? 'Ты слушаешь меня?' — नहीं, मैं सोच रहा हूँ 'Нет, я думаю'.

В конце утвердительных предложений частица न ука́зывает либо на категоричность утверждения, либо на неуверенность в реальности высказывания, например: मैं अभी आता हूँ न 'Я сейчас же иду'; उस ने हम से यह कहा था न 'Он ведь (же) говорил нам это'.

В отрицательных предложениях न усиливает их отрицательный смысл, например: उसके पास क़लम नहीं है न 'У него ведь нет ручки'. В побудительных предложениях न делает просьбу, повеление, приказ более настойчивыми, например: लिखो न! 'Пиши же!'; यहाँ आओ न! 'Иди же сюда!'.

Вопросительная частица क्या указывает на вопросительный характер предложения при отсутствии в нем других вопросительных слов, например: क्या आप विद्यालय में पढ़ते हैं? 'Вы учитесь в институте?'.

तो употребляется с любой частью речи для ее усиления, например: आप वहाँ गये तो थे 'Вы ведь туда ходили'; तुम्हारे पास तो कापी थी 'У тебя же была тетрадь'.

В вопросительных предложениях частица तो в сочетании с отрицательной частицей नहीं соответствует русскому выражению «надеюсь, что... не...», например: मैं ने आपको तकलीफ़ तो नहीं दी? 'Надеюсь, что я Вас не побеспокоил?'.

Иногда частицей तो выражается сомнение, неуверенность, например: आप अच्छे तो हैं? 'Хорошо ли Вы себя чувствуете?'.

В сочетании с глаголом в повелительном наклонении частица तो усиливает приказ, повеление, просьбу, например: यहाँ आओ तो 'Сейчас же иди сюда'; देख तो लीजिये 'Посмотрите же, пожалуйста'.

Частицу तो нужно отличать от союза तो 'то', 'итак', начинающего предложение, которое содержит вывод из предыдущего, например: तो तुम जाओगे 'Итак, вы пойдете?'.

Частицу तो не следует также путать с союзом तो 'то', 'тогда', употребляющимся между частями сложноподчиненного предложения, например: वह न आवे, तो घर चलें 'Если он не придет, тогда пойдем домой'.

तक 'даже' выделяет или усиливает слово, за которым следует. Этим словом обычно является имя существительное или глагол, например: हम ने उस का नाम तक नहीं सुना है 'Мы не слышали даже его имени'; मैंने उन को देखा तक नहीं 'Я даже их не видел'.

Частицу तक не следует смешивать с послелогом तक. Основным отличительным признаком частицы तक от послелога तक является форма косвенного падежа, которую принимает слово или словосочетание перед послелогом, например: यहाँ से हमारे गाँव तक बहुत दूर है 'Отсюда до нашей деревни очень далеко'.

भर употребляется главным образом с именами существительными и в зависимости от контекста передает значения:

а) полноты, целостности, например: दिन भर 'целый день', संसार भर 'весь мир', शहर भर में मशहूर 'известный во всем городе';

б) ограничения, и в этом значении भर синонимична усилительно-ограничительным частицам सिर्फ़ и केवल 'только', 'лишь', например: मेरे पास पुस्तक भर है 'У меня есть только книга'; उसे अपनी कापी भर दे दो 'Отдай ему только свою тетрадь'.

सा употребляется с существительными, прилагательными, местоимениями, глаголами и наречиями для выражения сравнения, по-

добия, сходства или эмфатики. Частица सा в зависимости от контекста означает «похожий», «подобный» или «очень», «весьма» и т.п. सा изменяет форму в зависимости от рода, числа и падежа следующего за ней слова аналогично изменяемым прилагательным, например: बहुत से घर 'очень много домов', बड़ी सी इमारत 'очень большое (огромное) здание'. В сочетании с существительными, местоимениями и качественными прилагательными частица सा, передавая значение сравнения, сходства, подобия, а также указывая на усиление или смягчение признака, выполняет своеобразную словообразовательную функцию, например: लड़का सा 'подобно мальчику', 'мальчишеский', तेरा सा 'подобный твоему', मेरे भाई की सी क़लम 'ручка как у моего брата', काला सा 'черноватый', पीला सा 'желтоватый', छोटा सा 'очень маленький', लंबा सा 'очень длинный', 'длинноватый', अच्छा सा 'ничего себе', 'хорошенький'.

Употребляясь с глаголом, частица सा выражает оттенок предположения, например: मैं ने तुम्हें कहीं देखा सा था 'Я, кажется, тебя где-то видел'.

Частица सा нередко ведет себя как послелог, требуя постановки предшествующего слова в соответствующей форме косвенного падежа, например: तुझ सी लड़की 'девочка, похожая на тебя', बच्चों सा खेल 'детская игра'.

ЭМФАТИЧЕСКИЕ (УСИЛИТЕЛЬНЫЕ) ФОРМЫ МЕСТОИМЕНИЙ И НАРЕЧИЙ

Местоимения личные, указательные यह, वह и относительное जो имеют эмфатические формы, образуемые частицами ही, ई (для единственного числа) и हीं, ईं (для множественного числа). При присоединении этих частиц значение местоимений усиливается понятием «именно», «же». Указанные местоимения в эмфатической форме имеют два падежа (прямой и косвенный) и могут употребляться как самостоятельно, так и в определительных сочетаниях. Эмфатические формы местоимений 3-го лица и указательных совпадают.

Единственное число

Прямой падеж		Косвенный падеж
मैं ही	'именно я', 'я же'	मुझी
तू ही	'именно ты', 'ты же'	तुझी
यही	'именно он, она' 'именно этот, эта'	इसी
वही	'именно он, она' 'именно тот, та'	उसी
जोही	'именно который'	जिसी

Множественное число

हम ही, हमीं	'именно мы', 'мы же'	हमीं
तुम्ही, तुम्हीं	'именно вы', 'вы же'	तुम्हीं
ये ही	'именно они', 'именно эти'	इन्हीं
वे ही	'именно они', 'именно те'	उन्हीं
जोही	'именно которые'	जिन्हीं

Приведенные эмфатические формы местоимений в косвенном падеже (за исключением косвенного падежа личных местоимений 1-го и 2-го лица единственного числа मुझी, तुझी) употребляются и с послелогом ने. Личные местоимения 1-го и 2-го лица единственного числа с частицей ही употребляются с послелогом ने в форме прямого падежа: मैं ही ने..., तू ही ने...

Некоторые местоименные наречия также имеют эмфатические формы, образуемые при помощи тех же частиц ईं и ही, что и эмфатические формы местоимений. Если наречие оканчивается на носовой долгий आँ, то частица ईं заменяет его. Когда же наречие оканчивается на согласный звук, частица ही сливается с наречием-основой.

Эмфатические формы наречий сохраняют значение наречия-основы, но это значение обычно усиливается понятием «именно», «же» и т. п., например: यहाँ 'здесь', 'сюда' — यहीं 'именно здесь', 'именно сюда', 'только здесь', 'только сюда';

वहाँ 'там', 'туда' — वहीं 'именно там', 'именно туда', 'там же', 'туда же'; अब 'сейчас', 'теперь', 'в настоящее время' — अभी 'сейчас (же)', 'в данный момент'; तब 'тогда' — तभी 'именно тогда', 'тогда же', 'как раз в то время'; यों 'так', 'таким образом' — योंही 'просто так'; ज्यों 'как только' — ज्योंही 'как только', 'едва'.

अभ्यास

1. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) तुम घर जाते हो न? (२) मैं न जाऊँ। (३) गोविंद न आवे तो मैं शायद न जाऊँ। (४) कल स्कूल न जाना। (५) वे न जाएँगे। (६) इस लड़के के पास न किताब है न क़लम। (७) आप मेरी बात सुनते हैं न? (८) तुम ने उसे रुपये दिये या नहीं? (९) तुम घर गये थे? – नहीं। (१०) उधर मत जाओ! (११) इतवार को न आइये। (१२) रुको मत! (१३) दूसरे ही दिन वह चली गयी। (१४) यह शब्द पहले ही एक वाक्य में मिला था। (१५) राम ही को बुलाइये। (१६) वह यह जानता ही नहीं। (१७) वह इस बात का कोई जवाब ही न दे सकी। (१८) चिट्ठी हम ने लिख ही ली। (१९) ऐसा तो हो ही गा। (२०) मैं हाथ मुँह धो ही रहा था कि आप आये। (२१) मैं बैठा ही न था कि वह सवाल करने लगा। (२२) मेरे पास दो ही किताबें हैं। (२३) न राम ही आया न मोहन। (२४) मेरा भाई यह बात जानता ही है। (२५) बात ही बात में हम घर पहुँचे। (२६) मैं तो जाऊँगा। (२७) लड़का पढ़ तो रहा है। (२८) आप बीमार तो नहीं हैं? (२९) आओ तो इधर। (३०) वह तो जा चुकी है। (३१) मैं जानता तो हूँ। (३२) वह छोटी तो है। (३३) हमारी बात तो सुनो। (३४) मैं भी जाता हूँ। (३५) मामला तो यही है। (३६) उस की आवाज़ लड़की की सी है। (३७)

उसे थोड़ा-सा पानी चाहिये। (३८) यह कोई लाल-सा फूल है। (३९) हिमालय में एक काला सा भालू पाया जाता है। (४०) मैं ने उस को देखा तक नहीं है। (४१) संसार में कितने लोग अपना नाम तक नहीं लिख सकते! (४२) हम ने उसका नाम तक नहीं सुना है। (४३) उसके पास एक कमीज़ भर है। (४४) उसे अपनी क़लम भर दे दो। (४५) उसका नाम संसार भर में प्रसिद्ध है। (४६) मुझे गिलास भर दूध दे देना। (४७) चलो, मैं भी साथ चलूँगा। (४८) वह गये, तुम भी जाओ। (४९) कुछ रोटी भी दे दो। (५०) मुझे और भी चाय दो। (५१) मेरे घर में वह बैठा भी नहीं। (५२) कमरे में एक भी चीज़ न रही। (५३) वह अभी आया है। (५४) इस काम को कोई भी कर सकता है। (५५) आप आराम से तो हैं, न? (५६) काफ़ी पियेंगे?— —जी नहीं, धन्यवाद। (५७) कोई तकलीफ़ तो नहीं? (५८) मेरे लिये गज़ भर कपड़ा नाप दो। (५९) काग़ज़ का एक छोटा सा टुकड़ा उसे दो। (६०) सुनो या न सुनो मैं तो अपनी बात कहूँगी। (६१) जा तो रहे हो पर कब लौटोगे? (६२) जी हाँ, आपका कहना तो बिलकुल सच है। (६३) अरे जी! आज क्या ही सख़्त गरमी पड़ रही है! (६४) क्या चीज़ है! (६५) वह सिर्फ़ यह जानना चाहता था कि डाक्टर जी कब आयेंगे।

2. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) И Вы читали этот рассказ? (2) Я тоже не видел его сегодня. (3) Он также там был совсем недавно. (4) Только Гопеш сможет сделать этот перевод за такой короткий срок. (5) Это именно то, что я хотел сказать. (6) Закройте-ка дверь! (7) Послушайте-ка его! (8) Это очень красивое здание. (9) Я получил эту телеграмму еще вчера. (10) Мы видели этот фильм еще на прошлой неделе. (11) Как, вы уже вернулись? (12) Туда нам придется ехать автобусом. (13) Вчера почти весь вечер мы играли с другом в шахматы. (14) Вы-то не забудете написать пись-

мо? (15) Даже на берегу Черного моря летом временами бывает довольно холодно. (16) Он даже и не подумал об этом. (17) Так вы его знаете? (18) У меня тоже нет этой книги. (19) Мой брат также приедет в Москву на будущей неделе. (20) Он выпил целых три чашки чаю. (21) Вы ведь пойдете сегодня на стадион, не так ли? (22) Не правда ли, сегодня хорошая погода? (23) Рам, сейчас же иди сюда! (24) Гопеш ведь писал вам об этом. (25) Этот плод сладкий, как сахар. (26) Только он один знает, где находится эта книга. (27) Даже в январе в Дели днем бывает довольно жарко.

3. निम्नलिखित वाक्यों का रूसी में अनुवाद कीजिये।

(१) तुम्हीं बताओ। (२) हम ने उसी को यह पत्र लिखा है। (३) यह वही आदमी था जिस को कल हम ने इंस्टीट्यूट में देखा था। (४) उस ने मुझी से यह चिट्ठी भिजवा दी। (५) मैं नहीं जाऊँगा, वही जाय। (६) आप उन्हीं से यह सवाल कीजिये। (७) तुम इसी किताब में उनकी ज़िंदगी की कहानी पढ़ सकोगी। (८) तुम उसी से शतरंज खेलो। (९) यह किताब यहीं रखो। (१०) आप को इन मेज़ों में से यही ख़रीदनी चाहिये। (११) मैं पुलाव और गोश्त का सालन खाना चाहूँगा। — मैं इन्हीं खाने की चीज़ों की फ़रमाइश कर चुका हूँ। (१२) हम सिर्फ़ तभी घर से निकल आये जब बारिश रुक गयी थी। (१३) यह वही युवक था जिस से हम भारत में कई बार मिले थे। (१४) यही वह पाठ्यपुस्तक है जो राम ने तब दुकान में ख़रीदी थी। (१५) यही वह हाथ की घड़ी है जो मेज़ पर पड़ी थी।

4. निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

(1) Он-то и потерял эту книгу. (2) Здесь же будет построен большой автомобильный завод. (3) Это именно тот человек, которого мы видели вчера на улице. (4) Эти студенты уезжают завтра на юг, не правда ли? (5) Они получили не только телеграмму и два письма, но и посылку. (6) Где именно вы будете ждать нас? (7) Эту книгу прислали именно мне, а не кому-ни-

будь другому. (8) Книжный магазин находится здесь же, в этом же доме. (9) На стадионы приходят не только те, кто занимается спортом, но и те, кто просто любит спорт. (10) Он видел там именно Вас. Вы сидели в углу за столом и играли в шахматы, не так ли? (11) Мне нравятся именно эти ботинки. (12) Я купил эту вещь только для него. (13) Вы приехали на пароходе «Волга?» — Да, именно на нем. (14) Это случилось именно в тот момент, когда ее не было дома. (15) Да-да, именно с ним я разговаривал вчера по телефону.

पाठ

हमारी पोशाक

(दर्ज़ी और मोची की दुकानों में)

श्री किशोरीदास शर्मा दिल्ली के रहनेवाले हैं। वे दिल्ली-विश्वविद्यालय के अध्यापक हैं और विश्वविद्यालय के निकट काश्मीरी गेट की एक गली में रहते हैं। आज उनका छुट्टी का दिन है, इसलिये वे अपनी पत्नी रामेश्वरी के साथ कुछ चीज़ें ख़रीदने को निकले। इस के साथ-साथ शर्मा जी को सूट सिलवाना भी था। वे दोनों चाँदनी चौक गये। चाँदनी चौक के बाज़ार की सैर बहुत मनोरंजक होती है। दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों की वस्तुओं को ऐसे सजाकर रखते हैं कि गाहकों के मुँह में पानी भर आता है।

सब से पहले श्री शर्मा और उनकी पत्नी कपड़ों की दुकान में गये।

दुकानदार — नमस्ते, जनाब, क्या हुक्म है?

शर्मा — मुझे हल्का सा ऊनी कपड़ा चाहिये, सूट बनाने के लिये।

दुकानदार — बहुत अच्छा, साहब, हमारे पास ऐसे बहुत-से कपड़े हैं, विलायती भी हैं और देशी भी। आप लोग कौनसा रंग पसंद करेंगे?

शर्मा – मेरे विचार में हल्का बादामी रंग ठीक होगा।

दुकानदार – अभी लाता हूँ। यह देखिये फ़र्स्ट क्लास कपड़ा है।

शर्मा – हाँ, कपड़ा तो सचमुच अव्वल दर्जे का लगता है, लेकिन मुझे लहरदार कपड़ा पसन्द नहीं। किसी और फ़ैशन का है ?

दुकानदार – बहुत, क्या वज़ा चाहिये, सरकार ?

शर्मा – सादा या धारीदार। जी हाँ, यह ठीक होगा, लेकिन बताइये, इस का रंग पक्का है, न ? धोने-धुलवाने के बाद रंग फीका तो न पड़ेगा ?

दुकानदार – बिलकुल पक्का है और धुलने से बदरंग नहीं होगा।

शर्मा – रंग कुछ गहरा है, लेकिन कोई बात नहीं, कितने रुपये गज़ ?

दुकानदार – आप के लिये सिर्फ़ पचास रुपये गज़।

शर्मा – अरे, यह तो बहुत ही महँगा है, ठीक दाम बताओ न।

दुकानदार – विदेशी कपड़ा सस्ता कहीं भी नहीं मिलेगा। दाम तो ठीक है।

शर्मा – अच्छा भाई, सवा तीन गज़ दे दो।

दुकानदार – मेम-साहब के लिये साड़ी का बहुत अच्छा कपड़ा दिखाऊँ ? बहुत ही बढ़िया माल है। ऐसा कहीं नहीं मिलेगा। बनारसी रेशम है।

शर्मा – नहीं, इसकी ज़रूरत नहीं।

दुकानदार – देख तो लीजिये। इस में क्या हर्ज है ?

शर्मा – नहीं, वक़्त नहीं है हमारे पास। नमस्ते।

दुकानदार – नमस्ते, जनाब।

कपड़ों की दुकान से निकलकर शर्मा जी और उनकी पत्नी सड़क के दूसरी ओर गये जहाँ उनके एक परिचित दर्ज़ी की दुकान थी। दर्ज़ी का नाम था दर्शन और उसकी दुकान

शहर भर में काफ़ी मशहूर थी। शर्मा जी वहाँ पर कई सूट बनवा चुके थे।

– नमस्ते, मास्टर जी – आते ही शर्मा ने दर्ज़ी का अभिवादन किया।

– नमस्ते, श्रीमान, तशरीफ़ रखिये, फ़रमाइये, आपकी क्या सेवा करूँ?

शर्मा – मुझे सूट सिलाना है, अपने साथ कपड़ा भी लाया हूँ।

दर्ज़ी – अच्छी बात है, कपड़ा दिखाइये। यही है न? अच्छा, सूट कब चाहिये?

शर्मा – एक हफ़्ते के अन्दर सीकर दे सकेंगे?

दर्ज़ी – बुरा न मानिये, अभी हमारे पास बहुत से आर्डर हैं, इसलिये कम-से-कम दो हफ़्ते लगेंगे।

शर्मा – सिलाई तो उतनी ही होगी, न?

दर्ज़ी – हाँ, फ़र्क़ नहीं पड़ेगा। वही पचहत्तर रुपये। क्या मैं आपकी नाप ले लूँ?

शर्मा – ले लीजिये। ट्राई कब लेंगे?

दर्ज़ी – तीन-चार दिन के बाद ट्राई दूँगा। आप कैसा कोट पसंद करेंगे?

शर्मा – एकहरी छाती का। कालर की लौट चौड़ी न होनी चाहिये। पतलून की मोहरी नौ-इंच होनी चाहिये।

दर्ज़ी – आप सदा फ़ैशन का लिहाज़ रखते हैं। अच्छा जी, फ़िक्र न कीजिये, सब ठीक होगा।

शर्मा – नमस्ते।

दर्ज़ी – नमस्ते।

– अब हमें जूते और बेटी के लिये कपड़ा ख़रीदना चाहिये। किधर चलें?

– मेरे ख़्याल में सब से अच्छे जूते सुरेंद्र की दुकान पर मिलते हैं। वहीं चलें।

– अच्छा, तुम्हारी मरज़ी। चलें।

दुकानदार – आइये, आइये, बैठिये। क्या दिखाऊँ?

शर्मा—मुझे सादे काले जूतों की एक जोड़ी चाहिये और धर्मपत्नी को अच्छे सेंडल।

दुकानदार—बहुत अच्छा, जी। आपका साइज़ नंबर आठ मालूम पड़ता है और श्रीमती जी का तीन?

शर्मा—श्रीमती जी का साइज़ आपने ठीक बताया है, पर मैं सात नंबर के जूते पहनता हूँ।

दुकानदार—आपको किस फ़ैशन का तला पसन्द होगा, चमड़े का या रबड़ का?

शर्मा—दोनों के लिये चमड़े का।

दुकानदार—यह जोड़ी पहनकर देखिये। यह लीजिये शूहार्न। क्या ठीक है?

शर्मा—नहीं, भाई, ज़रा तंग है यह बायाँ जूता।

दुकानदार—तो दूसरी जोड़ी पहनकर देखिये।

शर्मा—अब ठीक है। अभी श्रीमती जी को सेंडल पहनने दीजिये।

दुकानदार—मेम-साहब, यह जोड़ी पहनकर देखिये, चमड़ा तो बहुत मुलायम है और रंग भी अच्छा है।

रामेश्वरी—इसकी एड़ी बहुत छोटी है, एड़ी कुछ ऊँची चाहिये।

दुकानदार—शायद यह जोड़ी ठीक आयेगी।

रामेश्वरी—वह ठीक मालूम होती है।

शर्मा—क्या दाम होगा इन दोनों का?

दुकानदार—मरदाना पचीस का है और ज़नाना ग्यारह का।

शर्मा—यह लीजिये, नमस्ते।

दुकानदार—नमस्ते! फिर कभी आइये।

शर्मा (पत्नी से)—बेटी को क्या कपड़ा चाहिये?

रामेश्वरी—कमीज़ के लिये कोई फूलदार या लकीरदार और शलवार के लिये सादा सफ़ेद कपड़ा चाहिये।

शर्मा—तो यह कपड़ा किसी भी दुकान से मिल सकेगा। कल अकेली जाकर ख़रीद लेना। मैं कुछ थक गया हूँ और घर लौटना चाहता हूँ।

रामेश्वरी – अच्छा, तो घर चलें।

पाँच दिन के बाद शर्मा जी दर्शन की दुकान पर ट्राई के लिये गये।

दर्शन – आइये, आइये, जी। मिज़ाज ठीक है?

शर्मा – आपकी दुआ से सब ठीक है। उम्मीद है कि मेरा सूट ट्राई के लिये तैयार है?

दर्शन – जी हाँ, ज़रूर। देखिये, आपका सूट कितना अच्छा बना है। पहनकर देखिये।

शर्मा – आस्तीनें कुछ लम्बी हैं, छोटी कर दीजिये। दूसरी बात, बग़ल के नीचे तंग है।

दर्शन – ढीला करने से इस जगह सिलवट पड़ जायेगी। पर मैं कोशिश करूँगा। जो मेरे बस में होगा ज़रूर कर दूँगा।

शर्मा – पतलून के बटन ठीक जगह पर नहीं लगे हैं। मेरे ख़्याल में उन्हें यहाँ लगाना चाहिये।

दर्शन – एक मिनट, मैं नयी जगह पर निशान करूँगा।

शर्मा – एक और बात है, मुझे अस्तर पसंद नहीं। क्या यह बदला जा सकता है?

दर्शन – बहुत अच्छा, जी। चिंता न कीजिये। सब ठीक कर दूँगा।

शर्मा – सुनिये, मास्टर जी, मैं अपने ओवरकोट का रुख़ पलटना चाहता हूँ। क्या आपकी दुकान में वह पलटा जा सकता है?

दर्शन – जी हाँ, ज़रूर, लाइये ओवरकोट।

शर्मा – शुक्रिया। बताइये आप किसी अच्छे मोची का नाम जानते हैं?

दर्शन – हाँ, जानता हूँ, रामदास, उसकी दुकान यहाँ से दूर नहीं है। जैन की किताबों की दुकान के बिलकुल सामने।

शर्मा – धन्यवाद। तो सूट कब तैयार होगा?

दर्शन — एक हफ़्ते बाद तशरीफ़ लायें तो सब तैयार होगा।

नमस्ते कहकर शर्मा जी रामदास की दुकान की तरफ़ गये। म्यूनिसिपल हाउस के सामने उन्हों ने एक छोटी सी दुकान देखी। वह अन्दर गये।

शर्मा — इन जूतों की मरम्मत करानी है। इन के तले ज़रा फट गये हैं।

मोची — नये तले लगाऊँ? एड़ी भी बदलनी पड़ेगी, न?

शर्मा — जी हाँ, मगर सिलाई करना, कीलें मत ठोंकना। तस्मे भी फटे हैं। इन को भी बदल देना।

मोची — बहुत अच्छा, हुज़ूर, आपके जूते दो दिन में तैयार हो जायेंगे। (जूते देकर शर्मा जी घर चले गये)

नये शब्द

पोशाक пошāк *ж.* одежда, платье, костюм

दर्ज़ी дарзӣ *м.* портной

मोची мочӣ *м.* сапожник

सिलवाना силвāнā *п.* (*понуд. от* **सीना сӣнā** *п.*) заставлять шить, отдавать шить

मनोरंजक манорaнджак интересный, занимательный, увлекательный

वस्तु васту *ж.* вещь, предмет

ऐसे айсэ так, таким образом

सजाना саджāнā *п.* 1) украшать; 2) приводить в порядок, расставлять по местам, обставлять

गाहक гāhак *м.* покупатель, клиент

जनाब джанāб *м.* господин (*тж. обращение*)

हुक्म hукм *м.* приказ, распоряжение

विलायती вилāйатӣ заграничный, импортный

देशी дэшӣ местный, отечественный

बादामी бāдāмӣ бледно-желтый

अव्वल аввал 1) первый; 2) превосходный, лучший

दर्जा дарджā *м.* 1) класс, группа, разряд; 2) степень, уровень, статус; 3) градус

लहरदार лаhардāр волнистый, в елочку, с поперечной полосой

वज़ा вазā *ж.* 1) форма, фасон; 2) рисунок (*ткани*)

सरकार саркāр *м.* господин (*тж. обращение*)

सादा сāдā 1) простой; 2) гладкий (*о ткани*), чистый (*о бумаге*)

धारीदार д^hāрӣдāр полосатый

पक्का паккā прочный, крепкий, стойкий

फीका п^hӣкā бледный, поблекший, выцветший, полинявший; ~ **पड़ना** *нп.* тускнеть, блекнуть, выгорать

धुलना дʰулнā *нп.* быть вымытым, выстиранным

बदरंग **бадранг** поблекший, выцветший, полинявший; ~होना (हो जाना) *нп.* блекнуть, выцветать, линять

गहरा **гаhрā** густой (*о цвете, краске*); темный (о *цвете*)

मेम-साहब **мэм-сāhаб** *ж.* госпожа (*тж. обращение*)

साड़ी **сāр̣ӣ** *ж.* сари (*индийская национальная женская одежда*)

बनारसी **банāрасӣ** бенаресский

रेशम **рэшам** *м.* шелк

हर्ज **hардж** *м.* вред, ущерб, убыток

बनवाना **банвāнā** *п.* (*понуд. от* बनना **баннā** *нп.*) заказывать, приказывать (сделать, построить что-л.)

मास्टर **мāсṭар** *м.* 1) мастер; 2) школьный учитель

अभिवादन **абʰивāдан** *м.* привет, приветствие

श्रीमान **шрӣмāн 1.** почтеннейший, уважаемый (*ставится перед именем*); **2.** *м.* господин (*тж. обращение*)

तशरीफ़ **ташрӣф** *ж.* честь, оказание чести, пожалование

फ़रमाना **фармāнā** *п.* 1) изволить сказать; заявлять; 2) приказывать

सिलाना **силāнā** *п.* (*понуд. от* सीना **сӣнā** *п.*) заставлять шить, отдавать в пошивку

सीना **сӣнā** *п.* шить

मानना **мāннā** *п.* 1) считать, допускать; 2) признавать; 3) соглашаться

आर्डर **āрḍар** *м.* 1) приказ; 2) заказ

सिलाई **силāӣ** *ж.* 1) шитье, пошивка; 2) плата за шитье

उतना **утнā** [на]столько, так

नाप **нāп** *ж.* 1) размер, величина; 2) измерение; 3) мера, мерка

ट्राई **ṭрāӣ** *ж.* примерка

एकहरा **экаhрā** одинарный, однослойный

छाती **чʰāтӣ** *ж.* грудь

कालर **кāлар** *м.* воротничок, воротник

लौट **лауṭ** *ж.* отворот

मोहरी **моhрӣ** *ж.* 1) штанина; 2) ширина брюк по низу

इंच **инч** *м.* дюйм (=*25,4 мм*)

लिहाज़ **лиhāз** *м.* внимание; учет, расчет

फ़िक्र **фикр** *ж.* 1) мысль; 2) забота

किधर **кидʰар** где?, куда?

जोड़ी **джор̣ӣ** *ж.* пара

धर्मपत्नी **дʰармапатнӣ** *ж.* жена

सेंडल **сэнḍал** *м. мн.* босоножки, сандалии

साइज़ **сāиз** *м.* размер

तला **талā** *м.* подошва (*обуви*)

रबड़ **рабар̣** *м.* каучук, резина

शूहार्न **шӯhāрн** *м.* рожок (*для обуви*)

तंग **танг** тесный, узкий

मुलायम **мулāйам** мягкий

एड़ी **эр̣ӣ** *ж.* 1) пятка; 2) каблук

मरदाना **мардāнā** *изм. и неизм.* мужской

ज़नाना **занāнā** *изм. и неизм.* женский

फूलदार **пʰӯлдāр** украшенный цветочным узором, цветастый

लकीरदार **лакӣрдāр** полосатый, в линейку

शलवार **шалвāр** *м.* шаровары, шальвары

अकेला **акэлā** одинокий

थकना **тʰакнā** *нп.* уставать, утомляться

मिज़ाज **мизāдж** *м.* 1) характер, нрав; 2) настроение; 3) здоровье, самочувствие

आस्तीन **āстӣн** *ж.* рукав; обшлаг

बग़ल **баġал** *ж.* 1) сторона, бок; 2) подмышки; ~ में рядом (की *с кем-л.*); подмышкой (की *у кого-л.*)

ढीला ḍʰилā свободный, просторный, широкий

सिलवट силваṭ ж. складка, морщина

बस бас м. сила

बटन баṭан м. 1) пуговица; 2) кнопка (*напр. звонка*)

निशान нишāн м. знак, метка, отметка

अस्तर астар м. подкладка

चिंता чинтā ж. 1) размышление; 2) забота, беспокойство

रुख़ рух м. лицо, передняя сторона, фасад

मरम्मत марамма́т ж. починка, ремонт

फटना пʰаṭнā нп. 1) трескаться, лопаться, разбиваться; 2) рваться, обрываться

कील кӣл ж. гвоздь

ठोंकना ṭʰōкнā п. 1) бить, ударять; 2) забивать

तस्मा тасмā м. тесьма, шнурок

व्याकरण तथा शब्दावली सम्बन्धी टिप्पणियाँ

1. दर्ज़ी और मोची की दुकानों में 'в швейной и сапожной мастерских'.

2. काश्मीरी गेट 'Кашмирские ворота' (*один из районов Старого Дели*).

3. मुँह में पानी भर आना 'чувствовать сильное желание', 'соблазняться', 'обольщаться'.

4. सब से पहले 'прежде всего'; 'раньше всех'.

5. क्या हुक्म है? 'что прикажете?', 'чего изволите?'.

6. फ़र्स्ट क्लास कपड़ा 'ткань первого сорта'.

7. अव्वल दर्जे का 'первоклассный'.

8. इस में क्या हर्ज है? 'что в этом плохого?'.

9. अभिवादन करना 'приветствовать' (का *кого-л., что-л.*).

10. तशरीफ़ रखना 'сидеть'; तशरीफ़ रखिये 'пожалуйте!'; 'садитесь, пожалуйста!'.

11. बुरा न मानिये 'не обижайтесь, пожалуйста'.

12. आर्डर देना 'заказывать' (का *что-л.*, को *кому-л.*).

13. उतना ही 'столько же'.

14. फ़र्क़ नहीं पड़ेगा 'разницы никакой не будет', *зд.* 'меньше не будет [стоить]'.

15. नाप लेना 'снимать мерку' (की *с кого-л.*).

16. ट्राई कब लेंगे? 'когда будете мерить?', **'когда примерка?'.**

17. एकहरी छाती का 'однобортный' (*о костюме, пальто*).

18. कालर की लौट 'отворот', 'лацкан'.

19. लिहाज़ रखना 'учитывать', 'принимать во внимание', 'иметь в виду' (का *что-л.*); फ़ैशन का लिहाज़ रखना 'следить за модой'.

20. फ़िक्र (चिंता) करना 'думать', 'беспокоиться', 'заботиться' (की *о ком-л., о чем-л.*); फ़िक्र (चिंता) न कीजिये 'не беспокойтесь', 'не волнуйтесь.

21. Слово ज़रा употребляется либо как прилагательное-наречие со значениями «малый», «незначительный», «мало», либо как междометие «пожалуйста», «будьте любезны» при вежливом обращении. В качестве междометия ज़रा обычно используется в побудительных предложениях, в которых оно ставится впереди всех других слов. Примеры: ज़रा सी बात 'незначительное дело', ज़रा तंग 'немного тесноватый', ज़रा यह क़लम दीजिये 'будьте любезны, дайте эту ручку'.

22. सिलवट पड़ना 'появляться' (*о складках, морщинках*), 'морщинить', 'морщиниться' (में *о чем-л.*).

23. मेरे बस में 'в моих силах', जो मेरे बस में होगा 'что будет в моих силах'.

24. निशान करना 'делать знак', 'ставить метку' (पर *на чем-л.*), 'отмечать', 'метить' (पर *что-л.*).

25. रुख़ पलटना 'перелицовывать' (का *что-л.*).

26. तशरीफ़ लाना (फ़रमाना) 'приходить', 'пожаловать'.

27. म्यूनिसिपल हाउस 'муниципалитет' (*зд. здание на улице Чандни Чоук*).

28. मरम्मत करना ''чинить', 'ремонтировать' (की *что-л.*).

29. नया तला लगाना 'ставить новую подошву', 'менять подошву'.

30. सिलाई करना 'шить', 'сшивать' (की *что-л.*).

अभ्यास

1. पाठ को पढ़िये और उसका अनुवाद कीजिये।

2. निम्नलिखित सवालों का जवाब दीजिये।

१) शर्मा जी कहाँ रहते हैं?

२) उस दिन वह किसलिये घर से निकले?

३) शर्मा जी अपनी पत्नी के साथ क्यों चाँदनी चौक ही गये?

४) कपड़ों की दुकान में शर्मा जी के आते ही दुकानदार ने उन से क्या कहा?

५) उस दुकान में किस क़िस्म का कपड़ा बिकता था?

६) शर्मा जी को कौनसा कपड़ा पसंद आया?

७) शर्मा जी ने किस प्रकार का सूट बनवाना चाहा?

८) दर्शन ने क्यों कहा कि शर्मा जी सदा फ़ैशन का लिहाज़ रखते हैं?

९) उन्हें कौनसा रंग अच्छा लगता है?

१०) दुकानदार के पास क्या साड़ियाँ थीं?

११) क्या रेशमी कपड़ा धुलने से फीका पड़ता है?

१२) आप को कैसा रंग पसन्द आता है?

१३) क्या सोवियत संघ की दुकानों में विलायती कपड़ा भी बिकता है?

१४) सादा सफ़ेद कपड़ा किस काम में आता है?

१५) बनारसी साड़ी सारे भारत में क्यों प्रसिद्ध है?

१६) दर्ज़ी की दुकान से निकलकर शर्मा जी और उसकी पत्नी किधर गये?

१७) सुरेंद्र की दुकान में शर्मा जी ने कैसे जूते दिखाने को कहा?

१८) आपके जूतों का क्या साइज़ है?

१९) सेंडल सिर्फ़ ज़नाना होते हैं या मरदाना भी?

२०) आम तौर पर सूट बनवाने में कितने दिन लगते हैं, सोवियत संघ में?

२१) आप को किस क़िस्म का तला पसंद है?

२२) क्या आपको फूलदार कपड़ा पसंद है?

२३) सूट सिलवाने के लिये कम से कम कितनी बार ट्राई लेनी पड़ती है?

२४) आप जूतों की मरम्मत कहाँ करवाते हैं?

२५) आप जूते की एड़ी अक्सर बदलवाते हैं?

3. रूसी में अनुवाद कीजिये।

१) अलग अलग देशों में अलग अलग कपड़ों की आवश्यकता होती है। सर्द देशों में भारी गर्म कपड़ा ज़्यादा आवश्यक होता है। सर्दी से बचने के लिये आदमी ने सब से पहले जानवरों के समूर[1] के कपड़े बनाये। आज तक सुदूर उत्तर के लोग इसी भाँति के कपड़े पहनते हैं। समशीतोष्ण जलवायु के देशों में ख़ास करके ऊनी कपड़े काम में आते हैं। वहाँ के लोग बाहर जाते समय समूरवाले कालर के ओवरकोट, गर्म ऊनी मोज़े, समूरवाले या रबड़वाले जूते आदि कपड़े पहनते हैं। ओवरकोट के नीचे वे ऊनी सूट या ऊनी ब्लाउज़ तथा स्कर्ट पहनते हैं। सूट मरदाना कपड़ा है और ब्लाउज़ तथा स्कर्ट ज़नाना पोशाक हैं। गर्म देशों में ऊनी कपड़े पहनने की इतनी बड़ी आवश्यकता नहीं होती। वहाँ के लोग सर्दी से बचाव के लिये नहीं बल्कि शरीर को सजाने के लिये तरह-तरह के कपड़े पहनते हैं। उदाहरण के तौर पर भारत को लीजिये। भारतीय स्त्रियाँ या तो सूती तथा रेशमी कपड़े से बनी साड़ियाँ या हल्के कपड़े के शलवार तथा लम्बी कमीज़ें पहनती हैं। पुरुष भी सफ़ेद लम्बी कमीज़ और सफ़ेद ढीली पतलून पहनते हैं। वे मोज़े लगभग नहीं पहनते हैं। इनके पाँवों पर हल्के खुले सेंडल होते हैं। दक्षिण भारत के लोग अक्सर कमर तक नंगे[2] जाते हैं।

---

[1] समूर 'мех'.

[2] नंगा 'обнаженный', 'голый'.

२) भारतीय सूती कपड़ा दुनिया भर में मशहूर है। सूती कपड़ा बनाने में भारत सोवियत संघ और अमरीका के बाद दुनिया में तीसरा स्थान रखता है। भारतीय सूती कपड़ा विभिन्न रंगों और वज़ाओं का होता है। हल्के या गहरे पीले, लाल, हरे आदि रंगों का कपड़ा वहाँ बनता है। सफ़ेद रंग का बहुत सा कपड़ा भी तैयार किया जाता है। आप सादा या फूलदार, धारीदार या लहरदार कपड़ा ख़रीद सकेंगे। इन सब कपड़ों का रंग काफ़ी पक्का होता है। बार-बार धुलने-धुलवाने के बाद भी वह फीका न पड़ेगा। काफ़ी समय से काम में आने के बाद भी वह बदरंग नहीं होगा।

भारत में सूती कपड़ा बनाने की लगभग ५०० मिलें हैं। अहमदाबाद, सूरत, और कानपुर इनके प्रमुख केंद्र हैं। इन मिलों में हर साल लगभग ४ अरब ८० करोड़ गज़ कपड़ा तैयार होता है। इन में से थोड़ा सा कपड़ा ईरान, अफ़ग़ानिस्तान, बर्मा, श्रीलंका आदि देशों में भेजा जाता है और बाक़ी कपड़ा भारत के लिये ही रख लिया जाता है। इतना कपड़ा तैयार करने के लिये तो भारत में काफ़ी रूई पैदा नहीं होती और भारत को विदेशों से रूई मँगानी पड़ती है।

३) वर्तमान फ़ैशन के अनुसार सूट सिलवाने के लिये फ़ैशन की पत्रिका देखनी चाहिये। इस के बाद दर्ज़ी की सलाह लेनी चाहिये। आजकल की फ़ैशन की पत्रिकाओं के अनुसार मरदाना सूट ऐसा होता है—एकहरी छाती का कोट, कालर की लौट चौड़ी न होनी चाहिये, पतलून की मोहरी सात इंच होनी चाहिये। कोट पर चार से ज़्यादा बटन नहीं लगाये जाते। गर्मियों के लिये हल्का सा सूट बनवाते समय अस्तर लगवाया नहीं जाता। गर्म दिनों में ऐसा कोट ज़्यादा आरामदेह होता है। परंतु फ़ैशन

अक्सर बदलता है। ख़ास तौर पर ज़नाना पोशाकों का फ़ैशन। इसलिये फ़ैशन का लिहाज़ रखना आसान नहीं होता।

४) जूतों का फ़ैशन भी बदलता है। अभी सादे काले रंग के मरदाना जूते ख़ूब चलते हैं। स्त्रियाँ ऊँची एड़ी-वाले जूते पहन लेती हैं। मरदाना जूतों के तले चमड़े या रबड़ के होते हैं। जाड़े के मौसम में लोग रबड़वाले तले के जूते पहन लेते हैं क्योंकि वे ज़्यादा गर्म होते हैं। गर्मियों में लोग हल्के सेंडल पहनना पसंद करते हैं। ज़नाना सेंडल की एड़ी ऊँची नहीं होती। जूते ख़रीदते समय इस बात पर ध्यान देना चाहिये कि वे तंग या ढीले न हों। ढीले या तंग जूते आरामदेह नहीं होते। उनको पहनकर चलना काफ़ी मुश्किल होता है और पाँव भी ख़राब हो जाते हैं। जूतों के तले फट जाने पर उनकी मरम्मत करानी चाहिये। मोची की दुकान पर जाइये। ज़रूरत पड़ने पर मोची नया तला और नयी एड़ी लगा देगा। जूते में कील निकली तो मोची उसे ठोंक देगा। अगर तस्मे भी फट गये हैं तो नये तस्मे ख़रीदने चाहिये।

५) भारत में अभिवादन के कई तरीक़े हैं। उदाहरण के लिये जब कोई गाहक दुकान में आता है तो दुकानदार उस का इस तरह अभिवादन करता है: नमस्ते, जनाब (श्रीमान), तशरीफ़ रखिये। क्या हुक्म है (फ़रमाइये, आप को क्या चाहिये, मैं आप की क्या सेवा कर सकता हूँ)? जब दो दोस्त मिलते हैं तो अभिवादन इस तरह होता है: नमस्ते यार (मित्र), सदियों से तुमसे नहीं मिला था, कहो क्या हाल है? (तुम कैसे हो? तुम्हारा मिज़ाज कैसा है?); क्या घर में सब ख़ैरियत से हैं? इस अभिवादन का जवाब इस प्रकार दिया जा सकता है: नमस्ते यार (दोस्त), कितने साल के बाद आज भेंट हुई है! बहुत बहुत शुक्रिया (धन्यवाद), मैं ठीक हूँ (मैं बहुत अच्छा हूँ; मिज़ाज अच्छा है; तबीअत अच्छी नहीं है)। तुम्हारी दुआ

से सब अच्छी तरह से हैं (घर में सब मज़े में हैं)। किसी व्यक्ति से परिचय पाते समय इस तरह की बातें करनी चाहिये: नमस्ते श्रीमान (जनाब, साहब)। आप से परिचय हो जाने से (आप से मिलकर, आपकी भेंट से) मुझे बड़ी ख़ुशी (प्रसन्नता) हुई।

६) किसी के घर से जाते समय ये बातें की जाती हैं: माफ़ कीजिये, मैं ने आपको बहुत तकलीफ़ दी। अब इजाज़त दीजिये, मुझे जाना है, देर हो रही है। उम्मीद है आप से फिर कभी भेंट होगी (फिर कभी मिलेंगे), नमस्ते। इन बातों का जवाब इस तरह दिया जाता है: जी नहीं, आप से मिलकर बड़ी ख़ुशी (प्रसन्नता) हुई। फिर कभी आइये (तशरीफ़ लाइये)!

७) (१) इस दुकान में अनेक प्रकार की वस्तुएँ बिकती हैं। उन में देशी भी हैं और विदेशी भी। (२) भारत में मरदाना पोशाक दो तरह की होती है—देशी और विलायती। पर ज़नाना पोशाक लगभग सदा देशी होती है। (३) भारत की स्त्रियाँ या तो विभिन्न क़िस्म की साड़ियाँ या शलवार तथा कमीज़ पहन लेती हैं। बहुत कम औरतें ब्लाउज़ तथा स्कर्ट पहन लेती हैं। ऐसी औरतों को सिर्फ़ बड़े-बड़े नगरों में देखा जा सकता है। (४) उसने अपना कमरा नये फ़र्नीचर से सजा दिया है। (५) मास्को के युवक महोत्सव के अवसर पर सारा नगर झंडों तथा चित्रों से ख़ूब सजाया गया था। (६) उन दिनों मास्को नगर का दृश्य सचमुच बड़ा मनोरंजक था। (७) भाई, फ़िक्र न कीजिये, सब ठीक होगा। (८) उसे चिंता है कि उसके रिश्तेदार आज नहीं आयेंगे। (९) दोस्तों की बातें सुनकर बुरा न मानिये। वे खुले दिल से आप की मदद करना चाहते हैं। (१०) बच्चोंवाले जूतों का चमड़ा सख़्त नहीं, मुलायम होना चाहिये। सख़्त चमड़े वाले जूते बच्चों के पाँव ख़राब कर देंगे। (११) उनके सब रिश्तेदार मर चुके हैं। अब वह बिलकुल

अकेली रह गयी हैं। (१२) सारे दिन सख़्त मेहनत करने के कारण वे बहुत थक गये हैं। उन को आराम करना चाहिये। (१३) क्या आप ने नया ओवरकोट ख़रीद लिया है? – जी नहीं, पुराने का रुख़ पलटवा दिया। (१४) नहीं जी, यह काम मेरे बस के बाहर है। वह मेरे बस में हो, तो मदद माँगने की क्या बात हो सकती थी।

4. निम्नलिखित सवालों का हिन्दी में अनुवाद करके उनका जवाब दीजिये।

(1) В каком городе живет г-н Шарма? (2) Зачем он пошел на базар Чандни Чоук? (3) Какой материал понравился г-ну Шарме? (4) Какими словами приветствовал лавочник г-на Шарму? (5) Какой костюм заказал себе г-н Шарма у портного? (6) Какого размера обувь носит г-н Шарма? (7) А каков размер вашей обуви? (8) Какова, по вашему мнению, должна быть ширина брюк? (9) Сколько стоит в Индии пара мужских ботинок на коже? (10) Что сказал г-н Шарма во время примерки костюма? (11) Какие ботинки вам больше нравятся, на каучуке или на коже? (12) Почему зимой более удобными являются туфли на каучуке? (13) Как Вы себя чувствуете? (14) В какой мастерской вы чините свою обувь? (15) Какой костюм вам больше нравится: двубортный (दुहरी छाती का) или однобортный?

5. ख़ाली जगहों में आवश्यक अव्यय[3] लिखकर निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कीजिये।

(१) यहाँ तरह-तरह के जूते और सेंडल ... बिकते हैं। (२) वह समय से पहले ... गया था। (३) देशी कपड़ा ... काफ़ी पक्का होता है। धुलवाने से वह ... फीका नहीं पड़ता। (४) यह माल बहुत ... बढ़िया है। (५) इसका कितना दाम है? क्या? पचीस रुपये गज़!? अरे यह ... बहुत ... महँगा है। (६) वह न सिर्फ़ अँग्रेज़ी और हिन्दी, बल्कि उर्दू का ... अध्ययन करता है। (७) ऐसा माल कहीं ... नहीं मिलेगा। चमड़ा रेशम का ... मुलायम है। (८) भाई, तुम जाओगे ...? देर हो रही है। जल्दी ...

[3] अव्यय 'частица'.

वापस जाना है। (९) मुझे हल्का ... कोट सिलवाना चाहिये। (१०) ताज महल की ख्याति संसार ... में फैल चुकी है। (११) हिमालय में चारों तरफ़ बर्फ़ ... बर्फ़ दिखाई देती है। (१२) हम सिनेमाघर से निकले ... थे कि वह मिल गया। (१३) बताइये रामदास जी, सिलाई उतनी ... होगी ...? (१४) हाँ, फ़र्क़ न पड़ेगा। ... पचपन रुपये। (१५) जनाब, इन जूतों का चमड़ा ... बहुत ... मुलायम है और रंग ... अच्छा है। (१६) तुमने कौनसे दर्जे का टिकट लिया है? – मैंने... तीसरे दर्जे का ख़रीदा। (१७) जूते का तला ज़रा फट गया है, तस्मे ... फटे हैं। (१८) मेरी खिड़की के सामने एक छोटी ... दुकान है।

6. निम्नलिखित शब्द-समुदायों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Ботинки на каучуке; материал первого сорта; гладкий белый материал; материал с поперечными полосами; отдавать шить костюм; примерять обувь; забить гвоздь в стену; удлинять рукава; укорачивать рукава; идти в ателье на примерку; пришивать пуговицу; ставить набойки на туфли; чистый лист бумаги; женская одежда; темно-зеленый шелк; светло-желтый материал; билет третьего класса; увлекательное путешествие; линять после стирки.

7. रूसी में अनुवाद करके मोटे टाइप में छपे मुहावरों और शब्द-समुदायों को याद कीजिये।

(१) विलायती वस्तुओं को देखकर महमूद के **मुँह में पानी भर आया था**। (२) आम को देखते ही बच्चे के **मुँह में पानी भर आया**। (३) यह बहुत **मनोरंजक किताब** है। (४) यहाँ कौन **आर्डर लेता है**? (५) मैंने यह मेज़ **आर्डर देकर** बनवा ली। (६) भारत में **रेल के चार दर्जे के डिब्बे** होते हैं। (७) 'मास्को' होटल **अव्वल दर्जे का है**। (८) वह एक **तंग गली में** रहते हैं। (९) वह सदा **ऊँची एड़ीवाले जूते** पहन लेती है। (१०) सख़्त गर्मी के कारण मुझे कमीज़ की **आस्तीनें चढ़ानी** पड़ीं। (११) हम कुछ देर से आये थे इसलिये हम सिर्फ़ **बग़ल की सीटों** के

टिकट ख़रीद सके। (१२) वह **बग़लवाले कमरे** में रहते हैं। (१३) **तख़्ते में दो कीलें ठोंक दी गयी हैं**। (१४) **मुझे** दिन-रात **इसीकी चिंता** रहती है। (१५) मैं आपको यह किताब **दोस्ती के निशान के तौर पर** दे देता हूँ। (१६) गर्म पानी के कारण **गिलास फट गया**। (१७) उसकी **कमीज़ फट गयी है**। (१८) बायें जूते के **तस्मे खुल गये हैं**। (१९) **मेरी बग़ल में** मेरा एक दोस्त बैठा था। (२०) उसके **कमरे का रुख़** पश्चिम की ओर है।

8. ख़ाली जगहों में आवश्यक शब्द लिखिये।

(१) ... की दुकान में विभिन्न पोशाकें बनायी जाती हैं। (२) जूतों की ... मोची की दुकान में की जा सकती है। (३) मुझे एक हल्के कपड़े का सूट ... चाहिये। (४) मास्को के युवक महोत्सव का दृश्य बहुत ही ... था। (५) पहली मई के महोत्सव के अवसर पर सारा शहर झंडों से ... गया था। (६) इस दुकान में सूती कपड़े से बनी ... बिकती हैं। (७) ग्राहक शब्द को लिखने का एक और तरीक़ा है—...। (८) सच पूछिये तो मुझे ... रंग का कपड़ा पसंद नहीं है। (९) इस दुकान में तरह-तरह के ... तथा ... सूट बिकते हैं। (१०) यह तीसरे ... का रेल-डिब्बा है। (११) मुझे ... कपड़े की तुलना में ... कपड़ा ज़्यादा पसन्द है। (१२) उसका रंग तो बिलकुल ... है, धुलने से वह ... नहीं पड़ता। (१३) बनारसी रेशमी ... भारत भर में बहुत मशहूर है। (१४) अब नक़ली ... का कपड़ा ख़ूब चलता है। (१५) यह कपड़ा देख तो लीजिये। देखने में क्या ... है? (१६) मुझे ... काग़ज़ का एक टुकड़ा चाहिये। (१७) आइये, आइये, जनाब, ... रखिये। (१८) हवाई अड्डे पर सोवियत प्रतिनिधि-मंडल का हार्दिक ... किया गया है। (१९) बुरा न ... तो कहूँ—तुम सदा देर से आते हो। (२०) दो हफ़्ते के अन्दर तैयार नहीं होगा, क्योंकि दर्ज़ी के पास बहुत से ... हैं। (२१) मेरे जूते के तले की ... करानी

चाहिये। (२२) मैं ... छाती का सूट बनवाना चाहूँगा। (२३) देखिये ... जी, न ... की लौट न पतलून की ... चौड़ी होनी चाहिये। (२४) मास्टर जी, ... कब लेंगे?— इतवार को आप के यहाँ आकर ... दूँगा। (२५) जनाब, ... न कीजिये, इस कपड़े का अच्छा सूट बनेगा। अच्छा, मैं आपकी ... ले लूँ? (२६) फ़ैशन का ... रखना आसान काम नहीं है। (२७) मुझे सादे काले जूतों की एक और ... दिखाओ। (२८) बग़ल के नीचे ... है, क्या आप ... कर सकेंगे?—जी हाँ, क्यों नहीं? मगर ढीला करने से इस जगह ... पड़ जाएगी। (२९) सूट की ... कुछ लम्बी मालूम होती हैं। उन्हें छोटा कर दीजिये। (३०) यह ... काफ़ी ऊँची है। ऊँची ... वाले जूते पहनकर काम करना मुश्किल है। (३१) जूतों के तस्मे ... गये हैं, उनको बदलना चाहिये। (३२) कोट के ... ठीक जगह पर नहीं लगे हैं।

9. हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

I. Вы хотите заказать себе новый костюм? Посмотрите, пожалуйста, образцы наших новых материалов. Вот черный гладкий материал.— Этот материал отечественный или импортный?— Импортный.— Мне не нравится черный цвет. Я хотел бы что-нибудь посветлее. Скоро лето, и в таком костюме будет очень жарко, не так ли?— Да, вы, пожалуй, правы. Тогда посмотрите этот серый (ग्रेय) в елочку материал. Это изделие московской фабрики. Отечественные ткани более носки (ज़्यादा मज़बूत).— Да, действительно очень хороший материал. Я думаю трех метров с четвертью мне хватит на костюм. Не так ли?— Да, вполне хватит. Теперь посмотрите наши журналы мод.— Спасибо, я уже смотрел их. Я хочу сшить себе однобортный костюм, пиджак на двух пуговицах.— Тогда давайте снимем с вас мерку. Так, хорошо. Лацканы сделать поуже?— Да, да, пожалуйста. Но брюки не должны быть слишком узкими. Я высокого роста, и поэтому лучше всего сделать брюки шириной в 25 *см.*— Пожалуйста, как скажете.— Когда мне прийти на примерку?— Я думаю, недели через две. У нас сейчас очень много заказов.— Сколько мне нуж-

но заплатить? — Тридцать девять рублей за материал и тридцать рублей за шитье. Подкладку будем ставить? — А как вы думаете? — Я бы поставил. — Пожалуйста. — Простую или шелковую? — Шелковую, пожалуйста. — Так, подкладка будет стоить 9 рублей. Итого 78 рублей. — Вот, возьмите, пожалуйста, деньги. — Одну минутку, я выпишу вам квитанцию.

II. Покажите мне, пожалуйста, вон те черные ботинки. — Какой размер? — Сороковой. — Пожалуйста. — О, эта пара мне немного жмет. Будьте любезны, дайте другую. — Возьмите. Вот рожок. — Спасибо. Кажется эти ботинки мне в самый раз. Я, пожалуй, возьму эту пару. Скажите, у вас есть ботинки на каучуке? — Сейчас нет, зайдите послезавтра. Возьмите чек. — Спасибо. Дайте мне, пожалуйста, еще и шнурки, нет, нет, только не шелковые, простые, пожалуйста. Скажите, а где магазин женской обуви? — На той стороне улицы. (*В магазине женской обуви.*) Я хотел бы купить две пары туфель тридцать пятого размера, одну на высоком каблуке, а другую на низком. — Вам отечественные или импортные? — Мне нужны красивые черные туфли, а какие они будут — заграничные или наши, мне все равно. — Тогда посмотрите эту пару московской обувной фабрики. — Какой это размер? — Тридцать пятый. — Это как раз то, что мне нужно. Я возьму их. Покажите мне, пожалуйста, вон те белые босоножки. Нет, нет, они сделаны из очень грубой кожи. Есть ли у вас что-нибудь получше? — Сейчас ничего нет. Заходите завтра. — Спасибо, обязательно зайду.

III. Скажите, пожалуйста, готов ли мой костюм к примерке? — Номер вашей квитанции, пожалуйста. — Вот, 289. — Минуточку, сейчас выясню. Да, готов. Сейчас я позову вашего мастера. — Здравствуйте, товарищ Санин. Как поживаете? — Спасибо, хорошо. — Вот ваш костюм. Наденьте, пожалуйста. — По-моему, рукава немного коротки. — Хорошо, давайте их удлиним. Что, жмет подмышками? — Да, чуть-чуть. — Ничего, это легко исправить. Но слишком свободно здесь делать не стоит, появятся складки. Давайте, наметим, куда нужно пришить пуговицы. Так удобно? Поднимите руки. Так, все в порядке. О брюках не беспокойтесь. Они будут сшиты хорошо. Приходите в конце недели.

IV. Можете вы починить эти ботинки? — Давайте посмотрим. Так, здесь придется зашить, набойки придется поставить новые. Будут готовы послезавтра. — Хорошо. Сколько будет стоить починка? — Один рубль шестьдесят семь копеек. — Пожалуйста. —

Ваша фамилия и адрес? — Шатов, Москва, улица Чехова, дом 17, квартира 47. — Возьмите квитанцию. — Спасибо.

10. इस कहानी का रूसी में अनुवाद कीजिये।

फिर मास्को में

लेनिनग्राद में देखने और अध्ययन के लिये बहुत सी चीज़ें हैं, लेकिन एक तो[4] मौसम बड़ा ख़राब था और सर्दी बहुत अधिक थी, दूसरे[5] मुझे बार-बार यह विचार याद आता था कि अब जल्दी-से-जल्दी अपने देश लौट चलना चाहिये। इसलिये जितना देख सकता था, देखा और तीसरे दिन दोपहर बाद चलने की तैयारी की। सामान तैयार करने के बाद दुभाषिये से बिदा माँगी। फिर सर्विस ब्यूरो की जिन बहनों ने मेरी मदद की थी, उन से भी मिला और उन्हें धन्यवाद दिया। बार-बार सोचता था कि हम लोग जीवन में फिर कभी मिलेंगे या नहीं।

साढ़े चार बजे मोटर द्वारा हवाई अड्डे के लिये रवाना हुआ। रास्ता साफ़ और अच्छा था। समय से काफ़ी पहले वहाँ पहुँच गया। पासपोर्ट आदि नहीं देखे गये। इसलिये सारे समय हवाई अड्डे पर घूम रहा था। ५ बजकर १० मिनट पर हवाई जहाज़ रवाना हुआ। एक घंटे का रास्ता तय होनेवाला था। आख़िर बिजली की अनेक रोशनियों को देखकर पता चला कि मास्को आ गया। हवाई जहाज़ हवाई अड्डे पर नीचे उतर गया। हवाई अड्डे पर सोमसुंदरम् और जायसवाल मिल गये। मैंने उन्हें मास्को से जाने के बाद कोई पत्र नहीं लिखा था, इसलिये वे बड़ी चिंता में रहे और इसकी उन्हों ने शिकायत की। पर उन्हें ख़ुशी थी कि इनकी सलाह पर मैं इतने देश देख ही आया। छब्बीस दिन की यात्रा से थक गया था। मास्को पहुँचकर आराम की साँस लेना चाहा।

---

[4] एक तो 'во-первых'.

[5] दूसरे 'во-вторых'.

भाई वीरेंद्रकुमार शुक्ल के जिन के साथ पिछली बार ठहरा था, घरवाले आ गये थे। इस लिये इस बार भाई मेवालाल जायसवाल के यहाँ ठहरने की व्यवस्था की गयी। घर में काफ़ी जगह थी। हवाई अड्डे से सीधे उन्हीं के यहाँ पहुँचे। सोमसुंदरम् और जायसवाल बड़ी देर तक यात्रा की बातें पूछ रहे थे। अंत में बोले, "हम लोग यहाँ इतने दिन से रहने पर भी कहीं जाने का मौक़ा नहीं पाते और आप थोड़े ही दिनों में इतना घूम आये!" मैं ने कहा, "अक्सर ऐसा होता है कि जिस नगर में हम रहते हैं, उसकी बहुत सी चीज़ें देखने में नहीं आतीं। सोचते हैं कि किसी भी दिन देख आवेंगे और इस तरह यह मौक़ा दूर ही दूर जाता है। यही बात आप लोगों के साथ है।"

मास्को पहुँचने के अगले दिन से ही मुझे भारत लौटने की इच्छा हुई। दो महीने हो गये थे। मैं मास्को और उसके आसपास[6] काफ़ी घूम चुका था। फिर भी देखने के लिये बहुत कुछ बाक़ी था और ठहरने में मुझे कोई मज़ा न हो, ऐसी बात भी न थी, फिर भी घर लौटने की इच्छा बहुत बड़ी थी। इसलिये सब से पहले मैं अपनी सीट बुक कराने के लिये यात्रा-कार्यालय[7] गया। वहाँ पहुँचने पर मालूम हुआ कि जल्दी-से-जल्दी मुझे १९ अक्तूबर को स्थान मिल सकता है। तब तक की सारी सीटें बिक चुकी हैं। बड़ी चिंता में था। ग्यारह दिन वहाँ क्या करूँगा? लेकिन कोई चारा[8] भी तो नहीं था। १९ अक्तूबर के हवाई जहाज़ में सीट बुक करानी पड़ी।

मास्को का रूप ही पहले की तुलना में कुछ और हो गया था। युवक-महोत्सव के दिनों के मास्को से अब का मास्को काफ़ी भिन्न था। मौसम भी बहुत बदल गया था।

---

[6] के आसपास 'вокруг', 'около'.

[7] यात्रा-कार्यालय 'транспортное агентство'.

[8] चारा *зд.* 'выход'.

जाते समय गर्मी थी, पर अब तो सर्दी के कारण दाँत बजते थे। शामको सड़क पर कहीं पानी रह जाता तो सवेरे वह जम जाता। एक दिन मैं भारतीय दूतावास[9] से लौट रहा था। रास्ते में बर्फ़ गिरने लगी। हिमालय के केदारनाथ तथा एक-दो दूसरे स्थानों पर मैं बर्फ़ पड़ने के दृश्य पहले देख चुका था। बड़ा मज़ा आया। बर्फ़ गिरते समय मैं घूम ही रहा था और ओवरकोट पर बर्फ़ जमा हो जाती थी। लोगों ने बताया कि मास्को में असल में मज़ा जनवरी-फरवरी में आता है, जबकि सड़कों पर बर्फ़ ही बर्फ़ दिखाई देती है। मास्को नदी का पानी जम जाता है और वह स्केटिंग[10] तथा दूसरे खेलों का मज़ेदार मैदान बन जाता है।

मेरे आने की ख़बर भारतीय मित्रों को मिलते ही वे आये और तरह-तरह के सवाल पूछने लगे। 'हिन्दुस्तानी सभा' की बैठक बुलायी गयी। 'सभा' की बैठकों में सारी बातें ज़्यादातर अँग्रेज़ी में होती हैं। मुझे जब यात्रा के अनुभव सुनाने को कहा गया और अँग्रेज़ी में बोलने की प्रार्थना की गयी तो मैं ने कह दिया–"मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि हम यहाँ विदेश में अपनी बातें विदेशी भाषा में करते हैं, ख़ास करके अपनी ही बैठकों में"। इस पर एक जनाब बोल उठे–"हम में एक-दो भारतीय ऐसे हैं, जो हिन्दी नहीं जानते।" मैं ने कहा–"एक-दो के कारण हम अपनी भाषा को भूल जाते हैं।" मैं हिन्दी में ही बोला। मैं ने विस्तार से[11] अपने संस्मरण सुनाये। कई मित्रों की घूमने की इच्छा भी थी, उन्हों ने बहुत-से सवाल किये और विभिन्न देशों में ठहरने और ख़र्च आदि के बारे में परिचय पा लिया।

८ अगस्त को मैं ने रूस में प्रवेश किया था, १० सितंबर

---

9 दूतावास 'посольство'.

10 स्केटिंग 'катание на коньках'.

11 विस्तार से 'подробно'.

तक उस देश में रहा। इस के बाद दूसरे देशों में घूमकर लौटने पर बारह दिन और रहने का अवसर मिला। इस अरसे में मैं ने जो कुछ देखा, उस के बारे में सुनाना मुश्किल मालूम पड़ता है। लेकिन कई ऐतिहासिक नगर देखे भी नहीं। पर मुझे उसका अफ़सोस नहीं है, क्योंकि समय अधिक हो तब भी कोई आदमी दुनिया में सब कुछ नहीं देख सकता।

१६ अक्तूबर को सवेरे तीन बजकर २० मिनट पर हवाई जहाज़ से मुझे मास्को से रवाना होना था, इसलिये मैं ने सोचा कि अपने सारे काम १७ अक्तूबर तक पूरा करूँगा और १८ का दिन मित्रों से बिदा लेने और यात्रा की तैयारी के लिये रखूँगा। लेकिन यास्नाया पोलियाना जाने के लिये १८ का ही दिन निश्चित हुआ। बहुत जल्दी करने पर भी उस दिन रात को सवा आठ बजे लौटे। रात का खाना भाई मदनलाल (मधु) के यहाँ था। बातचीत का ऐसा सिलसिला चला कि साढ़े ग्यारह बज गये। मुझे अपना सामान ठीक करना था। इसलिये मित्रों से माफ़ी[12] माँगी और बिदा लेकर घर आया।

सोमजी और उसकी पत्नी सामान ठीक कराकर थोड़ी देर के लिये अपने घर चले गये और कह गये कि १ बजे टैक्सी लेकर आ जायेंगे। उनके जाने पर शंकर गौड़ आ गये और कुछ बैठकर और अपने भारतीय मित्रों के लिये चिट्ठियाँ देकर चले गये।

एक बजते-बजते टैक्सी आ गयी। इस में सामान रखवाया गया। सोम जी, उनकी पत्नी और जायसवाल मेरे साथ चले। सवा दो बजे के लगभग हवाई अड्डे पर पहुँच गये। वहाँ सामान तुलवाया गया, टिकट जाँचे गये। मिनटों में ये दोनों काम हो गये। ठीक ३.२० पर हवाई जहाज़ रवाना हुआ।

(यशपाल जैन, 'रूस में छियालीस दिन' के आधार पर)

---

[12] माफ़ी 'извинение'.

11. इस कहानी का हिन्दी में अनुवाद कीजिये।

Письмо с юга

Друзья!

Вы просили меня написать вам, как я доехал и как провожу время. Вы помните, на работе мне дали путевку в дом отдыха в Гагру (गाग्रा). Я решил ехать по железной дороге до Сочи и в тот же день заказал билет на поезд. Мой брат Владимир проводил меня на вокзал. Носильщик отнес мои вещи в вагон. Владимир попрощался со мной, и вскоре поезд тронулся. Наступил вечер. Через час нам, пассажирам, принесли на ночь постели (बिस्तर *м.*). Я лег спать и прекрасно спал до утра.

Днем я сидел у окна. Я читал газеты и журналы или смотрел через окно на поля, леса, города, фабрики и заводы.

Многие пассажиры тоже ехали отдыхать. Вместе со мной в вагоне ехали учительница, врач и старый инженер из Ленинграда. Очень скоро мы познакомились. Мы с врачом ехали отдыхать в один и тот же дом отдыха. Когда поезд пришел в Харьков, мы пообедали вместе на вокзале. Поезд стоял там двадцать минут. Еще одну ночь мы провели в вагоне, а утром наш поезд прибыл в Сочи. Пассажиры сошли с поезда. Носильщик вынес мои вещи из вагона. Мы с врачом поехали на пристань и сели на пароход.

Пароход вышел в море. Вдали были видны горы. Сначала море было спокойно (शांत था). Однако скоро поднялся сильный ветер. Загремел гром, засверкала молния. Но через полчаса дождь перестал. На море опять стало тихо. Скоро наш пароход подошел к берегу. Вот и Гагра. Мне очень понравился этот красивый город. Он расположен у подножия гор.

Нам с доктором нужно было ехать дальше на автомобиле. Через некоторое время мы были уже в доме отдыха. Там нас встретила сестра и отвела нам комнату на втором этаже.

Вот уже несколько дней я прекрасно отдыхаю.

Утром отдыхающие встают почти в одно и то же время. В девять часов нас ожидает завтрак. После завтрака мы идем на море, плаваем и купаемся. Для меня большое удовольствие плавать в море.

В час дня мы обедаем. После обеда многие отдыхающие спят. Мне больше нравится отдыхать на свежем воздухе. Я беру

книгу и сажусь читать под каким-нибудь деревом. В этом доме отдыха хорошая библиотека.

В пять часов вечера мы пьем чай. После чая до ужина мы гуляем или занимаемся спортом: в это время уже не так жарко.

В восемь часов вечера нам подают ужин. После ужина все отдыхающие собираются в зале: смотрят кино, танцуют (नाचना *нп.*) или слушают музыку. Я с удовольствием танцую. Иногда в хорошую погоду мы смотрим кинофильмы в саду, под открытым небом.

Для нас часто устраивают экскурсии. Завтра мы поедем в горы. Там сейчас очень красиво.

Мне очень нравится здесь. Но скоро нужно будет расставаться с Гагрой. Скоро я опять увижусь с вами, мои друзья! Тебе, Толя, я тоже советую провести отпуск в доме отдыха.

Напишите мне, как живете. Ваши письма доставят мне большое удовольствие. До свидания.

Ваш Коля

12. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिये।

वस्तु, गाहक, विलायती, धारीदार, फीका, कपड़ा, जनाब, आर्डर, छाती, फ़िक्र, किधर, धर्मपत्नी, मुलायम, तबीअत, निशान, सूट बनवाना।

13. निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिये।

चढ़ना, ढीला, मरदाना, सवाल, सर्द, उठाना, सेहत, स्वास्थ्य, तंदुरुस्त, हल्का, नज़दीक, आगे, मुश्किल, सख़्त, मज़बूत, ख़ुश्क, सदा, अब, शुरू करना, आराम करना।

14. निम्नलिखित बातचीत का अनुवाद कीजिये।

पेत्रोव – भानुलाल जी, नमस्ते।

भानुलाल – नमस्ते, साहब। मिज़ाज ठीक है?

– आपको शुक्रिया। जनाब का मिज़ाज कैसा है?

– आप की दुआ से सब कुछ अच्छा है।

– भानुलाल साहब। ये श्रीमान इवानोव, मेरे एक गहरे दोस्त हैं। आप हमारे ही दफ़्तर में काम करते हैं। उन्हें यहाँ के लोगों से मिलने की बड़ी इच्छा है।

इवानोव साहब, भानुलाल चौधरी साहब से मिलिये। आप यहाँ के एक मशहूर कलाकार हैं।

(इवानोव और भानुलाल चौधरी हाथ मिलाते हैं)

भानुलाल – मुझे आप से मिलकर बहुत ख़ुशी हुई है।

इवानोव – आपकी बड़ी कृपा है। आप से परिचय हो जाने से मुझे भी बड़ी प्रसन्नता हुई है।

– मेहरबानी[13]। घर में सब ख़ैरियत से हैं?

– आपकी दुआ से सब अच्छी तरह हैं। आपके बच्चे मज़े में हैं?

– जी हाँ। कुछ अरसा हुआ मेरे छोटे लड़के की तबीअत कुछ ख़राब थी। अब सब ख़ैरियत से हैं। श्रीमती जी को मेरा प्रणाम[14] कहिये।

– बच्चों को मेरा प्यार[15] दीजिये।

* * *

– अहा, आप हैं। आइये, अंदर तशरीफ़ लाइये।

– माफ़ कीजिये, आपको बहुत इंतज़ार करना पड़ा।

– कोई बात नहीं। ओवरकोट उतारिये। इस कमरे में आइये। तशरीफ़ रखिये।

– शुक्रिया। आज कल तो मौसम कितना ख़ुशगवार है।

– ठीक है, न गर्मी ज़्यादा है, न सर्दी। और हवा भी चलती है।

– अफ़सोस है कि अक्सर बारिश होती है।

– बारिश से क्या हर्ज? फ़सलों के लिये यह तो बहुत अच्छी चीज़ है।

– यह तो मैं समझता हूँ, लेकिन फिर भी हवा खाने और सैर करने का बहुत कम मौक़ा मिलता है।

---

13 मेहरबानी *зд.* 'спасибо'.

14 प्रणाम 'приветствие, привет'.

15 प्यार 'любовь'; 'ласка'.

—आपको पिछले साल की गर्मियाँ याद हैं? उफ़! कितनी सख़्त गर्मी पड़ती थी। पश्चिम की तरफ़ से लू चलती थी और ऐसा मालूम होता था कि अगर दो-चार मिनट तक बाहर रहें तो इसी जगह मर जायेंगे।

—इस के बारे में मैं ने तो सुना है। मगर मैं ख़ुद पहाड़ों पर गया था और इस तरह सख़्त गर्मी से बच गया।

—तो मैं आप की क्या सेवा कर सकता हूँ?

—मैं यह जानना चाहता हूँ कि इतवार को आप श्रीनगर जायेंगे?

—ख़ुशी से, लेकिन अफ़सोस है, इतवार को मेरा एक ज़रूरी काम है।

—तो हमें यात्रा स्थगित करनी पड़ेगी, न?

—नहीं, नहीं, आप लोग मेरे बग़ैर जाइये।

—नहीं जनाब। ऐसा करना ठीक नहीं होगा। हम अगले इतवार को भी जा सकेंगे।

—अच्छी बात है, यार। अगले इतवार ज़रूर जाएँगे।

—तो तय हुआ, मित्र। पर अभी मुझे जाना है, इजाज़त दीजिये।

—अब कब तशरीफ़ लायेंगे?

—परसों ज़रूर आऊँगा।

—बच्चों को प्यार कीजिये।

—शुक्रिया जी। नमस्ते।

—नमस्ते।

15. निम्नलिखित संख्याओं को हिन्दी में लिखिये।

737 829 345; 673 558 982; 375 975 875; 867 349 647; 197 337 659; 652 961 409; 325 725 525; 769 334 475; 209 301 707; 997 819 745; 654 972 347; 712 959 473.

16. निम्नलिखित संख्याओं को रूसी में लिखिये।

२६७१ करोड़ ८३ लाख ३३ हज़ार ४७३; ३६७८ करोड़ २६ लाख ७८ हज़ार ६७३; ४५६१ करोड़ ६३

लाख ५७ हज़ार ८८७ ; ५५८६ करोड़ ९३ लाख ८४ हज़ार ११९ ; ७८३ करोड़ ७५ लाख ६७ हज़ार ९९९ ; ८२ करोड़ ३४ लाख ७८८ ।

दोहराव

निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिये ।

(1) Рам спросил меня, где работает мой брат. (2) Гопеш спросил у сестры, когда придет врач. (3) Они сказали, что должны сделать эту работу сами. (4) Как пройти до ближайшего почтового отделения? (5) Доктор сказал, чтобы Сита несколько дней не выходила из дома, так как грипп может дать осложнения. (6) Он вполне доволен результатом нашей работы. (7) Вы когда-нибудь были в Индии? — Нет, не был. (8) Как жаль, что я не рассказал отцу об этом вчера! (9) Как хорошо, что у Бориса есть телефон! (10) Положите письмо в сумку, чтобы не потерять его. (11) Я не смогу вам дать определенного ответа до тех пор, пока не получу от отца письмо. (12) Все будет готово к тому времени, когда вы придете. (13) Он упал, когда выходил из трамвая. (14) Я был бы очень рад, если бы вы зашли ко мне завтра. (15) Почему вы поехали на юг, не посоветовавшись с врачом? (16) Шарма, наверно, не знал, что его книга уже вышла. (17) Мой брат предложил поехать в этом году отдыхать на Волгу. (18) Она просила все приготовить к пяти часам вечера. (19) Его брат еще не вернулся в Москву. (20) Я никогда не встречал их раньше. (21) Моя сестра преподает не язык урду, а язык хинди. (22) Об этом происшествии мне рассказали вчера утром в институте. (23) Книгу, которую вы взяли неделю назад, необходимо сегодня же вернуть в библиотеку. (24) На этот раз в восхождении приняло участие несколько известных альпинистов. (25) Как только новые журналы будут получены, мы перешлем их вам. (26) Московский государственный университет основан в 1755 году. (27) Он написал мне, что они уже несколько месяцев живут в Ленинграде. (28) Пошел дождь, стало очень холодно. Закройте, пожалуйста, окно.

СВОДНЫЙ ХИНДИ-РУССКИЙ СЛОВАРЬ*

अ

अंगूर ангӯр *м.* виноград (в грам. ур. XI)
अँग्रेज़ а̃грэз *м.* англичанин (в тексте ур. VII)
अँग्रेज़ी а̃грэзӣ **1.** английский; **2.** *ж.* английский язык (в тексте ур. I)
अंडा анḍа̄ *м.* яйцо (в тексте ур. XI)
अंत ант *м.* 1) конец; 2) завершение, окончание (в тексте ур. XIII)
अंतर антар *м.* разница, различие (в загл. упр. ур. III)
अंतर्राष्ट्रीय антарра̄шṭрӣйа международный (в ур. 15)
अंतिम антим последний (в упр. ур. IX)
अंदर андар **1.** внутрь, внутри; ~ को внутрь (в упр. ур. III); **2.** के ~ послелог 1) внутри, внутрь; 2) в течение, в продолжение (в тексте ур. IV)
अकेला акэла̄ одинокий (в тексте ур. XVII)
अक्तूबर актӯбар *м.* октябрь (в ур. IV)
अक़्ल аќл *ж.* ум, разум, мудрость (в тексте ур. XVI)
अक्षर акшар *м.* буква (в упр. ур. XII)
अक्सर аксар часто (в упр. ур. VI и в тексте ур. XIII)
अख़बार ахба̄р *м.* газета (в тексте ур. II)
अगर агар если (в тексте ур. VI)
अगला агла̄ будущий, следующий (в тексте ур. VIII)
अगस्त агаст *м.* август (в ур. IV)
अचानक ача̄нак **1.** неожиданный, внезапный; **2.** неожиданно, внезапно (в грам. ур. XII)
अच्छा аччʰа̄ **1.** 1) хороший; 2) здоровый; **2.** хорошо; ладно (в ур. 15)
अजगर аджгар *м.* 1) удав, питон; 2) дракон (в тексте ур. XIII)
अजी аджӣ *межд.* 1) о!, вот как! (*выражает удивление*); 2) эй!, послушайте! (*оклик*) (в грам. ур. IV)
अड्डा аḍḍа̄ *м.* 1) база; 2) стоянка (в тексте ур. IX)
अढ़ाई аṛʰа̄ӣ два с половиной (в грам. ур. XVI)
अदा ада̄ *ж.* исполнение, выполнение, уплата, выплата; ~ करना *п.* исполнять, выполнять, уплачивать, выплачивать (в тексте ур. XV)

* Римскими цифрами обозначены уроки Основного курса, арабскими — Вводного.

अधिक **адʰик** **1.** большой; **2.** 1) много; 2) больше, более; свыше (в тексте ур. V)
अधिकतर **адʰиктар** **1.** больший; **2.** большей частью, преимущественно, главным образом; больше (в тексте ур. V)
अधिकांश **адʰикāнш** *м.* большая часть, большинство (в тексте ур. XIII)
अधिकारी **адʰикāрӣ** *м.* 1) должностное лицо, чиновник, служащий; 2) *мн.* начальство, администрация, власти (в тексте ур. VI)
अध्ययन **адʰйайан** *м.* изучение (в тексте ур. VIII)
अध्ययन-कक्ष **адʰйайан-какша** *м.* кабинет (в тексте ур. XIV)
अध्यापक **адʰйāпак** *м.* преподаватель, учитель (в тексте ур. I)
अध्यापक-शिक्षालय **адʰйāпак-шикшāлай** *м.* педагогическое училище (в упр. ур. IV)
अध्यापिका **адʰйāпикā** *ж.* преподавательница, учительница (в тексте ур. II)
अनन्नास **ананнāс** *м.* ананас *(растение и плод)* (в тексте ур. X)
अनार **анāр** *м.* гранат *(дерево и плод)* (в тексте ур. X)
अनुकूलित **анукӯлит** адаптированный; ~ **करना** *п.* адаптировать (в упр. ур. XI)
अनुपस्थित **анупастʰит** отсутствующий; ~ **होना** *нп.* отсутствовать (в тексте ур. I)
अनुभव **анубʰав** *м.* 1) восприятие, ощущение, впечатление; ~ **होना** *нп.* чувствоваться, ощущаться, испытываться; ~ **करना** *п.* чувствовать, ощущать, испытывать; 2) опыт (в тексте ур. VII)
अनुभवी **анубʰавӣ** опытный (*о человеке*) (в тексте ур. VII)
अनुवाद **анувāд** *м.* перевод (в ур. 13)
अनुसार **анусāр** :**के** ~ *послелог* согласно, соответственно (в тексте ур. VI)
अनेक **анэк** **1.** многочисленный; **2.** 1) несколько; 2) много (в тексте ур. XII)
अन्वित **анвит** соединенный, относящийся к чему-л.; согласованный с чем-л.; ~ **करना** *п.* согласовывать (**से** *с чем-л.*) (в загл. упр. ур. I)
अपना **апнā** свой, собственный (в тексте ур. I)
अपनाना **апнāнā** *п.* усваивать, присваивать (в грам. ур. V)
अपेक्षा **апэкшā**: **की** ~ *послелог* в сравнении с, по отношению к (в грам. ур. V)
अप्रैल **апрайл** *м.* апрель (в ур. IV)
अफ़सोस **афсос** *м.* сожаление (в тексте ур. XVI)
अब **аб** сейчас, теперь (в ур. 11)
अभिमान **абʰимāн** *м.* гордость (в тексте ур. XII)
अभिवादन **абʰивāдан** *м.* привет, приветствие (в тексте ур. XVII)
अभी **абʰӣ** сейчас, в данный момент ; еще (в тексте ур. III)
अभ्यास **абʰйāс** *м.* упражнение; практика; ~ **करना** *п.* делать упражнение, практиковаться (в ур. 15)
अमीर **амӣр** **1.** богатый; **2.** *м.* богач (в тексте ур. X)
अम्मा **аммā** *ж.* мама, мать (в тексте ур. XVI)
अम्मी **аммӣ** *ж.* мама, мамочка (в тексте ур. XVI)
अरब **араб** I **1.** Аравия; **2.** *м.* араб; **3.** арабский (в тексте ур. V)
अरब **араб** II *м.* миллиард (в гр. ур. IX)

अरबी арабӣ 1. арабский; 2. *ж.* арабский язык (в упр. ур. XIV)
अरसा арсā *м.* промежуток, период, время (в тексте ур. XIII)
अरे арэ *межд.* 1) эй!, 2) ой!, ах! (в тексте ур. III)
अर्जेंट арджэнт срочный (в тексте ур. VI)
अर्थ арт^{h}а *м.* 1) смысл, значение; 2) богатство, состояние (в тексте ур. VIII)
अर्थ-व्यवस्था арт^{h}а-вйаваст^{h}ā *ж.* хозяйство, экономика (в тексте ур. VIII)
अर्थात् арт^{h}āт то есть, а именно (в тексте ур. XI)
अलग алаг 1. отдельный, изолированный; **2.** отдельно, особо; ~**होना** *нп.* отделяться; ~**करना** *п.* отделять (в тексте ур. IV)
अलमारी алмāрӣ *ж.* шкаф (в тексте ур. III)
